RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 25
लखनऊ, बुधवार, 11 नवंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर
www.dailypioneer.com



सोनम ने बॉलीवुड में पूरे किए 13 साल
विविध-12

# मोदी के सहारे बिहार में राजग की जीत

- भाजपा का शानदार प्रदर्शन, जदयू को नहीं मिली मनमाफिक सफलता
- तेजस्वी के नेतृत्व में महागठबंधन रह गया बहुमत से दूर

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना



पटना में मंगलवार को चुनाव नतीजों में राजग के बेहतर प्रदर्शन के बाद जश्न मनाते पार्टियों के कार्यकर्ता और समर्थक

**बिहार** विधानसभा चुनाव में कांटे की टक्कर के बीच राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को विपक्षी महागठंधन पर लगभग स्पष्ट बहुमत प्राप्त हो गया है। कुल 243 विधानसभा सीटों में राजग को प्राप्त सीटों व बढ़त के आधार पर लगभग 125 सीटें मिलने जा रही हैं जबकि महागठबंधन 110 सीटों तक ही सिमटता दिख रहा है। चुनाव आयोग द्वारा देर रात जारी जानकारी के अनुसार 186 सीटों के परिणाम की घोषणा हुई है जिनमें से राजग के हिस्से में 93 और महागठबंधन को 86 सीटें मिली हैं। चुनाव आयोग से प्राप्त ताजा रुझान के अनुसार, फिलहाल राजग 31 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। वहीं पांच दलों का विपक्षी महागठबंधन 25 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। रुझान में राजग को 125 सीटों पर बढ़त या जीत हासिल होता दिख रहा है जो 243 सदर्स्यीय विधानसभा में सामान्य बहुमत के आंकड़े से दो सीट अधिक है। वहीं, विपक्षी महागठबंधन 110 सीटों पर बढ़त या जीत हासिल करता दिख रहा है।

भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक, राजग के घटक दलों में भाजपा को 54 सीटों पर जीत हासिल हुई है जबकि जदयू को 32 सीटों, वीआईपी पार्टी को चार सीटों और जीतन राम मांझी की हम को तीन सीटों पर जीत हासिल हुई है। रुझान के अनुसार, भाजपा 19 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है जबकि जदयू 11 सीटों पर और हम एक सीट पर आगे चल रही है। विपक्षी महागठबंधन में राजद के खाते में अब तक 60 सीटें गई हैं और वह 16 पर बढ़त बनाए हुए हैं। कांग्रेस ने 14 सीटें जीती है और पांच सीट पर बढ़त बनाए हुए है। माकपा को दो सीट पर जीत मिली जबकि भाकपा ने ( शेष पेज 9 )



मैं बिहार के हर नागरिक को यह आश्वासन देता हूं कि राजग सरकार हर क्षेत्र, हर व्यक्ति के संतुलित विकास के लिए पूरे समर्पण के साथ काम करेगी।
**- प्रधानमंत्री, नरेंद्र मोदी**



बिहार के हर वर्ग ने फिर एक बार खोखले वादे, जातिवाद और तुष्टिकरण की राजनीति को सिरे से नकार कर राजग के विकासवाद का परचम लहराया है।
**- केंद्रीय गृह मंत्री, अमित शाह**

## यूपी उपचुनावः जनता ने योगी को दिया दिवाली का तोहफा

- छह सीटों पर भाजपा ने खिलाया कमल, सपा की साइकिल सिर्फ मल्हनी में दौड़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कोविड** के बीच यूपी में सात विधानसभा सीटों पर हुए उप चुनाव में बीजेपी ने 6 सीटें जीतीं जबकि सपा एक ही सीट पर कब्जा कर पाई। इसके उलट कांग्रेस और बसपा का खाता तक नहीं खुला। आमतौर पर उपचुनाव नहीं लड़ने वाली मायावती की बसपा ने इस बार सभी सीटों पर प्रत्याशी खड़े किये थे।

उपचुनाव में सभी सातों सीटों पर तीन नवंबर को वोट डाले गये थे। 10 नवंबर को नतीजों की घोषणा की गई। इन चुनाव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले विधानसभावार वर्चुअल कार्यकर्ताओं से संवाद किया था और फिर सभी सीटों में जनसभा की थी। सरकार से लेकर संगठन तक सभी इस चुनाव में लगाए गए थे। देवरिया सदर में बीजेपी के डॉ. सत्य प्रकाश मणि त्रिपाठी जीते। इस उपचुनाव में देवरिया सदर सीट भाजपा विधायक जनमेजय सिंह के निधन से रिक्त हो गई थी। भाजपा ने इस सीट पर डॉ. सत्य प्रकाश मणि त्रिपाठी को मैदान में उतारा था।


सपा से ब्रह्माशंकर त्रिपाठी चुनाव मैदान में थे। बसपा के हाथी पर चढ़कर अभय नाथ त्रिपाठी चुनौती दे रहे थे जबकि कांग्रेस से मुकुंद भास्कर त्रिपाठी ने मोर्चा संभाल रखा था। बीजेपी को एसपी मणि को 68732 मत मिले जबकि सपा के ब्रह्माशंकर त्रिपाठी को 48643 मत मिले हैं। एसपी मणि त्रिपाठी के जीत का अंतर 20089 हैं। इन चारों ब्राह्मण प्रत्याशियों के बीच दिवंगत भाजपा विधायक जन्मेजय सिंह के ( शेष पेज 9 )

### योगी बोले मोदी हैं तो मुमकिन है

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिहार विधानसभा और यूपी में सात सीटों पर हुए उपचुनावों में भाजपा को मिली जीत पर खुशी जताते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। योगी ने कहा कि बिहार के अंदर सभी कयासों को पूरी तरीके से दूर करते हुए आज के परिणाम ने एक बार फिर से साबित कर दिया है कि मोदी हैं तो मुमकिन है। बीजेपी ने आज पीएम मोदी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में पूरे ( शेष पेज 9 )

## एकदूसरे की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करें सदस्य देशः मोदी




- एससीओ की बैठक में चीन और पाकिस्तान को प्रधानमंत्री ने दिया सख्त संदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**चीन** और पाकिस्तान को दिए गए सख्त संदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सभी सदस्य राष्ट्रों को एक-दूसरे की सार्वभौमिकता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए।

वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने एससीओ के एजेंडे में द्विपक्षीय मुद्दों को लाने के प्रयासों को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया और कहा कि भारत एससीओ चार्टर में निर्धारित सिद्धांतों के अनुसार काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान भी इस सम्मेलन में मौजूद थे। सम्मेलन की अध्यक्षता रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन कर रहे थे। प्रधानमंत्री का ये बयान पूर्वी लद्दाख में पिछले दिनों भारत और चीन के बीच सीमा पर हुई हिंसक झड़प और कश्मीर मुद्दे के अंतरराष्ट्रीयकरण के पाकिस्तान के प्रयासों तथा सीमापार से भारत के खिलाफ उसके द्वारा चलाई जा रही आतंकवादी गतिविधियों की पृष्ठभूमि में आठ देशों वाले एससीओ शिखर सममेलन में आया। सदस्य राष्ट्रों के बीच संपर्क मजबूत करने में भारत की सहभागिता का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा, एससीओ क्षेत्र से भारत का घनिष्ठ सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंध रहा है। हमारे पूर्वजों ने इस साझा ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को अपने अथक और निरंतर संपर्कों से जीवंत रखा। अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन कोरिडोर, चाबहार पोर्ट, अश्गाबात समझौते, जैसे कदम संपर्क के प्रति भारत के मजबूत संकल्प को दर्शाते हैं। भारत का मानना है कि संपर्क को और अधिक गहरा करने के लिए यह आवश्यक है कि एक दूसरे की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान के मूल सिद्धांतों के साथ आगे बढ़ा जाए। मोदी ने अपने संबोधन में एससीओ के एजेंडे में द्विपक्षीय मुद्दों को लाने के प्रयासों को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया और कहा कि भारत एससीओ चार्टर में निर्धारित सिद्धांतों के अनुसार काम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने यह भी कहा कि संयुक्त राष्ट्र का मूल लक्ष्य अभी अधूरा है और कोविड-19 महामारी की आर्थिक तथा सामाजिक पीड़ा से जूझ रहे विश्व को उसकी व्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन की अपेक्षा है। उन्होंने कहा, संयुक्त राष्ट्र ने अपने 75 वर्ष पूरे किए हैं। लेकिन अनेक सफलताओं के बाद भी संयुक्त राष्ट्र का मूल लक्ष्य अभी अधूरा है। महामारी की आर्थिक और सामाजिक पीड़ा से जूझ रहे विश्व की अपेक्षा है कि संयुक्त राष्ट्र की व्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन आए। उन्होंने आज की वैश्विक वास्तविकताओं को दर्शाने वाले और सभी हितधारकों की अपेक्षाओं, समकालीन चुनौतियों तथा मानव कल्याण जैसे विषयों पर चर्चा के लिए बहुपक्षीय सुधार की आवश्यकता पर बल दिया और उम्मीद जताई कि इस प्रयास में एससीओ के सदस्य राष्ट्रों का पूर्ण समर्थन मिलेगा।



दुबई में आईपीएल फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को हराकर जीत का जश्न मनाते मुंबई इंडियन्स के खिलाड़ी (समाचार पेज 10 पर)

## लखनऊ सहित प्रदेश के 13 जिलों में आतिशबाजी पर रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- एक्यूआई माडरेट या उससे बेहतर वाले जिलों में केवल ग्रीन क्रेकर्स बेचे जाएंगे

**बढ़ते** वायु प्रदूषण की वजह से नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देश के बाद योगी सरकार ने प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत 13 जिलों में आतिशबाजी की बिक्री व प्रयोग पर रोक लगा दी है।

इन जिलों में लखनऊ, मुजफ्फरनगर, आगरा, वाराणसी, मेरठ, हापुड़, गाजियाबाद, कानपुर नगर, मुरादाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, बागपत और बुलंदशहर शामिल हैं। योगी सरकार ने आतिशबाजी (फायर क्रेकर्स) की बिक्री व प्रयोग पर राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) के आदेश का तत्काल पालन करने एवं दिए जाने के निर्देश जारी किए हैं।

अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने इस संबंध में मंगलवार को प्रदेश के सभी मण्डलायुक्त, ( शेष पेज 9 )

## महागठबंधन के लिए कांग्रेस कमजोर कड़ी साबित हुई

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली/पटना

**गठबंधन** सहयोगियों के लिए कांग्रेस लगातार कमजोर कड़ी साबित हो रही है, इस बार उसने राजद नेतृत्व वाले महागठबंधन का खेल खराब कर दिया जो नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार को बिहार से बाहर करने के लिए जोर लगा रहा था। देर रात तक 70 सीटों पर जोर आजमाइश कर रही कांग्रेस सिफ 20 सीटों पर ही आगे चल रही थी। उसकी स्ट्राइक रेट 29 फीसदी ही है जो दौड़ में शामिल सभी पार्टियों में सबसे कम है। यहां तक कि विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) जैसी छोटी क्षेत्रीय पार्टी के मुकेश सहनी, जो एनडीए का हिस्सा है 11 से पांच सीटों पर आगे चल रही है। उसकी स्ट्राइक रेट 50 फीसदी है जो कांग्रेस से दोगुना है। बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुख्य मुद्दे उठाने वाली कांग्रेस पार्टी के अभियान का नेतृत्व उसके पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने किया। कांग्रेस तेजस्वी यादव के लिए 'विलेन' साबित हुई। पिछले विधानसभा ( शेष पेज 9 )

## मध्य प्रदेश में शिवराज को मिली संजीवनी, हासिल किया बहुमत

**पायनियर समाचार सेवा।** भोपाल

- कहा-उपचुनाव में जीत से साबित हुआ कि जनता सिंधिया और उनके समर्थकों का कर रही समर्थन

**मध्यप्रदेश** विधानसभा की 28 सीटों पर हुए उपचुनाव में अभी तक 25 सीटों के परिणाम घोषित हुए हैं और इनमें से 17 सीटों पर सत्तारूढ़ भाजपा ने जीत दर्ज की है, जबकि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के खाते में आठ सीटें गई हैं। वहीं, बाकी तीन सीटों पर प्राप्त रुझान के अनुसार, दो सीटों पर भाजपा और एक सीट पर कांग्रेस बढ़त बनाए हुए है। अब प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा ने 230 सदस्यीय सदन में साधारण बहुमत हासिल कर लिया। वर्तमान में भाजपा के 107 विधायक हैं और 15 सीटों पर विजय हासिल करने के साथ ही भाजपा ने साधारण बहुमत के आंकड़े 116 को पार कर लिया है। 230 सदस्यीय सदन की वर्तमान में प्रभावी क्षमता 229 है। क्योंकि 28 सीटों पर उपचुनाव की घोषणा के बाद गत माह दमोह से कांग्रेस के विधायक राहुल लोधी विधानसभा से त्यागपत्र देकर भाजपा में शामिल हो गए। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार भाजपा ने अब तक जो 15 सीटें जीती हैं, उनमें बमोरी, अशोक नगर, मुंगावली, अनूपपुर, सांची, मांधाता, नेपानगर, बदनावर, सुवासरा, भांडेर, हाटपिपल्या, ग्वालियर, मलहरा, पोहरी एवं सुरखी में जीत हासिल कर ली है। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस ने अब तक ब्यावरा, मुरैना, आगर, सुमावली एवं गोहद सीट पर विजय हासिल की है। मालूम हो कि इस साल मार्च और उसके बाद 25 कांग्रेसी विधायकों के त्यागपत्र देने से तथा तीन विधायकों के निधन होने से विधानसभा में 28 सीटें रिक्त हुई थी जहां उपचुनाव कराए गए हैं। शुरुआती जीत के साथ 230 सदस्यीय सदन में बहुमत हासिल करने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा की इस जीत से साबित हो गया है कि जनता तत्कालीन कमलनाथ सरकार को गिराने के ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके साथी कांग्रेस विधायकों के कदम का स्वागत करती है।

# कोरोना काल में बदल रहा स्वास्थ्य उपकरणों का स्वरूप

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

- कई कंपनियां कर रही अभिनव प्रयोग, बना रहीं मरीज को छुए बिना उसकी जांच करने वाला स्टेथोस्कोप
- ऐसा कंस्ट्रेटर जिसकी मदद से अस्पताल खुद तैयार कर सकते हैं ऑक्सीजन, सस्ता और ज्यादा उपयोगी वेंटीलेंटर भी

**डॉक्टर** मरीज को छुए बिना अपना स्टेथोस्कोप का इस्तेमाल कर सकते हैं, ऑक्सीजन कंन्सट्रेटर की मदद से अस्पताल खुद ऑक्सीजन तैयार कर सकते हैं तथा ऐप नियंत्रित आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) आधारित वेंटीलेटर बनेंगे। कई भारतीय स्वास्थ्य उपकरण निर्माता तथा घरेलू कंपनियां कोविड-19 संकट के चलते स्वास्थ्य उपकरणों अभिनव बदलाव के साथ सामने आ रही हैं।

उदाहरण के लिए सोसाइटी फॉर इनोवेशन एंड इंटरप्रिन्योरशिप (साइन), आईआईटी बांबे ने डिजिटल स्टेथोस्कोप विकसित किया है जिसकी मदद से डॉक्टर सुरक्षित दूरी पर रहते हुए मरीजों की दिल और फेफड़े की आवाज सुन सकते हैं। उपकरण असामान्य आवाज सुनाई देने पर उसकी पहचान करेगा और ऐसे मरीज के बीमारी के लक्षण के बारे में जानकारी मिल सकेगी। यह वायरलेस उपकरण होगा तथा ब्लूटूथ की मदद से चलेगा। इसे दूर से नियंत्रित किया जा सकेगा। मौजूदा वक्त में डिजिटल स्टेथोस्कोप में स्मार्ट फोन ब्लूटूथ का इस्तेमाल किया जाता है। उनके उपकरण में अतिरिक्त ब्लूटूथ का उपयोग होता है जो दायरा और डेटा की विश्वसनीयता को



बढ़ाता है। विज्ञान और तकनीक विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि वे उत्पादन बढ़ा रहे हैं जिससे कि बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके। उन्होंने टेलीमेडिसिन के लिए स्टेथोस्कोप को सफलतापूर्वक कमर्शियल किया है।

इसी तरह डीएसटी ने सेंटर फॉर आगूमेंटिंग वार विद कोविड-19 हेल्थ क्राइसिस (सीएडब्ल्यूसीएच) के तहत की गई पहल में बेहतरीन वेंटीलेंटर, श्वसन उपकरण तथा अन्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य उपकरणों को अपने पांच स्टार्टअप के जरिये बना रहा है। ये उपकरण अब आपूर्ति की चरण में हैं। अंबाला स्थित वालनट मेडिकल का पोर्टेबल ऑक्सीजन भी कुछ इसी तरह का उपकरण है, जिसकी मदद से अस्पताल खुद ही अपने परिसर में ऑक्सीजन तैार कर सकते हैं। यह कंसन्ट्रेटर भारत में ही बना है और स्वचालित ऑक्सीजन फ्लो तकनीक से लैस है जो हाइपरोक्सिया से ग्रस्त मरीजों की जान बचाने में काम आता है। वालनट नवंबर के अंत में 50 ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर सरकारी अस्पतालों को दान देगा और उसके बाद अपने उत्पाद को बाजार में लांच करेगा। दूसरी ओर पुणे स्थित नोक्का रोबोटिक्स ने एक वेंटिलेटर विकसित किया है जो ऑपरेशन और गैर ऑपरेशन दोनों में काम आता है।

यह प्रेशर कंट्रोल मोड में काम करता तथा सौर ऊर्जा से चलने वाला है तथा कम वाट खर्च करता है तथा ऐप आधारित और आईओटी प्रणाली पर काम करता है। हैदराबाद स्थित एयरोबासिस टेक्नोलॉजी ने पोर्टबेल वेंटिलेंटर विकसित किया है। यह सस्ता, आईओटी आधारित तथा लिथियम बैटरियों पर चलने वाला है। पुणे स्थित जीवट्रोक्सि ने एक उपकरण विकसित किया जिसे डिफिब्रिलेटर कहते हैं जो इलेक्ट्रिक पल्स देकर दिल की धड़कनों को सामान्य करता या हृदय को शॉक ट्रीटमेंट देता है।

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 43,277 | ↑ 680 | |
| निफ्टी | 12,631 | ↑ 170 | |
| सोना | 50,338 | ↓ 662 | /10g |
| चांदी | 62,217 | ↓ 1431 | /kg |

### क्विक न्यूज

**दाऊद का पुश्तैनी मकान नीलाम किया गया**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के रत्नागिरि जिले के मुंबके गांव में भगोड़े अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के पुश्तैनी घर समेत उसकी छह संपत्तियों को मंगलवार को नीलामी में बेचा गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अधिकारियों ने तस्कर और विदेशी मुद्रा छलसाधक (संपत्ति जब्ती) अधिनियम (साफेमा) के तहत नीलामी की कार्रवाई की। भारत के सर्वाधिक वांछित आतंकी का पैतृक मकान 11 लाख रुपए से अधिक कीमत में नीलाम हुआ। अधिकारी ने बताया कि रत्नागिरि जिले के लोते गांव में एक भूखंड तकनीकी कारणों से नहीं बिक सका और उसे दोबारा नीलामी में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दाऊद के करीबी सहयोगी इकबाल मिर्ची का एक अपार्टमेंट भी नीलाम नहीं हो सका।

# कोरोना रिकवरी दर को और सुधारें: योगी

## प्रतिदिन किए जाने वाले टेस्ट में से एक तिहाई आरटीपीसीआर के माध्यम से तथा दो तिहाई टेस्ट रैपिड एन्टीजन विधि से किए जाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोरोना संक्रमण के रिकवरी दर को और बेहतर बनाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि कोविड 19 के सम्बन्ध में थोड़ी लापरवाही भी भारी हो सकती है। इसलिए संक्रमण पर नियंत्रण व उपचार की प्रभावी व्यवस्था को जारी रखते हुए प्रत्येक स्तर पर पूरी सावधानी बरती जाए।

मुख्यमंत्री मंगलवर को अपने सरकारी आवास पर अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोविड 19 की टेस्टिंग का कार्य पूरी क्षमता से संचालित किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रतिदिन किए जाने वाले टेस्ट में से एक तिहाई आरटीपीसीआर के माध्यम से तथा दो तिहाई टेस्ट रैपिड एन्टीजन विधि से किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरठ में विशेष सतर्कता बरतते हुए संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कदम उठाएं जाएं। जनपद लखनऊ में कोविड 19 की रिकवरी दर को बेहतर करने के लिए उपचार व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने कहा कि कोविड अस्पताल में यदि कोई संक्रमित मरीज हृदय, किडनी आदि किसी गम्भीर बीमारी से ग्रसित हो तो इस रोग के भी समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी जनपदों में प्रतिदिन जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सुबह कोविड अस्पताल में तथा शाम को इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर में बैठक आहूत कर कार्यों की समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा है कि कोविड अस्पताल में आयोजित होने वाली बैठक में उक्त चिकित्सालय के इंचार्ज चिकित्सा अधिकारी भी अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करें। कोविड चिकित्सालय में बैठक करने से उपचार की स्थिति की जानकारी मिलेगी। इसी प्रकार इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर में बैठक करने से जनपद के सभी कोविड चिकित्सालयों के कार्यों की जानकारी प्राप्त होगी। इससे यह भी पता चलेगा कि सर्विलांस सिस्टम की सक्रियता का स्तर क्या है। उन्होंने कहा कि यह समस्त प्रयास संक्रमण को नियंत्रित करने में मददगार सिद्ध होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पराली को न जलाने के सम्बन्ध में किसानों को निरन्तर जागरूक किया जाए। कृषि, ग्राम्य विकास, पंचायतीराज एवं नगर विकास विभाग द्वारा सम्मिलित प्रयास किए जाने से इस सम्बन्ध में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पराली को गो आश्रय स्थलों पर उपलब्ध कराया जाए। इससे गो आश्रय स्थल में संरक्षित गोवंश के लिए चारे की व्यवस्था करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने धान क्रय केन्द्रों व मण्डी में किसानों को एमएसपी का पूरा लाभ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा के माध्यम से ग्रामीण इलाकों में विविध कार्य किए जा सकते हैं। इसके तहत जल संचयन के लिए तालाब खोदे जाएं तथा चेक डैम तैयार किए जाएं। उन्होंने पंचायत भवन तथा सामुदायिक शौचालय के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए हैं। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, स्वास्थ्य राज्य मंत्री अतुल गर्ग, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा रजनीश दुबे तथा सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# बनारसी रेशम के उत्पादों से खास बनाएं अपनों की दिवाली

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सीएम योगी ने की अपील**

**एक** जनपद, एक उत्पाद (ओडीओपी) के तहत बनारस की रेशमी साड़ियां, अंगवस्त्र या अन्य उत्पाद अपनों को उपहार देकर दिवाली को खास बन सकते हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोरोना संक्रमण के दौरान बनारस के रेशम कारोबार को न सिर्फ बचाया बल्कि उसे ओडीओपी में शामिल कर रेशम उद्योग में जान फूंक दी है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के लोगों से इस दीपावली में अपने प्रियजनों और मित्रों को एक जनपद एक उत्पाद के सामानों का उपहार देने की अपील की है। इससे शहर के रेशम उद्योग को बढ़ावा मिलेगा।

वाराणसी के रेशम उत्पादों की पूरी दुनिया में अपनी पहचान है। खासकर बनारसी साड़ी खास अवसरों के लिये हर किसी की पहली पसंद है। बनारसी रेशम से करीब 50 से अधिक उत्पाद बनाए जाते हैं। जिनको इस दिवाली आप अपनों को भेंट दे सकते हैं। इसमें बनारसी रेशम की साड़ी, रेशम से बने वॉल हैंगिंग, सिल्क के बने हुए कुशन कवर, स्टोल ,टाई, पेपर होल्डर और बटुए आदि हैं। बाजार में ये 500 से लेकर 1000 रुपए की कीमत में उपलब्ध हैं। यह उत्पाद उपयोगी होने के साथ साथ दिवाली को यादगार बना सकते हैं। सिल्क उत्पाद से जुड़े प्रमुख व्यवसायी राहुल मेहता, मुकुंद अग्रवाल, निर्यातक रजत सिनर्जी समेत कई व्यापारियों का मानना है कि रेशम से बने उत्पादों को गिफ्ट देने का एक सिलसिला बनेगा तो इससे कारोबारियों, निर्यातकों से लेकर इनको बनाने वालों तक को लाभ होगा।

वाराणसी में अपने विशिष्ट मेहमानों को अंगवस्त्र देने की परंपरा है। खासतौर पर बौद्ध भिक्षुओं में अपने धर्मगुरुओं को उनके सम्मान में रेशम से निर्मित अंगवस्त्र दिए जाने की परम्परा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी वाराणसी में अंगवस्त्र एक बुनकर ने भेंट किया था। जिस पर बुनकर ने कबीर के दोहे, चदरिया झीनी रे झीनी, राम नाम रस भीनी, चदरिया झीनी रे झीनी, चदरिया झीनी रे झीनी, की बुनकारी की गई थी । यही नहीं, अयोध्या में भी रेशमी अंग वस्त्र गया था, जिस पर जय श्री राम और अयोध्या पवित्र धाम की बुनकारी की गई थी।

बौद्ध की तपोस्थली सारनाथ के विशेषज्ञ पद्मश्री डा. रजनीकांत और कारोबारी रितेश पाठक बताते है कि हिंदू धर्म ही नहीं बल्कि भगवान बुद्ध के अनुयायी पूरी दुनिया में बनारसी सिल्क का इस्तमाल पूजा और वस्त्रों के रूप में करते हैं। बौद्ध धर्म से जुड़े ब्रोकेट के सिल्क वस्त्र पूरी दुनिया में काशी से ही जाते हैं। थाईलैंड, श्रीलंका, मंगोलिया जैसे कई देशों में भी बनारसी सिल्क वाराणसी से निर्यात होता है। बालीवुड के साथ हालीवुड की पहली पसंद हैं रेशम के उत्पाद। बनारसी सिल्क हिन्दू-मुस्लिम एकता का भी प्रतीक माना जाता है। बनारस की पहचान यहां के रेशम उद्योग की परंपरा करीब 500 साल पुरानी है।

# प्रतिष्ठा बचाने के साथ बीजेपी का दबदबा कायम

**विधानसभा उप चुनाव**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूपी** की सात विधानसभा चुनाव के परिणाम देखें तो साफ होता है कि बीजेपी ने अपनी प्रतिष्ठा तो बचाई ही साथ ही अपना दबदबा भी कायम किया। जिन 6 सीटों पर बीजेपी ने उप चुनाव में जीत दर्ज कराई है पिछले विधान सभा चुनाव में भी बीजेपी ने इन्हीं सीटों पर जीत दर्ज की थी। मल्हनी सपा के ही पास थी और इस चुनाव में भी यह सीट सपा के ही पास गई। देखा जाए तो बीजेपी की तरफ से मल्हनी के लिए प्रत्याशी चयन को लेकर थोड़ा चूक हुई है। वह इसलिए क्योंकि जब बाहुबली धनंजय सिंह चुनाव मैदान में उतरे तो जातिगत वोटों को देखते हुए बीजेपी को अपनी रणनीति में बदलाव करना चाहिए था। बहरहाल बीजेपी ने इस चुनाव में सभी 6 सीटों पर भगवा फहराकर यह साबित कर दिया है कि मोदी है तो मुमकिन है ही साथ ही योगी का भी जलवा कायम है।

कोविड के बीच यूपी का यह पहला चुनाव था। उ मीद की जा रही थी कि वोटरों का रुझान पोलिंग बूथ की तरफ कम ही रहेगा लेकिन उ मीद से इतर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बीजेपी ने इस चुनाव के लिए रणनीति बनाई और सरकार से लेकर संगठन तक सभी को जि मेदारी दी गई। हर सीट पर एक कैबिनेट मंत्री के साथ-साथ संगठन के पदाधिकारी को जि मेदारी सौंपी गई। मंत्रियों ने क्षेत्र में दौरा शुरू किया और चुनाव की अधिसूचना से पहले योगी सरकार ने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों को संतृप्त करना शुरू किया। इसके साथ ही जातिगत आधार पर योगी सरकार के उन मंत्रियों को लगाया गया जो जातिगत समीकरण के आधार पर सही बैठ रहे थे। प्रत्याशी चयन में बीजेपी ने संगठन का ध्यान रखा। दो सीटों पर बीजेपी ने टिकट उसी परिवार को दिया जिस परिवार के पास 2017 में यह सीट थी। महत्वपूर्ण बात यह भी है कि चुनाव से पहले बाहुबली धनंजय सिंह का बीजेपी में शामिल होने की चर्चा थी लेकिन पार्टी ने इसे चर्चा ही बने रहने दिया। प्रचार के लिए पार्टी ने रणनीति बनाई और योगी सरकार के मंत्री से लेकर संगठन तक के पदाधिकारी चुनाव मैदान में उतरे, सीएम योगी आदित्यनाथ ने स ाी सीटों पर जनसभा की और योगी सरकार के कैबिनेट मंत्रियों ने भी जनसभा की, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और संगठन महामंत्री सुनील बंसल ने ाी इन सभी सीटों पर संवाद किया। संगठन और सरकार की रणनीति काम आई जिसका नतीजा रहा कि पार्टी अपनी प्रतिष्ठा बचाने में कामयाब रही।

नतीजों ने यह भी संदेश दिया है कि 2022 में होने वाले अगले विधानसभा चुनाव में किस तरफ बयार बहेगी, सपा और उसके प्रमुख अखिलेश यादव के लिए भाजपा के लिए सबसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी के रूप में उनकी और पार्टी की छवि को फिर से स्थापित करना एक चुनौती है। अखिलेश यादव अपनी पार्टी के संगठनात्मक आधार को मजबूत करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं और अगले विधानसभा चुनाव में फिर से सत्ता हासिल करने के लिए आश्वस्त हैं। इस बीच कांग्रेस अपने सबसे निचले स्तर पर है। पार्टी के नेता तेजी से इसका साथ छोड़ दूसरे दलों का दामन थाम रहे हैं। पार्टी नेतृत्व खुद को सत्तारूढ़ भाजपा के लिए चुनौती पेश करने में विफल रहा है। पहली बार उपचुनाव लड़ रही बहुजन समाज पार्टी के लिए परिणाम ने यह साबित कर दिया कि कहीं न कहीं मायावती अपने प्रमुख दलित वोट बैंक पर पकड़ बनाने में नकामयाब हुई हैं।

# जन-जन का विश्वास भाजपा के साथ: स्वतंत्र देव

## उप चुनाव में मिली शानदार जीत पर जताया मतदाताओं का आभार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह ने उपचुनाव में पार्टी की शानदार जीत पर मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जनता जर्नादन ने एक बार फिर मोदी-योगी सरकार के कार्यों पर मुहर लगाई है। जनता ने स्पष्ट कर दिया है कि जन जन विश्वास भाजपा के साथ है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सपा, बसपा व कांग्रेस सहित समूचे विपक्ष ने महज चुनावी लाभ के लिए प्रदेश को अस्थिर करने का प्रयास किया है। वोट बैंक के लिए राजनीतिक साजिशें की, प्रदेश को जातीय दंगों में झोंकने का कुचक्र रचा लेकिन जनता ने अपने आशीर्वाद से न केवल विपक्ष के विभाजक राजनीति को ध्वंस किया बल्कि साफ कर दिया कि जातिवाद, भ्रष्टाचार और नकारात्मक राजनीति के दिन लद चुके हैं।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार आम जनमानस के हितों व उनके विकास के लिए हर समय समर्पित है। विपक्ष सत्ता में रहा तो लुटने में जुटा रहा और विपक्ष में आने के बाद प्रदेश का माहौल खराब करने में लगा जबकि भाजपा सरकार जनता की समस्याओं के समाधान में केंद्रित होकर जुटी रही है। कोविड के आपदाकाल में उप्र ने इलाज की व्यवस्था से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक के मोर्चे पर ऐतिहासिक कार्य किया। हर नागरिक का ध्यान रखा। यही कारण है कि जनता ने हमें अपना भरपूर आशीर्वाद दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी के देवतुल्य कार्यकर्ताओं का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं ने अथक परिश्रम करते हुए चुनाव प्रबंधन के सभी पहलुओं को जमीन पर उतारा। जनता तक सरकार के कार्यों, भाजपा की रीतियों-नीतियों को कार्यकर्ताओं ने सफलता पूर्वक तक पहुंचाया। इसके लिए वह बधाई के पात्र हैं।

# बेसिक शिक्षकों की बनेंगी ऑनलाइन लर्निंग पासबुक

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन तैनात शिक्षकों का ऑनलाइन लर्निंग पासबुक तैयार किया जाएगा। यह पासबुक दीक्षा एप पर आधारित होगा। जिसमें तय समय मे शिक्षकों को कक्षावार अध्ययन सामग्री पढ़ाना होगा। शिक्षकों को लर्निंग पासबुक में पढ़ाई गई सामग्री को डेबिट और क्रेडिट के रूप में दर्ज करना होगा। दीक्षा एप के जरिए महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद इसकी निगरानी रखेंगे कि शिक्षकों ने कितनी शैक्षिक सामग्री का उपयोग किया है। इस एप पर शिक्षकों के साथ ही विद्यार्थियों के लिए पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। इसके तहत बनी व्यवस्था में अध्यापकों के लिए हर हफ्ते का पाठ्यक्रम भी तय किया गया है। एप की हर गतिविधि को मानव संपदा पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज किया जाएगा। शिक्षकों के लिए तैयार लर्निंग पासबुक, डिजिटल डायरी की तर्ज पर काम करेगा। कुल मिलाकर लर्निंग पासबुक के माध्यम से शिक्षकों की ओर से किए जा रहे अध्यापन कार्य की निगरानी होगी।

# भ्रष्टाचार को संरक्षण दे रही सरकार: लल्लू

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने योगी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेन्स का ढिंढोरा पीटने वाली भारतीय जनता पार्टी का असली रूप शिक्षक भर्ती में सामने आ गया है। शिक्षक भर्ती 2019 के 31277 अभ्यर्थियों की चयन सूची में विसंगतियों को लेकर राज्य की योगी सरकार हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी शुरू से ही योगी सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाती रही है। लल्लू ने कहा कि हाईकोर्ट में शिक्षक भर्ती को लेकर सरकार द्वारा दाखिल किए हलफनामें में यह स्वीकारोक्ति कि चयन प्रक्रिया में कुछ विसंगतियां रही हैं, भारतीय जनता पार्टी के चाल, चरित्र और चेहरे को उजागर करती है।

**प्रतिशत दर ई-निविदा आमंत्रण प्रेस सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से अधिशासी अभियंता (सिविल), डाक निर्माण खण्ड लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए आनलाइन प्रतिशत रेट (सी0पी0डब्लू0डी0-7) ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।
निविदा संख्या :- 48/ई0ई0/पी0सी0डी0एल0/2020-21
कार्य का नाम :- रेनोवेशन ऑफ हेड पोस्ट ऑफिस बिल्डिंग चौक, लखनऊ।
अनुमानित लागत :- 38,82,069/-
धरोहर राशि :- 77,641/-
कार्य का समय :- 04 (चार) माह
बिड जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय 21.11.20 समय :- 18:00 बजे
निविदा प्रपत्र एवं अन्य विवरण-https://dopcivil.euniwizard.com पर उपलब्ध है।

**कार्यालय-नगर पंचायत बेलहरकला, जनपद-संतकबीरनगर**

पत्रांक-19/न0प0 दिनांक-04.11.2020

**ई-निविदा सूचना**

नवसृजित नगर पंचायत बेलहरकला, संतकबीरनगर को 15वां वित्त आयोग, एवं पंचम राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है, जेम पोर्टल निविदा दिनांक-19.11.20 को 01.00 बजे तक कार्यालय में प्राप्त करायी जायेगी। जेम पोर्टल निविदा दिनांक-19.11.20 को अपरान्ह 04.00 बजे से निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी निविदा उत्त्तर प्रदेश की जेम पोर्टल की वेबसाइट https://gem.gov.in पर उपलब्ध है। नगर पंचायत बेलहरकला, सीमान्तर्गत फर्म को ही वरीयता दी जायेगी। नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर अवलोकन कर सकते है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बेलहरकला
संतकबीरनगर

# आईपीएस पाटीदार की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित करने की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**क्रशर** कारोबारी इंद्रकांत त्रिपाठी के मौत के मामले में निलंबित किए गए एसपी महोबा मणिलाल पाटीदार की गिरफ्तारी यूपी पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन गयी है। लंबे समय से फरार चल रहे पाटीदार की अब तक गिरफ्तारी न होने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल भी उठ रहे हैं। पुलिस पाटीदार पर इनाम घोषित करने की तैयारी कर रही है। हाईकोर्ट से राहत न मिलने के बाद मणिलाल पाटीदार गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अलग-अलग स्थानों पर छिप रहे हैं।

जानकार सूत्रों का कहना है कि पाटीदार के गुजरात या फिर राजस्थान में होने की अधिक संभावना है। राजस्थान स्थित मणिलाल पाटीदार के आवास पर पुलिस गैर जमानती वारंट की नोटिस भी चस्पा कर चुकी है। पुलिस की कई टीमों ने राजस्थान में उनकी कई स्थानों पर तलाश की मगर कोई सफलता हाथ नहीं लगी। वहीं सूत्रों का कहना है कि गुजरात गई पुलिस टीम को वहां पर स्थानीय पुलिस प्रशासन से कोई सहयोग न मिलने के कारण खाली हाथ वापस लौटना पड़ा।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मणिलाल पाटीदार द्वारा हाजिर ना होने और जांच में कोई सहयोग न किए जाने की स्थिति में उनकी गिरफ्तारी पर अब इनाम घोषित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बीते सितंबर माह में महोबा एसपी मणिलाल पाटीदार पर क्रशर कारोबारी इंद्रकांत त्रिपाठी ने भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी के गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने पाटीदार से जान का खतरा भी बताया था। इसके दो दिन बाद संदिग्ध परिस्थितियों में इंद्रकांत को गोली लगी और पांच दिन बाद मौत हो गई थी। एसआईटी की जांच में एसपी की भूमिका संदिग्ध पायी गयी। इसके बाद से पाटीदार फरार हैं।

# लोकतंत्र को कमजोर करने में लगी है भाजपा: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार का असली चेहरा अब सामने आ रहा है। भाजपा राज में अपराध और अपराधियों की संख्या बढ़ी है। सत्ता का संरक्षण प्राप्त होने से वे बेखौफहै। निर्दोष लोगों, गरीबों, किसानों, नौजवानों की परेशानियां बढ़ी हैं। भाजपा अपनी अहंकारी एकाधिकारवादी राजनीति से देश में लोकतंत्र को भी कमजोर करने में लगी है। फिर भी भाजपा चुनाव जीतने का षड़यंत्र करती रहती है। समाजवादी पार्टी लोकतंत्र को बचाने के लिए समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर अभियान छेड़ेगी।

श्री यादव मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में विभिन्न जनपदों से आए सैकड़ों कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में किसानों, नौजवानों को सबसे ज्यादा परेशनियां उठानी पड़ रही हैं। तीन नए कृषि कानूनों से किसानों के हितों को चोट पहुंची है और वे सभी आक्रोशित हैं। उनकी कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। किसानों के धान की लूट हो रही है। सरकारी दावे के बावजूद उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा है।

अखिलेश यादव ने कहा कि किसान पर उसके गन्ने का बकाया भुगतान न होने और दूसरे बढ़ती मंहगाई के कारण दोहरी मार पड़ रही है। खाद, बीज का संकट है। हजारों करोड़ रूपए चीनी मिलों पर बकाया है। अब किसान का पराली के नाम पर उत्पीड़न किया जा रहा है। कई जनपदों में किसानों के खिलाफ केस दर्ज किया जाना अन्याय है। उसकी आय दुगनी करने की तो अब भाजपा चर्चा भी नहीं करती है।

**कार्यालय-नगर पंचायत बाघनगर उर्फ बखिरा जनपद-संतकबीरनगर**

पत्रांक-52/न0पा0 दिनांक-09.11.2020

**अति अल्पकालिक ई-टेण्डर सूचना**

नवसृजित नगर पंचायत बाघनगर उर्फ बखिरा, संतकबीरनगर को 15वां वित्त आयोग एवं पंचम राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य, एवं आपूर्ति हेतु आन लाइन निविदा आमंत्रित किया जाता है, आन लाइन निविदा दिनांक 20.11.2020 को 01.00 बजे तक कार्यालय में प्राप्त करायी जायेगी। आन लाइन निविदा दिनांक 20.11.2020 को अपरान्ह 04.00 बजे से निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी निविदा उत्तर प्रदेश की ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। नगर पंचायत बाघनगर उर्फ बखिरा सीमान्तर्गत फर्म को ही वरीयता दी जायेगी। नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर अवलोकन कर सकते है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बाघनगर उर्फ बखिरा
संतकबीरनगर

**निधन पर जताया शोक: लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शाहजहांपुर जिले के समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव दुर्गविजय भोनवाल के निधन पर गहरा शोक जताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। अखिलेश ने कहा है कि उनके आकस्मिक निधन से पार्टी की अपूरणीय क्षति हुई।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इंटरमीडिएट का सर्टिफिकेट एवं अभिलेख खो गए नाम-श्वेता गोस्वामी, पिता का नाम-श्री रमाकांत गिरि, जन्मतिथि 19.09.1990, अनुक्रमांक 5712522 उत्तीर्ण वर्ष - 2007, 12 का पासिंग सर्टिफिकेट। स्थाई पता - आचार्य द्विवेदी नगर, मोदी पब्लिक स्कूल के सामने, टिकोना पार्क के पास, जेल रोड, रायबरेली, उत्तर प्रदेश।

# मातृ शक्ति को समर्पित होंगे दीपोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रम

## बालोद, छत्तीसगढ़ की श्री सत्य साईं रामलीला मण्डली की महिला कलाकार करेंगी रामलीला का मंचन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**छोटी** दिवाली पर अयोध्या में होने वाले अद्भुत नजारे के साथ-साथ यहों होने वाले रंगारंग कार्यक्रमों का पिटारा सरकार ने आज खोल दिया है। दीपोत्सव पर आकर्षक सांस्कृतिक तथा रंगारंग कार्यक्रम होंगे। वर्तमान में संचालित मिशन शक्ति अभियान के मद्देनजर दीपोत्सव में मातृ शक्ति को समर्पित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने समस्त आयोजनों में कोविड 19 के प्रोटोकॉल तथा सोशल डिस्टिेंसिंग का पूर्ण पालन कराने के निर्देश दिये हैं। प्रवक्ता ने कहा कि 13 नवम्बर 2020 को दीपोत्सव 2020 के मुख्य मंच पर छत्तीसगढ़ की महिला कलाकारों द्वारा अभिनीत रामलीला का मंचन होगा। लखनऊ की ऐशबाग रामलीला समिति द्वारा प्रस्तुत रामलीला में कम्बन ऋषि की रामायण का शबरी प्रसंग मंचित किया जाएगा। इसके अलावा ओजस्वी कवियत्री कविता तिवारी काव्य पाठ करेंगी। प्रवक्ता ने बताया कि माता कौशल्या का जन्म दक्षिण कोसल प्रदेश छत्तीसगढ़ में हुआ था। इस वर्ष दीपोत्सव में छत्तीसगढ़ राज्य के बालोद जनपद की श्री सत्य साईं रामलीला मण्डली की महिला कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा। इस रामलीला मण्डली की यह विशेषता है कि अभिनय से लेकर संगीत, स्क्रिप्ट लेखन व निर्देशन आदि समस्त कार्य महिलाओं द्वारा किये जाते हैं। लगभग 10 वर्ष पूर्व वहां प्राचीन रामलीला की परम्परा धीरे धीरे समाप्त हो रही थी। ऐसे में बालोद की महिलाओं ने रामलीला परम्परा को आगे बढ़ाने का बीड़ा उठाते हुए इसके मंचन व आयोजन की सभी जिम्मेदारियां स्वयं पर लीं। अयोध्या में 13 नवम्बर को महिला रामलीला मण्डली द्वारा भगवान श्रीराम और कौशल्या माता का प्रसंग प्रस्तुत किया जाएगा। छत्तीसगढ़ की महिला कलाकारों की यह प्रस्तुति प्रदेश के लिए भी प्रेरक बनेगी। मुख्यमंत्री प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित कर रहे हैं। उनके इस संकल्प को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके दृष्टिगत प्रदेश की महिलाएं भी इस प्रकार की रामलीला मण्डली स्थापित करने के लिए प्रेरित होंगी। प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर भारत में श्रद्धालुजन गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित श्रीरामचरित मानस के शबरी प्रसंग से अवगत हैं। दक्षिण में कम्बन ऋषि द्वारा लिखित रामायण में शबरी प्रसंग अत्यन्त विस्तार से वर्णित है।

लखनऊ की ऐशबाग रामलीला समिति द्वारा इस प्रसंग का मंचन दीपोत्सव का एक प्रमुख आकर्षण होगा। कम्बन ऋषि की रामायण के शबरी प्रसंग से रामलीला के दर्शकों को नई जानकारी प्राप्त होगी। यह मार्मिक प्रसंग उत्तर भारत की रामलीलाओं में मंचित नहीं होता है।

**कार्यालय नगर पंचायत विधूना - औरैया**

संख्या-696/स्वच्छ भारत मिशन-अ0 ई नि0आ0सू0 (2020-21)/विधूना, दिनांक-09 नवम्बर, 2020

**अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन योजना के अन्तर्गत नगर पंचायत विधूना औरैया शासन द्वारा निर्धारित मैटेरियल रिकवरी फैसेलिटी सेन्टर (एम0आर0एफ0) के निर्माण हेतु प्राप्त धनराशि व राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020-21 में प्राप्त धनराशि में से वेतन वितरण के उपरान्त अवशेष धनराशि एवं निकाय फण्ड से प्रस्तावित कार्य हेतु ई-निविदाएं दि0 20.11.2020 को 12 बजे अपरान्ह तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 4.00 बजे निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जायेंगी। प्राप्त निविदायें यदि उक्त निर्धारित तिथि को अवकाश/अपरिहार्य कारणों से नहीं खुल पाती हैं, तो क्रमशः अगले कार्य दिवसों में खोली जायेंगी। निविदा से सम्बन्धित सभी अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होंगे और निविदा के साथ अन्य सभी शर्तों की स्वीकारोक्ति के हस्ताक्षर युक्त प्रारूप संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदाओं से सम्बन्धित समस्त जानकारी/शर्त जनपद औरैया की बेवसाईड-www.auraiya.up.nic से भी प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. | नगर पंचायत विधूना औरैया | ठेकेदार | प्रारम्भ दिनांक व समय | अन्तिम दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | Tender Download | 10.11.2020, 10.00AM | 20.11.2020, 12.00 AM |
| 2 | | Bid Submission | UP To | 20.11.2020, 12.00 AM |
| 3 | Bid Opening Technical | " " | " " | 20.11.2020, 4.00 PM |
| 4 | Bid Opening Financial | " " | " " | When technical Bid Approved |

(निषाद मधुरमय)
अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत विधूना, औरैया

(अमित कुमार)
अध्यक्ष
नगर पंचायत विधूना, औरैया

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले चार जालसाज गिरफ्तार

## दस लाख में बैंक का पीओ और पांच लाख में बनाते थे क्लर्क

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**दस** लाख में पंजाब नेशनल बैंक का पीओ और पांच लाख में क्लर्क की नौकरी लगवाने का झांसा देकर बेरोजगारों को चपत लगाने वाले चार शातिर जालसाजों को क्राइम ब्रांच और मड़ियांव पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के पास से फर्जी 31 ज्वॉइनिंग लेटर, 26 ऑर्डर लेटर, एक हिसाब किताब वाली डायरी सहित अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों के बैंक अकाउंट में जमा करीब 25 लाख रूपये भी सीज कराया है।

एडीसीपी उत्तरी राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि फैजुल्लागंज के रहने वाले अशोक कुमार दिवान के पद से रिटायर हैं। अशोक के मुताबिक मूल रूप से देवरिया के रहने वाले राजकुमार यादव और राजेश प्रसाद ने उसके बेटे नीलेश कुमार को पंजाब नेशनल बैंक में क्लर्क की नौकरी लगवाने का झांसा दिया था। इसके लिए आरोपियों ने आठ लाख रुपये का खर्च आने की बात बताई थी। इस पर अशोक उनके झांसे में आकर बेटे के उज्जवल भविष्य को देखते हुए आरोपियों को बतौर एडवांस 2.35 लाख रुपये थमा दिए। इसके बाद आरोपियों ने नीलेश का फर्जी ज्वॉइनिंग लेटर भी थमा दिया। बैंक जाने पर जालसाजी का पता चलने पर पीड़ित अशोक ने पांच नवंबर को मड़ियांव थाने में एफआईआर दर्ज करवाई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए मड़ियांव पुलिस के साथ ही क्राइम ब्रांच को भी अलर्ट किया गया। इसके बाद पुलिस ने दबिश देकर देवरिया निवासी राजकुमार यादव, राजेश प्रसाद व अतरौली गांव थाना मोहनलालगंज निवासी चंदन कुमार और आजमगढ़ के रहने वाले गुलाब चंद्र को गिरफ्तार कर लिया।

### हाईस्कूल फेल खुद को बताता था बैंक का जीएम

एसीपी अलीगंज अखिलेश सिंह ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि आरोपी राजकुमार पूरे गिरोह का सरगना है। वह हाईस्कूल फेल होने के बावजूद खुद को पंजाब नेशनल बैंक का जीएम बताता था। उसकी बातों में आकर लोग आसानी से शिकार हो जाते थे। वहीं राजेश कुमार ने इंटरमीडिएट, चंदन कुमार आईटीआई और गुलाब चंद्र ने इंटर तक कि पढ़ाई की है। इन्सपेक्टर मड़ियांव विपिन कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी करीब चार साल से इस गोरखधंधे में लगे हुए थे। अब तक कि पड़ताल में करीब 40 बेरोजगारों को ठगने का मामला सामने आया है। अन्य पीड़ितों के बारे में भी पता लगाया जा रहा है।

### प्रिंटिंग प्रेस मालिक की भी होगी गिरफ्तारी

एडीसीपी राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी आलमबाग के एक प्रिंटिंग प्रेस में फर्जी ज्वॉइनिंग लेटर समेत अन्य दस्तावेज प्रिंट कराते थे। आरोपियों के पकड़े जाने की भनक लगते ही प्रिंटिंग प्रेस का मालिक और मैनेजर फरार हो गए। उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

# तेज रफ्तार ट्रक ने दो बच्चियों को कुचला, एक की मौत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के काकोरी थाना क्षेत्र के दुबग्गा बाईपास पर सड़क पार कर रहीं दो बच्चियां तेज रफ्तार ट्रक का शिकार हो गईं। इनमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरी को गम्भीर हालत में ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। पुलिस मुकदमा दर्ज करके आरोपी ट्रक चालक की तलाश में जुटी है।

मनोज कुमार हरदोई के माधवगंज स्थित शेखनपुर गांव के रहने वाले हैं, उन्होंने बताया कि सुबह करीब 12 बजे जिनमें उनकी दोनों बेटियां कामिनी शर्मा और शालू शर्मा सीतापुर बाईपास रोड पर सड़क पार कर रही थीं इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक यूपी30 टी 1113 ने टक्कर मार दी। इस घटना में शालू शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कामिनी शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गई। काकोरी इंस्पेक्टर प्रमेन्द्र सिंह का कहना है कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है, साथ ही घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# महंत नृत्य गोपाल दास की हालत स्थिर, मुख्यमंत्री देखने पहुंचे



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** स्थित मेदान्ता हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास को देखने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे। मुख्यमंत्री के साथ प्रमुख सचिव सूचना नवनीत सहगल और मुख्यमंत्री के ओएसडी भी साथ मे थे। करीब आधे घण्टे रुकने के बाद मुख्यमंत्री वापस लौट आये। मेदान्ता हॉस्पिटल के निदेशक डॉ राकेश कपूर के मुताबिक महंत की स्थिति गंभीर मगर नियंत्रण में है। मंगलवार दोपहर को मेदांता पहुंचे मुख्यमंत्री ने महंत नृत्य गोपाल दास से मुलाकात करने के साथ ही उनके स्वास्थ्य को लेकर अस्पताल के डॉक्टरों से चर्चा की। चर्चा के बाद मुख्यमंत्री वापस लौट आए। वहीं महंत नृत्य गोपाल दास को लेकर जारी मेडिकल रिपोर्ट में कहा गया है कि महंत के फेफड़ों में अधिक मात्रा में खून के थक्के पाए गए, जिसके कारण उन्हें सांस लेने में बहुत परेशानी हो रही थी। साथ ही दिल पर लोड भी पड़ रहा था। इसके अलावा उनका ब्लड प्रेशर कम हो रहा था और गुर्दे भी काम नहीं कर रहे थे। संस्थान के निदेशक डॉ राकेश कपूर ने बताया कि जांच रिपोर्ट एग्जामिन होने के बाद कार्डियक सर्जरी के डायरेक्टर डॉक्टर गौरंगो मजूमदार, आईसीयू एक्सपर्ट डॉक्टर दिलीप दुबे, इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के डॉक्टर रोहित अग्रवाल और इंटरवेंशन कार्डियोलॉजी के डॉक्टर अविनाश सहित अन्य चिकित्सकों ने बिना समय गवाएं जांच के उपरांत ऑपरेशन थिएटर में महंत के फेफड़ों में जमे हुए खून के थक्के को गलाने की प्रक्रिया शुरू की।

## क्विक न्यूज

### शुल्क निर्धारण पर हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने इस प्रश्न पर विचार करने को कहा है कि अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान आयोग द्वारा किसी संस्थान को अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान घोषित करने पर उसके शुल्क निर्धारण पर क्या प्रभाव पड़ेगा। पीठ ने राज्य सरकार से इस मसले पर एक माह में जवाब मांगा है। जस्टिस पंकज मित्तल एंव जस्टिस सौरभ लवानिया की पीठ ने यह आदेश बुद्धिस्ट रिलीजियस ट्रस्ट की याचिका पर दिया है।

### अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई आज

**लखनऊ।** पशुपालन विभाग में हुए करोड़ों के घोटाला मामले में निलंबित डीआईजी अरविन्द सेन ने की अग्रिम जमानत याचिका पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में बुधवार को सुनवाई होगी। जस्टिस विवेक चौधरी की एकल पीठ के समक्ष मंगलवार को उनकी याचिका पर सुनवाई हुई। पीठ के समक्ष सुनवाई अभी जारी है, जो अब बुधवार को होगी।

### चक मार्ग पर टाउनशिप को लेकर जवाब तलब

**लखनऊ।** राजधानी के सरोजिनी नगर इलाके में काली पश्चिम गांव के चक मार्ग और नाली की जमीन को हाईटेक टाउनशिप पॉलिसी के तहत विकसित करने पर हाईकोर्ट की हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने जवाब तलब किया है। पीठ ने दो हफ्ते में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। जस्टिस पंकज मित्तल एवं जस्टिस सौरभ लवानिया की पीठ ने यह आदेश गो-सेवा समिति की जनहित याचिका पर दिया है। याचिका में कहा गया है कि काली पश्चिम गांव के प्लॉट नंबर 690 और प्लॉट नंबर 2016 पर निर्माण कार्य किया जा रहा है। जबकि उक्त दोनों प्लॉट क्रमशः चक मार्ग और नाली के तौर पर दर्ज हैं। इन दोनों भूखंडों पर अतिक्रमण की वजह से ग्रामवासियों को अपने खेतों व मंदिर इत्यादि तक जाने में दिक्कत हो रही है।

# सीरियल किलर भाइयों की अवैध संपत्तियों की सूची तैयार कर रही पुलिस

**लखनऊ( पीएनएस )।** सीरियल किलर भाइयों सलीम, सोहराब व रुस्तम के खिलाफलखनऊ पुलिस बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में है। पुलिस आयुक्त सुजीत पांडेय ने सीरियल किलर भाइयों और उनके गुर्गों की अवैध संपत्तियों की सूची तैयार करवाई है। यही नहीं पुलिस की तीन टीमें भी गठित की गई हैं जो पूरी कार्रवाई का खाका तैयार कर रही हैं। इन अवैध बिल्डिंगों पर पुलिस की मदद से संबंधित विभाग बुलडोजर चलाएगा। इसी क्रम में लखनऊ पुलिस ने जेल में बंद सीरियल किलर भाइयों की अवैध संपत्तियों का ब्यौरा निकलवाया है। इनमें बूचर मोहाल स्थित मकान, सदर तथा पुराने लखनऊ की कुछ संपत्तियां हैं। अब तक की पड़ताल में सामने आया है कि अधिकांश संपत्ति सीरियल किलर भाइयों ने अपने गुर्गों के नाम पर खरीदी थी। लखनऊ पुलिस अधिकांश गुर्गों को सलाखों के पीछे भेज चुकी है। वहीं पुलिस सगे भाइयों के गुर्गे राज मंडल, शानू, शकील अहमद, सुब्बी, मेहंदी अब्बास, शहजादे, कालिया, अनवर, मोहम्मद ओवैश, अकरम, रेहान और मीसम समेत अन्य की कुंडली पुलिस खंगाल रही है।

# पीएम स्वनिधि योजना में सराहनीय कार्य पर नगर आयुक्त सम्मानित



**लखनऊ ( पीएनएस )।** शहर में पथ विक्रेताओं का सबसे अधिक पंजीकरण और लोन देने पर नगर विकास मंत्री द्वारा नगर निगम को सम्मानित किया गया है। नगर विकास मंत्री ने नगर आयुक्त को लोन वितरण में कीर्तिमान स्थापित करने पर प्रमाण पत्र सौंपा। पथ विक्रेताओं को बिना भटके लोन मिलने और सही स्थान देने का नगर निगम ने सराहनीय कार्य किया। मंगलवार को प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के तहत अच्छे प्रदर्शन पर नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन ने नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी को सम्मानित किया। गोमती नगर विस्तार में उप्र नगरीय निकाय निदेशालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पथ विक्रेताओं का सर्वाधिक पंजीकरण, सर्वाधिक प्रमाण पत्र एवं सर्वाधिक ऋण वितरित करने वाले निकायों को सम्मानित किया गया। समारोह में नगर निगम को 27 अक्टूबर की स्थिति के अनुसार ऋण वितरण श्रेणी में उत्तर प्रदेश में द्वितीय स्थान, पंजीकरण में तृतीय स्थान एवं प्रमाण पत्र वितरण मे चतुर्थ स्थान पर आने पर सम्मानित किया गया।

# वाहनों के प्रदूषण जांच की प्रक्रिया तय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आनलाइन मोटरयान प्रदूषण जांच केंद्र योजना 2020 के तहत वाहनों के प्रदूषण की जांच की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। इस प्रक्रिया के तहत प्रदूषण जांच करने के लिए वाहन स्वामी को निर्धारित शुल्क देना होगा। परिवहन विभाग ने इस संबंध में जारी नियमावली के अनुसार जांच केन्द्र द्वारा गैस एनॉलाइजर अथवा स्मोक मीटर से वाहन के प्रदूषण स्तर की जांच की जाएगी। यदि माप अधिकतम उत्सर्जन प्रदूषण स्तर पर होगा तो निर्धारित प्रारूप पर प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। इसमें प्रदूषण स्तर की माप का भी उल्लेख होगा। प्रमाण पत्र पर जांच केन्द्र की कोड संख्या भी अंकित की जाएगी और प्राप्त जांच शुल्क का उल्लेख भी किया जाएगा। इसके बाद प्रमाण पत्र की प्रति वाहन स्वामी को प्रदान कर दी जाएगी। निर्धारित प्रक्रिया में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि प्रदूषण का स्तर निर्धारित मानक सीमा से अधिक आता है तो ऐसे वाहन की जांच की निर्धारित फीस ही वसूल की जाएगी और वाहन स्वामी को रिजेक्शन प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। जांच की तारीख के अगले सात दिनों में किसी भी प्रदूषण जांच केन्द्र पर वाहन का प्रदूषण जांच कराया जाना आवश्यक होगा जिसके लिए वाहन स्वामी को पूरा शुल्क देना होगा।

# पीजीआई में होगी एडवांस्ड डायबिटीज सेंटर की स्थापना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट में एडवांस्ड डायबिटीज सेंटर की स्थापना होगी। इस आशय का निर्णय मंगलवार को मुख्य सचिव राजेंद्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में एसजीपीजीआइ गवर्निंग बॉडी की 92वीं बैठक में लिया गया है। सेंटर की स्थापना से मरीजों में अनियंत्रित शुगर के साथ साथ अन्य होने वाले दुष्प्रभावों का बेहतर इलाज हो सकेगा। यह सेंटर डिपार्टमेंट ऑफ इंडोक्राइनोलॉजी के तहत स्थापित किया जाएगा। सेंटर में डायबिटीज से पीड़ित मरीजों का बेहतर इलाज किया जा सकेगा। इसके लिए हाईटेक संसाधन व स्टाफ भी मुहैया कराया जाएगा। साथ ही इस सेंटर में डॉक्टर–पैरामेडिकल का प्रशिक्षण भी संभव होगा। बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि पीजीआइ में स्थापित होने वाला सेंटर सबसे बेहतर बने। इसके लिए देश व विदेश के टॉप सेंटर का अध्ययन करें। वहां की सुविधाएं, संसाधनों के बारे में जानें।

### सिविल अस्पताल में कूल्हा प्रत्यारोपण शुरू

लखनऊ। महानगर स्थित भाऊराव देवरस अस्पताल (सिविल अस्पताल) में कूल्हा प्रत्यारोपण शुरू हो गया है। मंगलवार को एक पुरुष मरीज का पहला ऑपरेशन किया गया है। डॉक्टरों ने ऑपरेशन सफल होने का दावा किया है। न्यू हैदराबाद निवासी 55 वर्षीय दिनेश कुमार वर्मा पिछले हफ्ते चोटिल हो गए। परिवारीजन उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे। हड्डी रोग विभाग के डॉ. आरके गुप्ता ने कूल्हा प्रत्यारोपण की जरूरत बताई। परिवारीजन के राजी होने के बाद आज करीब चार घंटे ऑपरेशन चला। अस्पताल के सीएमएस डॉ. आरसी सिंह के मुताबिक मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा मुहैया कराने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

# पेट व छाती से जुड़े जुड़वा बच्चों को अलग करने में मिली सफलता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**किंग** जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों ने पेट व छाती से जुड़े जुड़वा बच्चों के आपरेशन में सफलता हासिल की है। आपरेशन के दौरान दोनों को अलग कर दिया गया है और दोनों बच्चे वेंटिलेटर पर हैं। कुशीनगर निवासी मजदूर दम्पति के घर नवम्बर 2019 को जुड़वा बच्चों ने जन्म लिया था। शिशु पेट के हिस्से से जुड़े हुए थे। जैसे जैसे उम्र बढ़ी शिशुओं की परेशानी में इजाफा होने लगा। परिवारीजनों ने कई डॉक्टरों को दिखाया। डॉक्टरों ने एक साल की उम्र के बाद ऑपरेशन करने की बात कही। आर्थिक संकट व लॉकडाउन की वजह से परिवारीजन बच्चों का इलाज नहीं करा पाएं। लोगों की मदद से परिवारीजन शिशु को लेकर केजीएमयू पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने बच्चों को देखा। ऑपरेशन की सलाह दी।




**पूर्वोत्तर रेलवे** सूचना संख्या 112/2020

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित **स्पेशल एक्सप्रेस गाड़ी** का संचलन दिनांक **13.11.2020** से अगले आदेश तक निम्नवत किया जायेगा:–

**05069/05070 गोरखपुर–ऐशबाग–गोरखपुर स्पेशल एक्सप्रेस गाड़ी**

**गाड़ी सं0 05070 ऐशबाग से 13.11.2020 प्रत्येक दिन**
**गाड़ी सं0 05069 गोरखपुर से 14.11.2020 प्रत्येक दिन**

| 05070 | | स्टेशन | 05069 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| – | 16.25 | ऐशबाग | 10.40 | – |
| 16.50 | 16.55 | बादशाहनगर | 10.02 | 10.07 |
| 17.30 | 17.32 | बाराबंकी | 09.23 | 09.25 |
| 18.55 | 19.00 | गोंडा | 07.50 | 07.52 |
| 19.42 | 19.44 | बलरामपुर | 06.54 | 06.56 |
| 20.11 | 20.13 | तुलसीपुर | 06.21 | 06.23 |
| 20.40 | 20.41 | पचपेड़वा | 06.00 | 06.02 |
| 21.07 | 21.09 | बढ़नी | 05.46 | 05.48 |
| 21.32 | 21.34 | शोहरतगढ़ | 05.24 | 05.26 |
| 21.51 | 21.53 | नौगढ़ | 05.06 | 05.08 |
| 22.35 | 22.37 | आनन्द नगर | 04.30 | 04.32 |
| 23.55 | – | गोरखपुर | – | 03.45 |

रेल संरचना:– जनरेटर सह लगेज यान–2, द्वितीय श्रेणी कुर्सीयान–7, सामान्य द्वितीय श्रेणी–4, वातानुकूलित तृतीय–2, वातानुकूलित कुर्सीयान–2 = 17 यान

**कृपया ध्यान दें**– 1. इस गाड़ी में सभी कोच आरक्षित श्रेणी के होगें। 2. इन ट्रेनों से यात्रा करने वाले यात्रियों को कोविड–19 से बचाव एवं उनकी रोकथाम हेतु जारी दिशा–निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

CPRO/T-39 मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, गोरखपुर

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो. – 09794845955 पर SMS करें

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

# राजधानी में 171, सूबे में मिले कोरोना के 2155 नए केस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सूबे में** मंगलवार को कोरोना वायरस के 2155 नए मरीज पाए गए हैं। जबकि राजधानी लखनऊ में 171 केस सामने आए हैं। सूबे में 22846 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 3028 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 7261 मरीजों की और राजधानी में 922 की मौत हो चुकी है।

विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 494050 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 2201 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 471204 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आज कानपुर में 82, प्रयागराज में 79, गाजियाबाद में 108, नोएडा में 119, वाराणसी में 97, मेरठ में 115, बरेली में 26 मुरादाबाद में 25, अलीगढ़ में 31, झांसी में 37, सहारनपुर में 20, आगरा में 64, अयोध्या में 11, बाराबंकी में 13, बलिया में 16, लखीमपुर खीरी में 17, शाहजहांपुर में 16, देवरिया में 10, मुजफ्फरनगर में 21, जौनपुर में 10, महाराजगंज में 7, आजमगढ़ में 16, कुशीनगर में 5, मथुरा में 37, इटावा में 17, बुलंदशहर में 31, बस्ती में 20, प्रतापगढ़ में 14, गोंडा में 11, गाजीपुर में 6, सीतापुर में 12, उन्नाव में 10, सुल्तानपुर में 17, फर्रुखाबाद में 23, रायबरेली में 25, चंदौली में 17, सोनभद्र में 17, अमरोहा में 12, सिद्धार्थनगर में 5, पीलीभीत में 16, बहराइच में 9, बिजनौर में 17, हापुड़ में 27, बदायूं में 18, मैनपुरी में 12, कन्नौज में 16, फिरोजाबाद में 29, फतेहपुर में 31, अमेठी में 14, संत कबीर नगर में 4, जालौन में 30, मिर्जापुर में 13, ललितपुर में 5 ,शामली में 9, औरैया में 25, मऊ में 4, बांदा में 18, संभल में 16, एटा में 16, कौशांबी में 5, भदोही में 4 , कानपुर देहात में 1, बलरामपुर में 8, चित्रकूट में 12, अंबेडकरनगर में 2, कासगंज में 15, बागपत में 15, हमीरपुर में 2, हाथरस में 3, श्रावस्ती में 3, महोबा में 22 कोरोना वायरस के संक्रमित मरीज पाए गए हैं।

# समाज में सबसे ज्यादा सम्मान के पात्र हैं श्रमिक

● राष्ट्रऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी के जन्म शताब्दी वर्ष पर किया गया तीन नवीन योजनाओं का लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विश्वेश्वरैया** हाल में मंगलवार को राष्ट्रऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी के जन्म शताब्दी वर्ष समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रम कल्याण परिषद, श्रम विभाग द्वारा मंगलवार को विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह लखनऊ में स्मारिका का विमोचन, 52 श्रमिकों को हित लाभ वितरण एवं 3 नवीन प्रस्तावित योजनाओं का लोकार्पण किया गया है।

श्रमिकों को लाभ वितरण में गणेश शंकर विद्यार्थी योजना के अन्तर्गत 30 श्रमिकों को हितलाभ प्रमाण पत्र, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक शिक्षा सहायता योजना में अन्तर्गत 21 लाभार्थियों को हितलाभ प्रमाण पत्र व ज्योतिबा फुले कन्यादान योजना के अन्तर्गत एक श्रमिक लाभार्थी को हितलाभ प्रमाण पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम में श्रम कल्याण परिषद व श्रम विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों की संकलित स्मारिका का विमोचन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रहलाद सिंह पटेल, केन्द्रीय पर्यटन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार भारत सरकार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि राष्ट्रऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी का जीवन कर्म एवं संघर्ष ऐसा है कि कोई भी उनकी राय पर चलकर देश एवं समाज के लिए बहुत कुछ कर सकता है। दत्तोपंत ठेंगड़ी विशाल हृदय और महान व्यक्तित्व के धनी थे। वह हमेशा श्रमिकों के बेहतर भविष्य और कल्याण की बात करते थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्रम एवं सेवायोजन मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने श्रमिकों के हित, कल्याण की बात करते हुए कहा कि श्रम कल्याण परिषद, श्रम विभाग श्रमिकों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए सदैव तत्पर है। समाज को बेहतर बनाने के हर कार्य में श्रमिकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने कहा कि समाज में सबसे ज्यादा सम्मान के पात्र श्रमिक हैं वे राष्ट्रनिर्माता हैं, प्रदेश एवं केन्द्र की सरकार सदैव इनके दु:ख दर्द को बांटने का कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने जिस प्रकार श्रमिकों के हितों की रक्षा की थी उसी प्रकार से हमारी सरकार भी उनके ही लक्ष्यों को आगे बढ़ाने प्रयासरत है। कार्यक्रम में उपस्थित औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने कहा कि दत्तोपंत ठेंगड़ी ने देश को हमेशा सही और गलत में विभाजित किया। उन्होंने हमेशा गलत को गलत कहा और सही को सही। उन्होंने कभी धर्म जाति के आधार पर समाज को विभाजित नहीं किया। वे अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी। राष्ट्रवादी विचारधार को आगे बढ़ाया। उनके संघर्षों का ही परिणाम है कि श्रमिकों को कुछ अधिकार मिले हैं।

# लेबर रूम के पीएनसी वार्ड में स्तनपान कार्नर बनाए जाएं

## यूनिसेफ के अधिकारियों के साथ मंडलायुक्त ने की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूनिसेफ** के अधिकारियों और सलाहकारों के साथ मंडलायुक्त द्वारा बच्चों के पोषण पर महत्वपूर्ण बैठक की गयी। बैठक के दौरान न्यू बोर्न केयर यूनिट में कम बच्चों को भेजे जाने पर चिंता जताई। लेबर रूम के पीएनसी वार्ड में स्तनपान कार्नर बनाने की बात कही। वहीं यूनिसेफ की टीम को जीवन रक्षा उपकरण के लिए बजटीय योजना तैयार करने का निर्देश भी दिया।

मंगलवार को मण्डलायुक्त रंजन कुमार की अध्यक्षता में यूनिसेफ सहायतित समग्र प्रोग्राम के संबन्ध में यूनिसेफ के अधिकारियों और सलाहकारों के साथ एक बैठक हुई। बैठक में स्वास्थ्य, पोषण, संरक्षण और जल स्वच्छता और स्वच्छता से संबंधित बच्चों के विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। यूनिसेफ के कार्यक्र म प्रबंधक डॉ. अमित मेहरोत्रा ने विभिन्न क्षेत्रों में काम करने

● जीवन रक्षा उपकरण के लिए बजटीय योजना तैयार करने का निर्देश



वाली यूनिसेफ की मंडल टीम का नेतृत्व किया। बैठक में सिक न्यू बोर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) में कम बच्चों को भेजे जाने के प्रमुख कारणों का पता लगाने के लिए चर्चा की गई। यूनिसेफ की टीम एसएनसीयू में बालिकाओं के कम प्रवेश के सटीक कारणों का भी विश्लेषण करेगी। मण्डलायुक्त ने यूनिसेफ की टीम को डिवीजन के सभी लेबर रूम में जीवन रक्षक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए बजटीय योजना तैयार करने के लिए भी निर्देश दिये। इसके साथ ही सभी लेबर रूम के पीएनसी वार्ड में स्तनपान कार्नर बनाने की बात कही। उन्होंने कहा 11 प्रतिशत मामलों में होम बेस्ड न्यू बोर्न केयर के लिए आशा द्वारा घर पर कोई दौरा नहीं करने के बिंदु पर उन्होंने गहन विश्लेषण के लिए कहा ताकि सुधारात्मक कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कुपोषित बच्चों की पहचान करने के लिए सभी आशाओं को मिड अपर आर्म सर्कुलेशन टेप की उपलब्धता कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यूनिसेफ द्वारा बच्चों के पोषण स्तर को बेहतर बनाने के लिए किचन गार्डन और व्यंजनों के मेनू के लिए व्यापक दिशानिर्देश विकसित करने में समर्थन करने के लिए कहा। उन्होंने लखनऊ के 30 मालिन बस्तियों में किए जा रहे यूनिसेफ के प्रयासों की भी सराहना की और जल और स्वच्छता सुविधाओं पर भी ध्यान दिया।

# कल्ली पूरब गांव में बीडीओ ने बांटा राशन

**सरोजनीनगर/मोहनलालगंज।।** महिलाओ व बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा लड़ी जा रही लड़ाई को अब और बल मिलेगा। सरकार ने इस लड़ाई में अब गांव में रहने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को राशन वितरण की जिम्मेदारी सौंपी है। इससे जहां स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार से जुड़ने का मौका मिला है वहीं इस बीमारी से लड़ रहे बच्चों व महिलाओ को भी लाभ होगा। सरोजनीनगर के खंड विकास अधिकारी निशान्त राय ने मंगलवार को यहां के कल्ली-पूरब गांव के जय माता दी स्वयं सहायता समूह के माध्यम से बच्चों व महिलों में राशन वितरण की शुरूआत की। वहीं मंगलवार को आंगनबाड़ी केन्द्रों को टेक होम राशन किट सप्लाई का कमालपुर बिचलिका से सीडीपीओ अंजू कटियार और एडीओ आईएसवी शकील अहमद ने योजना का शुभारंभ किया।

# विद्या भारती ने साकार की ऑनलाइन शिक्षा की अवधारणा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ के आनुषांगिक संगठन विद्या भारती ने कोरोना संकट के समय में ऑनलाइन शिक्षा की अवधारणा को साकार रूप देने का काम किया है। हालांकि इस दिशा में सरकार सहित कई बड़े संस्थान अभी चिंतन और मंथन ही कर रहे हैं। उक्त बातें मंगलवार को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के डायरेक्टर कुणाल सिल्कू ने निरालानगर स्थित सरस्वती कुंज में प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) उच्च तकनीकी सूचना संवाद केंद्र में शिक्षकों के पांच दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण सत्र के समापन कार्यक्रम में कहीं।

उन्होंने कहा कि विद्या भारती के द्वारा विकसित किये गये उच्च तकनीकी सिस्टम से सीखने का प्रयास करेंगे, ताकि हम अपने काम को और बेहतर ढंग से क्रियान्वित कर सकें। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि कौशल विकास विभाग अपनी योजनाओं के तहत इस प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर सके। उन्होंने आचार्यों से कौशल विकास अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हम जब तक अपने कौशल को आगे नहीं बढ़ाएंगे, तब तक हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं। इस दौरान उन्होंने सरकार द्वारा चलायी जा रही कौशल विकास योजना की विस्तृत जानकारी भी दी। मुख्य वक्ता के रूप में विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचन्द्र ने कहा कि समाज में संस्कार विहीन शिक्षा का कोई महत्व नहीं है। विद्या भारती के विद्यालय अपने छात्रों को गुणवत्तापरक शिक्षा के साथ.साथ संस्कार भी देने का काम कर रहे हैं। उन्होंने प्रशिक्षु शिक्षकों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्या भारती संकल्पबद्ध हैए हमें इसे आगे और बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी जैसे संकट के समय में भी बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखने के लिए विद्या भारती ने डिजिटल प्लेटफार्म तैयार किया है। इसके जरिए भी छात्रों को नैतिकता के साथ शिक्षा दी जा रही है। विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रचार प्रमुख सौरभ मिश्रा ने लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम और विद्या प्रबोधन एप के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रसार भारती के कंटेट हेड राहुल महाजन ने प्रो रज्जू भैया को याद करते हुए अपना उद्बोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को सत्ता में लाने का पूरा श्रेय प्रो. रज्जू भैया को जाता है। प्रो रज्जू भैया ने अटल बिहारी वाजपेयी जी को अगर नहीं चुना होता तो शायद भाजपा आज सत्ता में नहीं होती।

# हाईवे पर इलेक्ट्रॉनिक शोरूम से बीस लाख की चोरी

**मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज कस्बे में डालीगंज निवासी शुभम मित्तल ने नारायण इलेक्ट्रॉनिक शोरुम खोल रखा है। शुभम के मुताबिक् सोमवार रात बगल की निर्माणाधीन बिल्डिंग से शोरूम की छत पर चढ़े चोर छत के दरवाजे का ताला तोड़कर शोरुम में दाखिल हुए। फिर शोरुम में रखे लाखों की कीमत के 125 मोबाइल सेट , लैपटाप ,कलाई घड़ियां, सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर और लगभग 22 हजार की नकदी उठा ले गए। मंगलवार सुबह शोरुम का शटर खोलते ही स्टाफ ने सामान गायब देखकर चोरी की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस और सर्विलांस टीम मौका मुआयना कर चोरी गए मोबाइल सेट के आईएमईआई नंबर की लिस्ट देने का कहकर वापस लौट गई। शोरूम मालिक शुभम मित्तल ने बताया इलेक्ट्रॉनिक शोरुम की छत पर जगह जगह चोरों के फिंगर प्रिण्ट मौजूद थे। बगल की निर्माणाधीन बिल्डिंग तक रस्सी लटकी हुई थी।

## पूर्वोत्तर रेलवे ने लगाया विधिक साक्षरता शिविर

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ जंक्शन परिसर में मंगलवार को कोविड.19 संक्रमण से बचाव को लेकर लोगों को जागरुक करने और उन्हें उपयोगी कानून की जानकारी दिये जाने के मद्देनजर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ की टीम द्वारा किया गया जिसमें ज्यूडिसरी के कई जज और विधिवेत्ता व अधिवक्ता पहुंचे। इस शिविर में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एनईआर लखनऊ, स्टेशन निदेशक गिरीश कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ की सचिव व सिविल जज सीनियर डिवीजन सपना त्रिपाठी ने खास उपस्थिति दर्ज करायी।

## मुजफ्फरपुर के लिये नई जनरल बस सेवा आज से

**लखनऊ।** रोडवेज प्रबंधन ने मुजफ्फरपुर के लिये नई जनरल बस सेवा की शुरूआत की है। बता दें कि इससे पहले आलमबाग बस टर्मिनल से गया के लिये साधारण बस का संचालन चल रहा है। इस बाबत चारबाग डिपो के एआरएम अमरनाथ सहाय ने जानकारी दी कि आगे दीवाली और छठ महापर्व को ध्यान में रखते हुए बिहार राज्य के दो प्रमुख शहरों के लिये सूबे की राजधानी से नई बस सेवा को शुरू किया जा रहा। एआरएम ने आगे बताया कि बुधवार से लखनऊ मुजफ्फरपुर रूट पर रोडवेज बस का संचालन शुरू किया जा रहा है। यह साधारण बस आलमबाग स्टेशन से चलकर अयोध्या, बस्ती, गोरखपुर, कसया, तमकुईराज, गोपालगंज, पिपराकोठी होते हुए आखिर में मुजफ्फरपुर पहुंचेगी।

## गोमती नगर विस्तार में दस हजार का इनामी गिरफ्तार

**लखनऊ।** गोमती नगर विस्तार पुलिस ने 10000 के इनामी बदमाश को दबोच ने में सफलता हासिल की है पकड़े गए आरोपी के खिलाफपहले थे तीन मुकदमे दर्ज थे। प्रभारी निरीक्षक गोमती नगर विस्तार अखिलेश चंद्र पांडे ने बताया कि ग्वारी गांव निवासी रंजीत यादव पुत्र सत्रोहन यादव ने महालक्ष्मी दूध डेयरी से प्रतिस्पर्धा को लेकर षड्यंत्र रचते हुए डेरी में रोशनदान की जाली तोड़कर नाजायज असलहा, गांजा रखकर डेयरी संचालक को फंसाने की कोशिश की थी जिसके साथियों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था लेकिन रंजीत यादव फरार चल रहा था जिस पर 10000 का इनाम घोषित था।

## तीन किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**सरोजनीनगर।** बंथरा प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के मुताबिक सोमवार रात करीब 11 बजे उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि बंथरा गांव निवासी हिस्ट्रीशीटर सोनू पुत्र रमजान अली इलाके में ही चनखरा तिराहे के पास मौजूद है। सूचना के बाद पहुंची पुलिस टीम ने उसे मौके से धर दबोचा। तलाशी के दौरान उसके पास से तीन किलो अवैध गांजा बरामद हुआ है।

## राती गांव को मिली सामुदायिक शौचालय की सौगात

**निगोहां।** निगोहां के राती गांव की तकरीबन 2200 की आबादी को मंगलवार सामुदायिक शौचालय की सौगात मिल गई। बीडीओ अजीत कुमार सिंह ने ग्राम पंचायत सचिव अनुज त्यागी के साथ शौचालय में मौजूद सुविधाओं का जायजा लेने के बाद मां सन्तोषी स्वयं सहायता समूह की मीना को शौचालय के बेहतर संचालन की जिम्मेदारी समझाते हुए सामुदायिक शौचालय की चाबी सौंपी। सचिव ने बताया गांव के लोगों को अब खुले में शौच की कुप्रथा से पूरी तरह छुटकारा मिल गया है।

## किन्नर की हत्या में वांछित शूटर साथी सहित मेरठ से गिरफ्तार

**लखनऊ।** जेल में बंद वेस्ट यूपी के कुख्यात अपराधी सलमान के भाई व शूटर आमिर गाजी और उसके एक साथी को एसटीएफने मेरठ से गिरफ्तार किया है। आमिर गाजी दिल्ली के शाहदरा जिले में थाना जीटीबी एंक्लेव क्षेत्र में हुई किन्नर एकता गुरु की सनसनीखेज हत्या की घटना में वांछित चल रहा था। एसटीएफ ने इस सूचना पर कि आमिर व उसका साथी सुएल खान अवैध अस्लाह लेकर इस्माईल वाली गली में खड़े हैं तथा कोई घटना करने की फिराक में है। एसटीएफ मेरठ की टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर दोनों को पकड़ लिया।

# नई विश्व व्यवस्था तक जारी रखेंगे प्रयास

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के तत्वावधान में ऑनलाइन आयोजित विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 21वें अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन के प्रतिभागी 63 देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, न्यायविद्, कानूनविदों ने लखनऊ घोषणा पत्र के माध्यम से संकल्प व्यक्त किया है कि वे विश्व एकता, शान्ति एवं भावी पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य हेतु नई विश्व व्यवस्था के गठन हेतु सतत् प्रयास करते रहेंगे। चार दिनों तक सम्पन्न हुए इस महासम्मेलन के अन्तर्गत विश्व की प्रख्यात हस्तियों, न्यायविदों व कानूनविदों की गहन परिचर्चा के निष्कर्ष स्वरूप लखनऊ घोषणा पत्र जारी किया गया। न्यायविदों ने संकल्प व्यक्त किया कि वे अपने देश में अपनी सरकार के सहयोग से इस मुहिम को आगे बढ़ायेंगे जिससे सभी नागरिकों को नई विश्व व्यवस्था की सौगात मिल सके। उक्त जानकारी सम्मेलन के संयोजक, प्रख्यात शिक्षाविद् व सीएमएस संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने दी है।

# डंपर खराब होने से कानपुर रोड पर लगा लम्बा जाम

**सरोजनीनगर।** बंथरा थाना क्षेत्र में कानपुर रोड पर मंगलवार को अचानक बीच सड़क पर एक डंपर खराब हो जाने से पूरी रोड जाम हो गई। इसके कारण करीब दो घंटे तक यातायात बुरी तरह प्रभावित रहा। बाद में पुलिस ने क्रेन के जरिए डंपर हटवा कर यातायात सुचारू कराया। मंगलवार सुबह करीब साढे बजे कानपुर की ओर से लखनऊ आ रहा गिट्टी लदा तेज रफ्तार एक डंपर अचानक बंथरा के जुनाब गंज तिराहे पर खराब हो गया। यही नहीं उसका संतुलन बिगड़ने से डंपर दाहिने तरफ घूम कर रोड पर आड़ा तिरछा खड़ा हो गया। इसकी वजह से जहां लखनऊ से कानपुर की ओर जाने वाली पटरी पूरी तरह जाम हो गई, वहीं वाहनों के विपरीत दिशा से निकलने के कारण कानपुर से लखनऊ की ओर आने वाली पटरी पर भी यातायात बुरी तरह प्रभावित हो गया। यहां पर एक ही पटरी से दोनों ओर के वाहनों के निकलने की वजह से भीषण जाम के हालात पैदा हो गए।

# सड़क पर उतर कर छात्राओं ने की यातायात के नियमों का पालन करने की अपील

**लखनऊ।** यातायात के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए निजी कॉलेज की छात्राओं के साथ ट्रैफिक पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया। सड़क सुरक्षा सप्ताह में आम आदमी को उनकी ज़िंदगी की एहमियत के बारे में रैली के ज़रिए जागरूक किया गया। लखनऊ के पॉलीटेक्निक चौराहे पर रजत गर्ल्स डिग्री कॉलेज की दर्जन भर छात्राओं ने अपने शिक्षक व शिक्षिका समेत ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान में रैली निकाल कर नारे के ज़रिए ट्रैफिक पुलिस और छात्राओं व मौजूद अन्य लोगो ने लोगों को यातायात नियमों के पालन करने का न सिर्फ आग्रह किया बल्कि लोगों से सड़क पर धीमी गति से चलने की अपील भी की। इस अभियान में ट्रैफिक पुलिस के एडीसीपी पूर्णेन्दु सिंह, एसीपी विक्रम सिंह, टीआई बृजमोहन राय और टीएसआई राजेश सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# सिविल सेवा में संस्कृत ऐच्छिक विषय के लिए चलेगा प्रशिक्षण कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**संस्कृत** साहित्य की सहभागिता और संस्कृत साहित्य को रोजगार उन्मुख बनाने के लिए उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम् द्वारा संघ लोक सेवा आयोग एवं राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा संचालित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए 10 माह का नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित हो रहा है। इसके अन्तर्गत सिविल सेवा के प्रारम्भिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार की तैयारी चरणबद्ध तरीके से करायी जाएगी। ऐसे विद्यार्थी जिनका मुख्य परीक्षा हेतु ऐच्छिक विषय संस्कृत साहित्य हो और 21 से 35 आयु वर्ग के देश प्रदेश के सभी विद्यार्थी इस योजना का लाभ ले सकते हैं। प्रशिक्षण के अन्तर्गत 3,000 रुपये रूपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति भी दिए जाने की व्यवस्था है। मंगलवार को यह जानकारी संस्कृत संस्थानम के निदेशक पवन कुमार ने बताया कि संस्थान का प्रथम सत्र समाप्त हो रहा है और द्वितीय सत्र हेतु वस्तुनिष्ठ प्रवेश परीक्षा के उपरान्त कुल 113 विद्यार्थियों को साक्षात्कार हेतु 9 एवं 10 नवम्बर को साक्षात्कार आयोजित किया गया।

# टोल पर किसानों से अभद्रता को लेकर किसान यूनियन ने किया प्रदर्शन



संवाददाता। निगोहां

**निगोहा** स्थित टोल प्लाजा पर टोल कर्मियों की दबंगई और राहगीरों से अभद्र भाषा प्रयोग किए जाने के विरोध में भारतीय किसान यूनियन भाानू के पदाधिकारियों ने करीब दो घण्टे जमकर धरना प्रदर्शन किया टोल कर्मियों पर भाकियू का आरोप था कि आए दिन टोल के कर्मचारी किसानों से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं और दबंगई दिखाते हैं किसानों का तर्क था कि उन्हें खेती किसानी के लिए रोजाना बछरावां जाना पड़ता है रास्ते में किसानों को टोल के लिए परेशान किया जाता है। वहीं टोल मैनेजर अनिरुद्ध सिह ने बताया किसानों के अभद्र भाषा के आरोप गलत है और लोकल के लोगों के लिये मासिक पास की व्यवस्था है उसी से आवागमन किया जा सकता है इसके बाउजूद किसानों के मांग पत्र को लेकर एनएचआई को भेजा जायेगा। वही सीओ सैयद नैमुल हसन ने बताया कि टोल मैनजर से बातचीत कराकर प्रदर्शन को समाप्त करा दिया गया इस दौरान टोल वसूली में कोई व्यवधान नहीं होने दिया गया।

# जांच के नाम पर कार्यालय का दरवाजा तोड़कर पचास हजार लूटने का आरोप

**सरोजनीनगर।** बंथरा के औरावां गांव निवासी मनोज सिंह के मुताबिक गांव के पास ही उनकी आरा मशीन है। मनोज का कहना है कि मंगलवार को वह किसी काम से बाहर गए थे। तभी शाम करीब 4 बजे खुद को वन विभाग का उड़नदस्ता बताते हुए वैगनआर कार से 6 लोग उसकी आरा मशीन पर पहुंचे। लेकिन गेट बंद होने के कारण कोई अंदर नहीं जा सका। आरोप है कि बाद में वहां पर मौजूद आरा मशीन के मजदूरों से आरोपियों ने आरा मशीन के गेट की चाबी मांगी, लेकिन मजदूरों ने चाबी देने से मना कर दिया। आरोप है कि गेट की चाबी देने से मना करने पर आरोपियों ने उनसे जमकर गाली-गलौज की और बाद में आरा मशीन मालिक से फोन पर संपर्क किया। बाहर होने की बात बताने के बावजूद आरोप है कि वन विभाग कर्मी बताने वाले दो कर्मचारी आरा मशीन की बाउंड्री वॉल फांद कर अंदर दाखिल हो गए और मेज की दराज में रखे 50 हजार रुपये उठा ले गए। आरा मशीन मालिक मनोज सिंह के मुताबिक आरोपियों में एक का नाम राजकुमार है। उधर वन उड़न दस्ते में शामिल वन सुरक्षा बल के राजकुमार ने तोड़फोड़ और नगदी लूटने की बात से साफ इंकार किया है।

**Madhyanchal Vidyut Vitran Nigam Ltd.**
**NIT, E-Tender Notice**
E-tenders are invited in two parts (Part-I Techno Commercial Bid and Part II Price Bid) for following works : S.No. 1, Particulars : e-Tendering Notice no. Details MEDCO/ 2532/2020, S.No. 2, Particulars : e-Bid Portal (website) https://etender.up.nic.in, S.No. 3, Particulars : Name of Work : Supply of A-4 size (75g/m²) Paper Rim Century Star make in MVVNL Head Office 4A Gokhle Marg Lucknow. Quantity, Rim 2500 ± 20%, S.No. 4, e-Tender Cost, Rs. 1000 + GST Total Rs. 1180.00 (Non - Refundable), S.No. 5, Earnest money deposit : 5,500.00, S.No. 6, e-Bid submission end date : 01.12.2020, 14:00 hrs., S.No. 7, Opening date of e-bid part-I, 02.12.2020, 15:00hrs. S.No. 8, Opening date of e-bid part-II (Price Part), Will be Notified Later. Tender Bid document (Tender Specification) are available online on https://etender.up.nic.in. Any changes in the Bid Schedule, corrigendum etc. shall also be notified via same website and MVVNL website http://www.mvvnl.in. Prospective bidders are therefore requested to regularly check the website for any updates. MVVNL reserves the right to reject the offer of any one or all the bidders without assigning any reasons thereof. **Superintending Engineer (HQ)** MVVNL, 4-A, Gokhale Marg, Lucknow - 226001. No. - 314, Date - 10.11.2020, **Save Electricity & Use LED Bulbs in Place of Bulbs in Interest of Nation, Helpline No. 1800-1800-440.**

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
**ई–टेन्डरिंग अल्पकालीन निविदा सूचना** एतदद्वारा ई–टेण्डरिंग निविदा के माध्यम से प्रत्येक निविदा के समक्ष अंकित क्षेत्रों के अन्तर्गत प्रत्येक निविदा के समक्ष अंकित कार्यों हेतु प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों से दो भागों में अलग–अलग ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, निविदा विशिष्टिकरण व अन्य नियम एवं शर्ते उत्तर प्रदेश सरकार की बेवसाइट www.etender.up.nic.in एवं मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की बेवसाइट www.mvvnl.in पर डाउनलोड/देखे जा सकते है। निविदादाता द्वारा उ0प्र0 सरकार की बेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक–26.11.2020 को 13:00 बजे तक अपलोड की जायेगी। धरोहर धनराशि एवं ई–निविदा प्रपत्र शुल्क जीएसटी सहित RTGS/NEFT के माध्यम से अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, अकबरपुर, अम्बेडकरनगर के बैंक खाता संख्या–50200027913793, IFSC Code & HDFC0001882, HDFC Bank, Shahzadpur, Akbarpur, Ambedkarnagar के पक्ष में जमा होनी चाहिए। बैंक जमा की साक्ष्य यथा योज्य यू0टी0आर0 संख्या पे–इन–स्लिप मूल की प्रति (इश्यूड्स बैंक के कन्फरमेशन मेल की प्रति) ई–निविदा के प्रपत्रों के साथ आन–लाइन अपलोड की जायेगी। निविदा का प्रथम भाग दिनांक–26.11.2020 को 14:00 बजे के पश्चात् से अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके नामित प्रतिनिधि द्वारा डाउनलोड/खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि पर अवकाश होने की दशा में निविदायें अगले कार्य दिवस पर खोली जाय। निविदा के पुनःप्रकाशन, अवधि विस्तारण, शुद्धि पत्र, संशोधन अथवा निरस्तीकरण की सूचना www.mvvnl.in एवं www.etender.up.nic.in पर ही प्रकाशित होंगी। 1. निविदा संख्या–71/वि0वि0मं0(अ0)/2020–21:–विद्युत वितण खण्ड, अकबरपुर (अम्बेडकरनगर) के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्रों के अनुरक्षण एवं अन्य कार्यों हेतु। धरोहर धनराशि रू0 12,500.00। निविदा शुल्क रू0 3,540.00। 2. निविदा संख्या–72/वि0वि0मं0(अ0)/2020–21:– विद्युत वितरण मण्डल अकबरपुर के अन्तर्गत जनपद अम्बेडकरनगर मे पावरलूम उपभोक्ताओं के परिसर पर श्री–फेज मीटर स्थापित/प्रतिस्थापित एवं अन्य कार्यो हेतु। धरोहर धनराशि रू0 8,500.00। निविदा शुल्क रू0 1180.00। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने/विभिन्न फर्मो के मध्य विभक्त करने/त्रुटि सुधार करने का अधिकार सुरक्षित होगा। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल अम्बेडकरनगर** पत्रांक : 1506 दिनांक : 10.11.2020 ''राष्ट्रहित में बिजली बचायें, बल्ब की जगह एलईडी लगायें''

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, बेहटा–सीतापुर**

पत्रांक–1032/15वॉ वित्त/पंचम राज्य वित्त/निविदा पत्रा0/20–21 दिनांक 09.11.20

**निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, बेहटा के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित निर्माण कार्यों की मोहरबंद निविदायें समस्त पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 17.11.2020 के अपरान्ह 03.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें उसी दिन अपरान्ह 04.30 बजे पंजीकृत ठेकेदारों के समक्ष सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जायेगी। किसी भी टेण्डर को स्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 11.11.2020 से दिनांक 17.11.2020 तक खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से सांय 12.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। प्रत्येक निविदा के साथ 02 प्रतिशत की जमानत धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो खण्ड विकास अधिकारी बेहटा के नाम बंधक होगा। टेण्डर स्वीकार की स्थिति में एवं प्रतिभूति की धनराशि स्वीकार टेण्डर की 10 प्रतिशत जमा करना अनिवार्य होगा, अन्य शर्तों आदि की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। प्रत्येक निविदा के साथ हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र व अन्य प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतियां जमा करना अनिवार्य होगा। ठेकेदार द्वारा निविदा प्रपत्र पर अंकित की गयी धनराशि अंको एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य होगा।

| क्र0 सं0 | ग्राम पंचायत का नाम | परियोजना का नाम | प्राक्कलन के अनुसार सामग्री जिसकी आपूर्ति होनी है | कार्य की प्राक्कलित लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य | जमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पिडुरिया | पिडुरिया स्कूल से सड़क तक इण्टरलाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति | 999000.00 | 500.00 | 20000.00 |
| 2 | छतागुर | छतागुर से पूरनसराय तक खण्डजा कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति | 998800.00 | 500.00 | 20000.00 |
| 3 | पसुरा बेलवा | पसुरा से मरसण्डा तक खण्डजा निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति | 996100.00 | 500.00 | 20000.00 |
| 4 | हजरतपुर | हजरतपुर से इस्माइलगंज तक इण्टरलाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति | 997000.00 | 500.00 | 20000.00 |
| 5 | शाहपुर | मतुवा शाहपुर रोड से गदियाना तक खण्डजा कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति | 996100.00 | 500.00 | 20000.00 |
| 6 | नरना | नरना से सहिजर रोड तक इण्टरलाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति | 999000.00 | 500.00 | 20000.00 |
| 7 | बसन्तापुर | मेगलापुर बसन्तापुर पेन्टेड रोड से छूटी कड़ी में इण्टरलाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति | 995000.00 | 500.00 | 20000.00 |

**खण्ड विकास अधिकारी**
**बेहटा–सीतापुर**

# भगवान श्रीराम के चरणों में बैठेंगे अयोध्या के प्रमुख संत

● भगवान श्रीराम की अगवानी के लिए सज कर तैयार हो गई है अयोध्या 11 नवंबर से चौथे दीपोत्सव का होगा आगाज

संवाददाता। अयोध्या





**इहां** भानुकुल कमल दिवाकर। कपिल देखावत नगर मनोहर। सुनु कपीस अंगद लंकेसा। पावन पूरी रचिर यह देसा। जदपि सब बैकुंठ बखाना। वेद पुरान विदित जुग जाना। अवधपुरी सम प्रिय नहीं सोऊ। यह प्रसंग जानइ कोई कोए। जन्मभूमि मम पुरी सुहावनि। उत्तर दिसि बह सरजू पावन। आज अयोध्या नगरी तुलसीदास जी की चौपाई को पूर्ण रूप से चरितार्थ कर रही है। मां सरयू के पावन ट्रक से लेकर पूरा नगर भगवान श्रीराम की अगवानी के लिए अलौकिक तरीके से सजाया जा रहा है।ऐसा मनोहर दृश्य देख कर लग रहा है कि जैसे भगवान श्रीराम त्रेता युग में रावण पर विजय प्राप्त करके अयोध्या आए थे और अयोध्या वासियों ने अयोध्या को सजाई थी वही दृश्य कमोबेश वर्तमान समय में पूरे नगर में दिखाई दे रहा है। मां सरयू के पावन तट को तोरण द्वारओं और विभिन्न लाइटों से सजाया गया है। फोरलेन बाईपास से नया घाट तक लगभग दो दर्जन द्वार लाइटों के बनाए गए है। यही नहीं पूरा नगर दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। राम की पैड़ी पर लगभग आधा दर्जन बैठने के लिए अलग अलग मंच बनाए गए हैं। राम दरबार के लिए एक अलग मंच बनाया गया है जब राम कथा पार्क से भगवान राम दीपोत्सव के लिए राम पैड़ी पर आएंगे तो उनका पूरा दरबार एक अलग पंडाल में विराजित होगा और उन्हीं के ठीक नीचे अयोध्या के गणमान्य संत विराजमान होंगे ऐसा भी कहा जा सकता है कि भगवान के चरणों में विराजेंगे अयोध्या के संत। नहीं घंटों पर दीप जलाने के लिए मार्किंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। प्रभु राम की नगरी अयोध्या में वर्चुअल दीपोत्सव का काउंट डाउन शुरू हो गया है। योगी सरकार जहां 5॰51 लाख दीये जलाकर अपने पुराने रिकार्ड को तोड़ने के प्रयास में है। इस काम में कई संस्थाओं का भी सहयोग मिल रहा है। नगर आयुक्त विशाल सिंह ने बताया कि 8 प्रांतों से 60 हजार दीये आए हैंए जिन्हें दीपोत्सव में शामिल किया जा रहा है। इसके अलावा 1 लाख गोबर के दीये भी जलेंगे। दीपोत्सव के लिए पर्यटन विभागए नगर निगम और सूचना विभाग अपनी.अपनी तैयारियों में जुटा है।

**11 नवंबर से अयोध्या में होगा प्रवेश निषेध:** अयोध्या। दीपोत्सव और कार्तिक मेला को देखते हुए 11 नवंबर की शाम से बाहरी लोगों के लिए अयोध्या में रहेगा प्रतिबंध ।बाहर के लोग अयोध्या में नहीं कर पाएंगे प्रवेश ।जनपद की सीमा पर ही रोके जाएंगे बाहरी लोग। लोकल आईडी वाले नहीं होंगे प्रतिबंधित ।अयोध्या धाम में प्रवेश के 13 स्थानों पर की गई बैरिकेडिंग। हाईवे पर प्रतिबंध नहीं। चलता रहेगा हाईवे ।13 नवंबर को दीपोत्सव की समाप्ति तक जारी रहेगा प्रतिबंध। प्रतिदिन सुरक्षा एजेंसियां और स्थानीय प्रशासन से बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था का ले रही जायजा। 13 नवंबर को है दीपोत्सव। सीएम योगी व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल होंगी मौजूद। स्थानीय लोगों को भी बिना अनुमति पास के प्रवेश नहीं।

**आतंकी गतिविधियों को देखते हुए सुरक्षा बढ़ी:** अयोध्या। दीपोत्सव 2020 में आतंकवादी गतिविधियों की आशंका से सुरक्षा के लिए अयोध्या में तैनात होंगे एटीएस कमांडो। डीआईजी एसएसपी दीपक कुमार का बयान। अयोध्या की सुरक्षा होगी पुख्ता। जितनी मांगी गई फोर्स। उतनी मिली फोर्स।अयोध्या में पैरामिलिट्री फोर्स के साथ तैनात होगी सिविल पुलिस। होटल और धर्मशालाओं की हो रही तलाशी ।बाहरी व्यक्तियों को लेकर हो रही तलाशी। अयोध्या में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम।

**आठ प्रांतों सीआए दिए भी होंगे प्रज्वलित:** अयोध्या। एफ एम 94.3 ने की है 8 प्रांतों के दीपकों की भागीदार के संकल्प के साथ माय एफएम 94॰3 अयोध्या ने नगर निगम के सहयोग से 8 प्रांतों से 60 हजार दीयों को दीपोत्सव में शामिल करने के लिए इकट्ठा किया है। आयुक्त विशाल सिंह के मुताबिक इस संकल्प को सफल बनाने के लिए एफएम ने रेडियोए प्रिन्ट और डिजिटल माध्यमों का उपयोग किया। राजस्थानए गुजरातए मध्य प्रदेशए छत्तीसगढ़ए और नागपुर से हजारों की संख्या में लोगों ने दीये के जरिए अपना प्यार और सत्कार भेजा है।

**सूचना विभाग लगवा रहा है 300 कट आउट:** अयोध्या। सूचना विभाग दीपोत्सव के प्रचार.प्रसार के लिए 300 कट आउटए होर्डिंग मंगलवार शाम तक तक लगवा देगा। इसके साथ 70 एलएडी वैन और एलएडी वॉल से कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा। इसके अलावा दूरदर्शनए एएनआई न्यूज एजेंसीए न्यूज चैनलों और सोशल मीडिया से भी लाइव प्रसारण किया जाएगा।

**सांस्कृतिक दल पहुंचने लगे अयोध्या:** अयोध्या। अयोध्या शोध संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी राम तीरथ के मुताबिकए मंगलवार को दिल्ली का राम लीला दल अयोध्या पहुंच रहा है। 11 नवंबर को यह दल भजन स्थल पर मंचन करेगा।

## खूबसूरत लाइटिंग से जगमगा रही है अयोध्या

**अयोध्या।** अयोध्या का सरयू तट स्वागत द्वारों और उन पर बनी राम कथा की पेंटिंग आकर्षण का केंद्र बन रही है। दीपोत्सव के मुख्य स्थल राम की पैड़ी को सजाया गया है। 11 अक्टूबर से तीन दिवसीय दीपोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत हो जाएगी। इस साल के दीपोत्सव में कोविड गाइड लाइंस और सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रख कर दीयों को स्वयंसेवी संस्थाओं और अन्य लोगों से लगवाने पर ज्यादा जोर न देकर लाइटिंग पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है। आयुक्त ने बताया कि मंदिरों के अलावा सरयू के घाटों पर लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। राम की पैड़ी, राम कथा पार्क और सरयू के घाटों पर खूबसूरत लाइटिंग की जा रही है। राम कथा पार्क का जहां मुख्य कार्यक्रम होना हैए वहां का स्टेज तैयार हो गया है। गोंडा.अयोध्या पुल पर लाइटिंग की गई है। 12 स्वागत द्वार बने हैं जिसमें 4 राम कथा पार्क के लिए ही है अयोध्या।

## जालसाज चढ़ा पुलिस के हत्थे

**गोरखपुर।** पुलिस के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कोतवाली थाने की पुलिस टीम जनपद में घटित हत्या, लूट, चोरी, जालसाजी, धोखाधड़ी व हिस्ट्रीशीटरों के धर पकड़ में लगी थी कि मु.अ.सं. 856/20 धारा 406,420,411 भादवि से संबंधित अभियुक्त जो रक्त उपलब्ध करवाने के नाम पर धोखाधड़ी करके पैसा लिया था, को थाना क्षेत्र के सावित्री हास्पिटल के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम पता सात्विक सिन्हा उर्फ अनुज सिन्हा पुत्र स्व. अनुप सिन्हा उर्फ लल्ला निवासी जटेपुर उत्तरी काली मंदिर के पीछे थाना गोरखनाथ बताया। जामा तलाशी के दौरान उसके पास से 900 रूपया नकद बरामद किया गया।

## जीत पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर



**बीजेपी** कार्यालय बेनीगंज में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने उत्तर प्रदेश के देवरिया में हुए उपचुनाव और बिहार विधानसभा चुनाव की जीत पर जमकर जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने पटाखे छोड़े, मिठाइयां बांटी और नारेबाजी की। जैसे ही बीजेपी की जीत के घोषणा हुई। बीजेपी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। बीजेपी कार्यालय पर कार्यकर्ता और पदाधिकारी इकट्ठा हुए और जीत का जश्न मनाया। जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए बीजेपी के क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि जिस प्रकार भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के उप चुनाव और बिहार चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ जीत हासिल की है। यह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा विकास की जीत है। जहां-जहां चुनाव हुए हैं वहां-वहां भारतीय जनता पार्टी के कमल खिले हैं। इसके लिए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई दी है।

## टेक होम राशन प्रणाली का शुभारंभ

● समूहों की सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों से मिलेगा राशन

संवाददाता। अम्बेडकरनगर




टेक होम राशन प्रणाली का शुभारंभ करते जिलाधिकारी — पायनियर

**जिलाधिकारी** राकेश कुमार मिश्र द्वारा बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के अंतर्गत लाभार्थी समूहों को वितरित होने वाले नए टेक होम राशन प्रणाली का शुभारंभ अकबरपुर ब्लॉक के मुबारकपुर डैयाडीह ग्राम सभा में लाभार्थियों को राशन वितरित कर किया । टेक होम राशन की नवीन प्रणाली में लाभार्थी समूह को चावल, गेहूं सरकारी गल्ले की दुकान से समूह की महिलाओं द्वारा उठान करके और दाल खरीद कर उसकी पैकिंग कर के जिसमें 6 माह से 3 वर्ष के बच्चों को 1 किलो चावल और डेढ़ किलो गेहूं , दाल और 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों को 1 किलो चावल और डेढ़ किलो गेहूं, गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं को और स्कूल ना जाने वाली किशोरियों को( 11 से 14 वर्ष) की 1 किलो चावल 2 किलो गेहूं वितरित किया गयास कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार मिश्र और सीडीपीओ जलालपुर बलराम सिंह ने कार्यक्रम स्थल पर जिला अधिकारी का स्वागत अभिनंदन किया इस कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह, डी सी एन आर एल एम राम बहाल यादव ,अकबरपुर बाल विकास परियोजना अधिकारी शेषनाथ वर्मा, टांडा बाल विकास परियोजना अधिकारी राजेश यादव तथा अकबरपुर की मुख्य सेविकाओं ने प्रतिभाग किया जिलाधिकारी महोदय ने कार्यक्रम की सराहना किया स कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित लाभार्थी समूहों को एवं उपस्थित ग्रामवासियों को भी जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने मिशन शक्ति योजना के तहत नारी, पुरुष ,बालक ,बालिका की समानता एवं सशक्तिकरण हेतु शपथ दिलाई तथा गांव वासियों को गांव आश्रय स्थल से गाय लेने के लिए प्रोत्साहित किया ।

## गड़बड़ी पाये जाने पर होगी कार्रवाई: डीएम

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**जिलाधिकारी** के. विजयेन्द्र पाण्डियन ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता पर विशेष बल देते हुए कहा कि कार्य मानक के अनुरूप होने चाहिए और कार्यों का सत्यापन/गुणवत्ता की जांच भी करायी जायें। निर्माण कार्यों में गड़बड़ी पाये जाने पर सम्बंधित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उक्त निर्देश जिलाधिकारी ने विकास भवन सभागार में आयोजित विकास कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा बैठक करते हुए दिया। इस अवसर पर उन्होंने सीबीओ को निर्देश दिया कि जनपद में संचालित/ क्रियाशील गोशालाओं का निरीक्षण करते हुए पशुओं की संख्या, उनके स्वास्थ्य व्यवस्था एवं गोशाला की स्थिति आदि की जानकारी प्राप्त करते रहे सभी जानवरो की इयर टैगिंग करायी जाये तथा नियमानुसार बीमा की कार्यवाही भी सुनिश्चित हो। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को निर्धारित लक्ष्य शतप्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश समाज कल्याण अधिकारी को दिया।

## भाजपा कार्यालय पर मना जीत का जश्न

● पार्टी नेताओं ने एक दूसरे को खिलाई मिठाई, फोड़े पटाखे

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



पार्टी नेताओं को दोनों हाथ से मिठाई खिलाते जिलाध्यक्ष — पायनियर

**भारतीय** जनता पार्टी की लोकप्रियता दिनों दिन बढ़ती जा रही है जिसका जीता जागता उदाहरण उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार विधान सभा के चुनाव में भाजपा और गठबंधन को मिले जनादेश ने दे दिया है। उपरोक्त विचार भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में उत्तर प्रदेश,मध्य प्रदेश और विहार विधान सभा चुनाव में भाजपा गठबंधन को मिली जीत की खुशी में भाजपा पदाधिकारियों के साथ आतिश बाजी कर मिष्ठान वितरण करते हुए व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का जनाधार निरंतर बढ़ता जा रहा है जो संगठन और सरकार के कार्यों पर जनता की मुहर है। भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में विहार विधान सभा में मिले जीत का डंका बजने पर पटाखा फोड़ कर और लड्डू वितरण करके खुशी मनाने के अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी,सुरेश कन्नौजिया,वरिष्ठ भाजपा नेत्री लीलावती वर्मा,जिला उपाध्यक्ष डाक्टर राना रणधीर सिंह,जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, भाजपा नेता नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज गुप्त ''गुड्डू'', जिला मंत्री दिलीप पटेल ''देव'' इंद्रेश निषाद, आईटी विभाग जिला संयोजक मनीष मिश्र, विनय पांडेय एडवोकेट, भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री गौरव उपाध्याय, जिला संयोजक विदेश सम्पर्क विभाग संदीप श्रीवास्तव, आर्थिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक कमलेश मौर्य,सभासद अतुल वर्मा, जावेद सिद्दीकी, अंकुर वर्मा,सुरेश गुप्ता, विजय वर्मा, अशोक कनौजिया, अमित प्रजापति, मनीष वर्मा, शोएब अख्तर,सचिन पटेल, दुर्गेश प्रजापति,अंजुम पटेल,वैभव सिंह, अमरेंद्र कांत यादव, विकास सिंह आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।


## कार्यालय तहसीलदार खलीलाबाद, संतकबीरनगर

पत्रांक संख्या-1215/रा0नि0 कार्या0 (गाव सभा)/

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक-09, नवम्बर, 2020

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नाकित विवरण के अनुसार मत्स्यपालन हेतु तालाब/पोखरा/मीनाशय एवं जल प्रणालियों की 10वर्षीय मत्स्य पालन आवंटन की नीलामी पात्र व्यक्तियों में की जायेगी।

| क्र0 सं0 | ग्राम का नाम | विकास खण्ड | तालाब/पोखरा/मीनाशय हेतु जल प्रणालियों का विवरण | | आरक्षित बोली की दो हेक्टेयर से अधिक 10000/- प्रति हे0 व दो हे0 से कम क्षे0 पर 5000/-प्रति हे0 प्रति वर्ष के अनुसार | जमानत धनराशि आरक्षित धनराशि का 10 प्रतिशत | नीलामी का तिथि | नीलामी का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | गाटा सं0 | क्षेत्रफल हे0 | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | रानीपार | खलीलाबाद | 52 | 0.242 | 12100 | 1210 | 09.12.2020 | तहसील मुख्यालय खलीलाबाद |
| 2 | नैनीडीहा | खलीलाबाद | 91ग | 0.564 | 28200 | 2820 | | |
| 3 | नहसापार | खलीलाबाद | 150मि0 | 0.844 | 42200 | 4220 | | |
| 4 | नहसापार | खलीलाबाद | 163मि0 | 0.715 | 35750 | 3575 | | |
| 5 | लक्ष्मीपुर उर्फ निचौरा | खलीलाबाद | 155कमि | 0.303 | 15150 | 1515 | | |
| 6 | धौरहरा | खलीलाबाद | 39 | 0.972 | 48600 | 4860 | | |
| 7 | बनभार | खलीलाबाद | 62 | 0.270 | 13500 | 1350 | | |
| 8 | धमैचा | खलीलाबाद | 16 | 0.591 | 29550 | 2955 | | |
| 9 | सहसरावमाफी | खलीलाबाद | 155स | 1.131 | 56550 | 5655 | | |
| 10 | सहसरावमाफी | खलीलाबाद | 177स | 0.401 | 20050 | 2005 | | |
| 11 | मीरगंज | खलीलाबाद | 520 | 0.441 | 22050 | 2205 | | |
| 12 | फेरूसा | खलीलाबाद | 10 | 0.437 | 21850 | 2185 | | |
| 13 | धवरिया | खलीलाबाद | 96ख | 0.509 | 25450 | 2545 | | |
| 14 | धवरिया | खलीलाबाद | 162मि | 0.0212 | 10600 | 1060 | | |
| 15 | बरईपार पैठान | खलीलाबाद | 151ख | 0.665 | 33250 | 3325 | | |
| 16 | बरईपार बंशमन | खलीलाबाद | 75मि | 0.502 | 25100 | 2510 | | |
| 17 | सेमरी | खलीलाबाद | 96 | 0.225 | 12750 | 1275 | | |
| 18 | पखुवापार | खलीलाबाद | 273 | 0.692 | 34600 | 3460 | | |
| 19 | राउतपार | खलीलाबाद | 280 | 0.465 | 23250 | 2325 | | |
| 20 | मनियरा | खलीलाबाद | 50 | 0.494 | 24700 | 2470 | | |
| 21 | मानपुर | बघौली | 45 | 0.664 | 33200 | 3320 | 10.12.2020 | |
| 22 | जोगीडीहा | बघौली | 138ख | 0.442 | 22100 | 2210 | | |
| 23 | सतौहा | बघौली | 151ड | 0.568 | 28400 | 2840 | | |
| 24 | कदमा | बघौली | 180क | 0.985 | 49250 | 4925 | | |
| 25 | परसा झकरिया | बघौली | 155मि | 0.639 | 31950 | 3195 | | |
| 26 | सोहरा माफी | बघौली | 259 | 0.959 | 47950 | 4795 | | |
| 27 | अमावा | बघौली | 295स | 0.335 | 16750 | 1675 | | |
| 28 | अमावा | बघौली | 388 | 0.449 | 22450 | 2245 | | |
| 29 | सिहटीकर | बघौली | 27 | 0.760 | 38000 | 3800 | | |
| 30 | सिहटीकर | बघौली | 92 | 0.304 | 15200 | 1520 | | |
| 31 | सिहटीकर | बघौली | 158 | 0.725 | 36250 | 3625 | | |
| 32 | एकमा | बघौली | 269 | 0.362 | 18100 | 1810 | | |
| 33 | उडसरा | बघौली | 1 | 0.263 | 13150 | 1315 | | |
| 34 | नगवा | बघौली | 250 | 0.479 | 23950 | 2390 | | |
| 35 | उपधी | सेमरियावां | 111 | 0.210 | 10500 | 1050 | | |
| 36 | ढोढई | सेमरियावां | 138 | 0.798 | 39900 | 3990 | | |
| 37 | करही | सेमरियावां | 16 | 0.340 | 17000 | 1700 | | |
| 38 | करही | सेमरियावां | 82मि | 0.439 | 21950 | 2195 | | |
| 39 | हुजरासोहावा | सेमरियावां | 455 | 1.344 | 67200 | 6720 | | |
| 40 | हुजरासोहावा | सेमरियावां | 427 | 0.951 | 47500 | 4750 | | |
| 41 | महदेव | सेमरियावां | 118मि | 3.609 | 360900 | 36090 | 11.12.2020 | |
| 42 | काटगंगा | सेमरियावां | 241मि | 0.552 | 27600 | 2760 | | |
| 43 | दुधारा | सेमरियावां | 790 | 0.342 | 17100 | 1710 | | |
| 44 | दुधारा | सेमरियावां | 599ग | 0.894 | 44700 | 4470 | | |
| 45 | दुधारा | सेमरियावां | 570ध | 0.443 | 22150 | 2215 | | |
| 46 | उचहरा कला | सेमरियावां | 533 | 0.312 | 15600 | 1560 | | |
| 47 | इस्लामपुर | सेमरियावां | 105 | 0.231 | 11550 | 1155 | | |
| 48 | इस्लामपुर | सेमरियावां | 82 | 0.292 | 14600 | 1460 | | |
| 49 | मूडाडीहाबेग | सेमरियावां | 192 | 0.675 | 33750 | 3375 | | |
| 50 | मूडाडीहाबेग | सेमरियावां | 536 | 0.639 | 31950 | 3195 | | |
| 51 | रसूलपुर मिश्रौलिया | सेमरियावां | 345 | 0.396 | 19800 | 1980 | | |
| 52 | रसूलपुर मिश्रौलिया | सेमरियावां | 292 | 0.320 | 16000 | 1600 | | |
| 53 | पंचपोखरिया | सेमरियावां | 376 | 0.766 | 38300 | 3830 | | |
| 54 | पंचपोखरिया | सेमरियावां | 245 | 0.241 | 12050 | 1205 | | |
| 55 | कोहरियावां | सेमरियावां | 243 | 0.643 | 32150 | 3215 | | |
| 56 | बुढाननगर | सेमरियावां | 494मि | 2.767 | 276700 | 27670 | | |
| 57 | बांसगाव | सेमरियावां | 25 | 0.778 | 38900 | 3890 | | |
| 58 | सिसवा | सेमरियावां | 70 | 0.417 | 20850 | 2085 | | |
| 59 | पिडवा | सेमरियावां | 234 | 0.643 | 32150 | 3215 | | |

**नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की पात्रता-**

1. राजस्व संहिता वर्ष 2016 के अनुसार राजस्व परिषद के बेवसाइट bor.up.nic.in पर उपलब्ध है।
2. पटटे की शर्तो एवं नीलामी से सम्बन्धी किसी अन्य जानकारी नीलामी तिथि से पूर्व कार्यालय तहसीलदार खलीलाबाद से किसी भी कार्य दिवस से प्राप्त की जा सकती है।
3. नीलामी प्रक्रिया क्षेत्रीय नायब तहसीलदार खलीलाबाद/सेमरियावां द्वारा सम्पन्न की जायेगी।

नोट/नीलामी की धनराशि का 1/4 भाग नीलामी के दिन जमा करना होगा तथा शेष धनराशि 3/4 भाग धनराशि नीलामी के 15 दिवस के अन्दर जमा करना होगा यदि 15 दिवस के अन्दर 3/4 भाग धानराशि नीलामी प्राप्तकर्ता द्वारा नही जमा किया गया तो 1/4 भाग जमा धनराशि जब्त कर लिया जायेगा, नीलामी बोली में शामिल होने के लिये विज्ञापन तिथि के 6 माह के अन्दर का जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र तथा आय प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ जमा किया जायेगा। नीलामी की कार्यवाही उपरोक्त तिथि के अनुसार तहसील मुख्यालय पर 11.00 बजे से शुरू की जायेगी।

तहसीलदार
खलीलाबाद

# बंगाल के लिए संघर्ष

## अमित शाह का तूफानी दौरा

भाजपा अनेक कारणों से बंगाल पर विजय के लिए आकुल है। पहला, इस उदारवादी व बौद्धिक समझे जाने वाले क्षेत्र में उसने वैचारिक ध्रुवीकरण के माध्यम से पिछले लोकसभा चुनाव में काफी मजबूत पहल की थी और अब वह विधानसभा पर विजय चाहती है। दूसरा, ओडिशा के साथ बंगाल पूरब के ऐसे किले हैं जिन्होंने अब तक 'एक भारत' की छाप नहीं स्वीकारी है। तीसरा, भाजपा यह दिखाना चाहती है कि चुनावी गणित के मामले में उसके पास जिताऊ फार्मूला है और यह सांस्कृतिक विरोध का सामना कर सकता है। इसके साथ ही वह देश की ऐसी एकमात्र नेता को समाप्त करना चाहती है जिन्होंने भाजपा की शक्ति मानने से इनकार किया है। तृणमूल कांग्रेस-टीएमसी सुप्रीमो व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ऐसी नेता हैं। लेकिन राज्य भाजपा अध्यक्ष दिलीप घोष ने हड्डियां टूटने या श्मशान जाने वाली टिप्पणी से माहौल खराब किया है। वामपंथी शासन के बाद हर राजनीतिक पार्टी ने अपनी आक्रामक क्षमता बनाई है और राज्य भाजपा भी इससे अलग नहीं है। जमीनी स्थितियों में परिवर्तन देखते हुए 'बाहुबली' पाला बदलते रहे हैं। लेकिन घोष की टिप्पणी केवल टीएमसी कार्यकर्ताओं को डराने या राज्य में अराजकता का मुकाबला करने के लिए अपनी पार्टी का हौसला बढ़ाने के लिए नहीं है। यह परोक्ष रूप से प्रत्येक मतदाता को धमकी है कि भाजपा के पक्ष में आना ही उसके लिए सुरक्षित है। घोष स्वयं को 'आतंक के राज' में पीड़ित की तरह पेश कर रहे हैं। अपना घर व्यवस्थित करने के लिए गृह मंत्री अमित शाह ने बंगाल का दौरा किया है। यहां मूल भाजपा कार्यकर्ताओं तथा टीएमसी से आए विद्रोही नेताओं के बीच आंतरिक



विरोध है क्योंकि उनको समुचित महत्व नहीं दिया जा रहा है। संभवत: इसी कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुर्गा पूजा का उद्घाटन कर बंगाल की धार्मिक परंपराओं का सम्मान किया, जबकि उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण शुरू करवा कर अपनी छवि बनाई है। कांग्रेस व अन्य विपक्षी पार्टियों के विपरीत टीएमसी का मजबूत संजाल है और वह कार्यकर्ता-आधारित पार्टी है। भाजपा अपना अभियान टीएमसी द्वारा 'संस्थानों के राजनीतीकरण' पर भी केन्द्रित कर रही है। ममता बनर्जी के खिलाफअल्पसंख्यक तुष्टीकरण व खराब कोविड प्रबंधन को भी हथियार बनाया जा रहा है। सालों से उत्तरी बंगाल में अपना जनाधार मजबूत करने के प्रयासों तथा गोरखालैंड आंदोलन का समर्थन पाने के बाद अब भाजपा को गोरखा जनमुक्ति मोर्चा-जीजेएम नेता बिमल गुरुंग ने तगड़ा झटका देते हुए ममता बनर्जी के समर्थन की घोषणा कर दी है। भाजपा भले ही उनके पालाबदल को महत्वहीन बताए, पर गोरखा मतदाता अंतत: गुरुंग की बात ही मानेंगे। चुनाव के केवल 6 महीने पहले ऐसी बाधायें खड़ी होने के बाद अब अमित शाह अपनी राजनीतिक गणित ठीक करने के लिए राज्य में आदिवासी व दलित मतदाताओं पर नजरें गड़ाए हैं। राज्य की 294 विधानसभा सीटों में से 143 पर इन मतदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। आदिवासी घरों में भोजन करने की रणनीति से अमित शाह ने इन मतदाताओं को अपने पाले में मजबूत करने के भाजपा के प्रयास स्पष्ट किए हैं। बंगाल की 1.85 लाख दलित जनसंख्या में 80 लाख मतुआ हैं। पिछले साल उन्होंने भाजपा का समर्थन किया था। ममता बनर्जी ने इन परिवारों को उनकी भूमि पर बिना शर्त अधिकार दिया है। इसके अलावा उसने मतुआ विकास बोर्ड व नामशूद्र विकास बोर्ड के माध्यम से 10 करोड़ व 5 करोड़ अनुदान बांटने की व्यवस्था की है। उन्होंने दो सप्ताह में जाति प्रमाणपत्र देने की प्रक्रिया शुरू की है। लेकिन समस्या यह है कि ममता बनर्जी को भाजपा की रणनीति पर प्रतिक्रिया करनी पड़ती है जिससे वे अपनी उपलब्धियों को ठीक से उजागर नहीं कर पाती हैं। भाजपा के शोर-शराबे में ममता बनर्जी की प्रतिक्रिया और स्पष्ट होनी चाहिए। यह पश्चिम बंगाल के मतदाताओं के समक्ष टीएमसी का एजेंडा स्पष्ट करने के लिए जरूरी है।

# अमेरिकी लोकतंत्र से सबक

**पहली बार एक राजनीतिक पार्टी ने इस साल अपने प्रतिद्वंद्वी को सत्ता सौंपी थी और यह पहला शांतिपूर्ण हस्तांतरण था। यह लोकतंत्र के वैश्विक प्रयोग में महत्वपूर्ण उदाहरण है।**



**भूपिंदर सिंह**
(लेखक, सेवानिवृत्त सैनिक अधिकारी व पूर्व उप-राज्यपाल हैं।)




**लोकतंत्र में** खतरनाक तरीके से भावनायें भड़काने, उत्तेजक अभिव्यक्तियों तथा संवैधानिक मूल्यों का क्षरण अनुचित है क्योंकि इससे 'आक्रामक नीतियों' की तानाशाही प्रवृत्ति पैदा होती है। अमेरिकी लोकतंत्र की गौरवशाली परंपराओं में 1801 महत्वपूर्ण वर्ष है। पहली बार एक राजनीतिक पार्टी ने इस साल अपने प्रतिद्वंद्वी को सत्ता सौंपी थी और यह पहला शांतिपूर्ण हस्तांतरण था। यह लोकतंत्र के वैश्विक प्रयोग में महत्वपूर्ण उदाहरण है। दूसरे अमेरिकी राष्ट्रपति जान आड्म्स ने थामस जैफर्सन के लिए स्थान खाली कर तड़के सवेरे व्हाइट हाउस खाली कर दिया जो उस समय निर्माणाधीन था। चुनावों के पहले अत्यधिक कड़वाहट से भरा प्रचार अभियान चला था तथा चुनाव के पहले उसी प्रकार विवादास्पद प्रमुख न्यायिक नियुक्तियां की गई थीं जैसी इस बाद डोनाल्ड ट्रंप ने की हैं। हालांकि, आड्म्स ने अपने उत्तरवर्ती के पदग्रहण समारोह में उपस्थित होने की गरिमा नहीं दिखाई थी, पर बाद की परंपराओं ने सत्ता हस्तांतरण में सभ्यता और प्रक्रियाओं की इस औपचारिकता को स्थान दिया है। 2016 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में हिलेरी क्लिंटन को इस तथ्य के बावजूद आश्चर्यजनक पराजय का सामना करना पड़ा कि उनको अपने प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप की तुलना में तीन मिलियन लोकप्रिय मत अधिक मिले थे। उस समय उन्होंने अपने गरिमापूर्ण भाषण में कहा था, 'डोनाल्ड ट्रंप हमारे राष्ट्रपति होंगे। हम खुले दिमाण से उनका स्वागत करते हुए नेतृत्व का अवसर देते हैं। हमारे संवैधानिक लोकतंत्र में सत्ता के शांतिपूर्ण हस्तांतरण की व्यवस्था है। हम उसका न केवल सम्मान करते हैं, बल्कि उसे अत्यन्त महत्वपूर्ण मानते हैं। इससे कानून के शासन का सिद्धान्त भी परिलक्षित होता है। इसका अर्थ है कि हम सभी अधिकारों और गरिमा में तथा पूजा की स्वतंत्रता व अभिव्यक्ति में समान हैं।' अपने पूर्ववर्ती राष्ट्रपति बराक ओबामा व उनकी उप-राष्ट्रपति उम्मीदवार हिलेरी क्लिंटन के खिलाफटंप के अत्यधिक व्यक्तिगत, जहरीले व अक्सर झूठे आरोपों के बावजूद दोनों ने सत्ता हस्तांतरण प्रक्रिया की औपचारिकताओं में शामिल होकर लोकतांत्रिक संस्थान तथा अमेरिकन सपने को गौरवान्वित किया था। अमेरिकी लोकतंत्र के संस्थापक तथा उसका महत्वपूर्ण संविधान बनाने व उसे लागू करने वाले जार्ज वाशिंगटन को किसी उग्र व्यक्ति या पार्टी द्वारा पैदा अंतर्निहित खतरे का अनुमान था जो संभावित रूप से महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक मूल्यों को ध्वस्त कर सकता था। उन्होंने चेतावनी दी थी, 'वर्तमान व भावी राजनीतिक पार्टियों को जनता के उन सवालों का जवाब देना होगा जो समय बीतने पर सामने आएंगे। कुछ चालाक, महत्वाकांक्षी व सिद्धान्तहीन व्यक्ति जनता की शक्ति उलटने का प्रयास करते हुए सरकार पर कब्जे का प्रयास कर सकते हैं। इससे वे उन संचालक शक्तियों को ही नष्ट कर देंगे जिन्होंने हमें अन्यायपूर्ण व्यवस्था से मुक्ति दिलाई है।' आज ट्रंप की अभूतपूर्व जिद से ऐसा ही खतरा सामने आ रहा है। उन्होंने सारी सावधानियों को हवा में उड़ाते हुए जनादेश को स्वीकार करने से इनकार किया है तथा सहभागी लोकतंत्र में पराजित उम्मीदवार की तरह व्यवहार नहीं किया है। अराजकता की स्थितियां बनी हुई हैं तथा अपने राष्ट्रपति कार्यकाल में कम से कम 20,000 झूठ बोलने की पहचान रखने वाले ट्रंप ने अपने व्यक्तिगत सम्मान की जरा भी चिन्ता न करते हुए लोकतंत्र का अपमान किया है। अपनी चुनावी पराजय के बाद ट्रंप की जहरीली

> **कुछ चालाक, महत्वाकांक्षी व सिद्धान्तहीन व्यक्ति जनता की शक्ति उलटने का प्रयास करते हुए सरकार पर कब्जे का प्रयास कर सकते हैं। इससे वे उन संचालक शक्तियों को ही नष्ट कर देंगे जिन्होंने हमें अन्यायपूर्ण व्यवस्था से मुक्ति दिलाई है।**

बयानबाजी एक पैटर्न दिखाती हैं जिससे संकेत मिलता है कि वे जल्दी झुकने वाले नहीं हैं। एक या दूसरे बहाने टंप द्वारा चुनावी परिणाम ठुकराने की अफवाहें जारी हैं। जमीनी स्थिति इस तथ्य से और खराब हो जाती है कि अत्यधिक विभाजित, ध्रुवीकृत व आक्रामक मतदाताओं में कुछ समूह नस्लवाद, अतिवाद व घृणा फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। इस स्थिति में विस्फोट के लिए एक चिनगारी ही काफी है। अमेरिका में निजी आग्नेयास्त्र भरे पड़े हैं तथा सामाजिक विभाजनों के कारण 'सेनायें' तैयार हो गई हैं जिनको प्रदर्शन रैलियों व हिंसक अभिव्यक्तियों से बढ़ावा मिला है।

किसी संभावित टकराव, युद्ध या सामाजिक अशांति की स्थिति में चेतावनी जारी करने वाले अंतरराष्ट्रीय आपदा समूह-आईसीजी ने पहली बार अमेरिकी राष्टंपति चुनाव 2020 के बारे में चिन्ता प्रकट करते हुए कहा था, 'ट्रंप ने स्वयं शांतिपूर्वक पद छोड़ने से इनकार करने की बात कर संकेत दिए हैं कि वे केवल चुनाव में धांधली के कारण ही हार सकते हैं।' आईसीजी ने दूसरी चेतावनी जारी करते हुए कहा था कि जब तक परिणाम निश्चित न हो जाएं किसी को विजेता की तरह पेश नहीं किया जाना चाहिए। लेकिन ट्रंप ने ठीक वही किया जिसका भय था। पराजय देखते हुए उन्होंने दावा किया कि प्रतिद्वंद्वियों ने जनादेश 'चुराया' है और उन्होंने समय से पहले ही स्वयं को विजेता घोषित कर दिया। उन्होंने ट्वीट किया, 'हम इस चुनाव में विजय के लिए तैयार थे। वास्तव में हम इस चुनाव में जीत गए थे।' उन्होंने बाद में यह भी जोड़ा कि 'मैं आज रात एक बयान दूंगा। यह एक बड़ी विजय है।' वरिष्ठ सिनेटर बर्नी सैंडर्स ने इस स्थिति का सटीक अनुमान लगा कर भविष्यवाणी की थी कि ट्रंप ऐसा कर सकते हैं क्योंकि वे जानते थे कि डाक मतपत्रों में जो बाइडेन का पलड़ा भारी रहेगा। ऐसी स्थिति में बर्नी सैंडर्स को टंप से इस कथन की उम्मीद थी, 'अमेरिकनों, मुझे पुन: निर्वाचित करने के लिए धन्यवाद। चुनाव समाप्त हो गया है। शुभ दिन।' लेकिन ट्रंप ने इसके अलावा भी और बहुत कुछ कहा। तथ्य यह है कि टंप के पास अब भी एक बड़ा, स्वामिभक्त और गुस्सा मतदाता जनाधार है। यह कोविड-19 वैश्विक महामारी के प्रबंधन में उनकी घोर लापरवाही, सामाजिक असमानता तथा अन्य तथ्यों के बावजूद बना हुआ है। इसमें लगभग सभी वैश्विक सहयोगियों से अलग-थलग पड़ना शामिल है। यह सभी लोकतंत्रों के लिए चिन्ता का विषय होना चाहिए जो घृणा, कट्टरता और अलोकतांत्रिक भावनाओं का शिकार हो सकते हैं। यह स्थिति उन देशों में भी पैदा हो सकती है जो स्वयं को गर्व से 'लोकतंत्र' कहते हैं। लोकतांत्रिक देशों को समय रहते उन खतरनाक भावनाओं, उत्तेजक अभिव्यक्तियों तथा संवैधानिक भावना में क्षरण से बचना होगा क्योंकि इनसे 'आक्रामक राजनीति' की तानाशाही प्रवृत्ति सामने आ सकती है। इससे थोड़े समय में तो मूलभूत भावनाओं को आकर्षित किया जा सकता है, लेकिन अंतत: दीर्घकालीन रूप से ये देश के लिए हानिकारक सिद्ध होती हैं। जब राष्ट्रीय विमर्श खतरनाक रूप से आक्रामक व विभाजनकारी हो जाए तथा राजनीतिक पार्टियां विपक्ष को 'वैचारिक' रूप से पराजित करने के बजाय उनको 'नष्ट' करने पर आमादा हो जाएं तथा परस्पर दुश्मनी व घृणा को बढ़ावा मिले तो स्थिति चिन्ताजनक हो सकती है। इस दृष्टिकोण से किसी भी कीमत पर जीतने की इच्छा पैदा होती है, चाहे उसके लिए जो भी करना पड़े। जैसा कि टंप के प्रकरण से स्पष्ट है असंदिग्ध रूप से इसके संकेत अराजनीतिक संस्थानों की स्थिति बिगड़ने के रूप में सामने आते हैं तथा राजनीतिक भाषा असहिष्णु व अपमानजनक हो जाती है। ऐसा होने पर झूठ सामान्य बन जाता है तथा आम यथार्थ पर इसे महत्व दिया जाता है। आने वाला समय ही बताएगा कि क्या ट्रंप कभी अपने साथी रिपब्लिकन जान मैक्केन के शानदार भाषण तक पहुंच सकेंगे। उन्होंने 2008 में कहा था, 'आज किसी अन्य रात की तुलना में मेरे दिल में इस देश और उसके सभी नागरिकों के प्रति प्रेम है, चाहे उन्होंने मेरा समर्थन किया हो या सिनेटर ओबामा का। मैं उस व्यक्ति को शुभकामनायें देता हूं जो मेरे पूर्व विरोधी थे और आज मेरे राष्ट्रपति हैं।'

# डोनाल्ड ट्रंप की विरासत

> **"निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन ने देश को एकजुट करने की प्राथमिकता पर जोर दिया है, लेकिन उनके सामने भारी चुनौती है। कोविड की समस्या भी विरासत में मिली है।"**



**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)

अनेक विश्लेषकों ने संकेत दिया है कि भले ही बड़े बिजनेसमैन से राष्टंपति बने डोनाल्ड टंप पराजित हुए हों, पर आने वाले कुछ समय तक 'टंपवाद' जारी रहेगा। दुनिया के सभी नेता एक विरासत छोड़ते हैं। अमेरिकी राष्टंपति डोनाल्ड टंप कैसी विरासत छोड़ेंगे? उनके पूर्ववर्ती जो बाइडेन को कुछ अच्छी व बुरी नीतियां विरासत में मिली हैं। रायटर की एक रिपोर्ट ने इस विरासत के बारे में कहा है, 'उनका दावा था कि वे अमेरिका की समस्याओं को सबसे अच्छी तरह जानते हैं। अक्सर कार्यकारी आदेशों से शासन करने वाले डोनाल्ड टंप ने विवादित बहुपक्षीय समझौतों को समाप्त किया या कमजोर किया, टैक्स संरचना व आप्रवासी व्यवस्था में बदलाव किए तथा सिनेट में रिपब्लिकनों की सहायता से न्यायपालिका को बदला। टंप की कार्रवाइयों को अनेक क्षेत्रों में समय बीतने के साथ समाप्त किया जाएगा। लेकिन हारे हों या जीते, उनकी विरासत संघीय अदालतों पर स्थाई रूप से बनी रहेगी जहां कंजरवेटिव नियुक्तियों का आजीवन प्रभाव दशकों तक अमेरिकन जीवन के सभी आयामों को प्रभावित करेगा।' हालिया चुनाव ने स्पष्ट किया है कि अमेरिका कितना विभाजित है। यह वर्ग, नस्ल, आर्थिक, राजनीतिक, शहरी-ग्रामीण और जेंडर आधार पर विभाजित है। आरोप है कि टंप ने भी विभाजनकारी भूमिका निभाई है। निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन ने देश को एकजुट करने की प्राथमिकता पर जोर दिया है, लेकिन उनके सामने भारी चुनौती है। कोविड की समस्या भी विरासत में मिली है। हालांकि, टंप ने वैश्विक महामारी को जन्म नहीं दिया, पर वे इससे बेहतर तरीके से निपट सकते थे। चुनाव प्रचार के दौरान बाइडेन का मुख्य मुद्दा उनके खिलाफयह था कि उन्होंने लापरवाही बरती जिसके परिणामस्वरूप अमेरिका में दुनिया के अधिकतम मामले हैं। महामारी के कारण



अमेरिकी अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो गई है। चार साल पहले पूर्व राष्टंपति बराक ओबामा ने फलती-फूलती अर्थव्यवस्था छोड़ी थी और पहले तीन साल में टंप का प्रदर्शन भी अच्छा रहा। लेकिन कोविड ने राष्टंपति बने रहने का उनका सपना तोड़ दिया। यदि चुनाव अगले साल या एक साल बाद होते तो वे व्हाइट हाउस वापस पहुंच सकते थे। लेकिन आज जनता सिकुड़ती अर्थव्यवस्था का शिकार है। इसके साथ ही उनकी विदेश नीति अस्तव्यस्त रही। हालांकि, उन्होंने किसी देश से युद्ध नहीं शुरू किया और अमेरिका ने उत्तर कोरिया, ईरान व वेनेजुएला का मुकाबला किया। इस्राइल-अरब संबंधों में अभूतपूर्व प्रगति हुई, पर फिलिस्तीन को अनदेखा किया गया। ईरान के प्रति उनकी कट्टर नीति के कारण टकराव बढ़ा जिससे बचा जा सकता था। अफगानिस्तान के लिए भी रणनीति बेहतर हो सकती थी। चीन के साथ संबंध सबसे ज्यादा खराब हुए जिससे नए शीत युद्ध का खतरा पैदा हुआ। खासकर ऐसा टंप द्वारा चीनी वायरस कहने के बाद हुआ। उन्होंने बीजिंग से निपटने के लिए दो मुख्य रणनीतियां अपनाईं। पहली, भारत के साथ गठबंधन मजबूत करना और दूसरी चीन का उभार रोकने के लिए ताइवान को हथियार बेचना था। भारत ने क्वाड को पुनर्जीवित करते हुए आस्टेंलिया को जापान व अमेरिका के साथ युद्धाभ्यास के लिए आमंत्रित किया। विदेश नीति की दो अन्य महत्वपूर्ण विरासतें उत्तर अटलांटिक संधि संगठन-नाटो पर सवाल उठाना तथा यूरोपीय सहयोगियों को अलग-थलग करना रहीं। लोकतंत्र के पक्षधर होने के बावजूद टंप ने कुछ तानाशाहों से संबंध बनाए। टंप ने बहुपक्षीय संस्थानों में अमेरिका की भूमिका घटाई। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन को अमेरिका का योगदान समाप्त करने की धमकी दी। उन्होंने संयुक्त राष्टं को भी धमकी दी कि यदि विश्व संस्था सुधार नहीं करती है तो अमेरिका का योगदान नहीं मिलेगा। उन्होंने महत्वपूर्ण हथियार नियंत्रण समझौतों तथा पेरिस जलवायु समझौता रद्द कर दिया। बाइडेन ने घोषणा की है कि वे पेरिस जलवायु समझौते में शामिल होंगे तथा विश्व संस्थाओं की प्राथमिकता बहाल करेंगे। व्यापार संबंधी मामलों में उन्होंने समझदार बिजनेसमैन की भूमिका निभाई और लेनदेन में कठोरता बरती। उन्होंने अन्य देशों, खासकर चीन के साथ व्यापार घाटा कम करने का प्रयास किया, नए टैक्स लगाए तथा आयात में अन्य बाधायें खड़ी कीं। सत्ता संभालने के पहले सप्ताह में ही टंप ने टांस-पैसिफिक्र साझेदारी छोड़ दी, जबकि ओबामा ने इसे बहुत महत्व दिया था। टंप ने आप्रवास पर कठोरता बरती तथा शरणार्थियों का प्रवेश घटाया। उन्होंने मुस्लिम व अफ्रीकन देशों से आप्रवास बहुत कठिन बना दिया। बाइडेन ने इस व्यवस्था में रियायतों की घोषणा की है। समय बताएगा कि यह अमेरिका के लिए दीर्घकालीन रूप से ठीक रहेगा या नहीं। अनेक विश्लेषकों के अनुसार, टंप भले ही पराजित हुए हों, पर कुछ समय तक 'टंपवाद' जारी रहेगा। 2016 में राष्टंपति बनने के बाद उनका ग्रेट ओल्ड पार्टी-जीओपी पर वर्चस्व हो गया था।

## आप की बात

### अच्छा है स्वच्छ भारत अभियान

**गंदगी** के आलम में जी रहे लोगों को स्वच्छ भारत अभियान ने सुकून दिया हैं। गंदगी घर-बस्तियों से बाहर निकल अवश्य रही है मगर इसके उचित निष्पादन की सख्त जरूरत हैं, अन्यथा गंदगी के ढेर नई बीमारियों की वजह बनेंगे। सरकार इस दिशा में भी उचित पहल करें। जब से देश में स्वच्छ भारत अभियान चला है तब से स्वच्छता के प्रति लोगों में चेतना आई हैं। लोग समय पर साफ सफाई के साथ ही कूड़े करकट को गाड़ी में डालने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अब ऐसा अवश्य लगता हैं कि गंदगी कुछ कम हुई है। बावजूद इसके अभी और काफी कुछ ध्यान देने की आवश्यकता हैं। अभी भी कई जगह पर गटरों की नियमित साफ-सफाई नहीं होती और अगर होती भी हैं तो निकाली हुई गंदगी सड़कों पर ही पसरी रहती हैं, जिन पर कीट, पतंग, मक्खियां, मच्छर आदि भिन-भिनाते रहते हैं और यह खाने की चीजों पर बैठकर उन्हें दूषित करते हैं। इससे बीमारियों के संक्रमण की आशंका बरकरार रहती हैं। रहवासी बस्तियों से गंदगी बाहर हो रही हैं मगर अभी इनको ठीक से नष्ट करने की जरूरत हैं ताकि ढेर में तब्दील गंदगी नई बीमारियों की वजह न बने। सरकार को चाहिए कि वह गंदगी के ढेरों को तकनीकी रूप से नष्ट कर इनका खाद आदि बनाकर इसका सदुपयोग करें, ताकि गंदगी नष्ट होने के साथ देखने वाली आशंकाओं से तो निजात मिले ही, कुछ आर्थिक राहत मिल सकें।

**अमृतलाल मारू,** धार, मप्र

### समरसता वाले प्रयास

**पश्चिम** बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने बंगाल दौरे के दौरान एक आदिवासी घर के भोजन किया। इसके सचित्र समाचार अखबारों के पन्नों पर छपे। इसके पूर्व भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुंभ मेले में दलित के पांव धोकर आशीर्वाद लिया था। इसी प्रकार के कई दृश्य नेता पेश करते हैं। अच्छी बात है। ऐसे समरसता वाले प्रयास होना चाहिए लेकिन हाथी के दांत... की तरह नहीं! चुनाव में वोट पाना है तो दलितों के पांव धोओ व हरिजन, दलितों और आदिवासियों के यहां भोजन करो, जब मतलब निकल जाता है तो फिर इन पर होने वाले अत्याचार, भेदभाव पर चुप्पी साध ली जाती है। इसके ताजा सबूत आए दिन सामने आते रहते हैं। इस प्रकार के कांड देश के किसी भी हिस्से में हो क्या इसके जिम्मेदार सियासी दल के नेता व सरकार नहीं है ? फिर ये नौटंकी क्यों ? जब करनी में आप इन लोगों का पूर्ण साथ नहीं दे सकते तो इस प्रकार की सियासी नौटंकी करने से क्या फायदा? केवल मतलब निकल गया तो पहचानते नहीं... वाली बात करने से इस लोकतंत्र का भला होने वाला नहीं है।

**हेमा हरि उपाध्याय,** उज्जैन

### कालेधन पर लगाम

**नोटबंदी** की चौथी सालगिरह के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार के इस कदम से काले धन को कम करने में मदद मिली, टैक्स के मोर्चे पर बेहतर अनुपालन देखने को मिला और वित्तीय पारदर्शिता में भी इजाफा हुआ। गौरतलब है की रिजर्व बैंक के अनुसार नवंबर 2016 को 15.41 लाख करोड़ रुपए के 500 और 1,000 रुपये के नोट प्रचलन में थे और नोटबंदी की घोषणा के बाद 15.31 लाख करोड़ रुपये के नोट वापस आ गए। इसका मतलब लगभग 10 हजार करोड़ रुपये के नोट ही बैंकिंग प्रणाली में वापस नहीं आये। रिजर्व बैंक के इन आंकड़ों का विश्लेषण करें तो लगेगा कि देश में या तो काला धन था ही नहीं या फिर नोटबंदी ने काले धन को सफेद करने का एक मौका प्रदान किया। जो भी हो लगता है कि अब काला धन रंग बदल कर सफेद हो चुका है इसलिए मोदी जी के इस कथन से सहमत हुआ जा सकता है की अब देश में काला धन कम है। हाँ, वित्तीय लेन-देन में पारदर्शिता सचमुच बड़ चुकी है और ऐसे में उम्मीद कि जानी चाहिए की अब काले धन की बढ़ोतरी पर लगाम लगी रहेगी।

**बृजेश माथुर,** गाजियाबाद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



"**शंघाई** सहयोग संगठन के सभी सदस्य राष्ट्रों को एक-दूसरे की सार्वभौमिकता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए।

**- नरेंद्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**



**फाइजराबायोएनटेक** टीका 90 प्रतिशत कारगर है। लेकिन हमने अभी पूर्ण सुरक्षा के आंकड़े नहीं देखे हैं और इन नतीजों की विशेषज्ञों द्वारा अभी समीक्षा की भी जरूरत है।

**- बोरिस जॉनसन**
**ब्रिटिश प्रधानमंत्री**



**ईवीएम** पर सवाल खड़े करने का सिलसिला बंद होना चाहिए क्योंकि इसके साथ छेड़छाड़ का दावा अब तक वैज्ञानिक रूप से साबित नहीं हो सका है।

**- कार्ति चिदंबरम**
**कांग्रेस सांसद**"

# शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से रजनी व स्नातक से भाजपा के केदारनाथ सहित चार ने किया नामांकन





**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**विधान परिषद** स्नातक व शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मंगलवार को चार प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक संयुक्त शिक्षा मोर्चा की शिक्षक विधान परिषद की एक मात्र महिला प्रत्याशी रजनी द्विवेदी ने कमिश्नरी में नामांकन किया।चार सेट में जमा किए गये उनके नामांकन में 40 प्रस्तावकों में डॉ0 विश्वनाथ दूबे, डॉ0 हरेन्द्र कुमार, डॉ0 चन्द्रमणि सिंह, डॉ0 शिवपूजन श्रीवास्तव, डॉ0 दिनेश कुमार तिवारी, सुधारानी पाठक, अनामिका मिश्रा, इकबाल अहमद, सुनील कुमार सिंह, डॉ सुषमा श्रीवास्तव आदि शामिल थे। नामांकन जुलूस सुबह नदेसर स्थित चौराहे के पास स्वामी विवेकानंद के प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद कटिंग मेमोरियल इंटर कालेज के कैंपस से प्रारंभ हुआ जो रास्ते में संविधान निर्माता अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात कचहरी से भारी संख्या में के साथ जुलूस कमिश्नरी के लिए प्रस्थान किया। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी से भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी केदारनाथ सिंह ने कमिश्नरी में नामांकन किया। तीन सेट में जमा किए गए उनके नामांकन में 10 प्रस्तावकों में सुरेंद्र नारायण सिंहए अजय दुबेए सुभाष चंद्र सिंहए रविंद्र सिंहए संदीप रायए प्रमोद सिंहए डॉण् अनुपम गुप्ताए विद्यासागर रायए मदन मोहन दुबे और राजेश कुमार यादव आदि शामिल थे।

नामांकन जुलूस सुबह बीएचयू गेटए लंका स्थित मालवीय जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रारंभ हुआ। रास्ते में मलदहिया चौराहे स्थित पटेल जी की प्रतिमा और नदेसर स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात कचहरी स्थित रामाश्रय वाटिका से भारी संख्या के साथ जुलूस कमिश्नरी के लिए प्रस्थान किया। जुलूस में मुख्य रूप से विधान परिषद दल के उपनेता एवं प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण आचार्यए काशी क्षेत्र अध्यक्ष महेश श्रीवास्तवए जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्माए प्रदेश सरकार के मंत्रीगण अनिल राजभरए रविन्द्र जायसवालए डॉण् नीलकंठ तिवारीए सुशील सिंहए अवधेश सिंहए सुरेंद्र सिंहए सौरभ श्रीवास्तव तथा शिक्षक खंड निर्वाचन क्षेत्र के भाजपा अधिकृत प्रत्याशी चेतनारायण सिंहए राकेश सिंह अलगूए नवीन कपूरए मधुकर चित्रांशए अभिषेक मिश्राए मीना चौबेएसुधीर मिश्राए महानगर मीडिया प्रभारी किशोर कुमार सेठए पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित सिंह एवं भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व पार्टी विधायक शामिल रहे। इसके अलावा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी से निर्दलीय प्रत्याशी डॉ0 गोपाल सिंह ने कमिश्नरी में तीन सेट में अपना नामांकन किया। इसके अलावा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी से जन धन पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी डॉ0 लोकेश शुक्ला ने कमिश्नरी में अपना तीन सेट में नामांकन दाखिल किया।

## एनडीए को भारी बहुमत के करीब पहुंचने पर कार्यकर्ताओं में खुशी

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**मंगलवार** दोपहर 2बजे भाजपा स्वच्छता प्रकल्प संयोजक काशी क्षेत्र अनुप जायसवाल के नेतृत्व में गिरजाघर चौराहे पर बिहार चुनाव के जीत पर ढोल नगाड़ों व एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर मिठाई खिलाकर बधाई दी सभा में वक्ताओं ने कहा बिहार की जनता ने मोदी व नितिश कुमार के जनहित कार्यों पर आपना आशिर्वाद दे कर एक बार पुनः बिहार में जनसेवा का अवसर प्रदान किया है।

देश में हुए सभी उपचुनाव में भी भाजपा को जनता ने अपना आशिर्वाद प्रदान किया है। कार्यक्रम का नेतृत्व अनुप जायसवाल संचालन धिरेन्द्र शर्मा, धन्यवाद जितेन्द्र यादव बाबू ने किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से संजय पांडे मोनू, विजय गुप्ता, सोमनाथ यादव, गौरव केशरी, छेदीलाल वर्मा, बाबूलाल मौर्य, मास्टर साहब, प्रदीप चौरसिया, साकेत चौरसिया, ओमप्रकाश यादव, राजेश दूबे, मनीष चौरसिया, राजकुमार यादव, प्रदीप जायसवाल, कन्हैया सेठ, अनुप गुप्ता, मंगलेश, धर्मचंद, प्रकाश, जयकिशन, राकेश सिंह आदि उपस्थित थे।

## प्रत्येक वर्ष तमाम चिकित्सकीय सुविधाओं के बावजूद पांच लाख से ज्यादा लोगों की टीबी के कारण मौतः प्रो. राकेश

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**टी बी** मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ आज राष्ट्रीय सेवा योजना काशी हिंदू विश्वविद्यालय के तत्वावधान में किया गया जिसका उद्घाटन काशी हिंदू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राकेश भटनागर जी ने किया । ऑनलाइन आयोजित टी बी मुक्त भारत अभियान का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक विकास और तमाम चिकित्सकीय सुविधाओं के बावजूद 5 लाख से भी ज्यादा लोग टी बी के कारण भारत में मौत के शिकार हो जाते हैं।

उन्होंने कहा कि इसका मूल कारण लोगों में जागरूकता का अभाव हैए जिसके लिए योजनाबद्ध तरीके से सघन प्रयास करने की आवश्यकता है । उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक अनुसंधान के उपरांत अब जीन एक्सप्रेशन सिस्टम जैसी प्रणाली विकसित हो चुकी है जिससे टी बी रोग की पहचान सरलता से की जा सकती है और उसका समुचित इलाज संभव है जिसके लिए भारत सरकार प्रतिबद्ध है।

टी बी मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में अपने योगदान के रूप में कुलपति ने टी बी से ग्रस्त दो बालकों को उनके इलाज और बेहतर पोषण के लिए गोद लिया है। उन्होंने कहा कि काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और अधिकारी टी बी प्रभावित बच्चों को गोद लेने में आगे आए तो इस दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की जा सकती है । इस अवसर पर उन्होंने बच्चों में पोषण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बेहतर पोषण युक्त भोजन के माध्यम से बच्चों के प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाया जा सकता है जिसके लिए भी हमें जीवन शैली और भोजन प्रबंधन के बारे में जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता है ।

उन्होंने कहा हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 2025 तक टी बी मुक्त भारत का जो सपना देखा है वह हम सब मिलकर पूरा करेंगे इसमें काशी हिंदू विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में काशी हिंदू विश्वविद्यालय चिकित्सा संस्थान के टी बी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर जी एल श्रीवास्तव ने कहा कि वैज्ञानिक आविष्कारों के माध्यम से आज टी बी जैसी बीमारी का पूर्णतः इलाज संभव है । उन्होंने भारत सरकार द्वारा टी बी रोग के निदान हेतु चलाए जा रहे कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी और स्वयं सेवकों से अनुरोध किया कि वे लोगों के बीच जाकर टी बी मुक्त भारत हेतु किए जाने वाले प्रयासों की चर्चा करें । इस अवसर पर प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक प्रोफेसर सच्चिदानंद त्रिपाठी ने भी टी बी मुक्त भारत अभियान के विविध पक्षों पर प्रकाश डाला ।समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्र क्षेत्रीय निदेशालय के निदेशक डॉ अशोक श्रोती ने की । टी बी मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी और स्वयंसेवक मौजूद थे जिनमें डॉ आशीष कांत चौधरीए डॉ ममता यादवए डॉ वैभवए डॉ केशव कुमार वर्माए सर्वश्री अभिनव सिंहए आर्यमन पाठकए सुश्री निहारिका शुक्लाए पल्लवी जोशीए निकिता शाह आदि के नाम प्रमुख है ।

आरंभ में अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम समन्वयक डॉ बाला लखेंद्र ने किया और धन्यवाद ज्ञापन किया कार्यक्रम अधिकारी डॉ चिन्मय राय ने।

## देशव्यापी बाजार को सुगम बनाने के प्रयासों की मंत्री ने की प्रशंसा

**प्रयागराज।** इलाहाबाद और अब प्रयागराज कानपुर और लखनऊ में लोगों की जरूरतों के लिए लखनऊ में ही पहला फुल फिल्मेंट सेंटर भारत के स्वदेशी ई कॉमर्स मार्केट प्लेस फ्लिपकार्ट ने आज से उत्तर प्रदेश में अपना ग्रॉसरी परिचालन शुरू करने की घोषणा की है। इसके तहत यह लोगों के लिए सुविधाजनक तरीके से तथा उन्नत क्वालिटी के उत्पादों को तेजी से मुहैया कराएगा। विस्तार के चलते इसने लखनऊ में अपना पहला सेंटर खोला है। जिसका उद्घाटन वर्चुअल तरीके से सोमवार को उद्योग मंत्री सतीश महाना ने किया। लखनऊ कानपुर तथा इलाहाबाद में लोगों तक ग्रॉसरी उत्पादों की डिलीवरी में मददगार होगी। नए सेंटर द्वारा स्थानीय ट्रांसपोर्ट ठेकेदारों स्टाफिंग वैंडरों सुरक्षा एजेंसियों कंज्यूमेबल सप्लायर्स तथा राज्य भर में प्रशासनिक एवं हाउस कीपिंग एजेंसियों की सेवाएं लेने पर रोजगार के पांच सौ से ज्यादा प्रत्यक्ष तथा हजारों परोक्ष अवसर भी सामने आएंगे। सेंटर के उद्घाटन अवसर पर सतीश महाना उद्योग मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि उत्तर प्रदेश की औद्योगिक नीति काफी गतिशील है। जो कंपनियों को राज्य में तेजी से बढ़ रहे व्यावसायिक माहौल का पूरा लाभ उठाने में मददगार है। राज्य के लाखों लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के साथ साथ यहां ई कॉमर्स को बढ़ावा देने और देशव्यापी बाजार को सुगम बनाने के प्रयासों की सराहना की है। सेंटर का खुलना उत्तर प्रदेश की व्यावसायिक क्षमताओं और इसकी सरकार द्वारा इसे देश के सबसे तेजी से विकास करने वाले राज्यों में से एक बनाने के प्रयासों का सबूत है।

# उत्कृष्ट सेवा के लिए राज्यपाल ने डॉ. केके राय को किया सम्मानित

● कोरोना प्रोटोकाल का करा रहे हैं पालन, कोरोना की जॉच की जिम्मा संभाल जनपद में बने मिशाल

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी




**कोरोना वैश्विक** महामारी के दौरान जनपद में उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाले सहायक मलेरिया अधिकारी डॉ. केके राय को कोरोना वारीयर्स के रूप में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल की उपस्थिति में जिलाधिकारी ने सम्मानित किया है। सम्मानित होने के बाद अब वह दो गुने उत्साह से काम में जुट गये हैं। वह समुदाय में जागरूकता की रोशनी बिखेर रहे हैं। इसके साथ ही वह कोरोना की जांच रैपिड एंटीजेन टेस्ट और मास कोरोना टेस्ट की बदौलत जनपद में एक मिशाल कायम की है।

जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा के निर्देशन में डॉ. के के राय ने 13 मार्च 2020 से यह जिम्मेदारी संभाली है चाहे वह 23 मार्च से 25 मार्च तक स्पेशल ट्रेनों और बस से आये लगभग 25000 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग हो या 7 मई से आने वाले लगभग 70,000 प्रवासी कामगारों की स्क्रीनिंग हो सभी का जिम्मा बखूबी निभाया है। इसके अलावा 23 अगस्त से रैपिड एंटीजेन टेस्ट और मास कोरोना टेस्ट भी करा रहे हैं। डॉ. राय अब तक 82,760 सैंपलिंग करा चुके हैं जिसमें 643 व्यक्ति पॉज़िटिव थे। इस कार्य के साथ ही साथ विभाग द्वारा दिये गये अन्य कार्य जैसे रिपोर्टिंग और शव प्रबंधन का कार्य भी कराया है। डॉण् के के राय के इन सभी कार्यों में बखूबी साथ निभाते हुये अप्रतिम योगदान दिया है विभाग के सहयोगी हितेश राय (मलेरिया निरीक्षक), चंद्रसेन भारती (मलेरिया निरीक्षक), अजय शुक्ला (मलेरिया निरीक्षक), नीतेश सेठ, बलवन्त चौधरी तथा राहुल सेठ ने। डॉ. केके राय और उनके परिवार द्वारा वैश्विक महामारी कोविड.19 के लिए स्वास्थ्य विभाग को रुपए 21,000 हजार की धनराशि भी दान की गई है।

## राष्ट्र निर्माण में चाहिए सभी का योगदानः डॉ राम मनोहर

● रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज राजापुर में पुरातन छात्र छात्रा सम्मेलन आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



**रानी रेवती** देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज राजापुर में मंगलवार को पुरातन छात्र छात्राओं का सम्मेलन आयोजित किया गया। मेरा विद्यालय मेरा गौरव के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में पुरातन छात्र छात्राओं ने अपने अपने अनुभवों को साझा किया। विद्यालय के विकास के लिए पुरातन छात्र परिषद बनाने का भी फैसला किया गया। प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडेय ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालकर प्रस्ताविकी प्रस्तुत की। अतिथियों का स्वागत पुरातन छात्रों ने किया। विद्यालय की ओर से पुरातन छात्र छात्राओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि विद्या भारती काशी प्रांत के संगठन मंत्री डॉ राम मनोहर ने पूर्व छात्र छात्राओं से आह्वान किया कि आज समाज में युवाओं की जरूरत है। राष्ट्र निर्माण में सभी का भरपूर योगदान चाहिए। अध्यक्षता कर रहे समाज शेखर ने कहा कि जिस समाज को संस्कारित और समय के अनुरूप प्राथमिक शिक्षा प्राप्त होती है वह समाज देश के सभी चुनौतियों का सामना करता है। विद्या भारती के विद्यालय सिर्फव्यक्ति का विकास नहीं करते बल्कि समाज को बदलते हैं। विद्यालय के ही पुरातन छात्रों द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना से हुआ। विद्यालय की छात्राओं मितुल राय अंशिता शुक्ला कशिश पाल ऋषिका यादव शिक्षा वर्मा एवं स्वाति कुमारी ने विद्यालय के संगीताचार्य मनोज गुप्ता के निर्देशन में निर्माणों के पावन युग में हम चरित्र निर्माण न भूलें गीत की प्रस्तुति कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेष अतिथि तथा प्रसिद्ध कवि श्लेष गौतम ने सुंदर सी कविता पढ़ी। विद्यालय के संगीताचार्य मनोज गुप्ता ने हम कंचन है कांच नहीं है ले लो अग्निपरीक्षा गीत प्रस्तुत कर पूर्व छात्राओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के हिंदी के प्रवक्ता दिनेश शुक्ला ने कविता की प्रस्तुति की। विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा हस्तलिखित पत्रिका सृजन का विमोचन मुख्य अतिथि ने किया। आचार्य दीपक दयाल ने विद्या भारती पुरातन छात्र छात्रा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की जानकारी दी।

## जनहित के लिए काम कर रही यूपी सरकारः सिद्धार्थ नाथ सिंह

● कुम्हारों और गरीबों की आय बढ़ने से जीवन समृद्धशाली होने से प्रदेश में रोजगार के साथ विकास में मिलेगी गति

**प्रयागराज।** सामाजिक जन आकांक्षाओं को निस्तारित करने एवं देश को सही दिशा और विकास के पथ पर ले जाने के कारण ही बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को बहुमत मिला। इसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाता है। यह बातें कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने मंडल यमुनापट्टी और गंगापट्टी भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच दीपावली भेंट कार्यक्रम के दौरान कहीं। श्री सिंह ने कहा भाजपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रएधर्म सर्वोपरि के साथ विकास को सर्वोपरि मान कर बिहार में राजग को एक बार फिर मजबूती के साथ बिहार की जनता खड़ी है। उसी तरह 2022 में उत्तर प्रदेश में सीएम योगी के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत के साथ पुनः सरकार बनाएगी। पीएम मोदी ने देश की आजादी से कई बड़ी समस्याओं का निस्तारण कर जनता को सौगात दिया था। जिससे जनता ने बिहार के साथ मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाकर सदन में भेजा है। सिद्धार्थ नाथ सिंह ने विधान सभा उपचुनाव में बीजेपी को मिली बढ़त को लेकर कहा है कि जनता योगी सरकार के काम से खुश है। उन्होंने कहा है कि विकास कार्यों को लेकर जो नीतियां बन रही हैं। उसे जनता पसंद कर रही है। सीएम योगी के नेतृत्व में लोग जनसेवा में लगे हैं। उप चुनाव के नतीजों से साफ है कि 2022 में होने आम विधानसभा चुनाव में भी भजपा की ही दोबारा सरकार बनेगी।

## क्विक न्यूज

### मेक इन इंडिया के लिए प्रतिबद्धता जरूरी

**प्रयागराज।** राजस्व को लेकर लगातार दबाव बढ़ रहा है। मेक इन इंडिया के लिए प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए उपकरणों का निर्माण ग्रेटर नोएडा में किया जाएगा। लगभग दस हजार पुरुष और महिला कर्मचारी कार्यरत हैं। यह सुनिश्चित हो सके कि भारत में बेचे जाने वाले सभी वीवो डिवाइस साथी भारतीयों द्वारा ही बनाये गए हैं। उत्तर प्रदेश के प्रमुख क्षेत्रीय बाजारों में से एक है। राज्य भर के लोगों से केंद्रित इनोवेटिव डिजाइन और कैमरे के लिए शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। उत्तर प्रदेश में पांच हजार से अधिक खुदरा विक्रेताओं का एक मजबूत नेटवर्क और अस्सी से ज्यादा स्टोर्स को वीवो ने जबरदस्त वृद्धि देखी है। अतीत में इस राज्य से शानदार प्रतिक्रिया मिली है। एक बार फिर कैमरा और डिजाइन केंद्रित फोन के साथ भविष्य में भी यही उम्मीद कर रहे हैं। वीवो ने उत्तर प्रदेश में वी बीस एसई के लांच के साथ अपने वीवो वी बीस सीरीज़ लाइन अप का विस्तार किया। निदेशक निपुन मार्या ने बताया कि उत्तर प्रदेश का योगदान नौ प्रतिशत है। समग्र राजस्व में नौ प्रतिशत से अधिक का योगदान दे रहा है।

### निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने को हों प्रतिबद्धः राहुल

**प्रयागराज।** जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त इंजीनियरिंग का उपयोग करते हुए तैयार किया गया है। आसुस कंपनी ने हाल ही में अपने नए इंटेल संचालित लैपटॉप लांच करने की घोषणा की है। जिनमें वीवोबुक अल्ट्रा और ज़ेनबुक शामिल हैं। लोग अनुभव को बेहतर बनाने की अपनी प्रतिबद्धता पर चलते हुए उन सभी डिवाइसेज की एक पूरी रेंज लेकर आया है। विजुअल रूप से संतोषजनक एस्थेटिक कस्टमइंटेलिजेंट कूलिंग सॉल्यूशंस तेज रैम एक्सपैंडेबल स्टोरेज और नैनोएज डिस्प्ले के साथ हैं। काफी तेज चलने वाले लैपटॉप ऑप्टिमाइज्ड परफॉरमेंस इमर्सिव विजुअल और बेजोड़ उत्कृष्टता प्रदान करेगा। अर्नोल्ड सु बिज़नेस हेड और निदेशक राहुल मल्होत्रा ने कहा कि हर नई पेशकश के साथ बेहतर ऑफर देने का लक्ष्य रखते हैं। और नया लाइनअप भी हमारे इस लक्ष्य को पूरा करता है। डिवाइस अच्छा काम करते हैं और जितनी आसानी से साधारण कार्य करते हैं कठिन काम भी उसी आसानी से कर लेते हैं।

### खुल गया सुविधायुक्त रैन बसेरा, कोविड 19 का रखा गया विशेष ध्यान

**उन्नाव।** गरीबए बेसहारों एवं मुसाफिरों को ठंड से बचाने के लिए शासन के निद्रेशानुसार नगर पंचायत नवाबगंज ने सर्द मौसम की शुरूवात होते ही अस्थायी रैन बसेरा तैयार कर लिया है। रैन बसेरा में कोविड 19 की गाइड लाइन के अनुसार व्यवस्थाएं की गयी है। अधिशाषी अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि शासन से अस्थायी रैनबसेरा खोलने के निद्रेश मिले थे। जिसके क्रम में नगर पंचायत का रैन बेसरा तैयार है। बताया कि रैन बसेरा खोलने से पहले एंटी लार्वा का छिड़काव और फागिंग कराई गयी है। जिससे रूकने वालों को समस्या का सामना न करना पडे। उन्होंने बताया कि रूकने वाले कोविड 19 गाइड लाइन का पालन करें इसलिए बिस्तर डालते समय दो गज की दूरी का ख्याल रखा गया है। साथ ही बताया कि नगर पंचायत ने शरद ऋतु को ध्यान में रखते हुए अस्थाई गौशाला में गौवंशो को सर्दी से बचाने हेतु विशेष प्रबन्ध किये है। साथ ही नगर पंचायत अंतर्गत पडने वाले परशुराम तालाब की सफाई विशेष अभियान चलाकर कराई जा रही है।

### छापेमारी दौरान मुठभेड़, एक मवेशी तस्कर घायल

**उन्नाव।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के राजा बाग चैकी अंतर्गत फिरोजाबाद गांव के सलमान हाता में सोमवार रात छापामार कर पुलिस ने भारी मात्रा में मवेशियों का मांस बरामद किया है। पुलिस की घेराबंदी दौरान मवेशी तस्करों ने फायरिंग शुरू कर दी। मुठभेड़ के दौरान एक तस्कर के पैर में गोली लगने पर पकड़ लिया गया। शेष भाग गए। मौके से पुलिस ने पिस्टलए बंदूक सहित कार बाइक व एक दर्जन मवेशी बरामद किए गए हैं। फिरोजाबाद गांव में काफी दिनों से मवेशी काट कर उनका मांस बिक्री किए जाने का धंधा चोरी छिपे चल रहा था। रात अजगैन पुलिस ने फिरोजाबाद के सलमान हाता में छापेमारी की। पुलिस के पहुंचते ही अपने को घिरा देख अंदर से मवेशी तस्करों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने भी गोलियां चलाई। जिसमे फैजल उर्फ फैसल पुत्र फहीम निवासी मौलवीगंज चिकन मंडी थाना अमीनाबाद लखनऊ के पैर में गोली लगी। जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। कोतवाली इंचार्ज सन्तोष कुमार ने बताया कि शेष आरोपित मौका मिलने से भाग गए। इस दौरान मौके से पुलिस ने पिस्टलए बंदूख व 12 कारतूस के साथ 1 कारए बाइक तथा 11 चाकूए मांस तोलने वाली मशीनए एक ठिलियाए 3 मोबाइलए 11 मवेशी व कट मांस आदि बरामद किया गया है। अजगैन पुलिस ने डॉक्टर बुलवा कर मवेशियों का पोस्टमार्टम करवा कर शेष अवशेष को जीसीबी मंगवाकर जंगल में दफना दिया गया। मामले को लेकर हसनगंज ए सोहरामऊ ए माखी तीन थानों का फोर्स मौजूद रहा। **ये फरार आरोपित-** फैज उर्फ फरहान पुत्र लंबू निवासी केशर बाग थाना केशरबागए मोहसिन खान पुत्र पहलवान निवासी हैदरगंजए सलमान उर्फ सुफियान पुत्र इस्माइल निवासी फिरोजाबाद अजगैनए जीशान पुत्र इस्माइल निवासी फिरोजाबाद। कोतवाल ने बताया कि फरार आरोपितो को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### भूमि पर कब्जे की नियत से हवाई फायरिंग, दहशत का माहौल

**सफीपुर, उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के गंगा कटरी मे भूमि पर कब्जे को लेकर अक्सर फायरिंग कर दहशत फैलायी जाती है। मंगलवार को सेवापुरवा मजरा ददलहा गांव निवासी सिद्धेश्वरी पत्नी उमाशंकर अपने बटाईदार मुलायम सिंह व मजदूर के साथ खेत पर परानी का कार्य कर रही थीए तभी जमालनगर एहतमाली निवासी रंजीत पुत्र राजा अपने साथियो के साथ कब्जे की नियत से मौके पर पहुंच मारपीट करते हुए दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग कर दी। जिससे आसपास खेतो मे कार्य कर रहे मजदूरो मे अफरा तफरी मच गई। पीड़ित की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आरोपी रंजीतए बब्लू को हिरासत मे लेकर घर से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया। पीड़ित सिद्धेश्वरी ने बताया की सोलह जुलाई को रंजीत ने अपने साथियो के साथ खेत मे खड़ी फसल को ट्रक्टर से जोतवा दिया था। जिसकी शिकायत एसडीएम से की थी। एसडीएम ने 30 जुलाई को लेखपाल को मौके पर भेज जांच कराया। जांच मे पीड़िता के नाम भूमि दर्ज मिलने पर तिल्ली की फसल फिर बोयी गई थी।

### मकान बनाने को लेकर दो समुदाय आमने-सामने

**चकलवंशी, उन्नाव।** मांखी थाना के पावा चैकी क्षेत्र में पावा चैराहे पर स्थित पुराने पीपल पेड़ के नीचे हनुमान प्रतिमा के सामने अन्य समुदाय के द्वारा मकान बनाने को लेकर दो समुदाय आमने-सामने आ गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने राजस्व विभाग से पैमाइस कराकर समझौता कराने का आश्वासन देकर मामला शांत कराया।

# श्रीकांत कटियार बने बांगरमऊ से विधायक, भाजपा में जश्न का माहौल

**उपचुनाव परिणाम**

● सपा लाख प्रयासों के बाद भी तीसरे नंबर पर खिसकी, कांग्रेस ने बनाई बढ़त, दो नंबर पर हुई काबिज

● बीजेपी ने इस सीट पर दोबारा कब्जा बरकार रखते हुए हासिल की कामयाबी

● कांग्रेस को 31398 वोटों के अंतर से पराजित कर दर्ज की जीत

**अरुण कुमार अवस्थी।** उन्नाव

**बांगरमऊ उपचुनाव** में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्रीकांत कटियार ने कांग्रेस प्रत्याशी आरती बाजपेयी को 31398 वोटों के भारी अंतर से पराजित कर जीत दर्ज की है। भाजपा प्रत्याशी को 71381 वोट व दूसरे स्थान पर रहीं कांग्रेस प्रत्याशी आरती बाजपेयी को 39983 वोट मिले हैं। समाजवादी पार्टी के लाख प्रयासो के बाद भी उसके प्रत्याउशी सुरेश पाल 35322 मत पाकर तीसरे स्थान पर रहे। वही बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी महेश कुमार पाल 19062 पायदान पर रहे। जीत के बाद भाजपा में जश्न का माहौल है। भाजपाईयों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी का इजहार किया। बांगरमऊ उपचुनाव में दस प्रत्याशी चुनाव मैदान मे थे। जिसमें दो राष्ट्रीय दलो के उम्मीदवार मैदान में थे। जबकि कुछ क्षेत्रीय व निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में ताल ठोक रहे थे। बीजेपी ने इस सीट पर दोबारा कब्जा बरकार रखते हुए श्रीकांत कटियार को विजयी श्री दिलाने में कामयाबी हासिल की है। वही समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को तीसरे स्थान पर रहकर संतोष करना पड़ा है। बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी को चौथे पायदान पर रहकर संतोष करना पड़ा है। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी ने बढ़त बनाते हुए इस बार बीजेपी उम्मीदवार की निकटतम प्रत्याशी रहते हुए दूसरा स्थान हासिल किया है। इस उपचुनाव में मजेदार बात यह रही कि मुस्लिम बाहुल्य वाली पोलिंगो पर मतदान का प्रतिशत कम देखने को मिला। उधरए पिछड़ी जाति बाहुल्य वाले पोलिंगो पर मतदान का प्रतिशत अच्छा रहा था। यही कारनामा भारतीय जनता पार्टी को जीत जिताने में कामयाब रहा। देरशाम डीएम रवीन्द्र कुमार ने नवनिर्वाचित विधायक श्रीकांत कटियार को जीत का प्रमाणपत्र दिया है। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष संगीता सेंगरए सदर विधायक पंकज गुप्ताए मोहान विधायक बृजेश रावतए सफीपुर विधायक बंबालाल दिवाकरए पुरवा विधायक अनिल सिंहए पूर्व सांसद देवी बक्स सिंहए जिला अध्यक्ष राजकिशोर रावतए आनन्द अवस्थीए अनुराग अवस्थी आदि बीजेपी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**किसको कितना मिला वोट**

1-आरती वाजपेयी - कांग्रेस-(39983)
2-श्रीकांत कटियार- भाजपा-(71381)
3-सुरेश कुमार पाल- सपा-(35322)
4-महेश कुमार पाल- बसपा-(19062)
5-उमर खां -नागरिक एकता पार्टी-(2202)
6-रामकरण -भारतीय वंचित पार्टी-(933)
7-रामप्रकाश -राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी-(1178)
8-आशुतोष पांडेय -मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल-(690)
9-महेंद्र कुमार -निर्दलीय-(1118)
10-मोहम्मद सब्बन -निर्दलीय-(864)
11-नोटा में कितना पड़ा वोट-(1438)

**जीत की घोषणा होते ही उछल पड़े समर्थकः** बड़े इंतजार के बाद मंगलवार की सुबह वोटो की गिनती सुबह आठ बजे शुरू हुई तो हजारों की भीड़ अंदर की तरफ टकटकी लगाए रही। सुबह करीब साढ़े आठ बजे से नतीजो का परिणाम आना शुरू हो गए। उधरए दोपहर बाद हारे प्रत्याशी निराश बाहर निकलने लगेए जबकि बीजेपी प्रत्याशी की जीत की उद्घोषणा होते ही समर्थक उछल पड़े। वहीं विजयी प्रत्याशियों का जश्न देर रात तक चलता रहा।

**पुलिस फोर्स के साथ अफसर रहे तैनातः** सुरक्षा को लेकर मतगणना स्थल पर भारी मात्रा में पुलिस फोर्स तैनात रहा। चप्पे.चप्पे में तैनात पुलिस बल अंदर आने जाने वालो लेकर लोगो पर पैनी नजर बनाए रही। उधरए पूरा दिन डीएम रवीन्द्र कुमारए एसपी आनन्द कुलकर्णीए सीडीओ डाण् राजेश कुमार प्रजापतिए एडीएम राकेश सिंहए एएसपी विनोद कुमार पांडेय आदि अधिकारी मौजूद रहे।

**कांग्रेस प्रत्याशी ने समर्थकों के साथ किया हंगामाः** कांग्रेस प्रत्याशी आरती बाजपई व उनके समर्थको ने दोपहर बाद वीवीपैड के मिलान को लेकर मतगणना केन्द्र के मुख्यद्वार पर आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। करीब एक आधा घंटे हंगामे के बीच कई बार पुलिस से नोंकझोक भी हुई। प्रत्याशी ने प्रेक्षक के पास जाकर मतगणना में धांधली का आरोप लगाया। उनका आरोप था कि 5 फीसदी वीवीपैट का मिलान नहीं किया गया। डीएम रवींद्र कुमार ने कहा कि मतगणना कार्य पूरी पारदर्शिता से कराया गया है। उधरए मामला बढ़ा तो एएसपी विनोद कुमार पांडेय मौके पर पहुंचे और प्रत्याशी व उनके समर्थको को समझाबुझा कर शांत कराया।

## दो युवकों के शव पहुंचे घर तो मचा कोहराम, एक की उपचार दौरान मौत

**औरास, उन्नाव।** दीपावली पर नोएडा से घर लौट रहे औरास थाना क्षेत्र के चंदौरा गांव के दो युवकों की सोमवार सुबह यमुना एक्सप्रेस वे पर हाथरस जिले के सादाबाद के पास हुए सड़क हादसे में मौत के बाद पोस्टमार्टम होकर मंगलवार सुबह शवों के गांव पहुंचते ही हाहाकार मच गया। परिजनों ने शवों का अपने अपने खेतों में अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं हादसे में घायल एक अन्य युवक ने मंगलवार भोर पहर इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। औरास थाना क्षेत्र के चंदौरा गांव निवासी दिनेश पाल पुत्र मंगू व अमरेश पुत्र गया प्रसाद गांव के ही जितेंद्र व दिनेश के साथ नोएडा में काम करते थे। दीपावली पर अपने रिश्तेदारों और साथियों के साथ घर आ रहे थे तभी यमुना एक्सप्रेस वे पर सोमवार सुबह सड़क हादसे में दिनेश पाल व अमरेश की मौत हो गई थी। जबकि दिनेश गौतम और जितेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिनका इलाज आगरा के एक अस्पताल में चल रहा था। मंगलवार भोर पहर जितेन्द्र उर्फ चिल्लर पुत्र चैनू ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

# चार निगमों में कांग्रेस के महापौर दो में भाजपा उम्मीदवार जीते

**भाषा।** जयपुर

## राजस्थान

**राजस्थान** की राजधानी जयपुर सहित तीन प्रमुख शहरों में छह नगर निगमों के महापौर का चुनाव मंगलवार को हुआ। सत्तारूढ़ कांग्रेस चार निगमों में अपने महापौर बनाने में सफल रही है जबकि दो निगमों में भाजपा के उम्मीदवार जीते। राज्य निर्वाचन आयोग से मिली जानकारी के अनुसार राजधानी जयपुर के जयपुर ग्रेटर नगर निगम में भाजपा की सौम्या गुर्जर ने कांग्रेस की दिव्या सिंह को हराया जबकि जयपुर हेरिटेज नगर निगम में कांग्रेस की मुनेश गुर्जर जीतीं। यहां भाजपा की कुसुम यादव दूसरे स्थान पर रहीं। इसी तरह जोधपुर शहर के जोधपुर उत्तर नगर निगम में कांग्रेस की कुंती परिहार महापौर चुनी गई हैं। यहां भाजपा की संगीता सोलंकी दूसरे स्थान पर रहीं। जोधपुर दक्षिण में भाजपा की वनिता सेठ महापौर बनी हैं। यहां कांग्रेस की पूजा पारीक दूसरे स्थान पर रहीं। कोटा उत्तर नगर निगम के महामौर चुनाव में कांग्रेस की मंजू मेहरा ने बाजी मारीं। उन्होंने भाजपा की संतोष बैरवा को हराया। वहीं कोटा दक्षिण नगर निगम में कांग्रेस के राजीव अग्रवाल ने भाजपा के विवेक राजवंशी को हराया।

उल्लेखनीय है कि राज्य के नवगठित नगर जयपुर हैरिटेज, जयपुर ग्रेटर, जोधपुर उत्तर, जोधपुर दक्षिण, कोटा उत्तर और कोटा दक्षिण में कुल 560 वार्डों के लिए हाल ही चुनाव हुआ। कांग्रेस को जोधपुर उत्तर व कोटा उत्तर नगर निगम में स्पष्ट बहुमत मिला, वहीं भाजपा जयपुर ग्रेटर और जोधपुर-दक्षिण नगर निगम में बहुमत हासिल कर पाई हैं। कोटा दक्षिण तथा जयपुर हेरिटेज में महापौर बनाने में निर्दलीय पार्षदों की बड़ी भूमिका रही।

इन सभी नगर निगमों में उप महापौर का चुनाव 11 नवंबर को होगा। कोटा में महापौर के चुनाव के दौरान भाजपा व कांग्रेस के कार्यकर्ता आमने सामने हो गए। हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के अनुसार कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठी चलाई गई। उन्होंने ट्वीट किया, कोटा में कांग्रेस कार्यकर्ताओ व पत्रकारों पर पुलिस लाठीचार्ज की कड़े शब्दों में निंदा करता हूँ। मैं उम्मीद करता हूँ कि पुलिस के आला अधिकारी इस मामले में जम्मिेदार लोगों के खिलाफ सख्त एक्शन लेंगे।

## पाकिस्तानी सेना ने पुंछ में एलओसी के पास तीन सेक्टरों को निशाना बनाया

**जम्मू।** पाकिस्तानी सेना ने मंगलवार को जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के निकट तीन सेक्टरों में गोलीबारी कर और मार्टार के गोले दाग अग्रिम चौकियों और बस्तियों को निशाना बनाया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भारतीय सेना ने प्रभावी ढंग से जवाबी कार्वाई की। एक रक्षा प्रवक्ता ने बताया, पाकिस्तानी सेना ने सुबह लगभग साढ़े 10 बजे पुंछ जिले के शाहपुर, किरनी और कस्बा सेक्टरों में एलओसी के पास बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी और मोर्टार के गोले दाग कर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। गत एक अक्टूबर को पुंछ जिले के कृष्णाघाटी क्षेत्र में एलओसी के पास पाकिस्तान सेना ने भारी गोलीबारी और गोलाबारी की थी जिसमें सेना का एक जवान शहीद हो गया था और एक अन्य घायल हुआ था।



पटना में बिहार विधानसभा चुनाव की मतगणना के बाद उत्साहित भाजपा कार्यकर्ता जश्न मनाते हुए।

# नोटबंदी पर जश्न मनाना पीड़ितों की कब्र पर केक काटने जैसा : शिवसेना

**भाषा।** मुंबई

**शिवसेना ने** मंगलवार को भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि नोटबंदी की चौथी सालगिरह मनाना उन लोगों की कब्रों पर केक काटने के समान है जो इसकी वजह से बर्बाद हुए और जिनमें से कइयों ने आत्महत्या तक कर ली थी। शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामना में प्रकाशित संपादकीय में वर्ष 2016 के नोटबंदी के फैसले को भारत के इतिहास का काला अध्याय करार दिया।

पार्टी ने दावा किया कि नोटबंदी और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को लागू करने से देश के हितों को नुकसान हुआ। सामना ने लिखा, फैसले (नोटबंदी के) पर जश्न मनाना, जिसकी वजह से कई लोगों की मौत हुई...नौकरियां चली गई...आत्महत्याएं की गई और कारोबार एवं उद्योग तबाह हो गए, वैसा ही है जैसे ऐसे लोगों की कब्रों पर जन्मदिन का केक काटना।

उल्लेखनीय है कि आठ नवंबर 2016 को 500 और 1000 रूपए मूल्य के पुराने नोटों को बंद करने के फैसले की चौथी सालगिरह पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि इससे कालाधन कम करने और पारदर्शिता लाने में मदद मिली।

शिवसेना ने कहा कि भाजपा ने बिहार विधान सभा चुनाव में अयोध्या में राम मंदिर निर्माण और बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत का मुद्दा उठाया लेकिन लोगों को प्रभावित करने में असफल रही। सामना ने लिखा, बिहार की फिजा तेजस्वी यादव (राजद नेता) द्वारा 10 लाख नौकरियां देने के वादे के बाद बदल गई। उनकी रैलियों में भारी भीड़ देखी गई। इनमें अधिकतर बेरोजगार युवा थे, यह क्या संकेत करता है?

## फर्जी टीआरपी मामले में रिपब्लिक टीवी के वरिष्ठ कार्यकारी गिरफ्तार

**मुंबई।** रिपब्लिक टीवी के वितरण प्रमुख घनश्याम सिंह को मंगलवार को कथित फर्जी टीआरपी (टेलीविजन रेटिंग प्वांट) मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा के अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सिंह रिपब्लिक मीडिया नेटवर्क के उपाध्यक्ष भी हैं और उन्हें सुबह करीब सात बजकर 40 मिनट पर उनके घर से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि सिंह की गिरफ्तारी के साथ मामले में अपराधा शाखा के अपराध आसूचना प्रकोष्ठ (सीआईयू) द्वारा अब तक 12 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। अधिकारी ने बताया कि इससे पहले सीआईयू ने सिंह से कई दौर की पूछताछ की थी। टीआरपी घोटाले का खुलासा पिछले महीने तब हुआ जब ब्रॉडकास्ट ऑडिंयस रिसर्च काउंसिल (बार्क) ने हंसा रिसर्च ग्रुप के जरिए शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि कुछ चैनल टीआरपी के आंकड़ों में छेड़छाड़ कर रहे हैं।

# हमारे पास मजबूत सैन्य बल नहीं हो तो विरोधी इसका फायदा उठा सकते हैं : जनरल रावत

**नई दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत ने मंगलवार को कहा कि भारतीय सैन्य बल बहुत जटिल और अनिश्चित माहौल में काम कर रहे हैं और उन्हें क्षेत्र में शांति के लिए क्षमता बढ़ानी होगी क्योंकि अगर सैन्य ताकत मजबूत नहीं होगी तो भारत के विरोधी इसका फायदा उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत जरूरत पड़ने पर आस पड़ोस में मित्र देशों के साथ अपनी सैन्य क्षमता को साझा करना चाहता है।

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष रक्षा और सैन्य मुद्दों पर आधारित एक पोर्टल भारतशक्ति डॉट इन के पांचवें वार्षिक सम्मेलन के शुरुआती सत्र को संबोधित कर रहे थे। जनरल रावत ने कहा, आज हम बेहद जटिल, अनिश्चित और अस्थिर माहौल में काम कर रहे हैं। विश्व के तकरीबन हर क्षेत्र में छोटी, बड़ी जंग छिड़ी हुई है। इसलिए यदि हमें खुद की रक्षा करनी है, अपने देश की, अपने देश की अखंडता और अपने लोगों की रक्षा करनी है तो हमें मजबूत सैन्य बल की जरूरत है।

उन्होंने कहा, लेकिन तब क्या हम कह रहे हैं कि सैन्य बल को युद्ध की तैयारी करनी चाहिए ? नहीं। सैन्य बलों को क्षेत्र में शांति लाने के लिए क्षमता विकसित करनी चाहिए। अगर हमारे पास मजबूत सैन्य बल नहीं होंगे तो विरोधी हमारा फायदा उठाएंगे। जनरल रावत का यह बयान महत्वपूर्ण है क्योंकि पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच पिछले छह महीने से गतिरोध चल रहा है। दोनों पक्षों के बीच गतिरोध सुलझाने के लिए सिलसिलेवार राजनयिक और सैन्य वार्ता भी हुई है। हालांकि कोई ठोस नतीजा नहीं निकल पाया है।

सम्मेलन में एक संदेश पढ़ा गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आधुनिक उपकरण और नई प्रौद्योगिकी हासिल करने तथा सैन्य बलों के बीच तालमेल बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा की गईं कई सुधार कवायदों का जिक्र किया गया। संदेश में मोदी ने कहा, हम आधुनिक और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए देश के सामूहिक संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। अपने संबोधन में जनरल रावत ने जंगलों, घाटियों और 6,000 से 6,500 मीटर की उंचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रों जैसे कठिन माहौल में सैन्य बलों द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों का जिक्र किया।

जनरल रावत ने कहा, हमारी नौसेना हिंद-प्रशांत क्षेत्र में तैनात है, जहां से जहाजों का सबसे ज्यादा आवागमन होता है। उन्हें समुद्र में ही नहीं, बल्कि समुद्र के भीतर काम करने के साथ ही तेजी से बन रहे जटिल हालात के बीच प्रौद्योगिकी को विकसित करने की जरूरत है। जनरल रावत ने कहा, हम विदेशी भागीदारी को आमंत्रित करने से नहीं हिचकिचाते हैं, जो कि हमारे उद्योगों की सहायता कर सकती है और इससे आगे बढ़ने में मदद मिलती है। हम दुनिया के दूसरे सैन्य बलों खासकर पड़ोसियों के साथ भी अपनी क्षमता साझा करना चाहता है।

## क्विक न्यूज

### सीबीआई ने एजीगो के प्रवर्तकों के खिलाफ तलाशी ली

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने एजीगो वन ट्रैवल एंड टूर्स के खिलाफ यस बैक मे 946 करोड़ रुपए की कथित धोखाधड़ी के मामले मे मुम्बई मे आठ स्थानो की तलाशी ली। अधिकारियो ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने हाल ही मे कंपनी के प्रवर्तको एवं निदेशको के परिसरों की तलाशी ली। सीबीआई ने ऋण की राशि की कथित हेराफेरी को लेकर कंपनी के प्रवर्तकों--अजय अजीत पीटर और उर्षिला केरकर तथा निदेशकों-- नीलू सिंह, अरूप सेन, मनीषा अमरापुरकर, पेसी पटेल और कार्तिक वेंकटरमण के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। इस कंपनी का गठन 2006 मे किया था और वह भारत मे टिकट बुकिंग, छुट्टी एवं होटल पैकेज एवं परिवहन सुविधाओं जैसी यात्रा सेवाएं दे रही थी। उसने 2017 मे यस बैक से 650 करोड़ रुपए ऋण लिया था जो अगले साल बढ़कर 1015 करोड़ रुपए हो गया। बैक ने पहले मुम्बई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा मे शिकायत दर्ज कराई थी। सीबीआई ने कहा, लेकिन उसे वापस ले लिया गया क्योकि बैक ने सीबीआई मे शिकायत करने का निर्णय लिया है और उसकी वजह थी कि कॉक्स एंड किंग्स लिमिटेड की धोखाधड़ी के मामले मे एसबीआई द्वारा सीबीआई मे शिकायत दर्ज कराई जा रही थी।

### प्राचीन पिस्तौल चुराने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

**पुणे।** महाराष्ट्र के सतारा जिले मे भाजपा के राज्यसभा सांसद उदयन राजे भोंसले के आवास से चांदी की पुरानी पिस्तौल चुराने के आरोप मे 26 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी दीपक सुतार ने हाल ही मे भोंसले के आवास जलमंदिर पैलेस मे श्रमिक के रूप मे काम किया था। शाहपुरी पुलिस थाने के सहायक निरीक्षक विशाल वाइकर ने कहा, सुतार पिस्तौल को जलमंदिर पैलेस से सोमवार को चुरा लिया। इसकी कीमत 1.4 लाख रूपए है। सतारा मे एक सुनार को वह यह पिस्तौल बेचने जा रहा था, तभी पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। भोंसले, छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज है। वाइकर ने बताया कि सुतार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

### श्रीलंका ने तमिलनाडु के चार मछुआरों को किया गिरफ्तार

**नागपट्टिनम (तमिलनाडु)।** श्रीलंका की नौसेना ने मंगलवार को कोडियाकरे तट के पास कथित रूप से मछली पकड़ रहे तमिलनाडु के चार मछुआरो को गिरफ्तार कर लिया। मछुआरों के संघ ने यहां बताया कि मछुआरे नगापट्टिनम जिले के तरंगम्बडी के रहने वाले है और उन्हें श्रीलंका के जल क्षेत्र मे प्रवेश करने के आरोप मे गिरफ्तार किया गया है। संघ के प्रतिनिधियो ने यहां दावा किया कि मछुआरे सात नवंबर को समंदर में गए थे और आज सुबह कोडियाकरे से 20 समुद्री मील दूर मछली पकड़ रहे थे। तभी वहां श्रीलंका की नौसेना के कर्मी आ गए और उन्हे गिरफ्तार कर लिया। उन्होने बताया कि मछुआरों को श्रीलंका के कांगेसनथुरई ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि उन्होंने मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों से इसकी शिकायत की है।

### सरना कोड पर प्रस्ताव पारित करने के लिए आज विशेष सत्र

**रांची।** झारखंड सरकार ने आदिवासियों के लिए अलग सरना कोड के प्रावधान हेतु प्रस्ताव पारित करने और उसे केंद्र के पास भेजने के लिए बुधवार को राज्य विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का फैसला किया है। झारखंड सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता मे हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक मे यह फैसला किया गया। मंत्रिपरिषद ने पंचम झारखंड विधानसभा का चतुर्थ (विशेष) सत्र 11 नवंबर 2020 को बुलाने की मंजूरी दे दी। प्रस्ताव मे जनगणना 2021 मे राज्य के आदिवासियों के लिए विशेष सरना कोड की मांग की जाएगी।

### तेलंगाना में सड़क हादसे में छह की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के पतानचेरू के पास आउटर रिंग रोड पर मंगलवार को दो गाड़ियों की टक्कर हो गई, जिसमे छह लोगो की मौत हो गई और तीन अन्य जख्मी हो गए। पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश के 10 लोगो को ले जा रही एक गाड़ी को दूसरे वाहन ने ओवर टेक करते हुए टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में छह लोगों की मौके पर मौत हो गई। ये लोग बेंगलुरू से आ रहे थे। घायलों को पतानचेरू के अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। पुलिस को शक है कि हादसे का कारण अधिक रफ्तार से गाड़ी चलाना हो सकता है और वह मामले की जांच कर रही है।

### शोपियां जिले में मुठभेड़, दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले मे सुरक्षा बलो और आतंकवादियो के बीच मंगलवार को हुई मुठभेड़ मे दो अज्ञात आतंकवादी मारे गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा बलो ने दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के कुटपोरा इलाके मे घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया था। आतंकवादियो के सुरक्षा बलो पर गोलियां चलाने से अभियान मुठभेड़ मे तब्दील हो गया। मुठभेढ़ मे दो आतंकवादी मारे गए। उन्होने बताया कि आतंकवादियो और उनके संगठन की पहचान की कोशिश की जा रही है।



नई दिल्ली में बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद भाजपा कार्यकर्ता जश्न मनाते हुए।

# पंजाब ने सीबीआई को दी गई सामान्य सहमति रद्द की

**भाषा।** चंडीगढ़

**पंजाब** में कांग्रेस सरकार ने राज्य में मामलों की जांच करने के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को दी गई सामान्य सहमति को रद्द कर दिया है। पंजाब अब उन गैर भाजपा शासित राज्यों में शामिल हो गया है जिन्होंने इसी तरह का कदम उठाया है। पश्चिम बंगाल, राजस्थान, महाराष्ट्र, झारखंड और छत्तीसगढ़ सीबीआई को दी गई सामान्य सहमति पहले ही वापस ले चुके हैं। पंजाब सरकार द्वारा आठ नवंबर को जारी एक अधिसूचना के मुताबिक, सीबीआई को राज्य में किसी भी मामले की जांच करने के लिए पंजाब सरकार से पहले मंजूरी लेनी होगी। सीबीआई दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम के तहत आती है। गृह एवं न्याय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम 1946 की धारा छह के तहत दी गई शक्ति का इस्तेमाल करते हुए पंजाब सरकार दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना के सदस्यों को दी गई सामान्य सहमति को वापस लेती है।

अधिसूचना में कहा गया है कि पहले जारी की गई सभी सामान्य सहमतियों को रद्द करने के मद्देनजर, दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना को राज्य में मामलों की जांच के लिए पंजाब सरकार से पूर्व मंजूरी लेने की जरूरत होगी। पंजाब सरकार ने 2015 में धार्मिक ग्रंथ की बेअदबी की घटनाओं की जांच के लिए सीबीआई को दी गई मंजूरी को वापस ले लिया था। इस बाबत 2018 में राज्य विधानसभा ने एक प्रस्ताव पारित किया था। बाद में, सरकार ने इस मामले की जांच पंजाब पुलिस की विशेष जांच टीम को सौंपी थी।

## कर्नाटक में विवाह-पूर्व फोटोशूट के दौरान झील में डूबने से युवक, युवती की मौत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मैसुरु जिले के तालाकड में विवाह-पूर्व फोटोशूट के दौरान हुई दुर्घटना में कावेरी नदी में डूबने से 28 वर्षीय युवक और उसकी मंगेतर की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह हादसा सोमवार को तब हुआ जब एक डोंगी(एक प्रकार की गोल नौका) में सवार 20 वर्षीय युवती तस्वीर खिंचवाने के दौरान संतुलन बिगड़ने पर नदी में गिर गई। युवती को बचाने की कोशिश में युवक की भी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, ठेकेदार चंद्रू और शशिकला की इस महीने के अंत में शादी होने वाली थी। वे अपने रिश्तेदारों और फोटोग्राफरों के साथ विवाह-पूर्व फोटोशूट के लिए मुडुकुथोरे में मल्लिकार्जुन स्वामी मंदिर गए थे। वहां से लौटते समय उन्होंने तालाकाडु में डोंगी पर कावेरी नदी में कुछ तस्वीरें खिंचवाने का फैसला किया। वहां वे चंद्रू के दोस्त के साथ डोंगी में सवार हो गए। नदी के बीच में शशिकला कथित तौर पर डोंगी में खड़ी हो गई और इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से नदी में गिर गई।

# कोविड-19 के रोजाना सामने आने वाले नए मामलों की संख्या लगातार तीसरे दिन पचास हजार से नीचे रही

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि लगातार तीसरे दिन देश में कोरोना वायरस से संक्रमण के रोजाना आने वाले नए मामलों की संख्या 50 हजार से नीचे रही। मंत्रालय ने कहा कि ए आंकड़े इस संदर्भ में बहुत महत्वपूर्ण हैं कि कई देशों में गत तीन चार-दिन में रोजाना एक लाख के करीब नए मामले सामने आए रहे हैं। मंत्रालय ने बताया कि गत 24 घंटे में जो नए मरीज सामने आए हैं, उनका 72 प्रतिशत हिस्सा 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सीमित है। इसके मुताबिक दिल्ली में सबसे अधिक 5,983 लोगों के संक्रमित होने की पुष्टि हुई, हालांकि, एक दिन पहले सामने आए 7,745 नए मामलों के मुकाबले यह संख्या कम रही।

उपचाराधीन मरीजों की संख्या में लगातार कमी आ रही और अब यह संख्या घटकर 5,05,265 रह गई है, जो अबतक संक्रमित हुए लोगों का 5.88 प्रतिशत है। मंत्रालय ने रेखांकित किया कि मंगलवार लगातार 38 वां दिन रहा, जब 24 घंटे में नए मामलों के मुकाबले ठीक होने वाले मरीजों की संख्या अधिक रही। आंकड़ों के मुताबिक, गत 24 घंटे में 38,073 नए लोगों के संक्रमित होने की पुष्टि हुई जबकि 42,033 मरीज इस अवधि में संक्रमण मुक्त हुए।

छह दिन के बाद ऐसा हुआ है जब भारत में नए मामलों की संख्या 40 हजार से कम रही। आंकड़ों के मुताबिक अबतक देश में कोविड-19 के 79,59,406 मरीज ठीक हो चुके हैं, जिसकी वजह से देश में संक्रमण मुक्त होने की दर 92.64 प्रतिशत हो गई है। देश में उपचाराधीन मरीजों और ठीक होने वाले मरीजों की संख्या का अंतर अब बढ़कर 74,54,141 हो गया है। मंगलवार को ठीक हुए कुल मरीजों में से 78 प्रतिशत 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के हैं।

दिल्ली में एक दिन में सबसे अधिक 7,014 मरीज कोरोना वायरस के संक्रमण से मुक्त हुए। वहीं, केरल और पश्चिम बंगाल क्रमशः 5,983 और 4,396 मरीजों के ठीक होने के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। मंत्रालय ने बताया कि जिन 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 72 फीसदी नए मामले सामने आए हैं, वे हैं- दिल्ली, प. बंगाल, केरल, महाराष्ट्र, हरियाणा, तमिलनाडु, कर्नाटक, राजस्थान, उप्र और छत्तीसगढ़।

मंत्रालय ने बताया, एक दिन में 5,893 नए मामलों के साथ दिल्ली शीर्ष पर रही। हालांकि, यह संख्या एक दिन पहले सामने आए 7,745 नए मरीजों के मुकाबले कम है। वहीं, 3,907 नए मामलों के साथ पश्चिम बंगाल दूसरे स्थान पर है। आंकड़ों के मुताबिक, केरल और महाराष्ट्र में रोजाना सामने आने वाले नए मामले घटकर क्रमश: 3,593 और 3,277 रह गए हैं, इसके बावजूद वे 24 घंटे में नए संक्रमितों की संख्या के मामलों में क्रमश: तीसरे और चौथे स्थान पर हैं।

मंत्रालय ने बताया कि गत 24 घंटे में देश में कुल 448 कोविड-19 मरीजों की मौत हुई। हालांकि, यह संख्या भी लगातार दूसरे दिन 500 से कम रही। कुल मौतों में से 78 प्रतिशत मौतें केवल 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में हुई हैं। अकेले महाराष्ट्र में 85 मरीजों की मौत हुई है जो मंगलवार को दर्ज कोविड-19 से हुई मौतों का 18.97 प्रतिशत है। आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली और पश्चिम बंगाल क्रमशः 71 और 56 मौतों के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। मंत्रालय द्वारा मंगलवार सुबह आठ बजे अद्यतन किए गए आंकड़ों के मुताबिक 38,073 नए मामलों के साथ देश में अबतक 85,91,730 लोगों के संक्रमित होने की पुष्टि हो चुकी है जबकि 448 और मौतों के साथ देश में अबतक 1,27,059 लोग इस महामारी में अपनी जान गंवा चुके हैं।






छपरा में बिहार विधानसभा चुनाव के लिए वोटों की गिनती करते हुए कर्मचारी।

# कोविड-19 की जांच के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर

भाषा। नई दिल्ली



**भारत** कोविड-19 महामारी की जांच के लिहाज से 11.96 करोड़ जांच करके दुनिया में दूसरे नंबर पर है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि मंगलवार को सुबह तक की गई कुल जांच में से 49 प्रतिशत रैपिड एंटीजन जांचें हैं जबकि 46 प्रतिशत आरटी-पीसीआर जांच है।

मंत्रालय ने कहा कि आज सुबह तक पांच प्रतिशत जांच सीबीएनएएटी और ट्रूनेट का इस्तेमाल करते हुए की गईं। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत में इतनी बड़ी संख्या में की गई जांच के बावजूद संक्रमण दर घट रही है और यह 7.18 प्रतिशत रह गई है। उन्होंने कहा कि पिछले हफ्ते में 24 घंटे की संक्रमण दर 4.2 प्रतिशत थी। भूषण ने कहा, भारत में अब तक 11.96 करोड़ कोविड-19 जांच की गई हैं जो दुनिया में दूसरी सबसे ज्यादा जांच है। पिछले हफ्ते रोजाना औसतन 11,18,072 नमूनों की जांच की गई।

उन्होंने कहा कि अगर हम पिछले दो हफ्तों के आंकड़ों को लें तो हम दुनिया के और किसी भी देश के मुकाबले ज्यादा जांच कर रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या दिल्ली सामुदायिक प्रसार के चरण में पहुंच गई है और क्या त्योहारों के दौरान मामले और बढ़ेंगे, भूषण ने कहा कि अगर त्योहारों या शादियों के समय लोग इकट्ठा होते हैं और कोविड-19 के मद्देनजर समुचित व्यवहार नहीं करते हैं तो, संक्रमण के प्रसार का जोखिम रहता है। उन्होंने कहा, सामुदायिक प्रसार के बारे में चर्चा अक्सर अपर्याप्त जानकारी और तथ्यों पर की जाती है। इसे जबकि विज्ञान और तथ्यों पर आधारित होना चाहिए।

एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए भूषण ने कहा कि भारत में मंगलवार तक कोविड-19 का पता लगाने के लिए हुई कुल जांच में से 46 प्रतिशत आरटी-पीसीआर जांच थीं, 49 प्रतिशत रैपिड एंटीजन जांच थीं और पांच प्रतिशत जांच सीबीएनएएटी और ट्रूनेट का इस्तेमाल करते हुए की गईं। भूषण ने कहा कि भारत में बीते सात दिनों के दौरान प्रति 10 लाख की आबादी पर औसतन तीन मौत कोविड-19 से दर्ज की गईं जबकि दुनिया का औसत प्रति 10 लाख की आबादी पर सात कोविड-19 मौत का है। उन्होंने कहा, भारत में बीते सात दिनों के दौरान प्रति 10 लाख की आबादी पर 235 नए मामले सामने आए जबकि प्रति 10 लाख की आबादी पर नए मामलों का वैश्विक औसत 482 का है। भूषण ने कहा, भारत में कोविड-19 से ठीक होने वालों की संख्या 79 लाख के पार पहुंच गई है जो दुनिया में सर्वाधिक है। औसतन 51,476 लोग पिछले हफ्ते प्रतिदिन ठीक हुए। भूषण ने यह भी कहा कि बीते 24 घंटों के दौरान कोविड-19 से हुई मौतों में से 62 फीसदी मामले महाराष्ट्र, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, केरल और पंजाब से सामने आए। सचिव ने कहा कि कोविड-19 के नए मामलों में से 54 प्रतिशत मामले दिल्ली, पश्चिम बंगाल, केरल और महाराष्ट्र से सामने आए हैं।



प्रयागराज में मंगलवार को दीपावली त्योहार से पहले दुकानों से पटाखे खरीदते लोग

## क्विक न्यूज

### तोपसिया इलाके में लगी आग, 20 झुग्गियां खाक

**कोलकाता।** शहर के तोपसिया इलाके में मंगलवार दोपहर को लगी भीषण आग के कारण करीब 20 झुग्गियां पूरी तरह जल गईं। एक अग्निशमन अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोपहर करीब साढ़े तीन बजे आग लगी और कम से कम छह दमकल वाहनों को आग पर काबू करने के लिए भेजा गया। अधिकारी ने कहा, आग की घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। हमारे अधिकारी आग बुझाने में जुटे हुए हैं।

### ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे पर बस पलटी, 24 लोग घायल

**बागपत (उप्र)।** बागपत जिले में खेकड़ा के पास ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे पर हिमाचल प्रदेश से बरेली जा रही बस के मंगलवार सुबह अनियंत्रित होकर पलट जाने से 24 से अधिक यात्री घायल हो गए। पुलिस निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि यह हादसा ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे पर जिला खेल स्टेडियम के पास हुआ। उन्होंने बताया कि हादसे में घायल हुए सभी लोग श्रमिक हैं। वे दीपावली मनाने के लिए घरों को जा रहे थे। चार घायलों को मेरठ रेफर किया गया है। घटना के बाद बस चालक एवं खलासी फरार हो गए। उन्होंने बताया कि हादसे की जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी शकुंतला गौतम ने अस्पताल पहुंच कर मरीजों का हालचाल पूछा और अस्पताल कर्मियों को घायलों के उपचार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। घायलों में लखीमपुर खीरी के गांव कुटवा निवासी अंकित पटेल, रामविलास, सीतापुर के गांव शाहपुर लहरपुर निवासी अमित गुप्ता, बरेली निवासी पंकज, योगेश, कमलजीत, कुंवेश, पूजा, जीवन, नन्हे लाल, विवेक, अनमोल, अभिषेक, करण सिंह, आरती देवी, शिव चरण, संभल निवासी कविता, रिंकू और हरदोई निवासी सुरुचि एवं ज्ञानवती शामिल हैं।

### ममता बनर्जी ने राजनीतिक हिंसा पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 13वें नंदीग्राम दिवस के मौके पर दुनिया भर में राजनीतिक हिंसा में मारे गए लोगों को याद किया। मुख्यमंत्री ने पूर्व मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम में पूर्ववर्ती वाम मोर्चे की सरकार के दौरान हुई हत्याओं को नई सुबह के नाम पर नृशंस जनसंहार करार दिया। उन्होंने ट्वीट किया, आज नंदीग्राम दिवस है। नई सुबह के नाम पर जनसंहार की 13वीं बरसी। मैं दुनिया भर में राजनीतिक हिंसा में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। शांति की हमेशा जीत हो। नंदीग्राम में 2007 में बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व में किसानों ने तत्कालीन वाम मोर्चे की सरकार के प्रस्तावित विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन शुरू किया था। 14 मार्च, 2007 को नंदीग्राम में जमीन अधिग्रहण का विरोध करने वाले लोगों के ऊपर पुलिस ने गोलियां चलाई थीं, जिसमें 14 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं नवंबर, 2007 को नंदीग्राम में कई लोगों की मौत हुई थी। तृणमूल कांग्रेस 2012 से प्रत्येक साल 10 नवंबर को नंदीग्राम दिवस के रूप में मनाती है।

### भाजपा ने एक तथा भाजपा समर्थित एक निर्दलीय ने एक सीट जीती

**इम्फाल।** मणिपुर में सत्तारूढ़ भाजपा के ओ लुखोई सिंह ने बांगोई सीट पर जबकि इस पार्टी के समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार वाई अंतस खान ने लिलोंग सीट पर उपचुनाव जीता है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के पाओनाम ब्रोजेन सिंह और नगामथांग हाओकिप क्रमशः वांगजिंग टेन्था और सैतू सीटों पर क्रमशः आगे चल रहे हैं। ईसीआई की वेबसाइट के अनुसार, ओ लुखोई सिंह ने अपने प्रतिद्वंद्वी नेशनल पीपुल्स पार्टी के खुराइजम लोकेन सिंह को 257 मतों के अंतर से हराकर बांगोई सीट जीती है।

# नागपुर में 1873 से रह रहे हैं बाइडन के कुछ रिश्तेदार

भाषा। नागपुर

**अमेरिका** के निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन के दूरदराज के कुछ रिश्तेदार महाराष्ट्र के नागपुर शहर में 1873 से रह रहे हैं। जो बाइडन ने इनके बारे में 2013 और 2015 में कुछ मौकों पर जिक्र भी किया था। नागपुर में बाइडन के इन रिश्तेदारों में से कुछ ने मंगलवार को यह दावा किया।

बाइडन जब अमेरिका के उपराष्ट्रपति थे और 2013 में मुंबई आए थे तो उस वक्त उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा था कि उनके दूर दराज के कुछ रिश्तेदार भारत की वित्तीय राजधानी में रहते हैं। मुंबई में 2013 में एक कार्यक्रम में, और फिर वाशिंगटन में 2015 में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा था कि 1972 में सीनेटर बनने के बाद उन्हें भारत में अपने एक रिश्तेदार का पत्र मिला था और पता चला कि उनके परिवार के एक पूर्वज ईस्ट इंडिया कंपनी में काम करते थे। नागपुर के लेस्ली बाइडन ने यह पत्र लिखा था और उनके पड़पोते नागपुर में रहते हैं। पत्र में दावा किया गया कि उनका परिवार 1873 से ही यहां रह रहा है। लेस्ली की पड़पोती सोनिया बाइडन फ्रांसिस नागपुर में मनोचिकित्सक हैं।

उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा कि नागपुर और दूसरी जगहों पर रहने वाले बाइडन परिवार के लोग अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जो बाइडन की जीत से काफी खुश हैं। सोनिया ने कहा कि लेस्ली बाइडन नागपुर में रहते थे और वह भारत लॉज एंड हॉस्टल, और भारत कैफे के प्रबंधक थे। उनका 1983 में निधन हो गया। सोनिया ने कहा कि इलस्ट्रेटेड वीकली ऑफ इंडिया के 28 मार्च-चार अप्रैल 1981 के अंक को पढ़कर लेस्ली को तत्कालीन सीनेटर जो बाइडन के बारे पता चला। सोनिया ने कहा, 15 अप्रैल 1981 को लेस्ली ने जो बाइडन को एक पत्र लिखा। जो बाइडन ने 30 मई 1981 को इसका जवाब दिया जिसमें उन्होंने कहा कि भारत से आए पत्र को देखकर उन्हें काफी खुशी हुई और बाइडन की वंशावली के बारे में पूछा। सोनिया के बड़े भाई और मर्चेंट नेवी के पूर्व कर्मचारी इयान बाइडन (44) भी नागपुर में रहते हैं।

उन्होंने कहा कि लेस्ली और जो बाइडन ने पूर्वज जॉन बाइडन और उनकी पत्नी एनी बीमाउंट के बारे में सूचनाएं साझा की थी। बाइडन परिवार ने इन पत्रों को दिखाते हुए दावा किया कि ए पत्र व्यवहार लेस्ली और जो बाइडन के बीच हुए थे। क्या नागपुर में रहने वाले बाइडन परिवार के लोग जनवरी में जो बाइडन के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के समारोह में हिस्सा लेंगे, इस पर परिवार के लोगों ने कहा कि वे बाइडन को शुभकामनाएं देते हैं। सोनिया ने कहा, नागपुर, मुंबई, न्यूजीलैंड और अमेरिका में रहने वाले बाइडन (वंश) परिवार के लोग लेस्ली के पड़पोते लेस्ली डेविड बाइडन की शादी में जनवरी 2018 में इकट्ठा हुए थे। सोनिया ने कहा कि लेस्ली बाइडन के परिवार के लोग नागपुर, मुंबई, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में रहते हैं। नागपुर में लेस्ली की बहू एंजेलिना बाइडन भी रहती हैं। बंबई शेयर बाजार में 24 जुलाई 2013 को एक कार्यक्रम में जो बाइडन ने कहा था, भारत और यहां मुंबई आना सम्मान की बात है।

मुझे याद है कि जब मैं 1972 में अमेरिका में सीनेट के लिए निर्वाचित हुआ तो मुझे यहां से पत्र मिला था। मुझे अफसोस है कि मैंने आगे खोजखबर नहीं ली। बाइडन ने सात साल पहले मुंबई में कहा, श्रोताओं में से कुछ वंशावली विशेषज्ञ इस बारे में पता कर सकते हैं। मुंबई में बाइडन नाम के एक व्यक्ति का मुझे पत्र मिला था। वाशिंगटन में 2015 में अपने संबोधन में बाइडन ने दावा किया कि उनके एक पूर्वज जार्ज बाइडन ईस्ट इंडिया ट्रेडिंग कंपनी में कैप्टन थे और उन्होंने एक भारतीय महिला से शादी की थी।

# झारखंड में सत्ताधारी गठबंधन ने दोनों सीटें बरकरार रखीं

भाषा। दुमका, बोकारो

**झारखंड** में दो सीटों के लिए हुए उपचुनाव में सत्ताधारी गठबंधन ने बेरमो तथा दुमका दोनों ही विधानसभा सीटें बरकरार रखने में सफलता पाई है और जहां बेरमो में कांग्रेस के अनूप सिंह ने भाजपा के योगेश्वर महतो को चौदह हजार से अधिक मतों से पराजित किया वहीं दुमका में मुख्यमंत्री के छोटे भाई बसंत सोरेन ने ग्यारहवें चरण तक लगातार पिछड़ने के बाद भाजपा की लुईस मरांडी को लगभग साढ़े छह हजार मतों से पराजित किया।

दुमका की जिला निर्वाचन पदाधिकारी राजेश्वरी बी ने बताया कि यहां 18 दौर की मतगणना का कार्य पूरा हो गया है और झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी बसंत सोरेन ने भाजपा की प्रत्याशी लुईस मरांडी को 6512 मतों से पराजित कर दिया है। झामुमो ने यह सीट पार्टी के लिए बरकरार रखी है। दिसंबर में हुए विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यह सीट भाजपा की लुईस मरांडी को ही 13188 मतों से पराजित कर जीती थी। अर्थात इन चुनावों में झामुमो की जीत का अंतर लगभग आधा हो गया। यहां जहां झामुमो प्रत्याशी बसंत सोरेन को कुल 80190 मत प्राप्त हुए वहीं भाजपा की लुईस मरांडी को 73678 मत प्राप्त हुए। दूसरी ओर बोकारो जिले में बेरमो विधानसभा सीट के लिए हुए उपचुनाव में सत्ताधारी गठबंधन के कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने अपने पिता की विरासत बरकरार रखते हुए यहां से भाजपा के योगश्वर महतो बाटुल को 14249 मतों से पराजित कर दिया। बेरमो के जिला निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि बेरमो में पूरे 17 चक्र की मतगणना का कार्य पूर्ण हो गया है और इस सीट पर कांग्रेस के कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह को कुल 92402 मत मिले जबकि भाजपा के योगेश्वर महतो को 78153 मत प्राप्त हुए। दोनों ही सीटों पर भाजपा, कांग्रेस तथा झामुमो के उम्मीदवारों को छोड़कर सभी अन्य उम्मीदवारों की जमानतें जब्त हो गईं।

राज्य के संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी हीरालाल मंडल ने परिणाम की पुष्टि करते हुए बताया कि मतों का पूरा विवरण आधिकारिक तौर पर आने में कुछ वक्त लगेगा लेकिन दोनों सीटों के परिणाम आ गए हैं। इससे पूर्व जहां बेरमो में कांग्रेस ने शुरू से ही भाजपा के उम्मीदवार के खिलाफ अपनी बढ़त बना ली थी वहीं दुमका में झामुमो के प्रत्याशी ग्यारहवें दौर की मतगणना तक अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा की लुईस मरांडी से पीछे चल रहे थे लेकिन एक बार बारहवें दौर में जब उन्होंने मरांडी के खिलाफ बढ़त बनाई तो पीछे मुड़कर नहीं देखा तथा 6512 मतों से जीत दर्ज की। राज्य के संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी हीरालाल मंडल ने बताया कि कोविड-19 को देखते हुए दोनों सीटों पर मतगणना कर्मियों को सभी सावधानियां बरतने के निर्देश दिए गए थे।

# गैरसैंण में अब बनेगा उत्तराखंड सचिवालय भी

भाषा। गोपेश्वर

**उत्तराखंड** के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने मंगलवार को प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में 110 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले राज्य सचिवालय का शिलान्यास किया। इससे गैरसैंण में विधानसभा भवन के बाद अब सचिवालय भी जल्द ही बनेगा।

गैरसैंण को ग्रीष्मकालीन राजधानी घोषित करने के बाद वहां सोमवार को पहली बार आयोजित राज्य स्थापना दिवस समारोह में भाग लेने के बाद मुख्यमंत्री ने मंगलवार को कहा कि गैरसैंण के सुनियोजित विकास के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति बनाकर वह अल्पकालीन व दीर्घकालीन योजनाओं पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसमें विशेषज्ञों की राय भी ली जाएगी। इससे पहले वह भराडीसैंण के समीप स्थित दूधातोली में पेशावर कांड के नायक वीर चंद्र सिंह गढ़वाली समाधि स्थल पर हेलिकॉप्टर से पहुंचे तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

पहले मुख्यमंत्री को समाधिस्थल तक पैदल पहुंचना था लेकिन स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण वह हेलीकॉप्टर से पहुंचे। उन्होंने कहा, मुझे वीर चंद्र सिंह गढ़वाली जी के दूधातोली स्थित समाधि स्थल पर पैदल जाना था। परंतु स्वास्थ्य ठीक न होने की वजह से हेलीकाप्टर से जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। परंतु मुझे वहां पैदल जाना है। जल्द ही मैं वहां पैदल जाऊंगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने मंगलवार को सिलकोट टी एस्टेट का हवाई सर्वेक्षण भी किया। रावत ने कहा, हम ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण परिक्षेत्र में अगले 10 वर्ष में 25 हजार करोड़ रुपए खर्च करेंगे और यहां के विकास में निजी निवेशकों को भी शामिल करेंगे। इसके अलावा, मुख्यमंत्री रावत ने गैरसैंण में करीब 240 करोड़ रुपए के कुल 81 विकास कार्यों का भी लोकार्पण और शिलान्यास किया।

## पेज 1 का शेष

### मोदी के...

एक सीट जीती है और एक सीट पर बढ़त बनाए हुए। भाकपा माले ने नौ सीटें जीती हैं और तीन सीटों पर आगे चल रही है। असदुद्दीन ओवैसी की एमआईएमआईएम चार सीट जीत चुकी है और एक सीट पर आगे चल रही है जबकि बसपा एक सीट जीत चुकी है। एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार आगे चल रहा है। इस विधानसभा चुनाव में राजग से नाता तोड़कर अपने बूते पर मैदान में उतरी लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के हिस्से में सिर्फ एक सीट आई है। गौरतलब है कि पार्टी का कमान संभालने के बाद रामविलास पासवान के पुत्र चिराग पासवान से जद(यू) और नीतीश कुमार से विरोध जताते हुए अकेले दम पर चुनाव लड़ने का फैसला किया था। राजद नेता तेज प्रताप यादव ने हसनपुर सीट पर अपने निकटतम प्रतिद्वन्द्वी जदयू के राजकुमार राय को 21,139 मतों से पराजित किया। वहीं, हम प्रमुख जीतन राम मांझी ने इमामगंज सीट पर अपने निकटतम प्रतिद्वन्द्वी राजद के उदय नारायण चौधरी को 16,034 मतों से पराजित किया। वहीं वीआईपी पार्टी के नेता मुकेश सहनी अपने प्रतिद्वन्द्वी से पीछे चल रहे हैं। बहरहाल, बिहार की मुख्य विपक्षी पार्टी राजद के कद्दावर नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी और पार्टी प्रमुख लालू प्रसाद के विश्वासपात्र भोला यादव क्रमशः दरभंगा जिले के केवटी और हायाघाट सीटों पर अपने निकटतम भाजपा प्रतिद्वंद्वियों से हार गए हैं। सिद्दीकी केवटी सीट से भाजपा के मुरारी मोहन झा से 5,267 वोटों के अंतर से हारे। वहीं भोला यादव को हायाघाट विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के राम चंद्र प्रसाद ने 10,252 वोटों के अंतर से हराया। दरभंगा सदर सीट से भाजपा के निवर्तमान विधायक संजय सरावगी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी राजद के अमरनाथ गामी को करीब 10,639 मतों से पराजित किया। दरभंगा ग्रामीण सीट से राजद के ललित कुमार यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी जदयू के फ़राज़ फातमी को 2,141 मतों से पराजित किया। जिले के बहादुरपुर सीट से नीतीश कुमार के कैबिनेट में मंत्री और जदयू उम्मीदवार मदन सहनी ने अपने निकटतम राजद प्रतिद्वंद्वी आर के चौधरी को हराया। जिले के कुशेश्वरस्थान सीट से जदयू के शशिभूषण हजारी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अशोक कुमार 7,222 मतों से पराजित किया। दरभंगा के गौराबौडाम विधानसभा क्षेत्र से विकासशील इंसान पार्टी की स्वीटी सिंह ने राजद के अफजल अली खान को 7,280 मतों के अंतर से पराजित किया। जिले के अलीनगर विधानसभा क्षेत्र से विकासशील इंसान पार्टी के मिश्री लाल यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी राजद के बिनोद मिश्रा को 3,101 मतों के अंतर से पराजित किया। जिले के जाले निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा के मौजूदा विधायक जिबेश कुमार ने कांग्रेस के मशकूर अहमद उस्मानी को 21,796 मतों के अंतर से पराजित किया। विधानसभा अध्यक्ष विजय कुमार चौधरी ने सरायरंजन से अपने निकटतम प्रतिद्वन्द्वी को 4000 मतों के अंतर से पराजित किया। वाल्मिकीनगर लोकसभा सीट पर उपचुनाव में मतगणना के रुझान में जदयू उम्मीदवार सुनील कुमार अपने निकटतम प्रतिद्वन्द्वी कांग्रेस के प्रवेश कुमार मिश्रा से 22 हजार से अधिक मतों से आगे चल रहे हैं। बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रमंडल खेल में निशानेबाजी में स्वर्ण पदक विजेता श्रेयसी सिंह ने जमुई सीट पर भाजपा के टिकट पर जीत हासिल की। पहली बार चुनाव लड़ रही श्रेयसी ने यह सीट वर्तमान विधायक विजय प्रकाश से छीनी है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वन्द्वी प्रकाश को 41 हजार मतों से पराजित किया। मतगणना के रूझानों के अनुसार, सीमांचल क्षेत्र में औवैसी की पार्टी एआईएमआईएम का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। वहीं, चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी कोई सीट नहीं जीती लेकिन उसके कारण कई सीटों पर जदयू को नुकसान होता दिख रहा है।

### यूपी उपचुनाव...

पुत्र अजय प्रताप सिंह पिंटू निर्दल ही चुनाव मैदान में कूद पड़े थे। पिंटू को बीच चुनाव में ओमप्रकाश राजभर के दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने अपना समर्थन दे दिया था, पर बात नहीं बनी और सत्य प्रकाश मणि त्रिपाठी चुनाव जीत गये। बुलंदशहर सदर में बीजेपी की उषा सिरोही जीतीं। मार्च 2017 के विधानसभा चुनाव में वीरेन्द्र सिंह सिरोही भाजपा से बुलंदशहर सदर सीट से चुनाव जीते थे। भाजपा ने उनके निधन से रिक्त हुई इस सीट पर उनकी पत्नी उषा सिरोही टिकट दिया था। उषा सिरोही ने उपचुनाव जीत लिया। भाजपा प्रत्याशी के सामने मैदान में बसपा से हाजी यूनुस व कांग्रेस से सुशील चौधरी थे। सपा ने यह सीट राष्ट्रीय लोकदल को देकर इस उपचुनाव में रालोद प्रत्याशी को अपना समर्थन दिया था। रालोद से प्रवीण कुमार को चुनाव मैदान में उतारा गया था। उषा सिरोही को कुल 88645 मत मिले जबकि बसपा के मोहम्मद यूनुस को कुल 66941 मत मिले है। उषा सिरोही की जीत का अंतर 21702 मतों से है। कानपुर नगर की घाटमपुर से बीजेपी के उपेन्द्र पासवान जीते: घाटमपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव में भाजपा ने उपेन्द्र पासवान को चुनाव मैदान में उतारा था। यह सीट भाजपा की कैबिनेट मंत्री कमल रानी वरुण के निधन से रिक्त हुई थी। मार्च 2017 के चुनाव में कमल रानी वरुण ने बसपा की सरोज कुरील को हरा करके विधानसभा चुनाव जीता था। इस उपचुनाव में भाजपा के उपेन्द्र पासवान को सपा के इंद्रजीत कोरी, बसपा के कुलदीप शंखवार और कांग्रेस के डॉ. कृपाशंकर चुनौती दे रहे थे। उपेंद्र को कुल 60405 मत मिले जबकि कृपा शंकर को 36585 मत मिले है। उपेंद्र का जीत का अंतर 23820 मतों का है। उन्नाव की बांगरमऊ से बीजेपी के श्रीकांत कटियार जीते : भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दुष्कर्म के मामले में सुप्रीम कोर्ट से सजा होने के बाद सेंगर की विधानसभा सदस्यता छिन गई थी। इस नाते रिक्त हुई इस सीट पर भाजपा ने श्रीकांत कटियार को चुनाव मैदान में उतारा था। उन्नाव की बांगरमऊ विधानसभा सीट पर सपा से सुरेश पाल, बसपा से महेश पाल और कांग्रेस से आरती बाजपेयी चुनाव लड़ रही थीं। मार्च 2017 में भाजपा के कुलदीप सिंह सेंगर ने इस सीट पर तब सपा के बदलू खान को रिकार्ड वोटों से हराकर सीट जीती थी। इस उप चुनाव में श्रीकांत को 71381 मत मिले और आरती बाजपेयी को 39983 मत मिले हैं। श्रीकांत के जीत का अंतर 31398 मतों का है। फिरोजाबाद की टूंडला से बीजेपी के प्रेमपाल सिंह जीते: तीन लाख 60 हजार 537 मतदाताओं वाली टूंडला विधानसभा सीट पर भाजपा के प्रेमपाल सिंह धनगर उपचुनाव जीते हैं। प्रेमपाल के सामने चुनाव मैदान में सपा से महाराज सिंह धनगर और बसपा से संजीव चक थे। कांग्रेस प्रत्याशी का पर्चा इस उपचुनाव में खारिज हो गया था। इस सीट पर मार्च 2017 में भाजपा के एसपी सिंह बघेल चुनाव जीते थे। सन 2019 के लोकसभा चुनाव में बघेल चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंच गए और विधानसभा सीट रिक्त हो गई थी। उप चुनाव में प्रेमपाल को 72950 मत मिले और सपा के महाराज सिंह को 55267 मत मिले हैं। प्रेमपाल सिंह के जीत का अंतर 17683 है। अमरोहा की नौगांवा सादात से बीजेपी की संगीता चौहान जीतीं: भाजपा के कैबिनेट मंत्री चेतन चौहान के निधन की वजह से नौगांवा सादात विधानसभा सीट रिक्त हो गई थी। इस सीट के उपचुनाव में भाजपा ने दिवंगत चेतन चौहान की पत्नी संगीता चौहान को प्रत्याशी बनाया था। उनके सामने कांग्रेस से डॉ. कमलेश सिंह, सपा से जावेद आब्दी और फुरकान अहमद चुनाव मैदान में थे। भाजपा की संगीता चौहान को सपा के जावेद आब्दी ने काफी तगड़ी टक्कर दी। यहां पर मुकाबले में संगीता चौहान जीत गईं। संगीता को 86692 मत मिले और जावेद अब्बास को 71615 मत मिले। संगीता का जीत का अंतर 15077 मतों का है। जौनपुर की मल्हनी से सपा के लकी यादव जीते: मार्च 2017 में सपा के पारसनाथ यादव ने निर्दलीय धनन्जय सिंह को हरा करके मल्हनी विधानसभा सीट का चुनाव जीता था। पारसनाथ यादव के निधन के कारण यह सीट रिक्त हो गई थी। इस सीट पर सपा ने उनके पुत्र लकी यादव को चुनाव मैदान में उतारा था। भाजपा से मनोज सिंह, बसपा से जय प्रकाश दुबे और कांग्रेस से डॉ. राकेश मिश्र चुनाव मैदान में थे। पूर्व विधायक धनन्जय सिंह इस उपचुनाव में भी बतौर निर्दलीय उतरे। उन्होंने टक्कर दी पर लकी यादव साइकिल दौड़ते हुए उपचुनाव में सबसे आगे निकल गए। लकी यादव ने उपचुनाव में धनन्जय सिंह को हरा दिया। लकी यादव को 73468 और धनंजय सिंह को 68836 मत मिले हैं। लकी यादव की जीत का अंतर 4632 है।

### योगी बोले...

देश के अंदर जो प्रदर्शन किया है, इसके लिए पीएम, राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूरी टीम का अभिनंदन करता हूं। पार्टी मुख्यालय पर मीडिया से बात करते हुए योगी ने कहा कि भाजपा ने 2017 राज्य विधानसभा उपचुनावों में अपने परिणाम को एक बार फिर से दोहराया है। 2019 लोकसभा चुनावों में तमाम चुनौतियों के बावजूद भाजपा ने अच्छा प्रदर्शन किया था। इस उपचुनाव से भाजपा ने यह संकेत दिए है कि आगामी चुनावों में भी वो अच्छा प्रदर्शन करेंगे। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने कहाकि उत्तर प्रदेश में केंद्र और योगी सरकार की जन हितैषी नीतियों के कारण भाजपा जनता की पसंद बनी।

### लखनऊ सहित...

पुलिस आयुक्त लखनऊ एवं गौतमबुद्धनगर, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उप महानिरीक्षक परिक्षेत्र, जिला मजिस्ट्रेट, जनपदीय पुलिस उपमहानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व पुलिस अधीक्षक को आवश्यक निर्देश जारी करते हुए एनजीटी के आदेश का अनुपालन किए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव राजेंद्र तिवारी की ओर से जारी किए गए शासनादेश के अनुसार न्यायालय द्वारा प्रदेश के जिन जनपदों के एयर क्वालिटी इन्डेक्स का उल्लेख किया गया है उनमें क्रमश: मुजफ्फरनगर (खराब), आगरा, वाराणसी, मेरठ व हापुड़ (बहुत खराब) तथा गाजियाबाद, कानपुर, लखनऊ, मुरादाबाद, नोएडा व ग्रेटर नोएडा, बागपत तथा बुलन्दशहर को (गंभीर) का नाम है। उल्लिखित स्थानों पर एनजीटी के आदेश का पालन करते हुए इन जनपदों में दीपावली को मनाने के लिए डिजिटल-लेजर आदि की नई तकनीक का प्रयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। शासन द्वारा जारी निदेशों में यह भी कहा गया है कि जिन जनपदों में एक्यूआई माडरेट या उससे बेहतर है, केवल ग्रीन क्रेकर्स बेचे जाएं। एनजीटी न्यायालय के वर्तमान एवं पूर्व के निर्देशों का पालन करते हुए इनको बेचा-प्रयोग किया जाएगा। इन जनपदों में दीपावली को मनाने के लिए ग्रीन क्रैकर्स व डिजिटल-लेजर आदि की नई तकनीकी के प्रयोग को आम जन में प्रोत्साहित किया जाए।

### महागठबंधन के...

चुनावों में कांग्रेस 42 सीटों पर चुनाव लड़ी थी और उसके साथ गठबंधन में राजद तथा जदयू भी शामिल थे। इस चुनाव में उसे 25 सीटों पर जीत मिली थी। अधिकांश सीटों पर कांग्रेस भाजपा के खिलाफ लड़ी थी और पीछे चल रही है। इस तरह 22 सीटों पर जहां जदयू का सामना कांग्रेस उम्मीदवारों से है, वहां पर वह 15-16 में आगे चल रही है। राहुल गांधी बिहार में विस्तृत चुनाव अभियान चलाया था लेकिन सांगठनिक अभाव तथा टिकट बांटने में अनियमितता की शिकायतों के चलते लगता है कि उसकी राह मुश्किल हो गई। 144 सीटों पर प्रत्याशी उतारने वाली राजद 74 सीटों पर आगे चल रही है और पार्टी का स्ट्राइक रेट 54 फीसदी है। 29 सीटों पर चुनाव लड़ रहे वाम दल 19 पर आगे चल रहे हैं और उनका स्ट्राइक रेट कांग्रेस और राजद से बेहतर है। कांग्रेस और सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए राजद पर दबाव बना रही थी लेकिन तेजस्वी ने उसे 70 सीटों तथा राजद के लिए 144 सीटें चुनी। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि यदि तेजस्वी कांग्रेस की मांग पर झुके न होते तो विपक्षी गठबंधन कही बेहतर स्थिति में होता।शुरुआती बातचीत में राजद कांग्रेस को ज्यादा से ज्यादा 48 सीटें ही देने को राजी था लेकिन कांग्रेस ने उसे और सीटें देने को मजबूर किया तथा सीटों का बंटवारा तभी हो सका जब राजद संरक्षक लालू प्रसाद यादव ने इसमें हस्तक्षेप किया। 2019 लोकसभा चुनावों में भी राजद-कांग्रेस गठबंधन फ्लॉप हो गया था और एनडीए ने सूपड़ा साफ कर दिया था। उसके हिस्से में 40 में से 39 सीटें आईं थी तथा कांग्रेस को एक लोकसभा सीट मिली थी जबकि राजद की झोली खाली रह गई थी। मोदी युग में कांग्रेस अपने गठबंधन के लिए सहयोगियों के बोझ बन गई है तथा एक बाद दूसरी पार्टी से उसे छोड़ रही है। तमिलनाडु में द्रमुक ने 2016 विधानसभा चुनावों में अपने प्रदर्शन के लिए कांग्रेस के खराब स्ट्राइक रेट को जिम्मेदार ठहराया था। यहां पर कांग्रेस 41 सीटों पर लड़ी थी जिसमें से वह आठ ही जीत सकी थी। इसी तरह 2017 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में कांग्रेस 105 में सात सीटें ही जीत सकी। तकरीबन सभी राज्यों में जहां क्षेत्रीय पार्टी ने कांग्रेस के साथ गठबंधन किया उसकी जीत उम्मीद कम हो गई।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 11 नवंबर , 2020



## भारत में न्यूजीलैंड क्रिकेट के प्रसारण अधिकार अमेजन प्राइम वीडियो को

**मुंबई।** अमेजन प्राइम वीडियो ने भारत में खेलो के सीधे प्रसारण के क्षेत्र मे पदार्पण करते हुए 2025-26 तक होने वाले न्यूजीलैंड के तमाम क्रिकेट मैचों के भारत में प्रसारण अधिकार हासिल कर लिए है। इसके साथ ही अमेजन प्राइम वीडियो किसी बड़े क्रिकेट बोर्ड से क्रिकेट के सीधे प्रसारण के अधिकार हासिल करने वाली भारत की पहली स्ट्रीमिंग सेवा बन गई। इस करार के तहत न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड 2021 से पुरूष , महिला क्रिकेट (वनडे, टी20 और टेस्ट) मैचों के स्ट्रीमिंग के अधिकार अमेजन प्राइम वीडियो को देगा। इसमें भारतीय टीम का 2022 का दौरा भी शामिल है।

## अगले साल की शुरूआत में हो सकते हैं ओलंपिक टेस्ट टूर्नामेंट

**तोक्यो।** पिछले सप्ताह हुई जिम्नास्टिक स्पर्धा से उत्साहित तोक्यो ओलंपिक के आयोजको ने मंगलवार को कहा कि वे ओलंपिक टेस्ट टूर्नामेंट अगले साल की शुरूआत में कराने को तैयार है। रविवार को हुई जिम्नास्टिक स्पर्धा में 22 रूसी , चीनी और अमेरिकी खिलाड़ियों ने भाग लिया था। कई हजार दर्शक भी इसे देखने के लिए मौजूद थे।

## बांग्लादेश के टेस्ट कप्तान मोमीनुल पॉजिटिव

**ढाका।** बांग्लादेश के टेस्ट कप्तान मोमीनुल हक कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए है और घर मे पृथक्वास से गुजर रहे है। यहां रिपोर्ट मे यह दावा किया गया है।इससे पहले बांग्लादेश के एक अन्य सीनियर क्रिकेटर महमूदुल्लाह रियाद भी कोरोना वायरस संक्रमित पाए गए थे जिसके कारण वह पाकिस्तान सुपर लीग प्ले आफ से भी बाहर हो गए। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के मुख्य फिजिशियन डॉ. देवाशीष चौधरी ने स्थानीय समाचार वेबसाइट साराबांग्ला को हक के पॉजिटिव नतीजे की पुष्टि की है।

## पाकिस्तान ने टी20श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान ने मंगलवार को यहां एल्टन चिगुम्बुरा के विदाई अंतरराष्ट्रीय मैच मे जिम्बाब्वे को आठ विकेट से हराकर ट्वेंटी20 श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। चिगुम्बुरा (34 वर्ष) जब अंतिम बार बल्लेबाजी के लिए उतरे तो उन्हे पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। हालांकि जिम्बाब्वे का यह अनुभवी बल्लेबाज केवल चार गेंद ही खेल सका और दो रन बनाकर आउट हो गया। जिम्बाब्वे ने नौ विकेट गंवाकर 129 रन का स्कोर बनाया।

## बाबर आजम सभी प्रारूपों में पाक टीम के कप्तान

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने न्यूजीलैंड के आगामी दौरे से पहले मंगलवार को अनुभवी खिलाड़ी अजहर अली को टेस्ट टीम की कप्तानी से हटाकर सफेद गेंद की टीम के कप्तान बाबर आजम को जिम्मेदारी सौंप दी। पीसीबी ने बयान में इसकी जानकारी दी।

# मुंबई पांचवीं बार बना आईपीएल चैंपियन

## दिल्ली कैपिटल्स को फाइनल में 5 विकेट से हराया

**भाषा। दुबई**




ट्रेंट बोल्ट की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन और रोहित शर्मा की कप्तानी पारी से मुंबई इंडियन्स ने अपनी बादशाहत बरकरार रखते हुए दिल्ली कैपिटल्स को मंगलवार को यहां पांच विकेट से हराकर पांचवीं बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का खिताब जीता। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी दिल्ली की टीम सात विकेट पर 156 रन ही बना पाई। मुंबई ने 18.4 ओवर में पांच विकेट पर 157 रन बनाकर पिछले आठ साल में पांचवीं बार खिताब जीता। रोहित ने 50 गेंदों पर 68 रन बनाए जिसमें पांच चौके और चार छक्के शामिल हैं। इशान किशन (19 गेंदों पर नाबाद 33 रन, तीन चौके, एक छक्का) ने फिर से अपना प्रभाव छोड़ा। मुंबई पहली बार 2013 में चैंपियन बना था। इसके बाद उसने 2015, 2017 और 2019 में भी खिताब जीता। इस तरह से यह पहला अवसर है जबकि वह अपने खिताब का बचाव करने में सफल रहा। इससे पहले केवल चेन्नई सुपरकिंग्स (2010 और 2011) ऐसा करने में सफल रहा था। मुंबई दो बार चैंपियन्स लीग का चैंपियन भी रहा है। दिल्ली की टीम पहली बार फाइनल में पहुंची थी और उसका यह आईपीएल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। दिल्ली का स्कोर एक समय तीन विकेट पर 22 रन था लेकिन इसके बाद अय्यर (50 गेंदों पर नाबाद 65 रन, छह चौके, दो छक्के) और पंत (38 गेंदों पर 56 रन, चार चौके, दो छक्के) ने चौथे विकेट के लिए 96 रन जोड़कर स्थिति संभाली। बोल्ट ने 30 रन देकर तीन और नाथन कूल्टर नाइल ने 29 रन देकर दो विकेट लिए। दिल्ली ने अंतिम तीन ओवरों में केवल 20 रन बनाए। मुंबई ने इस सत्र में चौथी बार दिल्ली पर आसान जीत दर्ज की। उसने गेंदबाजी के बाद बल्लेबाजी में भी आक्रामक शुरुआत की। रोहित ने रविचंद्रन अश्विन का छक्के से स्वागत किया तो कैगिसो रबाडा के पहले ओवर में 18 रन बने जिसमें क्विंटन डिकॉक (12 गेंदों पर 20 रन) के दो चौके और एक छक्का शामिल है। रोहित ने एनरिक नोर्जे पर चौका और छक्का लगाया तो अय्यर ने पांचवां ओवर मार्कस स्टोइनिस को सौंपा जिन्होंने पहली गेंद पर ही डिकॉक को विकेट के पीछे कैच करा दिया। सूर्यकुमार यादव ने हालांकि अपनी पहली दो गेंदों पर 10 रन बटोरकर दिल्ली को जश्न नहीं मनाने दिया। मुंबई ने पावरप्ले में एक विकेट पर 61 रन बनाए। जब अक्षर पटेल (चार ओवर में 16 रन) बल्लेबाजों पर अंकुश लगा रहे थे तब रोहित ने लेग स्पिनर प्रवीण दुबे पर लांग ऑफ और लांग ऑन पर छक्के लगाकर चुप्पी तोड़ी लेकिन सूर्यकुमार (20 गेंदों पर 19) ने अपने कप्तान का विकेट बचाए रखने के लिए खुद को रन आउट करवाया। रोहित ने इसके बाद रबाडा पर चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। नए बल्लेबाज इशान किशन ने स्टोइनिस पर छक्का लगाकर स्वच्छंद शॉट लगाने के अपने कौशल का अच्छा नमूना पेश किया। रोहित की पारी का अंत सबस्टिट्यूट ललित यादव ने बेहतरीन कैच लेकर किया लेकिन तब मुंबई को 22 गेंदों पर केवल 20 रन चाहिए थे। कीरोन पोलार्ड (नौ) और हार्दिक पंड्या (तीन) लेकिन इससे परिणाम पर कोई असर नहीं पड़ा। इससे पहले दिल्ली का पहले बल्लेबाजी का फैसला उस पर भारी पड़ता दिखा। पिच से उछाल मिल रही थी और दिल्ली के बल्लेबाज शुरू में उससे सामंजस्य नहीं बिठा पाए। उसने पहले चार ओवर में ही स्टोइनिस, अजिंक्य रहाणे और शिखर धवन के विकेट गंवा दिए थे। बोल्ट पिछले मैच में चोटिल हो गए थे लेकिन पूरी तरह से फिट होकर नई गेंद संभाली और पहली गेंद पर ही स्टोइनिस को विकेटकीपर क्विंटन डिकॉक के हाथों कैच कराकर दिल्ली के दांव का दम निकाल दिया। इसके बाद उन्होंने नए बल्लेबाज रहाणे (दो) को भी विकेट के पीछे कैच कराया जबकि राहुल चाहर की जगह टीम में लिए गए जयंत यादव (25 रन देकर एक) ने धवन (15) को बोल्ड करके अपने चयन को सही साबित किया।

### स्कोरबोर्ड

**दिल्ली कैपिटल्स :** स्टोइनिस का डिकॉक बो बोल्ट 00, धवन बो जयंत यादव 15, रहाणे का डिकॉक बो बोल्ट 02,अय्यर नाबाद 65 , पंत का हार्दिक बो कूल्टर नाइल 56, हेटमायर का कूल्टर नाइल बो बोल्ट 05, पटेल का सब.अनुकूल रॉय बो कूल्टर नाइल 09,रबाडा रन आउट 00,**अतिरिक्त** (लेग बाई 01, वाइड 03) 04,**कुल** (20 ओवर में, सात विकेट पर) 156,**विकेट पतन** :1-0, 2-16, 3-22, 4-118, 5-137, 6-149, 7-156,**गेंदबाजी:**बोल्ट 4-0-30-3,बुमराह 4-0-28-0,यादव 4-0-25-1, नाइल 4-0-29-2,पंड्या 3-0-30-0, पोलार्ड 1-0-13-0

**मुंबई इंडियंस :** रोहित का सब (ललित यादव) बो नोर्जे 68, डि कॉक का पंत बो स्टोइनिस 20,सूर्यकुमार रन आउट 19,किशन नाबाद 33,पोलार्ड बो रबाडा 09, पंड्या का रहाणे बो नोर्जे 03,कृणाल नाबाद 01 ,**अतिरिक्त** : 04,**कुल योग** : 18.4 ओवर में पांच विकेट पर 157 रन,**विकेट पतन** :1-45, 2-90, 3-137, 4-147, 5-156,**गेंदबाजी** : अश्विन 4-0-28-0, रबाडा 3-0-32-1,नोर्जे 2.4-0-25-2,स्टोइनिस 2-0-23-1, पटेल 4-0-16-0, दुबे 3-0-29-1

## पंजाब के 21 में राहुल-कुंबले की जोड़ी के साथ रहने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** किंग्स इलेवन पंजाब के 2020 इंडियन प्रीमियर लीग में छठे स्थान पर रहने के बावजूद कप्तान के एल राहुल और कोच अनिल कुंबले के साथ बरकरार रहने की संभावना है। टीम के एक सूत्र ने कहा कि मालिक राहुल और कुंबले को 2021 सत्र में भी बरकरार रखना चाहते हैं जिसका आयोजन छह से कम महीने में होगा। इस सत्र में पहली बार टीम की कप्तानी करने वाले राहुल ने 55.83 के औसत से 670 रन बनाकर बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया। फ्रेंचाइजी के साथ कुंबले का पहला सत्र था। पंजाब की टीम कभी भी संतुलित इकाई नहीं रही थी लेकिन उसे आखिरकार खिलाड़ियों का कोर ग्रुप मिल गया है जिसके साथ वह एक टीम बना सकता है। इस ग्रुप में राहुल, मयंक, निकोलस, शमी, क्रिस गेल और युवा जैसे बिश्नोई और अर्शदीप सिंह शामिल हैं। प्रबंधन मध्यक्रम में कुछ कमियों को दूर करना चाहता है और गेंदबाजी में भी जो कई वर्षों से उसके लिए परेशानी का कारण रहा है।

# बीसीसीआई ने राष्ट्रीय चयनकर्ताओं के लिए आवेदन आमंत्रित किए




**अंतिम समय सीमा 15 नवंबर**

**भाषा। नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सीनियर पुरुष चयन समिति में अपना कार्यकाल पूरा करने वाले तीन चयनकर्ताओं की जगह नए चयनकर्ताओं की नियुक्ति के लिए मंगलवार को आवेदन आमंत्रित किए। आवेदन भेजने की समय सीमा रविवार 15 नवंबर है। चयनकर्ता पद के लिए आवेदन करने की अधिकतम आयु सीमा 60 साल और न्यूनतम पात्रता 30 प्रथम श्रेणी मैच है। हालांकि अंतरराष्ट्रीय अनुभव (सात टेस्ट या 10 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय और 20 प्रथम श्रेणी मैचों का संयोजन) वाले आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी। जिन तीन चयनकर्ताओं का कार्यकाल पूरा हो गया है वे देवांग गांधी (पूर्व क्षेत्र), सरनदीप सिंह (उत्तर क्षेत्र) और जतिन परांजपे (पश्चिम क्षेत्र) हैं। बीसीसीआई ने आधिकारिक रूप से क्षेत्रीय नीति को खत्म कर दिया है लेकिन परंपरा रही है कि समान क्षेत्र का व्यक्ति अपने क्षेत्र के व्यक्ति की जगह लेता है। हाल में सुनील जोशी (दक्षिण क्षेत्र) ने एमएसके प्रसाद की जगह ली थी जो पिछली चयन समिति के अध्यक्ष थे। इसी तरह राजस्थान के गगन खोड़ा की जगह इसी साल फरवरी में रेलवे के हरविंदर सिंह को मध्य क्षेत्र से चयनकर्ता बनाया गया था। उम्मीद है कि पिछले चरण के आवेदकों के आवेदन वैध रहेंगे जिसमें मुंबई के अजित अगरकर और दिल्ली के मनिंदर सिंह शामिल हैं।

### भारत–आस्ट्रेलिया दिन रात के टेस्ट में होंगे 27 हजार दर्शक

**सिडनी।** क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने मंगलवार को घोषणा की कि भारत के खिलाफ 17 दिसंबर से एडीलेड ओवल पर होने वाले पहले दिन रात के टेस्ट मे 27000 दर्शक होगे जो स्टेडियम की क्षमता का 50 फीसदी है। कोरोना वायरस महामारी के बीच क्रिकेट मैच जैव सुरक्षित माहौल मे दर्शको के बिना खेले जा रहे है। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच श्रृंखला मे हालांकि दर्शक होगे। भारतीय टीम आस्ट्रेलिया मे तीन वनडे, तीन टी20 और चार टेस्ट खेलेगी। दौरे की शुरुआत 27 नवंबर को सिडनी मे पहले वनडे से होगी। टेस्ट श्रृंखला 17 दिसंबर से एडीलेड मे खेली जाएगी। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू के अनुसार , एडीलेड ओवल पर दर्शक क्षमता के 50 प्रतिशत टिकट बेचे जाएंगे यानी हर दिन के लिए 27000 टिकट उपलब्ध होगे। भारतीय कप्तान विराट कोहली सिर्फ एडीलेड टेस्ट ही खेलेंगे। इसके बाद वह लौट आएंगे क्योकि जनवरी मे उनके घर नन्हा मेहमान आने वाला है। बाक्सिंग डे टेस्ट 26 से 30 नवंबर तक मेलबर्न मे खेला जाएगा जिसमे कुल क्षमता के 25 प्रतिशत टिकट ही बेचे जाएंगे।वही ब्रिसबेन मे चौथे टेस्ट मे 75 प्रतिशत यानी 30000 टिकट बेचे जाएंगे। दूसरा टेस्ट सिडनी मे होगा जहां भी 50 प्रतिशत यानी 23000 तक ही टिकट बेचे जा सकेंगे।

## कोहली का सभी टेस्ट नहीं खेलना तय था लेकिन यह रोमांचक श्रृंखला होगी : हॉकली

**मेलबर्न।** क्रिकेट आस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी निक हॉकली जनवरी में पिता बनने जा रहे विराट कोहली के तीन टेस्ट मैचों से बाहर रहने के फैसले से हैरान नहीं है लेकिन उन्होंने इस बात पर तसल्ली जताई कि यह स्टार खिलाड़ी बाकी प्रारूपों में सारे मैच खेलेगा। कोहली और उनकी अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा जनवरी में माता पिता बनने जा रहे हैं। बीसीसीआई ने कोहली को पितृत्व अवकाश दे दिया है और वह 17 दिसंबर से शुरू हो रहे पहले टेस्ट के बाद भारत लौट जाएंगे। सीए के अंतरिम मुख्य कार्यकारी हॉकली ने कहा कि कोहली का टेस्ट श्रृंखला से बाहर रहना लगभग तय था लेकिन उन्हें खुशी है कि वह तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेल सकेंगे। जब से उन्होंने पिता बनने की घोषणा की, तभी से यह संभावना जताई जा रही थी। हमें खुशी है कि विराट तीन वनडे, तीन टी20 और पहला टेस्ट खेलेंगे। हमें इसका सम्मान करना चाहिए कि वह अपने पहले बच्चे के जन्म के समय पत्नी के साथ रहना चाहते हैं।

## मैंने खिलाड़ियों से कहा, 20 अच्छे ओवर करो जीत हमें मिलेगी : मंधाना



**शारजाह।** स्मृति मंधाना को पता था कि बल्लेबाजी के लिए मुश्किल विकेट पर 118 रन का बचाव किया जा सकता है और इसलिए ट्रेलब्लेजर्स की कप्तान का सुपरनोवाज के खिलाफ महिला टी20 चैलेंज फाइनल में अपनी खिलाड़ियों के लिए स्पष्ट संदेश था कि 20 अच्छे ओवर करने पर वे चैंपियन बन सकते हैं। मंधाना ने मैच के बाद कहा, मेरा विकेट महत्वपूर्ण था क्योंकि इस पिच पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं था और जो भी बल्लेबाज टिका हो उसे कम से कम 18वें ओवर तक तो खेलना चाहिए था। अगर मैं आखिर तक बल्लेबाजी करती तो हम 145 रन तक पहुंच सकते थे जो बहुत अच्छा स्कोर होता। इस विकेट पर 118 रन भी चुनौतीपूर्ण स्कोर था। मैंने लड़कियों से केवल यही कहा कि हमारे पास ए अंतिम 20 ओवर हैं और हमें नहीं पता कि फिर कब खेलने का मौका मिलेगा। अगर हम 20 अच्छे ओवर करते हैं तो हम जीत जाएंगे। पहली गेंद से मुझे विश्वास था कि हम ऐसा कर सकती हैं।

### हरमनप्रीत ने हार के लिए बल्लेबाजों को दोषी ठहराया



**शारजाह।** सुपरनोवाज की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने महिला टी20 चैलेंज के फाइनल में ट्रेलब्लेजर्स से मिली हार के लिए साझेदारी नहीं बनने को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि लक्ष्य इतना बड़ा नहीं था कि इसे हासिल नहीं किया जा सकता था। हरमनप्रीत चोट के बावजूद क्रीज पर डटी रहीं और 30 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। लेकिन अपनी टीम को जीत तक नहीं पहुंचा सकी। उन्होंने कहा, चोट इतनी ज्यादा खराब नहीं है लेकिन इस मैच से हमने काफी कुछ सीखा। इस लक्ष्य को हासिल करना इतना मुश्किल नहीं था, लेकिन हम कोई बड़ी साझेदारी नहीं बना सके। आपको कम से कम दो अच्छी भागीदारियां चाहिए थीं। यह बहुत मुश्किल हो गया क्योंकि मुझे क्षेत्ररक्षण करते हुए चोट लग गई। मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया लेकिन अंत में यह काफी नहीं था।

## फ्यूचर की रिलायंस सौदे में हस्तक्षेप नही करने की याचिका पर अदालत ने अमेजन से जवाब मांगा




**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने किशोर बियानी की अगुवाई वाली फ्यूचर रिटेल लि. (एफआरएल) की रिलायंस सौदे में हस्तक्षेप नहीं करने की याचिका पर अमेजन से जवाब मांगा है। फ्यूचर रिटेल ने आरोप लगाया है कि ई–कॉमर्स क्षेत्र की कंपनी सिंगापुर के अंतराष्ट्रीय पंचाट के एक अंतरिम आदेश के आधार पर 24,713 करोड़ रुपए के इस सौदे में कथित तौर पर हस्तक्षेप कर रही है। न्यायमूर्ति मुक्ता गुप्ता ने एफआरएल की याचिका पर अमेजन, फ्यूचर कूपंस प्राइवेट लि. (एफसीपीएल) तथा रिलायंस रिटेल लि. को समन जारी कर 30 दिन के अंदर अपना लिखित जवाब देने को कहा है। अदालत ने यह भी कहा कि अमेजन ने इस मुकदमे के आधार पर सवाल उठाए हैं। इस मामले को खुला रखा जाएगा। अदालत ने दिनभर चली सुनवाई के दौरान एफआरएल, रिलायंस और अमेजन की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश दिया है। अमेजन की ओर से दलीलें बुधवार को भी जारी रहेंगी। सिंगापुर के अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र (एसआईएसी) ने 25 अक्टूबर को पारित अंतरिम आदेश में एफआरएल के अपनी संपत्तियों की बिक्री पर रोक लगा दी थी।

## महामारी के दौरान ब्रिटेन की कंपनियों ने भारत में 14 करोड़ पाउंड का निवेश किया : रिपोर्ट

**लंदन।** भारत सरकार द्वारा श्रम कानूनों में संशोधन, लाइसेंस आवदेनों को मंजूरी के लिए एकल खिड़की सुविधा तथा अन्य प्रोत्साहनों की वजह से कोरोना वायरस महामारी के दौरान भी ब्रिटेन की कंपनियों ने भारत में जमकर निवेश किया है। इसी सप्ताह जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दीगई है। कनफेडरेशन ऑफ बिजनेस इंडस्ट्री (सीबआई) तथा ईवाई की स्टर्लिंग एक्सेस रिपोर्ट में कहा गया है कि कोविड–19 की वजह से पैदा हुई अड़चनों के बावजूद अप्रैल से जून के दौरान ब्रिटेन की कंपनियों ने भारत में 14 करोड़ पाउंड का निवेश किया है। रिपोर्ट के अनुसार, मार्च, 2020 तक ब्रिटेन और भारत का व्यापार 24 अरब पाउंड पर पहुंच गया। एक साल में इसमें करीब 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## निर्यात में दिखे सुधार के संकेत, नवबर के पहले सपताह में 22.47 प्रतिशत की वृद्धिः अधिकारी

**नई दिल्ली।** देश के निर्यात कारोबार में सुधार आने के संकेत दिखने लगे हैं। नवंबर के पहले सप्ताह में 6.75 अरब डालर का निर्यात किया गया जो कि सालाना आधार पर 22.47 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाता है। इसमें औषधि, रत्न एवं आभूषण और इजीनियरिंग क्षेत्र का मजबूत योगदान रहा। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह कहा। एक साल पहले नवंबर के पहले सप्ताह में 5.51 अरब डालर का निर्यात किया गया था। इस लिहाज से इस साल नवंबर में इसमें 1.25 अरब डालर की वृद्धि दर्ज की गई है। प्रतिशत में यह आंकड़ा 22.47 प्रतिशत रहा है। अधिकारी ने बताया कि। से 7 नवंबर 2020 के दौरान आयात 13.64 प्रतिशत बढ़कर 9.30 अरब डालर रहा जो कि एक साल पहले इसी अवधि में 8.19 अरब डालर रहा था। आयात में पेट्रोलियम को छोड़कर अन्य सामानों का आयात 23.37 प्रतिशत बढ़ा है।

# सेंसेक्स पहली बार 43,000 अंक के पार

## टीके को लेकर सकारात्मक खबरों से बाजार में उछाल







**भाषा। मुंबई**

शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला मंगलवार को लगातार सातवें कारोबारी सत्र में जारी रहा।
कोविड–19 के टीके के विकास में फाइजर की सफलता की खबरों के साथ वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच सेंसेक्स 680 अंक की एक और लंबी छलांग के साथ अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों के शेयरों में लाभ से भी बाजार धारणा मजबूत हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 680.22 अंक या 1.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ 43,277.65 अंक पर बंद हुआ। यह पहला मौका है जबकि सेंसेक्स 43,000 अंक के पार बंद हुआ है। दिन में कारोबार के दौरान सेंसेक्स 43,316.44 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 170.05 अंक या 1.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 12,631.10 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान निफ्टी 12,643.90 अंक की ऊंचाई तक गया। सेंसेक्स और निफ्टी लगातार दूसरे कारोबार सत्र में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचे हैं। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस का शेयर सबसे अधिक 8.84 प्रतिशत चढ़ गया। इंडसइंड बैंक, एलएंडटी, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी, एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, ओएनजीसी और एक्सिस बैंक के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं दूसरी ओर टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, नेस्ले इंडिया, इन्फोसिस, सनफार्मा और टीसीएस के शेयर 5.73 प्रतिशत तक टूट गए। रिलायंस सिक्योरिटीज के संस्थागत कारोबार प्रमुख अर्जुन यश महाजन ने कहा, बायोनटेक और फाइजर की कोविड–19 टीके के सफल चरण तीन परीक्षण की घोषणा के बाद निवेशकों का भरोसा कायम हुआ है। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजद) की हैरान करने वाली बढ़त से भी बाजार को समर्थन मिला। दोपहर तक उपलब्ध रूझानों के अनुसार सत्तारूढ़ राजद अपने प्रतिद्वंद्वियों से आगे चल रहा था। भाजपा का प्रदर्शन अपनी गठबंधन भागीदार जनता दल (यू) से बेहतर दिख रहा था। अन्य एशियाई बाजारों में हांगकांग, सियोल और तोक्यो में लाभ रहा, जबकि शंघाई में गिरावट आई। शुरुआती कारोबार में यूरोपीय बाजार लाभ में थे। शेयर बाजारों के अस्थाई आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को शुद्ध रूप से 4,548.39 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट कच्चा तेल 1.42 प्रतिशत की बढ़त के साथ 43 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया तीन पैसे के नुकसान से 74.18 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

## डालर के मुकाबले रुपया 74.18 पर हुआ बंद

**मुंबई।** कच्चे तेल के दाम बढ़ने और दुनिया की अन्य मुद्राओं के समक्ष डालर के मजबूत होने से स्थानीय विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार मे मंगलवार को रुपया तीन पैसे गिरकर 74.18 रुपए प्रति डालर (अस्थाई) पर बंद हुआ। विशेषज्ञो का कहना है कि वैश्विक बाजार मे कच्चे तेल के दाम बढ़ने का घरेलू मुद्रा पर असर पड़ा है। लेकिन घरेलू इक्विटी बाजार मे तेजी से रुपए को समर्थन मिला जिससे उसकी गिरावट सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार मे घरेलू मुद्रा मे कारोबार की शुरुआत 74.04 रुपए प्रति डालर पर हुआ। हालांकि, कारोबार आगे बढ़ने के साथ ही रुपया इस मजबूती को बरकरार नही रख पाई और अंत मे कारोबार की समाप्ति पर यह तीन पैसे गिरकर 74.18 रुपए प्रति डालर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान घरेलू मुद्रा 74.02 की ऊंचाई छूने के बाद 74.30 रुपए प्रति डालर तक नीचे भी गया।

## विप्रो के प्रेमजी 2019-20 में परमार्थ कार्यों के लिए दान देने वालों में सबसे आगे



**भाषा। मुंबई**

सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी विप्रो के अजीम प्रेमजी परमार्थ कार्यों में बढ़–चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। उन्हेंने पिछले वित्त वर्ष 2019–20 में परोपकार कार्यों के लिए हर दिन 22 करोड़ रुपए यानी कुल मिलाकर 7,904 करोड़ रुपए का दान दिया और इस मामले में सूची में सबसे ऊपर रहे हैं। हारून रिपोर्ट इंडिया और एडेलगिव फाउंडेशन की रिपोर्ट के अनुसार प्रेमजी ने इस मामले में पूर्व में आगे रहे एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शिव नाडर को पीछे छोड़ दिया है। नाडर ने 2019–20 में 795 करोड़ रुपए का दान दिया जबकि एक साल पहले यह राशि 826 करोड़ रुपए थी। इससे पूर्व वित्त वर्ष यानी 2018–19 में प्रेमजी ने 426 करोड़ रुपए का दान दिया था। रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी सूची में तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने पिछले वित्त वर्ष में 458 करोड़ रुपए का दान दिया जो एक साल पहले 402 करोड़ रुपए था।कोविड–19 महामारी फैलने के साथ इसकी रोकथाम के लिए दिग्गज उद्योगपतियों ने अपनी तरफ से पूरा योगदान दिया। इस मामले में टाटा संस ने सर्वाधिक 1,500 करोड़ रुपए की प्रतिबद्धता जताई जबकि प्रेमजी ने 1,125 करोड़ रुपए का योगदान दिया।

## केंद्र सरकार ने 14 राज्यों को जारी किए 6,195 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 14 राज्यों को राजस्व घाटा अनुदान की मासिक किस्त के तौर पर 6,195 करोड़ रुपए जारी किए हैं। यह अनुदान 15वें वित्त आयोग की अंतरिम सिफारिशों पर आधारित है जो राज्यों को केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी के भुगतान के बाद होने वाले राजस्व घाटे के लिए दिया गया है। 15वें वित्त आयोग की अंतरिम सिफारिशों के आधार पर 14 राज्यों को 6,195.08 करोड़ रुपए का अनुदान जारी किया गया है। केंद्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी के भुगतान के बाद राजस्व घाटा अनुदान विभाग ने बराबर की आठ मासिक किस्तों के तहत यह राशि जारी की है।

## बैंक रूपे कार्ड, यूपीआई भुगतान ऐप को बढ़ावा दें: सीतारमण



**भाषा। मुंबई**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को बैंकों से केवल रूपे कार्ड को बढ़ावा देने को कहा। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) भारत के एक दिग्गज उत्पाद ब्रांड की ख्याति अर्जित करे।सीतारमण ने बैंकों से यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने के साथ डिजिटल तरीके से भुगतान पर जोर देने एवं गैर–डिजिटल भुगतान को यथासंभव हतोत्साहित करने को कहा। भारतीय बैंक संघ (आईबीए) की 73वीं सालाना आम बैठक को संबोधित करते हुए सीतारमण ने बैंकों को सभी खातों को संबंधित ग्राहकों की आधार संख्या से जोड़ने का काम दिसंबर तक पूरा करने को भी कहा। अगर यह उस समय तक पूरा नहीं होता है, तब इसे 31 मार्च, 2021 तक पूरा किया जाना चाहिए। देश में खासकर कोरोना वायरस महमारी के बीच डिजिटल और संपर्क रहित भुगतान पर जोर के साथ वित्त मंत्री ने डिजिटल भुगतान माध्यम को बढ़ावा देने की बात कही। सीतारमण ने कहा कि रूपे का उपयोग दुनिया भर में हो रहा है,

## रतन टाटा ने स्वास्थ्य सेवा स्टार्टअप आईक्योर में निवेश किया

**नई दिल्ली।** प्रमुख उद्योगपति रतन टाटा ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की स्टार्टअप कंपनी आईक्योर मे निवेश किया है। हालांकि, टाटा द्वारा निवेश की गई राशि का खुलासा नही किया गया है। आईक्योर अपने क्लिनिक, डिजिटल प्रौद्योगिकी और प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों के नेटवर्क के जरिए प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराती है। कंपनी ने कहा है कि नया निवेश मिलने के बाद वह भारत और वैश्विक स्तर पर अपने परिचालन का तेजी से विस्तार करेगी।

## यूरोपीय संघ ने डेटा के अमेजन के खिलाफ मामला दर्ज किया

**लंदन।** यूरोपीय संघ के नियामकों ने ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन के खिलाफ व्यापार मे अनुचित व्यवहार का मामला दायर किया है। नियामकों का आरोप है कि ई-कॉमर्स कंपनी उसके मंच का इस्तेमाल करने वाले मर्चेंट के खिलाफ अनुचित लाभ लेने को डेटा का इस्तेमाल कर रही है। ईयू के कार्यकारी आयोग ने मंगलवार को कहा कि इन आरोपो को कंपनी के पास भेज दिया है।

## आईडीएफसी का घाटा जुलाई–सितंबर तिमाही में घटकर 147 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** वित्त क्षेत्र की कंपनी आईडीएफसी लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध घाटा चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही मे घटकर 146.68 करोड़ रुपए रह गया। पिछले साल समान तिमाही मे कंपनी का घाटा 407 करोड़ रुपए था। हालांकि तिमाही आधार पर कंपनी का घाटा बढ़ा है।

## गेल का दूसरी तिमाही मुनाफा नौ प्रतिशत घटा

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी गैस आपूर्ति करने वाली कंपनी गेल इंडिया लिमिटेड का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही मे 8.5 प्रतिशत घट गया। कंपनी को गैस परिवहन कारोबार मे नुकसान हुआ।

# ट्रंप ने अभी घोषित नहीं की पारी, सत्ता बदलाव की योजना पर आगे बढ़े बाइडन



विलमिंगटन में एक मीटिंग के बाद अपनी कार की ओर बढ़ते अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन

**भाषा।** वाशिंगटन

**एक** तरफ नव निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन देश की बागडोर संभालने की तैयारी कर रहे हैं तो वहीं ट्रंप के प्रचार अभियान की तरफ से कहा गया है कि 2020 का अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव अभी संपन्न नहीं हुआ है और संकेत दिया कि वह सटीक और ईमानदार मतगणना नजीते हासिल करने के सभी संभावित विकल्पों को टटोलेंगे।

निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तीन नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनावों में डेमोक्रेट बाइडन से करीबी मुकाबले के बाद हार मानने से इनकार कर दिया और वह परिणाम के लिहाज से अहम रहे कई राज्यों में कानूनी लड़ाई का दबाव बना रहे हैं, लेकिन मतदाताओं को लेकर अनियमितताओं या चुनावों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं। इन चुनावों को हालिया अमेरिकी इतिहास में सबसे विभाजक और कड़वाहट भरे राष्ट्रपति चुनाव के तौर पर देखा जा रहा है।

राष्ट्रपति का नतीजों को स्वीकार करने से इनकार का मतलब है कि चुनाव संबंधी विवाद हफ्तों चल सकता है क्योंकि राज्य अपने आंकड़ों को प्रमाणित करेंगे या फिर यह दिसंबर के मध्य तक खिंच सकता है जब 538 सदर्स्ईय इलेक्टोरल कॉलेज को मतदान करना है।

राष्ट्रपति ट्रंप बार-बार और निराधार दावे करते रहे हैं कि डेमोक्रेटिक पार्टी ने चुनाव के नतीजों में गड़बड़ी की कोशिश की। कुछ

अमेरिकी मीडिया के अनुमानों के मुताबिक बाइडन ने कम से कम 290 इलेक्टोरल मत जीते हैं जो 538 इलेक्टोरल कॉलेज मतों में से जीत के लिए जरूरी 270 से 20 ज्यादा हैं। ट्रंप को 214 इलेक्टोरल मत मिले हैं।

शनिवार को मीडिया ने चूंकि बाइडन के महत्वपूर्ण राज्य पेन्सिलवेनिया में जीत और व्हाइट हाउस पर दावा करने के लिए पर्याप्त मत हासिल करने का अनुमान व्यक्त किया था, नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने सत्ता की बागडोर संभालने की अपनी योजना पर कदम बढ़ाने शुरू कर दिए थे। बाइडन ने सोमवार को कोरोना वायरस पर उन्हें परामर्श देने के लिए एक कार्यबल का गठन किया था। इस महामारी से देश में 2.36 लाख से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है।

बाइडन तकनीकी रूप से मौजूदा सरकारी कर्मचारियों के साथ जनवरी के अपने शपथ-ग्रहण से पहले सरकार बनाने की पहल नहीं कर सकते, जब तक ट्रंप द्वारा ऐसा करने की मंजूरी न दी जाए। ट्रंप ने बाइडन से हार नहीं मानी है और सार्वजनिक रूप से हार स्वीकार भी नहीं की है। व्हाइट हाउस के प्रेस सचिव ने सोमवार को मतदाताओं की धोखाधड़ी को लेकर अपुष्ट दावे किए।

रिपब्लिकन नेशनल कमेटी की अध्यक्ष रोन्ना मैक्डेनियल के साथ प्रेस सचिव कैली मैकनैनी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह चुनाव अभी संपन्न नहीं हुआ है, उससे काफी दूर है। हमनें अभी सटीक, ईमानदार मतगणना नतीजे हासिल करने की प्रक्रिया शुरू की है। हम सभी अमेरिकियों के अधिकार के लिए लड़ रहे हैं जो न सिर्फ इन चुनावों में भरोसा चाहते हैं बल्कि आने वाले कई चुनावों में भी।

ट्रंप के प्रचार अभियान सलाहकार के तौर पर मैकनैनी ने डेमोक्रेटिक पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि अमेरिका में सिर्फ एक दल है जो मतदाता पहचान-पत्र, हस्ताक्षरों के सत्यापन, नागरिकता, आवास प्रमाण-पत्र और अर्हता का विरोध करता है।

उन्होंने कहा, अमेरिका में सिर्फ एक दल है जो मतगणना कक्ष से पर्यवेक्षकों को दूर रखने की कोशिश करता है और मेरे दोस्तों वह डेमोक्रेटिक पार्टी है। आप यह रुख इसलिए नहीं अपनाते क्योंकि आप ईमानदार चुनाव चाहते हैं।

मैक्डेनियल ने संवाददाताओं को बताया कि मिशिगन में पार्टी ने मतदान संबंधी गड़बड़ियों को लेकर दो नई याचिकाएं दायर की हैं। उन्होंने कहा, यहां तक कि चुनावी गड़बड़ी का एक मामला भी हम सभी के लिए काफी होना चाहिए।

इस बीच, अमेरिकी अटॉर्नी जनरल विलियम बा 'ने संघीय अभियोजकों को बताया कि उन्हें आने वाले हफ्तों में राज्यों द्वारा नतीजों के प्रमाणन के कदम से पहले चुनावी गड़बड़ियों के आरोपों की जांच करनी चाहिए। बा 'के इस कदम के बाद न्याय विभाग के चुनाव अपराधों के शीर्ष अभियोजक ने इस्तीफा दे दिया।

## ओबामा केयर को अदालत से रद कराने की कोशिशें तेज

**एपी।** वाशिंगटन

**राष्ट्रपति** चुनाव के करीब एक हफ्ते के बाद रिपब्लकन पार्टी के निर्वाचित प्रतिनिधियों और ट्रंप प्रशासन ने एक बार फिर पूर्ववर्ती राष्ट्रपति बराक ओबामा के दौर में पारित वहनीय स्वास्थ्य बीमा कानून (ओबामा केयर) को रद्द कराने की केशिश तेज कर दी हैं। पार्टी पहले भी कांग्रेस और अदालत से इस कानून को निर्षक्रिय करने की असफल कोशिश करती रही है। अमेरिका के उच्चतम न्यायालय में इस कानून के खिलाफ मंगलवार को तीसरी बार सुनवाई होनी है। रिपब्लिकन पार्टी शासित 18 राज्यों के अटॉर्नी जनरल और वहां का प्रशासन चाहता है कि इस कानून को रद्द किया जाए जिससे 2. 30 करोड़ से अधिक लोगों का स्वास्थ्य बीमा कवर छिनने का खतरा है। वहीं, कैलिफोर्निया राज्य के नेतृत्व में डेमोक्रेटिक पार्टी शासित राज्य कानून से छेड़छाड़ के खिलाफ हैं। इस मामले की उच्चतम न्यायालय में ऐसे समय सुनवाई हो रही है जब तीन न्यायाधीश ट्रंप द्वारा नियुक्त हैं जिनमें नील गोरसच और ब्रेट कवनॉग के अलावा एमी कोने बॉट भी शामिल हैं जिनकी नियुक्ति जल्दबाजी में पिछले महीने की गई थी। ट्रंप द्वारा नियुक्त तीनों न्यायाधीशों ने अब तक स्वास्थ्य कानून पर कोई फैसला नहीं दिया है लेकिन एमी पूर्व में ओबामा केयर पर दिए गए अदालत के फैसले की आलोचक रहीं हैं।

## धोखाधड़ी के मामूली सबूतों के बावजूद जांच की अनुमति

**एपी।** वाशिंगटन

**अमेरिका** के अटॉर्नी जनरल विलियम बर ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के परिणामों से पहले मतदान में अनियमितताओं के आरोपों के मामले में जांच की अनुमति देश के संघीय अभियोजकों को दे दी। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडन के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को मात देने और रिपब्लिकन उम्मीदवार द्वारा नतीजों को चुनौती देने के लिए न्याय विभाग का इस्तेमाल करने की संभावनाओं के कुछ दिन बाद बर ने यह कदम उठाया है। ट्रंप ने चुनाव के नतीजों को स्वीकार नहीं किया है और वह बिना किसी ठोस सबूत के डेमोक्रेट नेताओं पर बाइडन के पक्ष में मतदान कराने के लिए साजिश रचने का आरोप लगा रहे हैं। चुनाव अधिकारियों और दोनों राजनीतिक दलों ने भी चुनाव के सुचारू रूप से सम्पन्न होने की बात कही है। देश के पास चुनाव संबंधी किसी भी विवाद को निपटाने के लिए आठ दिसम्बर तक का समय है। इलेक्टोरल कॉलेज के सदस्य 14 दिसम्बर को चुनाव के अंतिम नतीजों पर मोहर लगाएंगे।

## अमेरिकी इतिहास का एक नया अध्याय लिखने को तैयार: कमला हैरिस

**भाषा।** वाशिंगटन



**अमेरिका** की नवनिर्वाचित उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा कि वह और नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन अमेरिका के इतिहास का एक नया अध्याय लिखने को तैयार हैं और इसकी शुरुआत वे कामकाजी परिवारों को लाभ पहुंचाने वाली अर्थव्यवस्था का निर्माण करने के साथ करेंगे।बाइडन के दल द्वारा रविवार को वेबसाइट पर जारी की गई सूची में कोविड-19 वैश्विक महामारी से निपटना, अर्थव्यवस्था बेहतर करना, नस्लीय समानता और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दे उनकी प्रथम चार प्राथमिकताओं में से हैं।हैरिस ने सोमवार को ट्वीट किया, बाइडन और मैं राष्ट्र के इतिहास का एक और नया अध्याय लिखने को तैयार हैं। बाइडन-हैरिस प्रशासन की प्राथमिकताओं की सूची जारी करते हुए उन्होंने कहा, पहले दिन से, हम कामकाजी परिवारों को लाभ पहुंचाने वाली अर्थव्यवस्था का निर्माण करेंगे।

## चुनावी हस्तक्षेप से मीडिया को अलग रखने की जरूरत: ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि मुख्य धारा के मीडिया का चुनाव में रवैया इतना गलत रहा कि यह मतदाताओं को और प्रचार में आर्थिक प्रलोभन से कहीं गंभीर मुद्दा है और मीडिया को चुनाव में हस्तक्षेप करने से अलग रखा जाना चाहिए। ट्रंप ने कई ट्वीट कर कहा कि फॉक्स न्यूज, क्वीननिपिएक पोल, एबीसीवाशिंगटन पोस्ट, एनबीसीवॉल स्ट्रीट जर्नल मेरे बारे में अपने सर्वेक्षण को लेकर इतने गलत थे कि इसने चुनाव को प्रभावित किया। ट्रंप ने कहा, वे अपने सर्वेक्षण में और दबाव डालने की कोशिश में कहीं आगे चले गए और इसे चुनाव में हस्तक्षेप माना जाना चाहिए। उन्होंने ने कहा, एबीसीवापो ने मतदान से ठीक एक दिन पहले विस्कोंसिन में मुझे 17 प्रतिशत मतों से पीछे बताया जबकि मैं वहां से जीता। आयोवा में मुझे चार अंकों से पीछे बताया गया लेकिन मैं वहां 8.2 प्रतिशत मतों से जीता। ट्रंप ने कहा, फॉक्स न्यूज और क्वीननिपिएक पूरी तरह से गलत थे।उन्होंने कहा, यह चुनाव सबसे खराब रहा। ट्रंप ने कहा, यह मतदाताओं को प्रलोभन और पैसे के बल पर चुनाव को प्रभावित करने से कहीं अधिक गंभीर है।

## ट्रंप ने एफडीए और फाइजर पर कोविड-19 टीके की घोषणा रोकने का लगाया आरोप

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) और दवा कम्पनी फाइजर पर आरोप लगाया कि राष्ट्रपति चुनाव से पहले जानबूझकर कोविड-19 टीके की घोषणा नहीं की गई, क्योंकि इससे उनकी जीत हो सकती थी।

ट्रंप ने ट्वीट किया कि चुनाव से पहले अमेरिका का खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) और डेमोक्रेट्स उन्हें टीके का श्रेय नहीं देना चाहते थे, क्योंकि इससे उन्हें चुनाव में जीत हासिल हो सकती थी। इसलिए ही इसकी घोषणा पांच दिन बाद की गई। दवा कम्पनी फाइजर ने कहा था, कि उसे टीके के विश्लेषण से पता चला है कि वह कोविड-19 को रोकने में 90 प्रतिशत तक कारगर हो सकता है।

फाइजर ने इस बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया है लेकिन कहा कि अध्ययन के अंत तक परिणाम में बदलाव हो सकता है। फाइजर के क्लीनिकल डेवलपमेंट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ बिल ग्रूबेर ने कहा था, हम अभी किसी तरह की उम्मीद जगाने की स्थिति में नहीं है। हालांकि, हम नतीजों से काफी उत्साहित हैं।

ट्रंप ने आरोप लगाया, अगर जो बाइडन राष्ट्रपति होते तो, आपको अगले चार साल तक टीका नहीं मिलता और ना ही एफडीए ने इसे तुरंत मंजूरी दी होती। नौकरशाही तंत्र ने लाखों जिंदगियों को तबाह कर दिया होता।

इस बीच, नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि इस घोषणा से अगले वर्ष के बेहतर होने की उम्मीद जगी है।बाइडन ने ट्वीट किया, मैं उन शानदार महिलाओं और पुरुषों को बधाई देता हूं जिन्होंने इसे विकसित करने और हमें ऐसी उम्मीद देने के लिए काम किया। साथ ही, यह समझना भी जरूरी है कि कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई अभी कुछ महीने और चलेगी।

## ब्राजील ने रोका चीनी टीके का परीक्षण

**एपी।** साओ पाउलो

**ब्राजील** के स्वास्थ्य नियामक ने प्रतिकूल और गंभीर प्रभाव वाली घटना के मद्देनजर कोरोना वायरस के संभावित चीनी टीके कोरोनावैक का चिकित्सकीय परीक्षण रोक दिया है।

फैसले की सूचना सोमवार रात को ब्राजीली स्वास्थ्य नियामक एनविजा की वेबसाइट पर दी गई। इससे टीके के उत्पादन में शामिल पक्ष भी आश्चर्यचकित हैं। कोविड-19 के इस संभावित टीके को चीनी फार्मास्युटिकल कंपनी साइनोवैक ने विकसित किया और ब्राजील में इसका ज्यायदातर उत्पादन साओ पाउलो स्थित सरकारी संस्थान बुटानटैन इंस्टीट्यूट करेगा। साओ पाउलो की प्रांतीय सरकार ने एक बयान में कहा कि उसे खेद है कि उसे इसकी सूचना एनविजा से सीधे नहीं बल्कि प्रेस से मिली, जैसा सामान्य तौर पर इस प्रकृति के चिकित्सकीय परीक्षण में होता है। बुटानटैन ने एक बयान में कहा कि वह एनविजा के फैसले से स्तब्ध है और मंगलवार को इस मामले में संवाददाता सम्मेलन करेगा। उल्लेखनीय है कि कोरोनावैक को लेकर ब्राजील में पहले ही विवाद है और स्वयं राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो ने इसके रक्षात्मक प्रभाव को लेकर आशंका प्रकट की है।

## हांगकांग के मुद्दे पर अमेरिका ने चीन के चार अधिकारियों पर लगाया प्रतिबंध

**एपी।** बीजिंग

**अमेरिका** के विदेश मंत्रालय ने हांगकांग में राजनीतिक अधिकारों के दमन के मुद्दे पर चीन के चार और अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। सोमवार को मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में बताया गया कि इन चारों की अमेरिका यात्रा और यहां किसी भी तरह की संपत्ति हासिल करने पर रोक लगाई जाएगी। अमेरिका ने इन अधिकारियों को हांगकांग में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून को लागू कराने में उनकी भूमिका

**● हांगकांग के राजनीति अधिकारों के मसले पर मुखर अमेरिका**

के लिए प्रतिबंधित किया है, क्योंकि अमेरिका इस कानून को अभिव्यक्ति की स्वंत्रता और विपक्ष की राजनीति को बेहद कड़ाई से दबाने के रूप में देखता है। यह कानून जून में पारित हुआ था। अमेरिका इससे पहले भी कई अधिकारियों पर प्रतिबंध लगा चुका है, जिनमें हांगकांग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैरी लाम भी शामिल हैं।सोमवार का यह फैसला ऐसे समय में आया है जब हांगकांग के 19 लोकतंत्र समर्थक सांसदों ने कहा है कि अगर बीजिंग उनमें से किसी एक को भी अयोग्य करार देता है तो वे शहर की विधायिका परिषद से बड़ी संख्या में इस्तीफा देंगे। अपुष्ट खबरों में कहा गया था कि चीन की नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की स्थाई समिति इनमें से चार को अयोग्य करार देने की तैयारी कर रही है।

## सू की पार्टी ने चुनाव में बहुमत हासिल करने का दावा किया

**एपी।** यंगून

**म्यांमा** में सत्तारूढ़ नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी (एनएलडी)ने सोमवार को दावा किया कि उसने संसदीय चुनाव में बहुमत हासिल कर लिया है और वह सत्ता पर काबिज रहेगा। हालांकि, निर्वाचन आयोग ने रविवार तक महज कुछ सीटों पर ही आधिकारिक रूप से परिणामों की घोषणा की है।

संघीय निर्वाचन आयोग ने इससे पहले कहा था कि सभी नतीजों के आने में एक हफ्ते का समय लगेगा और गत रात आठ बजे तक 642 सदर्स्ईय संसद के लिए चुनाव में महज नौ विजेताओं के नामों की घोषणा की है जिनमें से सभी एनएलडी के प्रत्याशी हैं। एनएलडी के प्रवक्ता मोनीवा आंग शिन ने कहा कि पार्टी पुष्टि करती है कि उसने बहुमत के आंकड़े 322 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज की है, लेकिन अंतिम नतीजों में पार्टी द्वारा लक्षित 377 सीटों से भी अधिक पर जीत दर्ज होगी। उल्लेखनीय है कि एनएलडी की जीत की उम्मीद की जा रही है क्योंकि पार्टी नेता और नोबेल शांति पुरस्कार विजेता आंग सान सू की देश में खासी लोकप्रिय हैं। हालांकि, कुछ का आकलन है कि उनकी पार्टी की सीटों में कुछ कमी, वर्ष 2015 में साथ देने वाली, अल्पसंख्यकों पर आधारित जातीय पार्टियों से रिश्ते खराब होने की वजह से आ सकती है।

**पेरू में राजनीतिक उथल पुथल**

## मार्टिन ने राष्ट्रपति आवास छोड़ने की घोषणा की

**भाषा।** लीमा



**कोविड**-19 महामारी के बीच पेरू में मंगलवार को एक नई राजनीतिक उथल-पुथल शुरू हो गई। राष्ट्रपति मार्टिन विजकारा ने राष्ट्रपति महल छोड़ने की घोषणा की है। सांसदों ने राष्ट्रपति मार्टिन विजकार पर रिश्वत लेने और महामारी से निपटने के लिए जरूरी नेतृत्व नहीं देने का आरोप लगाते हुए उन्हें अपदस्थ करने के लिए सोमवार को मतदान किया था।सोमवार रात में इन सांसदों का विरोध करने के लिए और राष्ट्रपति विजकारा के समर्थन में हजारों लोग सड़कों पर जमा हुए और सांसदों पर निशाना साधते हुए उनके इस्तीफे की मांग की।कई ऐसे नेता जो सांसद नहीं हैं, उन्होंने इसे सत्तापलट करार दिया है। वहीं कुछ का कहना है कि देश में नए राष्ट्रपति को गैरकानूनी करार दिया जाना चाहिए।इस बीच विजकारा ने घोषणा की है कि वह इस महाभियोग को कानूनी चुनौती नहीं देंगे। उन्होंने इस पर जोर दिया कि उन्होंने कोई अपराध नहीं किया है।विजकारा ने कहा, आज मैं राष्ट्रपति महल छोड़ रहा हूं। मैं घर जा रहा हूं। उत्तराधिकार के लिए वरिष्ठता क्रम के अनुसार संसद के प्रमुख उनकी जगह लेंगे। सांसदों ने मंगलवार सुबह के लिए एक कार्यक्रम तय किया है, जिसमें नए नेता शपथ लेंगे। विश्लेषकों ने सांसदों के इस कदम को प्रत्यक्ष तौर पर सत्ता की खतरनाक छीना-झपटी करार दिया है क्योंकि विजकारा जनता में लोकप्रिय हैं और भ्रष्टाचार के खिलाफ उनके अभियान के लिए उनकी बहुत प्रशंसा की जाती है। कुछ विश्लेषकों ने संसद को आगाह किया है कि जिस तेजी से राष्ट्रपति के खिलाफ काम हुआ और इसके लिए सबूतों की जो कमी है, उसके मद्देनजर ए सांसद पेरू के लोकतंत्र के भविष्य को खतरे में डाल रहे हैं। राष्ट्रपति को पद से हटाने का 105 सांसदों ने समर्थन किया जबकि इसके लिए सिर्फ 87 वोटों की जरूरत थी।

## शंघाई एयरपोर्ट का कर्मचारी कोरोना वायरस से संक्रमित

**एपी।** बीजिंग



**चीन** का वित्तीय केंद्र कहे जाने वाले शंघाई के मुख्य अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के एक कर्मचारी के कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद 186 लोगों को पृथक-वास में रखा गया और 8,000 से ज्यादा लोगों की जांच की गई।

शहर की सरकार ने मंगलवार को बताया कि इसके अलावा कोई और व्यक्ति संक्रमित नहीं मिला है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि 51 वर्षीय कर्मचारी कैसे संक्रमित हुआ। वहीं उत्तरी बंदरगाह शहर तियानजीन में स्थानीय संक्रमण का एक मामला सामने आने के बाद 77,000 से ज्यादा लोगों की जांच की गई।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रशासन ने मंगलवार को बताया कि विदेश से आने वाले 21 और लोग संक्रमित पाए गए, वहीं 426 लोगों का इलाज चल रहा है। चीन में इस वायरस के 86,267 मामले सामने आए है जिनमें से 4,634 लोगों की मौत हो चुकी हैं।

## आर्मीनिया और आजरबैजान ने नागोर्नो-काराबाख में लड़ाई रोकी

**भाषा।** एरेवान (आर्मीनिया)

**रूस** के साथ हुए समझौते के बाद आर्मीनिया और आजरबैजान ने मंगलवार तड़के आजरबैजान सीमा में मौजूद एवं आर्मीनियाई जातीय समूह द्वारा नियंत्रित नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र में लड़ाई रोकने की घोषणा की।

**● रूस के साथ हुए समझौते के बाद रुकी लड़ाई**

समझौते के तहत करीब 2,000 रूसी शांति रक्षक इलाके में तैनात होंगे। उल्लेखनीय है कि नागोर्नो-काराबाख वर्ष 1994 में अलगाववादी युद्ध के बाद से ही आर्मीनिया समर्थित आर्मीनियाई जातीय बलों के नियंत्रण में है और इस युद्ध में अबतक अनुमान है कि 30 हजार लोगों की जान जा चुकी है। इस इलाके में नए सिरे से लड़ाई 27 सितंबर को शुरू हुई थी।

संघर्ष को रोकने के लिए कई बार संघर्ष विराम की घोषणा हुई लेकिन तुरंत बाद उसका उल्लंघन हो गया। मंगलवार को घोषित संघर्ष विराम के कायम रहने की उम्मीद है क्योंकि आजरबैजान नागोर्नो-काराबाख के रणनीतिक रूप से अहम शुशी शहर पर रविवार को कब्जा करने सहित उल्लेखनीय बढ़त बना ली है।

आर्मीनिया के प्रधानमंत्री निकाले पशीनइन ने फेसबुक पर लिखा कि युद्ध को रोकने का यह फैसला व्यक्तिगत रूप से उनके लिए और देशवासियों के लिए पीड़ादायक था। प्रधानमंत्री की इस घोषणा के कुछ देर बाद ही आर्मीनिया की राजधानी एरेवान के मुख्य चौक पर हजारों की संख्या में लोग जमा हुए और समझौते का विरोध किया। प्रदर्शनकारी नारे लगा रहे थे कि हम अपनी जमीन नहीं छोड़ सकते हैं और पशीनइन का विकल्प तलाश रहे हैं।

## भारतीय नागरिक को 33 महीने की जेल

**वाशिंगटन।** टेलीमार्केटिंग और बैंक संबंधी धोखाधड़ी के मामले में एक भारतीय नागरिक को 33 महीने की जेल की सजा सुनाई गई है।दोषी चिराग सचदेव (30) ने अमेरिका में अनेक बुजुर्ग खाता धारकों के ऑनलाइन यूजरनेम और पासवर्ड का इस्तेमाल करके खातों से पैसा चुराने की एक साजिश में शामिल होने के आरोपों को कबूल किया था। अमेरिका की एक अदालत ने सचदेव को 33 महीने के संघीय कारावास के बाद रिहा होने के तीन साल तक निगरानी में रखने का आदेश भी दिया। क्षतिपूर्ति के लिए 4,442 डॉलर का जुर्माना भी लगाया गया है। तीन अन्य धोखाधड़ी वाली योजनाओं में शामिल होने पर एक अन्य गिरफ्तार किया गया है।



इंडोनेशिया के धर्मगुरु रजीक शहाब सऊदी अरब से लौटने के बाद एयरपोर्ट पर अपने अनुयायियों को संबोधित करते हुए

## ट्रेंड बाजार


### सोनम ने बॉलीवुड में पूरे किए 13 साल

**अभिनेत्री** सोनम कपूर आहूजा ने पिछले सोमवार को इस इंडस्ट्री में 13 वर्ष पूरे कर लिए हैं। रणबीर कपूर के साथ उनकी पदार्पण फिल्म सांवरिया, 2007 में इसी दिन रिलीज़ हुई थी। स्मृतियों को खंगालते हुए सोनम ने याद किया कि इसी दिन उन्होंने संजय लीला भंसाली की फिल्म 'सांवरिया' के साथ फिल्मों में पदार्पण किया था।



सोनम ने सोशल मीडिया पर अपने एक पोस्ट में कहा, 13 साल पहले मैंने सावरिया के साथ पदार्पण किया था। मेरे लिए इस इंडस्ट्री में हर पल अच्छा रहा है। मेरे अच्छे, बुरे और कुरूप आदि हर दिन सिनेमा से परिपूर्ण रहे हैं। देश को मेरा नमन और मैं उन सभी फिल्मकारों की कृतज्ञ हूं जिन्होंने मुझपर विश्वास जताया। मैं उन सभी सर्वश्रेष्ठ लोगों के साथ काम करके प्रसन्न हूं जिन्होंने मुझमें सर्वश्रेष्ठ परफॉर्मेंस देने की एक ललक पैदा की।'

### यामी गौतम को धार्मिक स्थलों का भ्रमण प्रिय



**प्रख्यात** अभिनेत्री यामी गौतम का कहना है कि 'मेरा काम मुझे कई ऐसे स्थानों पर जाने में मेरी सहायता करता है जहां मैं जाना चाहती थी। पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थानों को यदि छोड़ दें तो मैं किसी पवित्र स्थान पर अवश्य जाना चाहती हूं क्योंकि मैं आध्यात्मिकता में विश्वास करती हूं। कई धार्मिक स्थलों पर वो अलौकिक शक्ति होती है जो आप अनुभव कर सकते हैं। मुझे अपनी अद्भुत टीम पर गर्व है और मैं उन्हें इसके लिए धन्यवाद देती हूं।'

### अनुपम खेर ने सुनाई 'टोबा टेक सिंह' की कहानी



**अभिनेता** अनुपम खेर ने सआदत हसन मंटो की लघु कथा टोबा टेक सिंह, जो बंटवारे की पृष्ठभूमि पर आधारित है और 1954 में लिखा गया था, को सुनाया है।

अनुपम ने बताया, 'टोबा टेक सिंह को सुनाते हुए मुझे विभाजन का दुख अनुभव हुआ और मंटो के अलावा इसे एक पागल व्यक्ति के दृष्टिकोण से कोई दूसरा नहीं लिख सकता था। मैंने भी इसे बिलकुल वैसे ही कहने का प्रयास किया है। ऐसे कि आपको उस चरित्र के प्रति एक प्रकार का स्नेह अनुभव होने लगेगा। अनुपम ने आगे कहा, 'हमारे दादा-दादी ने हमें सर्वश्रेष्ठ कहानियां सुनाई हैं। मेरी दादी तो चरित्र बदलकर वही कहानी दोहराया करती थीं।'

### दीपिका जैसी स्टार हमारे देश में होना कठिन

**अभिनेता** विक्रांत मैसी फिल्म छपाक में दीपिका पादुकोण के साथ काम कर चुके हैं। उनका कहना है कि उनके जैसा महिला सुपरस्टार हमारे जैसे देश में होना कठिन बात है। विक्रांत ने कहा, 'हमारे जैसे देश में दीपिका होना कठिन है। ऐसी महिला होना जो हर समस्या पर बोलती हो। वो हमारे देश की सबसे बड़ी स्टार और आइकन है। लेकिन यदि उन्हें ऐसे दिन देखने पड़ सकते हैं तो किसी को भी इस चरण से गुजरना पड़ सकता है। दुर्भाग्य से आजकल कोई संवाद नहीं है। मैंने जो कहा मैं आज भी उस पर अडिग हूं।' दीपिका उस समय विवाद के केन्द्र में आई थीं जब वो अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए सीएए विरोध प्रदर्शन के प्रति एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली गई थीं।



# 'सफलता के लिए आपको समर्पण भाव से लगे रहना होता है'

**अभिनेता अमर उपाध्याय कलर्स चैनल पर प्रारंभ होने वाली सीरीज़ मोल्की में प्रमुख भूमिका निभाएंगे। पायनियर संवाददाता मुस्बा हाशमी के साथ एक विस्तृत बातचीत में उन्होंने अपनी इस भूमिका, पिछले दो दशकों में इस उद्योग में आए परिवर्तन सहित कई विषयों पर प्रश्नों के सहजता से उत्तर दिए.........**

■ **मोल्की में आपकी भूमिका किस प्रकार की होगी?**

मैं इसमें वीरेंन्द्र प्रताप सिंह का चरित्र कर रहा हूं जो 40 गांवों का मुखिया होता है वो एक मोल्की लड़की से विवाह करता है जो उसकी आयु की आधी ही होती है। अब दोनों के बीच में कोई संपर्क नहीं होता है। ये शो उनके बीच के संघर्ष पर आधारित है कि कैसे वो परिस्थितियों को संभालता है। हरियाणा में मोल्की एक परंपरा होती है जिसमें पति को बाहर से पत्नी खरीद कर लानी होती है क्योंकि वहां लड़कियां कम बची हैं। ये परंपरा अच्छी है लेकिन अब इसका दुरुपयोग किया जा रहा है।

■ **आपकी ये भूमिका 'साथ निभाना साथिया' के धर्म सूर्यवंशी से किस प्रकार से भिन्न है?**

दोनों सीरीज़ के इन चरित्रों में एक समानता है कि दोनों का विवाह कम आयु की कन्याओं से होता है लेकिन इसके अलावा कहानी में बहुत भिन्नता है। धर्म जहां मोदी परिवार से बदला लेने के लिए ही उसकी बेटी मीरा से विवाह करता है लेकिन यहां कहानी में अंतर है। मोलकी केवल एक परंपरा है जिसे वीरेंन्द्र सिंह ने निभाया है। मोलकी में एक निर्धन कन्या को धनी वर्ग के लोग खरीद कर लाते हैं और इसमें इसके बाद कहानी में आए बदलाव बहुत रोचक बन पड़े हैं।

■ **सामाजिक संदेश वाले धारावाहिकों को लेकर आप क्या सोच रखते हैं?**

ये अच्छा रहता हैं मोलकी में भी मुझे नहीं पता था कि ऐसी कोई परंपरा अस्तित्व में है। इसके लिए मुझे काफी रिसर्च करनी पड़ी। इस शो के माध्यम से ही हरियाणा की इस प्राचीन परंपरा के बारे में मुझे पता चला। यही कारण है कि जागरूकता के प्रसार के लिए सामाजिक संदेश देने वाले शोज़ की संख्या में वृद्धि की आवश्यकता है।

■ **लॉकडाउन के बाद काम पर वापस आना कैसा लग रहा है?**

मैं शो को लेकर बहुत उत्साहित था। घर पर कई महीने बिताने के बाद मैं ऐसा ही कुछ चाह भी रहा था। जब मुझे ये शो ऑफर किया गया तो मेरी प्रसन्नता का ठिकाना नहीं था क्योंकि मैं लॉकडाउन उठते ही काम पर वापसी करना चाहता था। इसके अलावा बिग बॉस के बाद मैं कलर्स पर आकर भी रोमांचित हूं।

■ **देख भाई देख, से लेकर अब मोलकी में काम करने तक आपका अनुभव कैसा रहा है?**

बहुत अच्छा। मैंने जल्दी काम करना प्रारंभ कर दिया था अत: आज भी काम कर रहा हूं। जब मैंने देख भाई देख, किया था उस समय मुझे आसपास की भी खबर नहीं होती थी। मेरे लिए तो ये एक अभिनय पाठशाली जैसा ही था। आज तक मेरे 95 प्रतिशत शोज़ नंबर एक पर रहे हैं। ये यात्रा लंबी रही है और मुझे किसी प्रकार का पछतावा नहीं है। मैंने अच्छे चरित्र किये हैं और मैं इससे अच्छे कॅरियर के बारे में सोच भी नहीं सकता था। इस इंडस्ट्री में आपको कुछ करके दिखाना होता है और यहां टिके रहने के लिए आपको समर्पण भाव से लगे रहना होता है। आपको यहां कम से कम 12 घंटे देने होते हैं लेकिन ये बताने के साथ ही कह सकता हूं कि मेरी यात्रा अद्भुत रही है और मैंने हर पल इसका पूरा आनंद लिया है। आज भी मुझे लगता है जैसे



मैंने कल ही अपना कॅरियर प्रारंभ किया है। एक बात जो मैंने इस इंडस्ट्री में सीखी है वो ये कि आपको चरित्र का सच्चा होना चाहिये। आप अनुभव कर सकते हैं कि लोग आपको अच्छे से जानते हैं और आप अपना चरित्र सफलतापूर्वक पूरा कर सकते हैं। लेकिन मेरे साथ ऐसा नहीं है मैं हर चरित्र को सफलतापूर्वक करने के लिए पूरा प्रयास करता हूं। वीरेन्द्र के चरित्र के लिए भी मुझे हरियाणा की बोली सीखनी पड़ी है। इसके साथ ही वहां की चालढाल भी अपनानी होती है। यदि आप चरित्र को सच्चाई और समर्पण भाव से नहीं करते तो आप यहां अधिक टिके नहीं रह सकते।

■ **आप इस इंडस्ट्री में पिछले 27 सालों से हैं आपके अनुसार इसका विकास कैसा हुआ है?**

पहले जहां वीएचएस रिकॉर्डर हुआ करते थे तो आज उच्च तकनीक वाले उपकरण होते हैं। अब ये उद्योग विशालकाय हो गया है। टीवी भी बढ़ा है और मैं भी टीवी के साथ आगे बढ़ा हूं। उन दिनों निर्माता और अभिनेता पर अधिक दबाव नहीं होता था। उन दिनों कोई धारावाहिक नहीं होता था। पहले केवल साप्ताहिक स्तर पर ही कार्यक्रम दिखाए जाते थे। हर किसी के पास तैयारी के लिए पर्याप्त समय होता था। हम सेट पर नौ बचे पहुंच जाते थे और चार घंटे में सीन पर बात ही होती रहती थी। हम स्क्रिप्ट सुनते हुए अभ्यास करते थे। अब सबकुछ शीघ्रता पूर्वक करना पड़ता है। निर्माता और रचनात्मक टीम पर भी दबाव होता है कि हर दिन अच्छी कहानी सामने लाई जाए। अब दर्शक भी धारावाहिक देखने के आदी हो गए हैं। इसके अलावा निर्माता को इच्छित टीआरपी भी लानी होती थी। ये भी एक अतिरिक्त दबाव है। यदि ऐसा नहीं होता तो शो को हटाया भी जा सकता है। अब चैनलों की संख्या में भी अत्यधिक वृद्धि हो गई है। टीवी अब खेल बदलने वाला माध्यम है और इसीलिये प्रतिस्पर्धा भी अधिक हुई है। यहां तक कि फिल्म अभिनेता भी शोज़पर आकर अपनी फिल्म का प्रमोशन करते हैं। यही कहा जा सकता है कि इसने काफी विकास किया है।

■ **क्या ऐसा भी कोई क्षण आया था जब आपने इस क्षेत्र को छोड़ने का मन बना लिया हो?**

ऐसा तो नहीं हुआ। लेकिन एक समय ऐसा था जब मुझे चरित्र के साथ क्या करना है पता ही नहीं होता था। जैसा कि 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में हुआ। निर्माताओं के साथ चरित्र संबंधी भ्रम की स्थिति बनी रहती थी। मुझे एकदम नई परिस्थितियों का सामना करना होता था और इसके कारण मुझे अपनी समस्या के समाधान का कोई पूर्व उदाहरण नहीं मिल पाता था। वास्तव में मैं ही अपने चयनित विकल्पों के कारण दूसरे लोगों के लिए उदाहरण बनता चला गया।

■ **आपको किस प्रकार के रोल आकर्षित करते हैं?**

अपनी भूमिकाओं को लेकर मैं बहुत स्पष्ट रहता हूं। मैं किसी भी दृश्य में अनावश्यक खड़ा नहीं रह सकता। मुझे सशक्त चरित्र करना प्रिय है। यही कारण है कि भूमिका को लेकर मैं निर्माता के साथ सबकुछ स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहता हूं। ऐसा नहीं चाहता कि मैं हर दृश्य में दिखाई दूं लेकिन जब भी मैं दिखाई दूं तो किसी भूमिका को करता दिखाई दूं। जब किसी अन्य चरित्र को सक्रिय होना हो तो मुझे इसमें किसी प्रकार का कष्ट नहीं होता। लेकिन बात केवल इतनी है कि मेरी भूमिका बिलकुल स्पष्ट परिभाषित होनी चाहिये।


## इरफान खान और फिलिप सीमौर हॉफमैन से प्रेरित हैं रिज अहमद

**लंदन।** ब्रितानी-पाकिस्तानी अभिनेता और रैपर रिज अहमद का कहना है कि वह अपनी जिंदगी में फिलिप सीमौर हॉफमैन और इरफान खान से प्रेरणा लेते हैं। अहमद द नाइट ऑफ जैसे शो और नाइटक्रॉलर , द रिलक्टेंट फंडामेंटलिस्ट , वेनम जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने सोमवार को अपनी हाल में रिलीज फिल्म



मुगल मोगली के लिए ट्विटर पर सवाल-जवाब सत्र का आयोजन किया था। हॉफमैन हॉलीवुड के बेहद प्रशंसनीय कलाकारों में शामिल हैं। उन्होंने सेंट ऑफ ए वुमन , टैलेंटेड मिस्टर रिप्ले , ऑलमोस्ट फेमस समेत कई फिल्मों में काम किया था। उनकी मौत 2014 में अत्यधिक मादक पदार्थ सेवन से हुई थी। वहीं इरफान को भारतीय और अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में लोकप्रियता हासिल है। उनकी मौत कैंसर की वजह से अप्रैल में हुई। उनकी फिल्में मकबूल , लंच बॉक्स , द नेमसेक काफी मशहूर है। अहमद से जब यह पूछा गया कि वर्षों से उन्हें पर्दे पर किन प्रस्तुतियों ने प्रेरित किया है तो उन्होंने कहा कि डॉग डे आफ्टरनून में वह एॅल पचीनो के अभिनय से प्रेरित हुए जबकि हॉफमैन और इरफान खान उन्हें हर किरदार में अच्छे लगते हैं। इरफान खान के निधन पर अहमद ने उन्हें मौजूदा समय के महानतम अभिनेताओं में से एक बताया था।

## सिम्बा अब छोटे पर्दे पर एनिमिटेड अवतार में



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह की 2018 की फिल्म सिम्बा का एनिमिटेड रूप स्मैशिंग सिम्बा आ रहा है। यह शो बच्चों के लिए है और इसका प्रसारण पोगो चैनल पर होगा। यह एक ऐसे सिम्बा की कहानी होगी जो पुलिस अधिकारी बनना चाहता है और वह तेजर्तार, शरारती और निडर किशोर है।

मूल फिल्म सिम्बा का निर्देशन करनेवाले रोहित शेट्टी ने कहा कि वह सिम्बा के इस एनिमेटेड अवतार को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से सीरिज को बनाया गया है, वह उससे खुश हैं। इससे पहले भी शेट्टी की फिल्म सिंघम को बाल कलाकार के साथ एनिमेट करके लिट्ल सिंघम नाम से बनाया गया था।



## बॉलीवुड में वापसी की योजना बना रही हूं: तनुश्री

**मुंबई।** करीब एक दशक तक फिल्म जगत से दूर रहने के बाद अभिनेत्री एवं मॉडल तनुश्री दत्ता ने कहा है कि वह फिल्मों में वापसी की योजना बना रही हैं। मिस इंडिया यूनिवर्स का खिताब 2003 में जीतने वाली तनुश्री दत्ता ने अक्टूबर 2018 में आरोप लगाया था कि 2008 में हॉर्न ओके प्लीज फिल्म के सेट पर अभिनेता नाना पाटेकर ने उनका उत्पीड़न किया था और उनके साथ दुर्व्यवहार किया था। दत्ता ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि उन्हें हिंदी फिल्म उद्योग और दक्षिण भारत के फिल्म उद्योग से अभिनय के प्रस्ताव मिले हैं और फिल्म कारोबार के कई दिग्गजों से उन्हें मौन सहयोग मिल रहा है। अभिनेत्री ने कहा, इस समय मैं दक्षिण फिल्म जगत के तीन बड़े प्रबंधकों के संपर्क में हूं, जो दक्षिण भारत की बड़े बजट की फिल्मों में मुझे काम दिलाने की कोशिश कर रहे हैं। मैं मुंबई में भी 12 कास्टिंग कार्यालयों के संपर्क में हूं।

उन्होंने कहा, उद्योग में कई बड़े नाम हैं, जो मुझे पीछे रहकर मौन सहयोग दे रहे हैं, क्योंकि वे सच्चाई जानते हैं और मेरे शुभचिंतक हैं। मैं फिल्मों में मुख्य भूमिकाओं के लिए बड़ी फिल्म निर्माण संस्थाओं के संपर्क में हूं। तनुश्री ने स्पष्ट किया कि वह लॉस एंजिलिस में आईटी संबंधी कोई नौकरी नहीं कर रही हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें अमेरिका सरकार के रक्षा क्षेत्र में नौकरी का एक अवसर मिला था, लेकिन उन्होंने उस पर विचार नहीं किया, क्योंकि वह फिल्मों में काम करना चाहती हैं। दत्ता ने कहा कि उन्हें वेब सीरीज में भी काम करने के प्रस्ताव मिले हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस महामारी के कारण अनिश्चितता होने की वजह से वह यह नहीं बता सकती कि शूटिंग कब आरम्भ होगी। उन्होंने बताया कि उन्होंने हाल में एक विज्ञापन की शूटिंग करके काम में वापसी की घोषणा की है। दत्ता ने कहा, मैं अच्छी दिख रही हूं। मैंने 15 किलोग्राम वजन कम कर दिया है। उन्होंने कहा कि कुछ बुरे अनुभवों के कारण उन्होंने फिल्मों में अभिनय करना बंद कर दिया था, लेकिन अब वह बॉलीवुड में अपने विकल्पों पर पुनर्विचार करना चाहती हैं और उन्होंने वापस आने का फैसला किया है।




मुंबई में मंगलवार को एक कार्यक्रम के दौरान वरुण धवन के साथ करीना कपूर

# शिक्षक-स्नातक एमएलसी चुनाव की तेज हुईं सरगर्मियां

## ● दो पदों के लिए एक दिसंबर को डाले जाएंगे वोट

संवाददाता। सीतापुर



**असेंबली उप** चुनाव के नतीजे आने के बाद अब सूबे में शिक्षक-स्नातक एमएलसी चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई है। इन पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया चल रही है, जिस कारण अभी दावेदारों की तस्वीर स्पष्ट नहीं हो सकी है, हालांकि संभावित उम्मीदवार वोटरों से संपर्क कर उन्हें अपनी ओर रिझाने में जुटे हैं। उधर, सरकारी मशीनरी भी एक दिसंबर को प्रस्तावित मतदान को पोलिंग पार्टियों की तैनाती कर उनकी रवानगी की तैयारियों में मशगूल है।


उत्तर प्रदेश में 11 शिक्षक-स्नातक विधान परिषद सदस्यों का कार्यकाल छह मई 2020 को समाप्त हो गया था। नए पंचवर्षीय कार्यकाल के लिए चुनाव आयोग द्वारा चुनावी प्रक्रिया अपनाई जानी थी पर मार्च में देश-दुनिया में फैले कोरोना वायरस के चलते में चुनाव आयोग को चुनावी प्रक्रिया बीच में रोकनी पड़ी। संक्रमण धीमा होने पर आयोग ने पांच नवंबर से यह प्रक्रिया शुरू कर दी है। ये बारह नवंबर तक चलेगी। इससे फइनल उम्मीदवारों की तस्वीर साफ नहीं हो सकी है। एमएलसी शिक्षक-स्नातक चुनाव का मतदान एक दिसंबर को होगा। मतदान सुबह आठ बजे शुरू होकर शाम पांच बजे तक होगा। इसका परिणाम तीन दिसंबर को आएगा।


कान्ती सिंह


अवनीश कुमार


रामसिंह राणा


ब्रजेश सिंह


एजाज नकवी

**ये हैं स्नातक एमएलसी के संभावित दावेदार**-लखनऊ खंड से स्नातक एमएलसी कांति सिंह एक बार फिर चुनावी समर में हैं। इनके अलावा भाजपा ने अवनीश कुमार सिंह व सपा ने रामसिंह राणा, कांग्रेस ने बृजेश सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। इनके अलावा विजय प्रताप सिंह, हरीश कुमार शुक्ला, एजाज नकवी, मोहम्मद रिजवान, अजय कुमार श्रीवास्तव, बीके शुक्ला आदि उम्मीदवार हैं।

**ये शिक्षक एमएलसी के संभावित दावेदार**-शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी एक बार फिर अपनी किस्मत की अजमाइश कर रहे हैं। उमेश बीजेपी के टिकट से मैदान में हैं। पांडेय गुट के शाह आलम, चंदेल गुट के महेंद्र नाथ राय, शर्मा गुट से आरपी मिश्रा, सपा से उमाशंकर व चंदेल गुट के बागी प्रत्याशी सोहन लाल वर्मा शामिल हैं।

**30 मतदान केंद्र व 67 बूथ बनाए गए**-शिक्षक- स्नातक चुनाव के लिए जिले में 30 मतदान केंद्र व 67 बूथ बनाए गए हैं। निर्वाचन विभाग के मुताबिक लखनऊ खंड स्नातक चुनाव के लिए यहां पर 16 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जबकि 50 बूथ बनाए गए हैं, इनमें 17 मुख्य व 33 सहायक बूथ शामिल हैं। इसी प्रकार शिक्षक चुनाव में जिले में 14 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जबकि 17 बूथ बनाए गए हैं। सभी बूथ मुख्य श्रेणी में रखे गए हैं।

**इन पदों पर 42378 वोटर करेंगे मतदान**-लखनऊ खंड स्नातक और शिक्षक एमएलसी चुनाव में जिले के 42378 मतदाता वोट डालेंगे। निर्वाचन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक लखनऊ खंड स्नातक एमएलसी में ग्रेजुएट मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। ऐसे में पूरे जिले में इनकी संख्या 39778 हैं। इसी प्रकार शिक्षक एमएलसी चुनाव में 2600 शिक्षक मतदाता हैं। ये सभी अपने मताधिकार का प्रयोग कर विधान परिषद के लिए अपना नुमाइंदा चुनेंगे।

**कौन दे सकता है वोट**-शिक्षक एमएलसी: वोटर कार्ड होते हुए भी हर कोई इसमें वोट नहीं डाल सकता. वोट डालने के लिए टीचर होना भी काफी नहीं है. एमएलसी के चुनाव के लिए हाईस्कूल और उसके ऊपर पढ़ाने वाले टीचर्स वोट डाल सकते हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें एमएलसी चुनाव में वोटर बनना होता है. माध्यमिक विद्यालय, पब्लिक स्कूल, कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज, सेंट्रल स्कूल और अन्य स्कूलों के टीचर्स वोट डाल सकते हैं. इसके अलावा मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों के टीचर्स को भी वोटिंग राइट होते हैं. इन्हें जिला विद्यालय निरीक्षक से साइन कराने होते हैं. अगर जिला विद्यालय निरीक्षक लिखकर दे दें कि फ्लां व्यक्ति टीचर हैं तो वो वोटर लिस्ट में नाम डलवा सकते हैं।

**स्नातक एमएलसी:** उत्तर प्रदेश विधान परिषद में ग्रेजुएशन कोटे की आठ सीटें हैं, इसमें भी वही लोग वोट डालते हैं, जिन्होंने कम से कम ग्रेजुएशन की पढ़ाई की हो. ग्रेजुएशन किए तीन साल हो गया हो, वो वोटर लिस्ट में नाम आने के बाद वोट डाल सकते हैं. एमएलसी को चुनने वाले और एमएलसी के उम्मीदवार ग्रेजुएट होने चाहिए।

...आखिर पूर्व सीएम ने किस बात का उन्हें दे डाला आश्वासन

# सपा मुखिया और पूर्व विधायक बिसवां में हुई मुलाकात





संवाददाता। सीतापुर

**समाजवादी पार्टी** से आए दिन सनसनी खेज राजनीतिक खबरें आ रही हैं। अब सपा मुखिया अखिलेश यादव से पूर्व विधायक रामपाल यादव की लखनऊ में मुलाकात की खबर आने के बाद सपा में रामपाल यादव के विरोधी खेम में बैचेनी बढ़ गई है। सपा मुखिया ने सबसे पहला धमाका, सीतापुर में एक मात्र बसपा विधायक डॉ. हरगोविंद भार्गव को पार्टी कार्यालय बुलाकर किया, उसके बाद बसपा मुखिया मायावती ने अपने विधायक को निलंबित कर दिया। हरगोिवंद भार्गव सपा में भले ही शामिल नहीं हुए। लेकिन उनके सपा में जाने को लेकर सपा का ही एक खेमा परेशान हो गया और कयास लगाए जाने लगे, कि हरगोविंद भार्गव को आखिर सपा सिधौली से लड़ाएंगी या फिर हरगांव से। सिधौली से सपा से विधायक रहे मनीष रावत पहले से ही मजबूत स्थिति में हैं। कयासों का बाजार जारी ही था, कि कांग्रेस के पांच नेताओं पूर्व सांसद कैसरजहां, पूर्व विधायक जासमीर अंसारी, पूर्व विधायक रमेश राही, पूर्व चेयरमैन आशीष मिश्रा, पूर्व प्रत्याशी अशफाक खां को सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पार्टी में शामिल कराकर हलचल पैदा कर दी। मंगलवार को पूर्व विधायक रामपाल यादव को लखनऊ बुलाकर पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव ने न सिर्फ मुलाकात की, बल्कि छठ पूजा के बाद उन्हें पार्टी में शामिल कराने का आश्वासन भी दिया। मुलाकात लखनऊ में हो रही थी, पर नजरें सीतापुर के समाजवादी पार्टी नेताओं ने गड़ा रखी थी। पल-पल की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थे। समाजवादी पार्टी में एक बड़ा तबका नहीं चाहता है कि रामपाल यादव समाजवादी पार्टी में आएं, क्योंकि उनके आने से उनका प्रभाव कम हो जाएगा, हालांकि रामपाल यादव को जब पार्टी से निकाला गया तो सीधा मोर्चा अखिलेश यादव के विरुद्ध खोल दिया था। सपा के ज्यादातर लोगों का मानना है कि वर्ष 2017 विधान सभा चुनाव में पार्टी यदि महेंद्र सिंह झीन बाबू और रामपाल यादव का टिकट न काटती तो समाजवादी गढ़ न ढहता। इन दो माननीयों के टिकट काटे जाने का असर भी दिखा। सिधौली और महोली से पार्टी प्रत्याशी बहुत ही कम मतों के अंतर से चुनाव हार गए, क्योंकि दोनों के टिकट कटने से जातिगत समीकरण बिगड़ गया था। वैसे समाजवादी पार्टी रामपाल यादव के बेटे, जिला पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र यादव को पहले ही पार्टी में ले चुकी है। पर पिता को पार्टी के लेने पर सशंय बरकरार है।

# दीपावली पर्व पर दौड़ेंगी 30 स्पेशल बसें

## ● यात्रियों को होगी सहूलियत, परिवहन निगम ने की तैयारी

संवाददाता। सीतापुर



**बस यात्रियों** के लिए राहत भरी खबर है। दीपावली पर्व पर परिवहन विभाग 12 से 21 नवम्बर तक दिल्ली के लिए 25 और हरिद्वार के लिए अतिरिक्त 5 बसों का संचालन करेगा। एआरएम विमल राजन ने बताया कि अतिरिक्त बसें विभिन्न मार्गों से होकर निर्धारित स्थल तक अपडाउन करेगी। सीतापुर डिपो से विभिन्न मार्गों पर कुल 184 बसों का संचालन किया जा रहा है। दीपावली पर्व पर यात्रियों को बेहतर सेवा मुहैया कराने के लिए परिवहन विभाग ने चालको, परिचालको के लिए विशेष प्रोत्साहन योजना लागू की है। एआरएम विमल राजन ने बताया कि 9 दिनों में 2700 किलो मीटर संचालन पर 3150 रूपये, 10 दिनों में 3 हजार किलो मीटर पर 4 हजार रूपये अतिरिक्त दिए जाएंगे। इसके अलावा 3 हजार से अधिक पर 55 पैसा प्रति किलो मीटर प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। रोडवेज बसों के निर्वाध संचालन के लिए परिवहन विभाग ने कर्मचारियों के अवकाश स्थागित कर दिए है। एआरएम विमल राजन ने बताया कि 12 से 21 तक कोई कर्मचारी अवकाश पर नहीं रहेगा।

**ड्राइवरों को मिलेगा काम का ईनाम-बसों में छोटी-** बड़ी खमियां आने पर उन्हें तत्काल दूर किया जा सके। इसकी तैयारी परिवहन विभाग ने की है। विभाग कार्यशाला कर्मिको को 9 दिनों तक अवकाश न लेने पर एक हजार रूपये और दस दिनों के लिए 1200 रूपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। एआरएम विमलन राजन ने बताया कि यह व्यवस्था 12 से 21 नवम्बर तक लागू रहेगी।

**त्यौहारों पर बिहार से जुड़ेगी कई स्पेषल ट्रेन**-दीपावली, छठ पर्व पर रेलवे विभाग ने सीतापुरवासियों को स्पेशल टेञ्न चलाकर सौगात दी है। यह टेञ्न 30 नवम्बर तक चलेगी। सीतापुर जंक्शन अधीक्षक ए.के. शुक्ला ने बताया कि सीतापुर रूट पर चार स्पेशल टेञ्न बढ़ाई गई, जिसमें अमृतसर से न्यूजलपाईगुड टेञ्न संख्या 02407, 02408 अमृतसर से सहरसा को जाने वाली टेञ्न संख्या 05531, 05532, दरभंगा से अमृतसर टेञ्न संख्या 05211, 02212, सहरसा से आनंद बिहार दिल्ली टेञ्न संख्या 02929, 02930 शामिल है। उन्होंने बताया कि गाड़ी संख्या 5531 व 02929 साप्ताहिक है। 02929 बुधवार को अप व गुरूवार को डाउन आएगी। इसी तरह 02408 गुरूवार को सीतापुर जंक्षन पर अप स्टापेज करेगी और 02407 शुक्रवार को डाउन करेगी जबकि 511, 0512 दैनिक ट्रेन है।

# बिहार नतीजों पर झूमे भाजपाई

सीतापुर-बिहार विधान व 8 राज्यों के उपचुनाव में भाजपा की जीत नगर इकाई द्वारा जश्न मनाया गया। गदगद भाजपाइयों ने मिठाईयां बांटी और अतिशबाजी की। जश्न में नगर अध्यक्ष आकाश बजरंगी, क्षेत्रीय संयोजक दिनेश शर्मा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राहुल जयसवाल, नगर महामंत्री सहज गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष विजय जयसवाल, नगर कोषाध्यक्ष अंकित श्रीवास्तव, विद्या प्रकाश दीक्षित, अमित बाधवानी, राजवीर वाल्मीकि आदि मौजूद थे।



## क्विक न्यूज

### संदना पुलिस के हत्थे चढ़े

**सीतापुर।** थाना संदना पुलिस ने चोरी व नकबजनी की घटनाओं को कारित करने वाले 5 को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्तों में इलाके के गांव धवरपारा के नरेश, रालामऊ के विनोद, धरौली के संजय और थाना मछरेहटा के गंज निवासी राकेश व राजेश शामिल है। थाना प्रभारी आरबी सुमन ने बताया अभियुक्तों के पास से चोरी के 16 हजार रुपए नकद, सोने-चांदी के जेवरात के अलावा 4 अदद तमंचा वाह नो कारतूस बरामद हुई है। अभियुक्तों ने पूछताछ में कुबूल किया की बीते महीनों में इन लोगों ने थाना सदना व कोतवाली मिश्रिख इलाके में चोरी व नकबजनी की घटनाओं को अंजाम दिया था। गिरफ्तारी टीम में थाना प्रभारी के साथ, एसएसआई अनिल तिवारी, कांस्टेबल कपिल देव, जाहिद अली, अमित चौधरी, सौरव यादव, विनीत सिंह व सोहन सिंह शामिल रहे।

### हरगांव पुलिस के हत्थे चढ़े इनामिया

**सीतापुर।** शातिर अपराधियों पर कार्यवाही करते हुए थाना हरगांव पुलिस ने एससी एसटी एक्ट में वांछित 25-25 हजार के दो इनामीयों को गिरतार किया है। पकड़े गए अभियुक्तों में थाना इलाके के गांव बनिहार निवासी विजयपाल व अजय पाल शामिल हैं। थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि अभियुक्त पिछले करीब 6 महीने से वांछित चल रहे थे। गिरतारी टीम थाना प्रभारी के साथ एसएसआई सुरेंद्र बहादुर सिंह, एसआई नवनीत मिश्रा, हेड कांस्टेबल दिनेश पाठक, कांस्टेबल कपिल कुमार, महिला आरक्षी मोनिका रानी व कामिनी शामिल रहीं।

### पकड़ी गई 500 लीटर अवैध शराब

**सीतापुर।** अवैध शराब कारोबारियों पर पुलिसिया नकेल लगातार कसती जा रहे है। इसी के चलते अलग-अलग थानों की पुलिस ने 37 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके पास से 500 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। इस दौरान थाना थानगांव पुलिस ने 110 लीटर शराब के साथ 7, थाना मानपुर पुलिस ने 60 लीटर शराब के साथ 4, थाना खैराबाद पुलिस ने 50 लीटर शराब के साथ 2, थाना रामपुर मथुरा पुलिस ने 50 लीटर शराब के साथ 5, थाना कमलापुर पुलिस ने 45 लीटर शराब के साथ 5, थाना पिसावा पुलिस ने 40 लीटर शराब के साथ 1, थाना मछरेहटा पुलिस ने 40 लीटर शराब के साथ 2, थाना तंबौर पुलिस ने 20 लीटर शराब के साथ 2, थाना इमलिया सुल्तानपुर पुलिस ने 20 लीटर शराब के साथ 2 अभियुक्तों को गिरतार किया है। इसके अलावा थाना कोतवाली सिधौली, कोतवाली महमूदाबाद, थाना हरगांव व थाना रामपुर कला पुलिस ने 10 लीटर शराब पकड़ी है।अभियुक्तों पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

### लहरपुर में प्रेरणा को प्रयास की जरूरत

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर क्षेत्र में चल रहे मिशन प्रेरणा के लक्ष्य अभी पूरे नहीं हो पाए हैं। बीईओ रणजीत कुमार ने संकुल करस्योरा और अकबरपुर में प्रधानाध्यापकों के साथ बेठक करके कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। बीईओ ने कहा कि निष्ठा एप से 10-10 विद्यार्थियों के अभिभावकों के मोबाइल पर होम वर्क देकर साप्ताहिक मूल्यांकन किया जाए, इसके अलावा विद्यालयों पेयजल, शौचालय आदि व्यवस्थाएं जल्द दुरूस्त की जाएं।

### डीलर रखेंगे गाड़ियों की रजिस्ट्रेशन फाइलः डीएम

**सीतापुर।** अब वाहनों का पेपरलेस रजिस्ट्रेशन होगा। इसे लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार प्रमुख डीलरों के साथ बैठक करके नई व्यवस्था के बारे में जानकारी दी। डीएम विशाल भारद्वाज ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि परिवहन विभाग की 24 सेवाओं को जनहित गारण्टी अधिनियम के अन्तर्गत कर दिया गया है, ऑनलाइन सेवाएं कामन सर्विस सेंटर के माध्यम से भी उलपब्ध रहेंगी। ए.आर.टी.ओ. प्रशासन प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि अब ए.आर.टी.ओ. कार्यालय को डीलर फाईलें इलेक्ट्रानिक माध्यम में डिजिटल सिग्नेचर के साथ भेजी जाएंगी। बैठक में ए.आर.टी.ओ. डा. उदित नरायण पांडेय ने कहा कि इस नवीन व्यवस्था से कार्यों में तेजी आएगी। बैठक में अग्रवाल ऑटोसेल्स, नरेन्द्र हीरो, मारूति, हुडंई आदि कम्पनियों के डीलर मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**कमलापुर सीतापुर।** एनएच-24 पर थाना कमलापुर इलाके में मां वैष्णो पेट्रोल पम्प के पास 36वर्षीय युवक की मौत हो गई। थाना मानपुर के गोपालपुर निवासी वीरेन्द्र बाइक से सड़क पार कर रहा था कि तभी तेज रतार ट्रक की टक्कर से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया कि षव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है।

### बेहटा में सिद्धार्थ का परचम

**तंबौर सीतापुर।** सिद्धार्थ पटेल प्राथामिक शिक्षक संघ बेहटा के अध्यक्ष बन गए हैं। ब्लॉक संसाधन केंद्र बेहटा में आयोजित अधिवेशन में उन्होंने 286 मत प्राप्त करे जीज दर्ज की। निर्वतमान अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह 246 वोट मिले। वही मंत्री पद पर नित्यानंद अग्निहोत्री 407 वोट पाकर विजयी हुए। उनके प्रतिद्वंदी बृजेश जायसवाल को 128 मत ही मिले। षांति व्यवस्थ बनाए रखने के लिए पुलिस तैनात रही। तुफैल, वफाउल्ला, विनोद चौरसिया, कौशल गिरी, हरि संकर गिरी, राजेन्द कुमार, मलखान सिंह, प्रद्यूम्न वर्मा, सहेरोज शेख, मनोज कुमार वर्मा, बिल्लू सिंह, ओमी चंद्र, अभिमन्यू वर्मा आदि षिक्षक मौजूद रहे।

अंधकार में डूबे बिजनेस सेक्टर में उम्मीद की दीपावली...

# त्योहार पर ऑटो मोबाइल सेक्टर में बढ़ी डिमांड


सीतापुर-रायल इनफील्ड के शोरूम में बाइक के बारे में जानकारी देते मैनेजर कमलेश चौधरी


सीतापुर-मारूति कान्सेप्ट कार्स में जानकारी देते डीलर


नरेन्द्र शोरूम में खड़ी स्कूटी

## ● कंपनियों से वाहन डिलीवर न होने से मायूसी भी

संवाददाता। सीतापुर

**कोरोना काल** के दौरान मंदी झेल रही आर्थिक गतिविधियां अब रफ्तार पकड़ने की ओर बढ़ रही हैं। दीपावली पर्व को लेकर बाजार सज गए हैं। आटो मोबाइल मार्केट में खास रौनक आ गई है। दीपावली पर्व को लेकर बाइक व स्कूटी की बिक्री धीरे बढ़ने लगी है। धनतेरस व दीपावली के दिन कार, बाइक व स्कूटी की अच्छी सेल होने की उम्मीद है, हालांकि डिमांड के मुताबिक चौपहिया गाड़ियां डिलीवर नहीं हो पा रही हैं। इससे कुछ मायूसी भी है।

**आकर्षक उपहार और डिस्काउंट भी-** चौदह नवंबर को दीपावली है। दीपावली से पहले धनतेरस को लेकर आटो मोबाइल बाजार भी तैयार है। धनतेरस को खरीदने के लिए अभी से दोपहिया और चौपहिया वाहन बुक कराने लगे हैं। आटो कंपनियों ने दोपहिया, चौपहिया वाहनों की खरीद पर आकर्षक उपहार और डिस्काउंट की स्कीमें चालू की हैं। इसी को लेकर लोगों की भीड़ भी जुटनी शुरू हो गई है।

**वाहनों की हो रही बुकिग-** आटो मोबाइल का कारोबार करने वालों का मानना है कि धनतेरस और दीपावली को लेकर योवाहनों की खरीद के लिए जिस तेजी से वाहन बुक कराए जा रहे हैं, उससे प्रकाश पर्व पर वाहनों की बिक्री होने की काफी उम्मीदें हैं, हालांकि बुकिंग के हिसाब से कंपनियों से गाड़ियां डिलीवर नहीं हो पा रही हैं। बजाज एजेंसी के संचालक पंकज शर्मा कहते हैं कि कोरोना के चलते आटोमोबाइल सेक्टर का बाजार मंदा है। अभी ग्राहकों की संख्या कम है, लेकिन दीपावली पर भारी वाहनों की बिक्री होने की संभावना हैं। नरेंद्र हीरो के संचालक डॉ. अरुण सिंह कहते हैं कि कोरोना दौर में आटो मोबाइल सेक्टर काफी सुस्त रहा, लेकिन इधर इसमें उछाल आया है। उनकी कंपनी द्वारा आकर्षक उपहार व डिस्काउंट दिए जा रहे हैं। इससे त्योहारों पर वाहनों की बिक्री अधिक होने की उम्मीद है। रायल इनफील्ड के जनरल मैनेजर कमलेश चौधरी कहते हैं कि रायल इन फील्ड के वाहनों की डिमांड बढ़ी है। त्योहार पर दो सौ वाहनों का लक्ष्य है। पर डिमांड के मुताबिक मैन्युफैक्चरिंग नहीं हो पा रही है। उधर, मारुति कंपनी के मैनेजर शैलेंद्र शुक्ला कहते हैं कि कोरोना के बाद अब इस क्षेत्र में उछाल आया है। दीपावली पर भारी संख्या में वाहन बुकिंग कराए हैं, मगर कंपनी से गाड़ियों की मैन्युफैक्चरिंग नहीं पा रही है। इसलिए त्योहार के बाद इन्हें गाड़ियां डिलीवर की जाएंगी। महिंद्रा कंपनी के सेल्स मैनेजर आमिर खान का कहना है कि महिंद्रा कंपनियों के वाहनों की बुकिंग हो रही है। मौजूदा वक्त में 50 वाहन स्टॉक में है, ये वाहन धनतेरस पर डिलीवर किए जाएंगे। शेष वाहन त्योहार के बाद डिलीवर किए जाएंगे।

# प्रेमिका से नजदीकी बढ़ाने पर मिली थी हरिनाम को मौत

## ● प्रेमी ने दिया घटना को अंजाम, जुर्म कुबूला

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**नौ नवम्बर** को वादी परसादी पुत्र मोती निवासी दुर्गापुर पड़री थाना ईसानगर खीरी ने सूचना दी कि 8 नवम्बर 20 को रात्रि समय लगभग 8 बजे में उनका पुत्र हरिनाम उम्र लगभग 20 वर्ष घर से शौच के लिए गया था। बाद में वह घायल अवस्था में खेत में पाया गया और थोड़ी देर बाद उसकी मृत्यु हो गई थी।

सूचना पर थाना ईसानगर पर मुकदमा अपराध संख्या 564/2020 धारा 302 में मुकदमा पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में पुलिस द्वारा दुर्गापुर पड़री निवासी अयोध्या प्रसाद अवस्थी उर्फ घूरे अवस्थी से पूछताछ करने में प्रकाश में आया कि अयोध्या प्रसाद अवस्थी के गांव की एक महिला से कई वर्षो से संबंध है और हरिनाम की विगत कुछ समय से इस महिला से घनिष्टता बढ़ रही थी। उसके द्वारा महिला के घर पर भी आना-जाना शुरु हो गया था।

अयोध्या प्रसाद द्वारा इस पर कई बार ऐतराज किया और हरिनाम को चेतावनी भी दी किन्तु हरिनाम ने उसकी बात नहीं मानी। जिस पर क्षुब्ध होकर अयोध्या प्रसाद अवस्थी ने हरिनाम की डंडे से चोट पहुंचाकर हत्या कर दी।

अयोध्या प्रसाद के जुर्म इकबाल करने व घटना में उसकी संलिप्तता के पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर अभियुक्त अयोध्या प्रसाद अवस्थी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

## जरूरत मंदों के बनाए जाएं आयुष्मान कार्ड


**लखीमपुर-खीरी।** डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत बनाए जाने वाले गोल्डन कार्ड की प्रगति की समीक्षा कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत पात्र लाभार्थी परिवार के कम से कम एक सदस्य का अनिवार्य रूप से गोल्डन कार्ड उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि एक ऐसी व्यवस्था बनाई जाए कि सभी पात्र परिवारों को इस योजना से संतृप्त करते हुए प्रत्येक दशा में लाभान्वित कराया जाए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

# एसडीएम ने किया गौशालाओं को दौरा



**मोहम्मदी-खीरी।** उपजिलाधिकारी स्वाती शुक्ला ने मझिगवां, करौंदा और हथेला वाजिदपुर गौशालाओं का आकस्मिक दौरा किया। उन्होंने ठंड के मद्देनजर सभी गायों के सर्दी से बचाओ के लिए तत्काल तिरपाल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। वहीं करौंदा, हरेला वाजिदपुर और मझिगवां गौशालाओं में पशुओं के लिए सभी गौशालाओं में पचास-पचास बोरा धान का घूटा दिया। वहीं इन सब गौशालाओं में भूसे की भी व्यवस्था की है। उपजिलाधिकारी ने बताया कि सर्दी से बचाओ के लिए तत्काल तिरपाल की व्यवस्था करायी जा रही है। वहीं सभी जानवरों को अच्छा भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से धान का घूटा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया गया है। वहीं पशु चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से हर पशु की चिकित्सीय जांच लगातार की जा रही है। हर जानवर के खाने-पीने और रहने की उत्तम व्यवस्था कराने की पूरी कोशिश की जा रही है। कहीं पर कोई शिकायत या जानकारी गौशाला के संबंध में मिलती है तो तत्काल संज्ञान लेकर उस कमी को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने बताया किसी भी गौशाला में किसी भी तरह की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। सभी को पहले से ही उचित दिशा-निर्देशों दिए गये हैं। दौरे में पशु चिकित्सक अधिकारी जगदीश सिंह भी रहे।

# पंचायत चुनाव को लेकर हो रही अपराधियों की पाबंदी: सीओ



**मोहम्मदी-खीरी।** अपराध और अपराधियों पर रोक और नकेल के उद्देश्य के साथ आमजन मानस में अपराध मुक्त बनाने के उद्देश्य से मोहम्मदी के पसगवां, हैदराबाद और मोहम्मदी थानों में बड़े पैमाने पर गुंडा एक्ट, जिलाबदर, मिनी गुंडा एक्ट, कुर्की के साथ पंचायत चुनाव को देखते हुए अभी से पुलिस ने कार्रवाई करना शुरु कर दिया है। इस संबंध में पुलिस उपाधीक्षक अभय प्रताप मल ने बताया कि मोहम्मदी कोतवाली में 25 लोगों पर गुण्डा एक्ट, पांच पर गैंगस्टर, चार जिलाबदर, 110 जी के तहत, मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई 45 लोगों पर की गयी है। तीन पर सम्पत्ति कुर्क की गयी है। उसी के साथ एक पर एनएसए लगाया गया है। पंचायत चुनाव के तहत 300 लोगों को पाबंद किया गया है। अपहृत आठ बालिकाओं को कुशलता के साथ बरामद किया गया है। वहीं पसगवां थाने में 15 पर गुंडा एक्ट, तीन गैंगस्टर, दो को जिला बदर, मिनी गुण्डा एक्ट के तहत 25लोगों पर कार्रवाई हुई है। चार लोगों की सम्पत्ति की कुर्की हुई है। पंचायत चुनाव को देखते हुए 200 लोगों को पाबंद किया गया है। पसगवां और मोहम्मदी में 19 लोगों पर हिस्ट्रीशीटर चिन्हित किए गये हैं। अवैध शराब के विरुद्ध चलाए गये अभियान में 23 भट्टियां बरामद की गयी हैं। जिसमें 43 मुकदमें दर्ज हुए हैं। अवैध शराब बरामद की गई है। वहीं अवैध असलहा फैक्ट्री भी पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल की है। वहीं पलिस उपाधीक्षक ने बताया कि 300 विवेचनाओं का निस्तारण हुआ है। उन्होंने बताया कि ऐ कार्रवाई लगातार चलती रहेगी। किसी को भी कानून को हाथ में लेने की इजाजत नहीं होगी।

# स्वास्थ्य कार्यक्रमों में बेहतर परफार्मेंस दिखाएं चिकित्सा अधिकारी:डीएम

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**डीएम** शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई। सीएमओ डा. मनोज अग्रवाल ने एजेंडा बिंदु सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संबंध में अद्यतन स्थिति से अवगत कराया। जिला स्तर पर विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों में अद्यतन स्थिति एवं प्रगति पर समीक्षा हुई।

डीएम ने कहा कि कोविड के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में पूरे चिकित्सा परिवार ने निश्चित रूप से बेहतर कार्य किया। कोविड के साथ-साथ अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों में बेहतर प्रदर्शन किया जाए। स्वास्थ्य कार्यक्रमों में चिकित्सा अधिकारी बेहतर परफार्मेंस दिखाएं।

डीएम ने निर्देश दिए कि इस वर्ष चिकित्सालय में हुए सभी संस्थागत प्रसवों की फीडिंग सीआरएस पोर्टल पर अनिवार्य रूप से कराना सुनिश्चित करें।

डीपीआरओ ग्राम पंचायत अधिकारी के माध्यम से घरेलू प्रसवों की सूचना संकलित कराते हुए एडीओ पंचायत के माध्यम से इसकी फीडिंग सीआरएस पोर्टल पर कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत डेंगू सहित अन्य वेक्टर जनित रोग के प्रकोप के बढ़ने की प्रबल आशंका है इसलिए सभी चिकित्सा अधिकारी इससे निपटने के लिए कमर कस लें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना एवं जननी सुरक्षा योजना से भी आम जन को लाभान्वित कराया जाए।

सीडीओ अरविंद सिंह ने चिकित्सा अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पूरी ऊर्जा के साथ अपने कार्य दायित्वों का निष्पादन करते हुए स्वास्थ्य कार्यक्रमों में बेहतर प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा कि फील्ड में आशा एवं एएनएम को एक्टिवेट किए जाने की और अधिक आवश्यकता है। बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. आरपी दीक्षित ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभिन्न स्वास्थ्य संकेतको में ब्लॉक वार स्थिति प्रस्तुत की। बैठक के अंत में सीएमओ डा. मनोज अग्रवाल ने कहा कि आज की बैठक में जो भी दिशा निर्देश डीएम एवं सीडीओ द्वारा प्राप्त हुए हैं उनका संबंधित चिकित्सा अधिकारियों द्वारा शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, भाई घायल

**फतेहपुर।** बकेवर थाना क्षेंत्र के ग्र्राम टीकरा के समीप सोमवार की देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से बाइक सवार 26 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। जब कि उसका भाई गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिये सदर अस्पताल लाया गया। जहा उसकी हालत चिन्ताजनक देखते हुये कानपुर के लिये रिफर कर दिया। जानकारी के अनुसार बकेवर थाना क्षेत्र के देवमई गांव निवासी राजू सैनी का पुत्र रवि अपने बडें भाई अजय सैनी तीस के साथ मोटर साइकिल से कानपुर रिस्तेदारी में गया था। बताते है कि देर शाम वापस लौटते समय जैसे ही बाइक थाने के टीकरा गांव पहुची तभी तेज रफ्तार अज्ञात बेकाबू वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे रवि सैनी की घटना स्थल पर मौत हो गयी। जब कि उसका बडा भाई गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुची सरकारी एम्बुलेन्स ने घायल को बिन्दकी सीएचसी में भर्ती कराया।

# लेखपाल संघ का चुनाव संपन्न



नवनियुक्त लेखपाल संघ के पदाधिकारी

## ● सत्यपाल अध्यक्ष, सुशील कुमार मंत्री निर्वाचित

**संडीला ( हरदोई )।** लेखपाल संघ के वार्षिक चुनाव में सत्यपाल अध्यक्ष एवं सुशील कुमार मंत्री निर्वाचित हुए। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की संडीला इकाई के पदाधिकारियों का चुनाव सर्वेश राजवंशी तथा श्रीपाल वर्मा की देख रेख में सम्पन्न हुई। अध्यक्ष पद पर सत्यपाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद रितेश यादव, उपमंत्री पद ज्ञानसिंह, कोषाध्यक्ष के पद पर मनोज वर्मा तथा आडिटर के रुप में प्रमोद कुमार यादव निर्विरोध निर्वाचित हुए जबकि मंत्री पद पर हुए चुनाव में सुशील कुमार ने बावन मत पाकर लोकेश कुमार को बीस मतों से हरा दिया। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मनोज कुमार को पैंतालीस मत प्राप्त हुए जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वन्धी आदित्य विक्रम को सैंतीस मत ही प्राप्त हुए। नवर्निवाचित अध्यक्ष सत्यपाल ने निर्वाचन के बाद अपने सम्बोधन में संघ के हित में पूर्ण समर्पण से कार्य करने तथा लेखपाल संघ के सभी सदस्यों के मान सम्मान की रक्षा का संकल्प व्यक्त किया।

# दीपावली पर यात्रियों की सहूलियत को लेकर रोडवेज ने कसी कमर

संवाददाता। बरेली

**दीपावली** पर घर जाने के लिए इस बार रोडवेज बसो मे त्यौहार के दौरान होने वाली भीड़-भाड़ मे सीट तलाशने के लिए जद्दोजहद नही करनी पड़ेगी। त्योहार को देखते हुए परिवहन निगम ने रोडवेज बसो की संख्या बढ़ाई है। दीपावली के दौरान बरेली परिक्षेत्र मे 630 बसे संचालन के लिये उपलब्ध रहेंगी। बसो की पर्याप्त उपलब्धता के लिए रोडवेज प्रबंधन ने तैयारिया शुरू कर दी है। दीपावली के त्यौहार पर कुल 10 दिन स्पेशल बसे चलाई जाएंगी। रूट पर सवारियो की उपलब्धता के हिसाब से बसो की व्यवस्था की गई है। इसके तहत दिल्ली मार्ग पर 360 बसे, आगरा मार्ग पर 60 बसे लखनऊ, टनकपुर, हल्द्वानी, कानपुर मार्ग पर 110 बसे और स्थानीय मार्गो पर 110 बसे संचालित की जाएंगी। इसके साथ ही 50 बसो को रिजर्व मे भी रखा जाएगा। त्योहार के दौरान रोडवेज के बेड़े की 90 प्रतिशत बसे प्रतिदिन संचालित की जाएंगी। बसो की कमी से बचने के लिये बीते दिनो सरेंडर की गई 145 बसो के परमिट वापस लिए गए है। इसके साथ ही वर्कशॉप मे खड़ी पुरानी बसो की मरम्मत कर उन्हे भी ऑनरोड किया गया है। बसो की उपलब्धता बढ़ाने के लिए लंबी दूरी वाले रूट पर बसो के फेरे भी बढ़ाए गए है। इसके तहत दिल्ली, हल्द्वानी समेत अन्य कई रूट पर चलने वाली बसे दिन मे दो फेरे लगायेगी। स्टाफ की कमी से बचने के लिए चालक-परिचालको समेत अन्य कर्मियो की छुट्टियां निरस्त कर दी गई है। यह सभी कर्मचारी त्योहार के दौरान बिना छुट्टी के ड्यूटी करेंगे। यात्रियो को असुविधा से बचाने के लिए जिले के दोनो बस अड्डो पर पूछताछ काउंटर बने हुए है। दीपावली के आसपास भीड़ बढ़ने के कारण इनकी संख्या बढ़ाई जायेगी। इसके लिए सैटेलाइट और पुराना रोडवेज दोनो जगह अस्थाई पूछताछ काउंटर बनाए जाएंगे। पूछताछ काउंटर पर कर्मियो की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। भीड़ नियंत्रित करने को रोडवेज ऑन डिमांड बसो का संचालन करेगा। इसके तहत जिस रूट पर सवारियो की उपलब्धता ज्यादा होगी वहा तुरंत बस चलाई जाएगी।

## महिलाओं को निशुल्क सेल्फडिफेंस प्रशिक्षण

**बरेली।** मिशन शक्ति अभियान से प्रेरणा पाकर द इण्डियन लायंस मार्शल आर्ट एकेडमी महिलाओ व लड़कियो को निशुल्क सेल्फ डिफेंस व जूड़ो कराटे का प्रशिक्षण दे रही है। कोच विवेक राना ने बताया कि महिला सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति अभियान से महिलाओ मे उत्साह जगा है और वह आत्मरक्षा के जागरूक हो रही है। महिलाये मार्शल आर्ट सीखने भी आ रही है। एकेडमी की कक्षा रामपुर बाग स्थित अग्रसेन पार्क मे रोजाना सुबह छ: बजे से लगायी जा रही है।

# वरिष्ठ नागरिक संगठन ने फतेहपुर स्थापना दिवस पर की चर्चा



संवाददाता। फतेहपुर

**पटेल नगर** कार्यालय में वरिष्ठ नागरिक संगठन द्वारा बैठक की गई। जिसमें जनपद के स्थापना दिवस पर संयोजक काली शंकर श्रीवास्तव के नेतृत्व में स्थापना दिवस पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित जयप्रकाश सिद्धराज ने डिप्टी कलेक्टर हिकमत उल्ला खान के अदम्य साहस के बारे में चर्चा की। ब्रजकिशोर शुक्ला ने बावन इमली बिंदकी के विषय में विस्तार से बताया। शमशुल हक ने अशोक सर के इतिहास के बारे में तथा शिव सागर साहू ने भिटौरा, आरबी सिंह ने असनी, राम भजन यादव, संतोष सिंह, उत्तम लाल आर्य, शिव भूषण मिश्रा, शिवपाल सिंह, जनपद के किसानों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर अशोक श्रीवास्तव, गोरेलाल दीक्षित ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## 194 दीप जलाकर युवा समिति ने मनाया फतेहपुर स्थापना दिवस


फ्तेहपुर। युवा विकास समिति द्वारा जनपद का वार्षिक महोत्सव पटेल नगर चौराहे में युवाओं व जनपद वासियों के साथ 194 दीप जलाकर व केक काटकर बड़े हर्ष के साथ मनाया गया। जनपद के स्थापना दिवस सदर विधायक विक्रम सिंह की मौजूदगी में मनाया गया। संगठन पूरे जनपद से अलग-अलग ईलाकों में युवाओं द्वारा जनपद का स्थापना दिवस को एक त्योहार के रूप में मनाये जाने का संकल्प लिया। साथ में सैकड़ों युवा विकास समिति के पदाधिकारी व सदस्य शामिल रहे। इस मौके पर संजय दत्त द्विवेदी, ज्ञानेंद्र मिश्रा, कंचन मिश्रा, लवली सिंह, हिमांशु, धनंजय द्विवेदी, बच्चा तिवारी आदि मौजूद रहे।

## बच्चों ने हैप्पी बर्थडे फतेहपुर बोलकर मनाया स्थापना दिवस



**फतेहपुर।** जननी ज न्म भ ूमि श्च स्वर्गादपि गरीयसी अर्थात जन्मभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर होती है। ऐसे पुनीत भाव को हृदय में लेकर डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के तत्वाधान में यूथ आइकॉन डॉ अनुराग श्रीवास्तव द्वारा जनपद स्थापना के 194 वर्ष पूर्ण होने पर गड़रियनपुरवा स्थित काशीराम कालोनी में चल रही लक्ष्मीबाई संस्कारशाला में आचार्य रामनारायण की सहायता से बच्चों के बीच उत्सव केक काटकर बनाया। तत्पश्चात डॉ श्रीवास्तव ने जनपद के इतिहास के बारे में विस्तार से बताया। सभी एक सौ पचास बच्चों को बिस्कुट, टॉफी, केक व गुब्बारे वितरित किए गए। सभी बच्चों ने हैप्पी बर्थडे फ्तेहपुर कह कर कार्यक्रम का बहुत उत्साह के साथ आनंद उठाया। इस अवसर पर प्रमुख सहयोगी अभिनव श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा की बैठक में 20 मतदाताओं पर एक पदाधिकारी हुआ नियुक्त



**फतेहपुर।** भारतीय जनता पार्टी इलाहाबाद झांसी स्नातक निर्वाचन खंड के चुनाव तैयारियों की बैठक जिला कार्यालय में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि स्नातक चुनाव की घोषणा हो चुकी है एवं केंद्रीय नेतृत्व द्वारा प्रत्याशी भी घोषित हो चुके हैं। जिसमें पार्टी ने डॉ0 यज्ञदत्त शर्मा को हम सब लोगों के बीच में नेतृत्व करने के लिए घोषित किया है। जिन का नामांकन 11 नवंबर को झांसी कमिश्नरी में दोपहर 11बजे होना सुनिश्चित हुआ है। जो अब तक का ऐतिहासिक नामांकन होगा। जिलाध्यक्ष ने बैठक में मौजूद सभी मंडल अध्यक्षों व पार्टी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी देते हुए कहा कि श्री शर्मा की जीत सुनिश्चित है। जिसमें हम सब का योगदान भी जरूरी है। प्रत्याशी के व्यक्तित्व कृतित्व की चर्चा करते हुए बताया कि वे अपने जनपद के ही धाता क्षेत्र के मूल निवासी हैं जिनकी जीत पार्टी की जीत व हम सब की जीत होगी। बैठक को संबोधित करते हुए जिला संयोजक विकास पासवान व धनंजय द्विवेदी ने कहा कि पार्टी द्वारा निर्धारित किए गए 20 मतदाताओं पर एक पदाधिकारी को जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी से करना होगा। प्रत्येक मतदाता की पहचान सुनिश्चित कर उसे मतदान केंद्र तक लाना प्राथमिकता में होना चाहिए। बैठक का संचालन महामंत्री चंद प्रकाश श्रीवास्तव ने किया। वही बैठक में ही मौजूद सभी पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष द्वारा दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए मिष्ठान वितरित कर पदाधिकारियों के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। बैठक में जिला महामंत्री पुष्पराज पटेल, उपाध्यक्ष अर्चना त्रिपाठी, अपर्णा सिंह गौतम, नगर अध्यक्ष संजय मोदनवाल, राकेश मौर्या, प्रवीण सिंह, अवधेश सिंह समेत सभी जिला पदाधिकारी व मंडल अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

# क्विक न्यूज

## जन्मी पात्र कन्याओं को कराएं लाभान्वित

**लखीमपुर-खीरी।** डीएम ने मौजूद चिकित्सा अधिकारियों एवं बाल विकास परियोजना अधिकारियों को मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाते हुए सभी पात्र कन्याओं को इस योजना से जुड़कर लाभान्वित करवाया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में कोई भी पात्र कन्या इसका लाभ पाने से वंचित न रहने पाए इसे प्रत्येक दशा में सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन आवेदन पर यथाशीघ्र प्रोसेस कराते हुए इस समय सीमा में पात्र कन्याओं को लाभान्वित कराया जाए। जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम ने बैठक में मौजूद अधिकारियों के सम्मुख योजना एवं उसके क्रियान्वयन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत छह श्रेणियों में बालिकाओं को लाभान्वित किए जाने की व्यवस्था की गई है।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**संडीला (हरदोई)।** एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना ग्राम सईदापुर मजरे मांझगांव की है।बताया जाता है कि ग्राम मझिया थाना बेनीगंज निवासी सतीश पुत्र श्रीपाल लखनऊ में प्रायवेट नौकरी करता था तथा विगत 5 वर्ष से अपनी ससुराल सैदापुर में पत्नी ममता के साथ रह था। उसने संदिग्ध परिस्थितियों में गांव के बाहर एक बाग में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दूसरी ओर मृतक के पिता श्रीपाल का आरोप है कि सतीश को उसके ससुर बैजनाथ तथा अन्य ससुराल के लोगों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था और इसी प्रताड़ना से परेशान होकर सतीश ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## खेत में पलटा ट्रैक्टर ग्रामीण की मौत

**बरेली।** खेत में ट्रैक्टर पलटने से उसे चला रहा ग्रामीण ट्रैक्टर के नीचे दब गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। भुता थाना क्षेत्र के गांव महेश पुरा निवासी 35 वर्षीय सत्य वीर पुत्र बनवारी लाल की कल शाम अपने खेत में ट्रैक्टर के नीचे दबने से मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि सत्यवीर कल अपने खेत को जोतने के लिए ट्रैक्टर लेकर घर से खेत पर गया था। जहां काम के दौरान अचानक उसका ट्रैक्टर बेकाबू होकर पलट गया और उस पर बैठा सत्यवीर ट्रैक्टर के नीचे दल गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने किसी तरह ट्रैक्टर के नीचे फंसे सत्यवीर को बाहर निकाला। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना उसके घर वालों को दी गई। जो मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। जिसने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उसकी पत्नी का नाम भाग्यवती है। वह 5 बच्चों का पिता था।

## बीज कंपनी के कर्मचारी की दुर्घटना में मौत

**बरेली।** बीज कंपनी के कर्मचारियों की कल शाम पेमेंट लेकर वापस लौटते समय हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।प्रेम नगर थाना क्षेत्र के सिद्धार्थ नगर निवासी 28 वर्षीय अंशु पुत्र गंगा सहाय कि कल शाम नवाबगंज थाना क्षेत्र में रानीगंज गांव के पास की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के पिता ने बताया कि अंशु एक बीच फैक्ट्री में फील्ड वर्क करता था। कल दिन में वह कंपनी का पेमेंट लेने के लिए क्योंलड़िया गया था। जहां से वापस लौटते समय रास्ते में ही नवाबगंज के रानीगंज गांव के पास पीछे से आए किसी वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया और टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल अंशु को नवाबगंज के स्वास्थ केंद्र भेज कर उसके पास मिले मोबाइल फोन से दुर्घटना की सूचना उसके घरवालों को दे दी। जो स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और हालत नाजुक देख कर उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए। लेकिन उसकी रास्ते में मौत हो गई और अस्पताल पहुंचते ही डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी का नाम कामिनी देवी है। वह एक बेटे का पिता था।

## कुकर्मी को पुलिस के हवाले किया

**बरेली।** 13 साल के लड़के के साथ कुकर्म करने के आरोप में फरार चल रहे एक कुकर्मी को लड़के के घर वालों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जिसने उसे जेल भेजा।बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला जोगी नवादा निवासी अशरफउर्फभूरे पुत्र भूरे खां को आज दोपहर मोहल्ले के ही रहने वाले लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जिला अस्पताल में मौजूद बच्चे के घर वालों ने बताया कि अशरफकबाड़ी का काम करता है। 4 दिन पूर्व वह 13 साल के एक लड़के को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और उसे ?170 देने के बाद उसके साथ कुकर्म किया। बच्चा अपने घर वापस लौट आया। कुछ देर बाद जब वह जोर जोर से रोने लगा तो घर वालों ने उससे पूछताछ की। तब उसने बताया कि अफसर ने उसके साथ कुकर्म किया है। घरवालों ने अफसर की तलाश शुरू कर दी। लेकिन वह फरार हो चुका था। कई दिनों तक तलाशने के बाद आज घर वालों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जिसने उसे जेल भेज दिया।

## सड़क हादसे में पति की मौत, पत्नी घायल

**फतेहपुर।** थरियाव थाना क्षेत्र के ग्राम अम्बापुर के समीप एनएचटू में सोमवार की देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से एक लगभग 46 वर्षीय अधेड की मौके पर मौत हो गयी वही पत्नी घायल हो गयी। जिसे उपचार के लिये जिला चिकित्सालय लाया गया। जहा महिला की हालत गम्भीर देख इलाहाबाद के लिये रिफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार इलाहाबाद जनपद के थाना नवाबगंज मोहल्ला करौली निवासी स्व0 शिवबहादुर का पुत्र चन्द्रभान सिंह अपनी 40 वर्षीय पत्नी किरन देवी के साथ कानपुर रिस्तेदारी में गये थे। देर शाम लगभग 7 बजे वापस लौटते समय बाइक जैसे ही थरियाव थाने के आम्बापुर एनएचटू में पहुची तभी पीछे से तेज रफ्तार आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे चन्द्रभान सिंह की मौके पर ही मौत हो गयी वही पत्नी बुरी तरह घायल हो गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुची सरकारी एम्बुलेन्स ने घायल महिला को उपचार के लिये जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहा उनकी हालत गम्भीर देख चिकित्सक ने इलाहाबाद के लिये रिफर कर दिया। जबकि पुलिस सदर अस्पताल मर्चरी पहुचकर शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## पति से झगड़ विवाहिता ने लगायी फांसी, हालत गम्भीर

**फतेहपुर।** बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र कें ग्राम फिरोजपुर में मंगलवार की दोपहर पति से लडने के बाद एक लगभग 22 वर्षीय विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे गम्भीर अवस्था में उपचार के लिये जिला चिकित्सालय लाया गया। जहा उसकी हालत चिन्ताजनक देखते हुये कानपुर के लिये रिफर कर दिया। जानकारी के अनुसार फिरोजपुर गांव निवासी गुलाब सिंह लोधी की पत्नी अंकिता देवी से आज दोपहर किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गयी। जिससे क्षुब्ध होकर विवाहिता ने कमरे में पंखें में रस्सी का फंदा डाल फांसी पर लटक गयी तभी परिजनो की नजर उस पर पड गयी और उसे आनन-फानन परिजनो ने फांसी के फंदे से छुडा सरकारी एम्बुलेन्स द्वारा उपचार के लिये जिला चिकित्सालय पहुचायां। जहा इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने उसकी हालत गम्भीर देखते हुये कानपुर के लिये रिफर कर दिया।

## बहन के घर गये युवक को किया लहूलुहान

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खासमऊ में एक पखवारे पूर्व अपनी बहन के घर गये 35 वर्षीय युवक को बहन के ससुरालीजनो ने लांठी डण्डो व धारदार हथियार मारकर घायल कर दिया जिसे उपचार के लिये सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के बस्तापुर गांव निवासी देशराज रैदास का पुत्र रामू (राजगीर) है। जिसकी बहन उमादेवी पत्नी रजोले निवासी खासमऊ खागा में ब्याही है। बताते है कि 15 दिन पूर्व वह अपनी बहन के घर गया जहा उसकी बहन अपने नये घर का निर्माण करा रही थी। घर कम्पलीट होने के बाद जब उसकी बहन ससुराल से अपना सामान लेने गयी तो पति देशराज, देवर अभिराज व उसकी पत्नी नन्द निशा, सास कलुई व ससुर उसे मारने पीटने लगे जिस पर वह अपनी बहन को बचाने के लिये पहुचा तो हमलावरो नें उसको लाठी डण्डों व धारदार हथियार मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। और धमकी देते हुये फरार हो गये। घायल हो उपचार के लिये जिला चिकित्सालय में भर्ती करा दिया गया।

## सड़क हादसों में महिला समेत चार घायल

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रो के अन्तर्गत हुये सडक हादसो के दौरान महिला समेत चार लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिये सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार हुसेनगंज थाना क्षेत्र के सेमरहा गांव निवासी सूरजदीन की 40 वर्षीय पत्नी कान्तीदेवी कल शाम खेत से घर वापस आ रही थी। तभी सडक पार करते समय बाइक की चपेट में आ जाने से घायल हों गयी। इसी प्रकार मलवा थाना क्षेत्र के आदमपुर गांव निवासी रंजीत का 14 वर्षीय पुत्र विकास बाइक से मलवा आ रहा था। तभी अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से घायल हो गयां। इसी तरह खागा कस्बा के बाबूलाल का 35 वर्षीय पुत्र छेददू मार्ग दुघर्टना में घायल हो गया। जब कि किशनपुर थाना क्षेत्र के सरौली गांव निवासी स्व0 चन्द्रपाल का 60 वर्षीय पुत्र लल्लू सिंह जंगल से घर आ रहा था तभी अज्ञात वाहन की टक्कर लग जाने से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुची सरकारी एम्बुलेन्स ने घायलो को उपचार के लिये सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# मिट्टी के दीयों में खुशहाली का प्रकाश देख रहे कुम्हार

● ईंधन की महंगाई ने तोड़ी कुम्हारों की कमर

● नहीं निकलती है आसानी से लागत



संवाददाता। फर्रुखाबाद

**दीपावली** को लेकर कुम्हार मिट्टी के दीप बनाने में जी जान से जूट गए हैं। साथ हीं कुम्हारों ने चाइनीज लाइट का जबाब मिट्टी के दीप से देने का फैसला भी किया है। दीपावली नजदीक आते ही कुम्हारों के चाक घूमने लगे हैं। बड़ी संख्या में मिट्टी के दीये बनाने का कार्य कुम्हारों ने शुरू कर दिया है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से त्योहारों पर स्थानीय उत्पादों की खरीदारी किए जाने के आह्वान से इस बार कुम्हारों में ज्यादा बिक्री होने की उम्मीद जगी है। चीनी सामानों का बहिष्कार भी इनकी खुशहाली में चार चांद लगाने के लिए तैयार है।दीपावली आगामी 14 नवंबर को मनाई जाएगी। इस अवसर पर दीपों से अपने घर-आंगन को सजाने की तैयारी लोगों ने शुरू कर दी है। बदलते ट्रेंड के साथ लोग डिजाइनर दीये भी खूब पसंद करने लगे हैं। वहीं चाइनीज दीयों से मोहभंग के चलते मिट्टी के दीयों की मांग बढ़ी है। भारतवर्ष में दीपावली को बड़े पर्व के रूप में मान्यता दी जाती है। दीपावली के समय कुम्हारों के चेहरे खिल जाते हैं क्योंकि दीया, कुल्हड़ और मिट्टी की घरिया और खेल-खिलौने बनाने का काम विश्वकर्मा पूजा से कुम्हारों के बीच शुरू हो जाता है। अबकी दीवाली कुम्हारों के लिए इसलिए खास लग रही है क्योंकि इस बार चीनी सामानों के विरोध के चलते फिर से बाजार में मिट्टी के दीये व खेल-खिलौनों की डिमांड बढ़ गई है।

दीपावली पर धन लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए मिट्टी के दीपक बनाने वाले कुम्हारों के चाक ने रफ्तार पकड़ ली है। उन्हें इस बार अच्छी बिक्री की उम्मीद है। मिट्टी के दीपक, मटकी आदि बनाने के लिए माता-पिता के साथ उनके बच्चे भी हाथ बंटा रहे हैं। कोई मिट्टी गूंथने में लगा है तो किसी के हाथ चाक पर मिट्टी के बर्तनों को आकार दे रहे हैं।

शहर के नई बस्ती निवासी सतीश प्रजापति नें बताया कि इस बार उम्मीद है कि कुछ ज्यादा दीपक की बिक्री होगी क्योंकि चाइना के बने सामना की खरीदारी का खूब विरोध हुआ है। पिछले साल करीब तीस हजार दीपक व मिट्टी के अन्य सामग्री बेची थी। इस बार उम्मीद है कि पचास हजार से साठ हजार तक दीपकों की बिक्री होगी। हाथ का चाक से फटाफट दीपक व अन्य सामान तैयार किया जाता है।

# घाटमपुर उपचुनाव: भाजपा के उपेन्द्र नाथ पासवान विजयी

संवाददाता। घाटमपुर





**विधान** सभा सीट घाटमपुर के उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी उपेंन्द्र नाथ पासवान 23614 मतों से कांग्रेस प्रत्याशी डा0 कृपाशंकर को हरा कर चुनाव में बिजय घोषित किये गये, 2017 के चुनाव में दूसरे नंबर पर रहने वाली बसपा इस चुनाव में तीसरे स्थान पर रही। वर्ष 2017 के चुनाव में भाजपा की कमलरानी ने सपा से ये सीट छीन कर इतिहास रच दिया था। लेकिन कारोना की चपेट में आने से उनका निधन हो गया था जिसके कारण इस सीट पर अन्य जगहों के साथ इस सीट पर भी उप चुनाव हुआ। भाजपा ने इस सीट पर पेशे से शिक्षक उपेंन्द्र नाथ पासवान को मैदान में उतारा था जबकि बसपा ने इस सीट पर बीते दो चुनाव में प्रत्याशी रही सरोज कुरील की जगह कैडर के कुलदीप संखवार पर दांव लगाया था उधर कांग्रेस के दो जमीनी नेता पूर्ब सासंद राकेश सचान व राजाराम पाल जो बसपा से बिधायक और कांग्रेस से सांसद रह चुके थे ने क्षेत्र की भीतरगांव में तैनात रहे डा0 कृपाशंकर को मैदान में उतारा था जबकि समाज बादी पार्टी ने अपने पूर्ब बिधायक इन्द्रजीत कोरी को टिकट देकर चुनाव को रोचक बना दिया था। आज कानपुर नौबस्ता मंण्डी समिति में हुई बोटों की गिनती में पहले 4 राउन्ड की गिनती में बसपा आगे चली लेकिन इसके बाद भापजा प्रत्याशी उपेंन्द्र नाथ पासवान आगे निकले की पीछे मुड़ कर नही देखा। उघर 32 राउन्ड तक बसपा के कुलदीप संखवार भाजपा प्रत्याशी के पीछे लगे रहे लेकिन इसके बाद काग्रेस पत्याशी कृपा शंकर बसपा को पीछे ढ़केल दूसरे स्थान पर आ डटे और अंन्त तक दूसरे स्थान पर बने रहे उन्हे 36480 मत मिले जबकि भाजपा प्रत्याशी उपेन्द्र नाथ को 60094 मत मिले और वो 23614 मतों से कांग्रेस प्रत्याशी को शिकस्त दे दी। तीसरे स्थान पर रही बसपा के कुलदीप संखवार को 33814 और सपा के इन्द्रजीत कोरी को 22574 बोट मिले। जन अधिकार दल के बिपिन कुमार को 1291 और सभी जन पार्टी के अशोक पासवान को 1032 तथा 1551 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया।

## उपेंन्द्र नाथ पासवान की जीत पर बधाइयों का तांता

**घाटमपुर।** उप चुनाव में उपेंन्द्र नाथ पासवान के विजयी होने पर मीडिया प्रभारी एंव नगर पालिका के सभासद बिबेक शुक्ला, भाजपा किसान मोर्चा कानपुर ग्रामीण के जिला महामंत्री श्रीक्ष्ण मिश्रा, जिला मंत्री दलजीत सिंह, डा0 दिलीप पटेल, कार्यालय प्रभारी एंव पूर्ब प्रधान रामचंन्द्र सचान, कमलेश त्रिवेदी, उमेश द्विवेदी और उचित दर बिक्रेता सेवा समिति के अध्यक्ष सुभाष चंद्र द्विवेदी तथा टिकवांपुर निवासी आनन्द मिश्रा ने बधाई दी है और कहा है कि उपेंन्द्र नाथ की जीत से ये साबित हो गया है कि मतदाताओं ने प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्य मंत्री आदित्य नाथ योगी की सरकार द्वारा चलाई गयी कल्याण कारी योजनाओं को प्रसंन्द कर बिरोधियों को करारा जवाब दिया है।

# डम्पर से कुचलकर महिला की हुई दर्दनाक मौत

● चालक को लिया हिरासत में

संवाददाता। भर्थना

**इटावा.कन्नौज** हाईवे स्थित भरथना कोतवाली के सामने मंगलवार की सुवह 10 बजे इटावा की तरफसे आ रहे एक डम्फर से कुचल कर एक महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना भरथना कोतवाली के ठीक सामने की होने के कारण कोतवाली पुलिस ने दुर्घटना में सामिल डम्फर को तत्काल हिरासत में लेलिया। और आनन.फानन में घटना स्थल से शव समेट कर पोस्टमार्टम को भेज दिया। आपको बतादें थाना ऊसराहार क्षेत्र के ग्राम उद्देतपुरा निबासी शिक्षक राकेश चन्द्र लम्बे समय से भरथना कस्बा के मोहल्ला महावीर नगर स्थित माँ अम्बे पब्लिक स्कूल के निकट अपना निजी घर बना कर रह रहे थे। शिक्षक राकेश चंद्र यहाँ अपने निजी आवास में ही छात्र.छात्राओं को योग्य बनाने के लिए एक शिक्षण संस्था भी संचालित कर छात्र छात्राओं को शिक्षा दिलाने का कार्य करते है। बीते दिन उनकी पत्नी कमलेश सक्सेना 42 बर्ष का कुछ स्वास्थ्य खराव होने पर वे आज मंगलवार की सुबह उन्हें इटावा किसी चिकित्सक को दिखा कर दबाई दिलाने को अपनी बाइक से निकले थे। बाइक पर पीछे उनकी पत्नी कमलेश सक्सेना बैठी हुई थी। जैसे ही उनकी बाइक भरथना कोतवाली के सामने पहुँची इसी बीच कोतवाली के सामने बने ब्रेकर पर कमलेश उछल कर विपरीत दिशा में सड़क पर जा गिरीं इसी बीच इटावा की तरफसे आ रहे एक डम्फर के दायर से कुचल कर कमलेश की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

# घरेलू कलह में पति ने पत्नी की कुल्हाड़ी से की हत्या, फरार



संवाददाता। रूरा, कानपुर देहात

**थाना** क्षेत्र के छोटापुरवा विजईपुर बनीपारा गॉव में घरेलू कलह के चलते शराबी पति ने अपनी पत्नी की कुल्हाडी से नृशॅस हत्या कर दी है। सूचना पर एएसपी सहित रूरा पुलिस ने मौके पर पहुॅच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार छोटापुरवा निवासी सॅजय यादव शराब के नशे का लती व्यक्ति था शराबी होने के कारण अक्सर पत्नी से वाद विवाद होता रहता था। मॅगलवार को भी किसी बात को लेकर सॅजय का अपनी 42 वर्षीय पत्नी ममता देवी से विवाद होने लगा। थोडी ही देर में बात इतनी ज्यादा बढी कि सॅजय ने कुल्हाडी से पत्नी पर वार करना शुरू कर दिया जिससे कि ममता कि मौके पर ही मृत्यु हो गयी। सूचना पर पहुॅची रूरा पुलिस व एएसपी अनूप कुमार ने जॉच पडताल की तथा मृतका विवाहिता के मायकेजनों को सूचना देने के साथ शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। एएसपी अनूप कुमार ने बताया कि मृतका के मायकेजनों से तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी आरोपी की गिरफ्तारी के लिये पुलिस की कई टीमें बनायी गयी है। शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# माटीकला शिल्पियों, कारीगरों के उत्पादों का प्रदर्शन हेतु उपलब्ध करायें स्थान

**कानपुर देहात।** उप्र सरकार द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान के अर्न्तगत अपर मुख्य सचिव के प्राप्त निर्देशों की जानकारी देते हुए जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संजीव कुमार सिंह ने बताया कि विशिष्ट स्थान, बाजार, चौराहा को चिन्हित कर स्थानीय माटीकला शिल्पियों, कारीगरों के उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय दीपावली तक सुनिश्चित कराये जाना है। जिसके क्रम में स्थानीय शिल्पियों/कारीगरों को प्रारूप में नाम, आधार नं0, पिता का नाम, पूर्ण पता, कार्यस्थल (स्थानीय बाजार), माटीकला से निर्मित ब्रिक्री हेतु वस्तुए, मोबाईल नम्बर आदि भरकर स्थान चिन्हित कराकर उनके उत्पादन का विक्रय सुनिश्चित कराने के लिये दिनांक 11 नवम्बर 2020 तक कार्यालय जिला ग्रामोद्योग में उपलब्ध करायें।

## दशमोत्तर शिक्षण संस्थाएं छात्र-छात्राओं को उपलब्ध करायें जानकारी

**कानपुर देहात।** जिला समाज कल्याण अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालयों तथा संस्थानों द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार छात्रों को अगली कक्षा में प्रोन्नत कर दिया गया है, लेकिन उन्हें अंक नहीं दिये गये है, जब कि छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत वरीयता निर्धारण हेतु गत वर्ष के अंको की आवश्यकता होती है। गत वर्ष/सेमेस्टर के अंक के अलावा अथवा गत वर्ष/सेमेस्टर से पूर्व वर्ष के अंको के आधार पर वरीयता निर्धारण लेने हेतु शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया गया है, जिस पर निर्णय के उपरान्त वरीयता निर्धारण हेतु आपको अलग से सूचित किया जाएगा।

# तेज रफ़्तार कार ने मारी टक्कर, बाइक सवार गंभीर घायल

**जसवंतनगर।** ग्राम कैस्त समीप हाइवे पर बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्करए हादसे में बाइक सवार हुआ घायल इलाज को सैफई पीजीआई भेजा हालत नाजुक। थाना क्षेत्र के ग्राम हरकूपुर निवासी 48 वर्षीय संतोष कुमार पुत्र बांकेलाल मंगलवार को सुबह ग्राम कैस्त समीप हाइवे पर स्थित सेंट पीटर्स स्कूल से वापस बाइक पर सवार हो आ रहे थे। वे उक्त स्कूल के सामने पहुंचे थे। उसी दौरान तेज़ रफ़्तार से आ रहे एक चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने हादसे के बारे में एम्बुलेंस को सूचना से इलाज को सैफई पीजीआई भिजवाया। संतोष का इलाज जारी है। हालत गम्भीर बताई जा रही हैं। घायल संतोष छिमारा मार्ग पर स्थित मेडिकल दुकान का संचालक है।

# आक्रोशति अधिवक्ताओं ने की नारेबाजी, एसडीएम को दिया ज्ञापन

संवाददाता। कायमगंज फर्रुखाबाद



**कायमगंज** बार एसोसिएशन अध्यक्ष राघव चंद्र शुक्ला एडवोकेट पर अभी कुछ दिन पहले ही विरोधियों ने जानलेवा हमला किया था। जिसकी रिपोर्ट आईपीसी की धारा 147 148 149 504 506 307 के अंतर्गत थाना कंपिल में दर्ज कराई जा चुकी है। अधिवक्ताओं का आरोप है कि नामजद मुलजिम पुलिस की मिलीभगत होने के कारण बेखौफघूम रहे हैं। पुलिस ना तो उनकी गिरफ्तारी कर रही है और ना ही कोई ठोस कार्यवाही। जिसके कारण अधिवक्ताओं में असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो गई है।

इसी प्रकरण को लेकर आज एसोसिएशन के पदाधिकारी शफीक खान सचिव एवं परम मिश्रा वीरेंद्र प्रताप उपाध्याय अमरीश शाक्य जवाद अली खान उपेंद्र यादव अनिल सिंह स्नेह कुमार दुबे राजीव गंगवार गोपाल पाठक अमित शाक्य जहांगीर नौशाद सतीश वर्मा आदि अधिवक्ताओं ने मुंसिफकोर्ट से लेकर तहसील परिसर के अंदर तक जुलूस निकालकर पुलिस के खिलाफनारेबाजी करते हुए एक ज्ञापन जिला अधिकारी के नाम संबोधित एसडीएम कायमगंज सुनील कुमार यादव को सौंपा। जिसमें अधिवक्ताओं की मांग है कि एसोसिएशन अध्यक्ष राघव चंद्र शुक्ला एडवोकेट के हमलावरों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम गठित कर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। तथा अधिवक्ताओं के मान सम्मान की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी प्रशासन ठोस कदम उठाएं यदि ऐसा नहीं किया गया तो। अधिवक्ता गण न्यायिक कार्य से विरत हो आंदोलन करने को बाध्य हो जाएंगे जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# एसबीआई के क्षेत्रीय कार्यालय के तलघर में गली आग से मचा हडकंप

**फर्रुखाबाद।** बीती देर रात एसबीआई की क्षेत्रीय कार्यालय में शार्ट सर्किट से आग लगने से हड़कंप मच गया। जिसके बाद मुश्किल आग पर काबू पाया जा सका। लेंकिन आग से बैंक का कोई नुकसान नही हुआ।शहर कोतवाली के ठंडी सड़क पर एसबीआई का क्षेत्रीय कार्यालय है। बीती रात बैंक के गार्ड नें एटीएम के निकट तेज धुंआ निकलता देखा तो उन्होंने बैंक मैनेजर को सूचना दी। जिसके बाद बैंक मैनेजर के साथ ही सीओ राजवीर सिंह, प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश पाण्डेय व आईटीआई चौकी रविन्द्र निषाद आदि मौके पर आ गये। मैनेजर नें देखा तो बैंक के तलघर में शार्ट सर्किट से आअग लगी थी और धुंआ नीचे से आ रहा था, एटीएम सुरक्षित निकला। तलघर में आधा दर्जन कारें बैंक कर्मी आदि की खड़ी थी। बैंक में विधुत सप्लाई के लिए बनाया गया (कंट्रोल पैनल में आग लगी) जिससे आग पर लगी।अधिकारियों के आने पर फायर ब्रिगेड भी मौके पर आ गयी। इससे पहले आग की गर्मी से जैतपुर मोहम्मदाबाद निवासी सर्वेन्द्र सिंह की कार भी काफी जल गयी। अन्य कारों में भी नुकसान हुआ। बैंक मैनेजर राजेन्द्र दीक्षित नें बताया कि शार्ट सर्किट से आग लगी। बैंक की किसी भी चीज को क्षति नही हुई है।

# टॉप 10 की सूची में शामिल होंगे वर्तमान में सक्रिय अपराधी:आईजी

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**आईजी** कानपुर रेंज मोहित अग्रवाल ने जिले में आकर पुलिस कर्मियों को संदेश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर अपराधी बचना नही पाये। इसके साथ ही उन्होंने करथिया एनकाउंटर में मारे गये सुभाष वाथम की पुत्री गौरी से भेट की और उसे उपहार दिये।कोतवाली मोहम्मदाबाद आईजी लगभग दोपहर 2 बजे पंहुचे। उन्होंने सुभाष वाथम की पुत्री गौरी को गोद में लेकर उसे मिठाई खिलाई और उपहार दिये। उन्होंने गौरी की बुआ वेदवती से कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या हो तो उन्हें अवगत कराएं। इसके बाद उन्होंने कोतवाली का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार से टॉप-10 अपराधियों की सूची की जानकारी ली। आईजी ने निर्देश दिये कि टॉप-10 अपराधियों की जाँच कर जो अपराधी सक्रिय हो गयें हैं उनको सूची से बाहर कर उनकी जगह पर नये अपराधी सूची में शामिल करने के निर्देश दिये।

## महिलाओं के साथ जघन्य अपराध करने वालो का होगा सामाजिक बहिष्कार

**आईजी** नें बताया कि महिलाओं के साथ जघन्य अपराध करने वाले लोगों की सूची भी लगायी जायेगी। उनका सामाजिक बहिष्कार भी कराया जायेगा। उन्होंने कहा प्रत्येक चौराहे पर टॉप-10 अपराधियों की सूची लगी हो।

कायमगंज के निवासी सचिन नें आईजी से शिकायत कर मिशन शक्ति की पोल खोल दी। उसने कहा कि उसकी बहन बीते लगभग 2 महीनें से लापता है। जिसका पुलिस और एसपी से शिकायत के बाद भी पता नही चला है। जिस पर आईजी नें एसपी से सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये। आईजी नें कहा कि युवती की तलाश में एसओजी को लगाया जायेगा। जल्द युवती की बरामदगी होगी। एसपी डॉ0 अनिल कुमार मिश्रा, सीओ सोहराब आलम आदि रहे।

# जिलाधिकारी, सीडीओ ने किया ड्राई राशन वितरण का शुभारंभ

संवाददाता। कानपुर देहात



**जनपद** में चल रहे मिशन शक्ति अभियान व उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण अजीविका मिशन कानपुर देहात के अन्तर्गत आईसीडीएस सप्लीमेन्टरी प्रोग्राम की नवीन व्यवस्था के तहत स्वयं सहायता समूह के माध्यम से आंगनबाडी केन्द्रों को ड्राई राशन वितरण कार्यक्रम जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र द्वारा तिगाई ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय में जिलाधिकारी ने ड्राई राशन वितरण कार्यक्रम कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम में ड्राई राशन स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को वितरित किये तथा मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत महिलाओं, बालिकाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिए प्रेरित किया तथा शपथ भी दिलायी। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा ऑ0बा0 केन्द्र के 06 माह से 03 वर्ष एवं 03 से 06 वर्ष के 5-5 लाभार्थियों को 1.5 किग्रा गेहूॅ व 1 किग्रा चावल तथा 5 गर्भवती/धात्री महिलाओं व 01 किशोरी बालिका को 2 किग्रा गेहूॅ व 1 किग्रा चावल एवं 01 अतिकुपोषित बच्चे को गेहूॅ/चावल का वितरण किया गया है तथा अवशेष लाभार्थियों को घर-घर जाकर ड्राई राशन के वितरण के निर्देश दिये गये। इस मौके मुख्य विकस अधिकारी सौम्या पाण्डेय, उपायुक्त स्वत: अजीविका मिशन हरीशचन्द्र, खण्ड विकास अधिकारी अकबरपुर अजयवीर सिंह व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**सुनी समस्या, की आर्थिक मदद:** कानपुर देहात। जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आयी फरियादी सुन्दर कुमारी पत्नी स्व0 शिवराम सिंह निवासी ग्राम परौंख कानपुर देहात की शिकायत सुनी तथा समस्या का निस्तारण के सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश भी दिये। वहीं आर्थिक परेशानी के चलते उन्होंने 5 सौ रूपये देकर मदद की।

# रंगीन खाद्य पदार्थों पर लगातार जारी रहेगी कार्रवाई : सीएफएसओ

● मिलावट करने वाले दुकानदारों के खिलाफ की जाएगी सख्त कार्रवाई: शैलेश दीक्षित

संवाददाता। कानपुर देहात

**मंगलवार** को भी खाद्य सुरक्षा व औषधि विभाग ने सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिये छापेमारी की। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी व प्रभारी अभिहीत अधिकारी शैलेश दीक्षित ने बताया कि रॅगीन खाद्य पदार्थो के साथ मिलावटी खाद्य पदार्थो के खिलाफ कार्यवाही अनवरत जारी रहेगी।

मॅगलवार को मैथा तहसील में एसडीएम रामशिरोमणि के साथ एफ्एसओ अनुराग सिंह ने बाघपुर के मुलायम होटल में दूध बर्फी, शिवली के महेश कुमार की दुकान में इमरती का नमूना लिया गया। सिकन्दरा तहसील में एसडीएम आरसी यादव के नेतृत्व में एफ्एसओ धीरज कुमार दीक्षित ने पटेल चौक में सुधीर कुमार कटियार की दुकान से 17 हजार से अधिक मूल्य की रॅगीन इमरती को जब्त कर नष्ट करवया, पटेल चौक में शिवाराय की दुकान से बर्फी का नमूना लिया गया।

रसूलाबाद तहसील में नायब तहसीलदार व एफ्एसओ सुनील कुमार ने तुलसीनगर व रहीम नगर में छापा मार 27 हजार से अधिक मूल्य का खोया व सरसों के तेल को नष्ट करवाया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी व प्रभारी अभिहीत अधिकारी शैलेश दीक्षित ने बताया कि अगामी दिनों में रॅगीन खाद्य पदार्थो इमरती, मिठाइयॉ व खिलौने पर कार्यवाही जारी रहेगी अगामी दीपावली पर्व पर आमजनमानस को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के मिलावटी वस्तुओं के दुकानदारों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# कृषकों ने 15 मीट्रिक टन पराली गौशालाओं के लिए किया दान

संवाददाता। कानपुर देहात



**जिलाधिकारी** डा. दिनेश चन्द्र को आज कलेक्ट्रेट प्रांगढ़ में कृषकों द्वारा करीब 15 मीट्रिक टन पराली लगभग आधा दर्जन कृषकों ने जनपद के निराश्रित गौशालाओं हेतु दान किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर ट्रैक्टर को रवाना किया। वहीं भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अविनाश सिंह चौहान, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्मा, उप जिलाधिकारी आनन्द कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी को निराश्रित गौशालाओं हेतु कृषक अशोक मिश्रा ग्राम भटौली, रामशंकर यादव ग्राम कुईतखेड़ा, जगवीर सिंह ग्राम बेवन, जितेन्द्र यादव कुम्भी ने तीन ट्राली करीब 15 मीट्रिक टन पराली दान किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि कई वर्षों से अपशिष्ट को जलाया जा रहा था जिससे पर्यावरण की हानि हो रही थी। उच्चतम न्यायालय और एनजीटी के आदेशों पर पर्यावरण को जलाने के लिए प्रतिबंध किया गया है। लगातार हम लोग सब विभाग मिलकर यह प्रयास कर रहे है कि कृषक फसल न जलाये परन्तु कुछ घटनायें हुई है। उन्होंने कहा कि हम लोगों का प्रयास है कि किसानों की फसल न जले और उनको उचित सम्मान मिले इसी दृष्टि में मा0 मुख्यमंत्री जी के प्रेरणा से निराश्रित गौवंशों के लिए कृषकों की पराली एक दान स्वरूप अनुरोध किया था जिसके क्रम में जनपद के किसानों ने आज मिलाकर करीब 565 मीट्रिक टन पराली दे चुके है। उन्होंने कहा कि एक नई पराम्परा सब लोगों के सहयोग से प्रारंभ कर रहे है कि उन कृषकों का सम्मान किया जाये, कृषक स्वावलम्बी होता है सम्मान चाहता है अपना स्वाभिमान चाहता है देने के लिए हमारे पास उनके सम्मान से अधिक और कोई महत्वपूर्ण चीज नही है। कृषकों को धोती, कुर्ता, टोपी, कम्बल देकर उनका सम्मान किया जा रहा है।

# चाकू से हमला कर प्रेमिका ने प्रेमी को मौत के घाट उतारा

संवाददाता। हमीरपुर

**आज देर** रात राठ कस्बे में मामूली विवाद हो जाने के बाद प्रेमिका ने प्रेमी को चाकू से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया और फरार हो गयी। पुलिस के मुताबिक राठ कस्बा निवासी बीरेन्द्र(21) पुत्र मूलचंद्र चार माह पहले क्षेत्र के सैदपुर गांव निवासी प्रेमिका वर्षा को साथ लाकर घर में रखे था आज देर रात किसी बात को लेकर दोनो में झगड़ा हो गया तभी प्रेमिका वर्षा ने प्रेमी बीरेंद्र पर चाकू से वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया और घर से भाग गयी। बीरेंद्र की मां ने जब खून से लथपथ लाश अपने बेटे की देखी तो उसने तुरंत पुलिस को सूचना जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुची और छानबीन शुरु कर दी है इस घटना से कस्वे में दहशत व्याप्त है। मौके पर उच्चाधिकारी भी पहुच रहे है।


## थानाध्यक्ष को हटाने के बाद एसपी ने पूरी चौकी को किया लाइन हाजिर

**सरीला (हमीरपुर)।** छिब्बौली गांव में अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद थानाध्यक्ष को हटाए जाने के साथ ही पुलिस अधीक्षक ने कस्बे के चौकी स्टाफ को भी लाइन हाजिर कर दिया है। पुलिस के मुताबिक छिब्बौली गांव में मंगलवार को करन सिंह (40) की कबूतरा डेरा के पास संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने कबूतरा डेरा के बाशिंदों पर हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा था। जिसकी खबर सूबे की राजधानी तक पहुंच गई थी। बवाल के बाद सत्ता पक्ष व सपा नेताओं की धमाचौकड़ी ने पुलिस अधीक्षक को अपने ही मातहतों पर कार्यवाही करने के लिए मजबूर कर दिया। सोमवार को थानाध्यक्ष रीता सिंह को हटा दिया गया था। और सोमवार को ही पुलिस अधीक्षक ने छिब्बौली गांव आकर पीड़ित परिवार को सांत्वना दी थी। तथा कबूतरा डेरा व अधेड़ का शव पड़े होने के स्थल का भी निरीक्षण किया था। तथा ग्रामीणों से मिलकर घटना की पूरी जानकारी ली थी। ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि किसी भी निर्दोष के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं होगी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक एनके सिंह ने चौकी प्रभारी रामबाबू व चौकी में तैनात सिपाही श्रवण व शैलेश कुमार को भी लाइन हाजिर कर दिया। पुलिस लाइन हमीरपुर से उपनिरीक्षक बिजय सिंह को पुलिस चौकी सरीला प्रभारी बनाया है।

## हनुमानधारा में रोपवे शुरु

**चित्रकूट।** जिले के हनुमान धारा में 13 करोड़ की लागत से बने रोपवे का शुभारम्भ हो गया। रोपवे शुरु होने से देश भर से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को अब हनुमान धारा के दर्शन सुगम हो जायेंगे। मंगलवार को कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत मदनगोपाल दास महाराज ने बताया कि चित्रकूट ऐसा पावनधाम है जहां प्रभु श्रीराम, लखन और सीता के साथ नित्य निवास करते हैं। पावनधाम से निकली जलधारा से रावण की सोने की लंका का दहन करने वाले भक्त हनुमान के शरीर की तपन शान्त हुई थी। देशभर में हनुमानधारा के नाम से विख्यात इस पावनधाम के दर्शन को कोरोना लॉकडाउन से पहले प्रतिमाह लाखों तीर्थयात्री आते रहे हैं। उन्होंने बताया कि तीर्थ हनुमान धारा में रोपवे बनने से हनुमानधारा के दर्शन सुगम हो जायेंगे। कोलकाता की दामोदर रोपवे कम्पनी ने दो वर्षो की कडी मशक्कत के बाद रोपवे का सोमवार को सतना के सांसद गणेश सिंह ने लोकार्पण किया। सांसद ने कहा कि दो प्रदेशों में बंटे चित्रकूट को केन्द्र सरकार के अधीन करके समग्र विकास करने की मांग की जायेगी।

# 16 तक अधिकारी नहीं छोड़ेंगे मुख्यालयः डीएम


निर्देश देते डीएम।

**चित्रकूट।** जिला मजिस्ट्रेट शेषमणि पाण्डेय ने बताया कि 12 नवम्बर को धनतेरस व 14 नवम्बर को दीपावली तथा 16 नवम्बर को भइयादूज पर तीर्थक्षेत्र में 30 से 25 लाख श्रद्धालु का आवागमन होता है। दीपावली मेला पर सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि कोई भी अधिकारी व मातहत कर्मचारी उनकी अनुमति के बिना 16 नवम्बर तक अवकाश पर नहीं जायेंगे।

मंगलवार को जिला मजिस्ट्रेट शेषमणि पाण्डेय ने कहा कि दीपावली मेला पर बीस से 25 लाख श्रद्धालु तीर्थक्षेत्र में दीपदान करने आते हैं। विभिन्न धार्मिक व दार्शनिक स्थलों तथा मन्दाकिनी गंगा में स्नान कर रामघाट स्थित मत्स्यगयेन्द्रनाथ में जलाभिषेक कर कामदनाथ की परिक्रमा करते हैं। दीपदान पूजन-अर्चन के साथ भरतकूप में भी लाखों की तादाद में श्रद्धालु जाते हैं। इसके मद्देनजर सभी अधिकारियों को निर्देश दिये जाते हैं कि जिले में तैनात कोई भी अधिकारी व मातहत कर्मचारी 16 नवम्बर तक उनकी अनुमति बिना अवकाश पर नहीं जायेंगे और न ही मुख्यालय छोडेंगे। ये आदेश तत्काल प्रभाव से सभी संबंधित अधिकारी पालन करें।

## विवक न्यूज

### न्यायाधीशों के न्यायालयों में हुआ परिवर्तन

**हमीरपुर।** हाईकोर्ट प्रयागराज ने स्थानीय अदालत के न्यायाधीशों को न्यायालयों मे परिवर्तन कर दिया है। जानकारी के मुताबिक एडीजे अरुण कुमार राय को विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट बनाया गया है जो कृष्ण कुमार पंचम का स्थान लेंगे तथा गैंगेस्टर एक्ट के मुकदमों की सुनवाई करेंगे। ईसी एक्ट में नियुक्त कृष्णकुमार पंचम को विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र में स्थानान्तरित किया गया है। डकैती कोर्ट में कार्यरत एडीजे अनिल कुमार शुक्ला को एससीएसटी कोर्ट अत्याचार निवारण अधिनियम में नियुक्त किया गया है। एससी कोर्ट में कार्यरत तुबरी प्रसाद एडीजे को अब एडीजे प्रथम बनाया गया है इसके पहले इस कोर्ट में शमशुल हक नियुक्त थे उनका तबादला कुछ दिन पहले ललितपुर जनपद में एमपीएमएलए अदालत में हो गया था।

### गश खाकर गिरा वृद्ध, मौके पर हुई मौत

**मौदहा(हमीरपुर)।** क्षेत्र के ग्राम मऊघाट छानी निवासी लाखन पुत्र रामप्रसाद 63 वर्ष जो किसी काम से मौदहा आया हुआ था और अपने सभी काम समाप्त करके वापस अपने गांव की ओर लौटने को ऑटो स्टैंड पहुंचा जहां पर थोड़ी देर के बाद युवक गश खाकर गिर गया और बेहोश हो गया वहां मौजूद तमाम लोगों का देखते ही देखते जमावड़ा लग गया तभी एंबुलेंस को फोन किया गया मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने वृद्ध को आनन-फानन में मौदहा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां पर चिकित्सकों ने वृद्ध को देखते ही मृत घोषित कर दिया। पुलिसकर्मियों द्वारा मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है फिलहाल अभी मृतक के परिजन मौके पर नहीं पहुंचे।

### पिकअप व डंपर की टक्कर में दो लोग घायल

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** राष्ट्रीय राजमार्ग में डम्फर और पिकप की आमने सामने भिडंत हो गई जिससे पिकअप के चालक सहित उसमे सवार दो लोग घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। डम्फर चालक डम्फर छोड मौके से फरार हो गया। सुमेरपुर की फैक्ट्री एरिया चौकी प्रभारी हरिश्चन्द्र ने बताया कि कबरई से गिट्टी लादकर कानपुर की तरफडम्फर जा रहा था तभी सुमेरपुर से मौदहा की तरफजा रही पिकप गाडी चन्दपुरवा गेट के पास आमने सामने भिडंत हो गई।जिससे पिकप के चालक अख्तर व फरीद निवासी ग्राम बिजावर जनपद छतरपुर घायल हो गए। जिन्हें कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। डम्फर चालक कामता प्रसाद निवासी सजेती डम्फर छोड मौके से भाग निकला। पुलिस ने डंपर के खलासी रतीराम को हिरासत में ले लिया है।

### दो नए मरीज मिले, एक की छुट्टी

**हमीरपुर।** जनपद में सोमवार को कोविड-19 संक्रमण की चपेट में आने वाले दो मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि एक मरीज की छुट्टी की गई है। सीएमओ डा.आरके सचान ने बताया कि मंगलवार को मुख्यालय और रहंक गांव में एक-एक मरीज मिला है। जबकि 75 वर्षीय बुजुर्ग की छुट्टी की गई है। दो मरीजों केसाथ पॉजिटिव मरीजों की संख्या बढ़कर 1351 पहुंच गई है। जबकि एक रोगी की छुट्टी होने के बाद ठीक होने वाले रोगियों की संख्या बढ़कर 1284 हो गई है। 48 एक्टिव केस है। मंगलवार को 1601 मरीजों के सैंपल लिए गए हैं।

### किसी प्रकार के उत्पीड़न को न छिपायें छात्रायेंः सीओ मऊ

**मऊ/चित्रकूट।** आगामी दीपावली पर्व के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर थाना परिसर में एसडीएम मऊ नवदीप शुक्ला व सीओ सुबोध गौतम की अध्यक्षता में शान्ति समिति की बैठक हुई। मंगलवार को शान्ति समिति की बैठक में मऊ थानाध्यक्ष सुभाषचन्द्र चौरसिया ने क्षेत्र के संभ्रान्त लोगों से समस्यायें पूंछी। एसडीएम व सीओ ने लोगों से त्यौहार बाबत जानकारी लेकर समाधान के निर्देश दिये। मौजूद सभी लोगों से अधिकारियों ने कहा कि आने वाले त्यौहार को भाईचारे एवं शान्तिपूर्ण ढंग से मनायें। सीओ मऊ व थानाध्यक्ष ने बालिका इंटर कालेज मऊ पहुंचकर छात्राओं के साथ गोष्ठी कर उन्हें मिशन शक्ति अभियान के प्रति जागरूक किया। गोष्ठी में सीओ मऊ ने बताया कि शासन से जारी मिशन शक्ति अभियान में छात्राओं को विभिन्न फोन नम्बर व सीयूजी नम्बर देकर जागरूक किया। छात्राओं को गुटटच व बैड टच के बारे में जानकारी दी। छात्राओं से कहा कि किसी प्रकार के उत्पीडन को छिपाये नहीं।

### घर में घुसे चोर चुरा ले गये मोबाइल व अंगूठी

**जालौन (उरई)।** अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर मोबाइल व अंगूठी सहित 27 हजार 500 रुपये चोरी किए। गृहस्वामी ने चोरी की सूचना कोतवाली में दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मकान के बगल में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी धूप सिंह कुशवाहा ने पुलिस को बताया कि सोमवार की रात करीब 9 बजे वह अपने परिवार के साथ घर के कमरे में सो गए। तभी रात में करीब 2 बजे छत के रास्ते अज्ञात चोर उनके घर में घुस आए। चोरों ने घर में रखा बेटे का एंड्रायड मोबाइल फोन, सोने की अंगूठी सहित 27 हजार रुपये चोरी कर लिए। सुबह जब परिवार के सदस्य जागे तब चोरी का पता चला। पीड़ित गृहस्वामी ने बताया कि उनके घर के बगल में स्थित एक मकान में सीसीटीवी कैमरा लगा है। जिसमें रात के समय कुछ युवक दिखाई दे रहे हैं। जिससे लग रहा है कि उक्त युवकों ने ही चोरी की घटना को अंजाम दिया है। गृहस्वामी की सूचना पर पुलिस ने मौके का मुआयना कर सीसीटीवी फुटेज को खंगाला है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू की।

### भदारी में लाभार्थियों में वितरित हुई राशन सामग्री

**कोंच(जालौन)।** स्वयं समूह समूहों के माध्यम से प्राप्त राशन(गेंहू, चावल व दाल)का सीडीएस के चयनित लाभार्थियों के बीच वितरण मंगलवार को ग्राम भदारी में एसडीएम अशोक कुमार व सीडीपीओ वंदना वर्मा, एडीओ विपिन गुप्ता की उपस्थिति में किया गया।राशन प्राप्त करने वालों में गर्भवती महिलाएं, किशोरी व बच्चे शामिल रहे।इस दौरान सीडीपीओ ने कहा कि महिलाओं, किशोरियों व वच्चों में दैनिक कैलोरी एवं प्रोटीन की आवश्यकता की पूर्ति हेतु उक्त राशन सामग्री वितरित की जा रही है।उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से दाल क्रय की जायेगी और एफसीएस द्वारा गेंहूं चावल की आपूर्ति की जायेगी। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के द्वारा गेंहूं, चावल की प्रत्येक माह की 3 व 4 तारीख को एफसीएस से उठान की जायेगी जिसके बाद उक्त राशन सामग्री का वितरण किया जायेगा। इस मौके पर प्रधान विनय कुमार, राकेश कुमार, कुलदीप पटेल, चंद्रप्रभा खरे, श्रीदेवी, राजा बाई, अल्पना, मीना, मंजू, स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष पुष्पा, कोटेदार अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

### आग से लकड़ी की दुकान जली

**कोंच(जालौन)।** नगर के मुहल्ला गांधीनगर में मुख्य मार्ग पर सागर चौकी के ठीक सामने स्थित माया देवी के लकड़ी के टाल में मंगलवार की शाम करीब 4.30 बजे मलंगा नाले में फैले कूड़े के ढेर में लगी आग से उठी चिंगारी गिरने से आग लग गयी।आग की चपेट में आने से टाल में रखी करीब 10 हजार रुपये कीमत की लकड़ी जलकर खाक हो गई। वहीं घटना की सूचना मिलने पर दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। गनीमत रही की समय रहते आग काबू में कर ली गयी अन्यथा आग आसपास भी फैल सकती थी।

# पुलिस अधीक्षक ने औचक निरीक्षण कर दिये आवश्यक निर्देश

संवाददाता। चित्रकूट

**पुलिस** अधीक्षक अंकित मित्तल ने भरतकूप चौराहे का औचक निरीक्षण कर ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को निर्देश दिये कि रोड पर कोई भी रेहडी व ठेलिया न लगाये, ताकि जाम न लग सके। सोमवार को देर शाम पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल भरतकूप चौराहे पहुंचे। उन्होंने यातायात व्यवस्था सुचारु ढंग से चलाने को वाहनों की जांच के निर्देश दिये। यातायात नियमों का पालन न करने वाले चालकों के खिलाफ कार्यवाही करने एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिये। इस दौरान यातायात निरीक्षक घनश्याम पाण्डेय व सहनिरीक्षक योगेश कुमार यादव ने मन्दाकिनी पुल ट्राफिक चौराहा, बेडीपुलिया, संत थामस स्कूल, पर्यटक तिराहा सीतापुर में वाहनों की जांच की।

## जुआरियों को पकड़ा

**चित्रकूट।** दीपावली पर जुआ खेलने की परम्परा पर रोक लगाने को पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर रैपुरा थानाध्यक्ष की टीम के दरोगा शिवपूजन यादव ने बरकोट नहर पटरी पर जुआ खेल रहे छह लोगों को रंगेहाथ दबोचकर चालान किया है। मंगलवार को रैपुरा थाने के दरोगा शिवपूजन यादव की टीम ने बरकोट नहर पटरी के पास जुआ खेल रहे राजाराम गर्ग निवासी ब्यूर, संगमलाल निवासी बरकोट, कुलदीप सिंह निवासी बसिला को ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाते मौके से गिरफ्तार किया। चार लोग लवलेश तिवारी निवासी भौंरी, छोटा पटेल निवासी बसिला, विजयभान उर्फ दादू निवासी बगरेही जुआ की फड से भागने में सफल रहे।

# मेगामार्ट के बाहर पार्किंग न होने से दिन में कई बार लगता जाम

● पीवी मेगामार्ट प्रबंधक को एसडीएम ने दी नोटिस

संवाददाता। चित्रकूट


पीवी मेगामार्ट के बाहर लगे जाम का दृश्य।

**उपजिला** मजिस्ट्रेट कर्वी रामप्रकाश ने पीवी मेगामार्ट के प्रबंधक को जारी नोटिस में कोरोना गाइडलाइन का उल्लंघन पाने पर डिजास्टर मैनेजमेन्ट एक्ट 2005 की धारा 51 से 60 तथा आईपीसी की धारा 188 और धारा 144 का उल्लंघन का दोषी मानते हुए विधिक कार्यवाही की चेतावनी दी है।

मंगलवार को एसडीएम सदर रामप्रकाश ने पीवी मेगामार्ट के प्रबंधक को जारी नोटिस में कहा कि अपने प्रतिष्ठान के उद्घाटन में कोरोना महामारी के प्रोटोकॉल का पालन नही किया। न ही अभी तक कर रहे हैं। जिले में धारा 144 लागू होने के बाद भी बिना अनुमति के प्रतिष्ठान के प्रचार को लाउडस्पीकर का प्रयोग भी किया है।

उन्होंने पीवी मेगामार्ट के प्रबंधक को निर्देश दिये कि तीन दिनों के भीतर उनके समक्ष लिखित पक्ष पेश करें। अन्यथा उनके खिलाफ विधिक कार्यवाही की जायेगी। आज भी पीवी मेगामार्ट के सामने हाईवे पर कई बार जाम लगा। पीवी मेगामार्ट के बाहर पार्किंग की व्यवस्था न होने से वाहनों का झुंड लगने से हाईवे पर कई बार जाम लगता रहा। पीवी मेगामार्ट का बन्द होना जिलेवासियों के लिए हितकर ही होगा।

## ददरी दोहरे हत्याकांड में पति-पत्नी को भेजा जेल

**राठ( हमीरपुर )।** ददरी गांव में हुए दोहरे हत्याकांड में पुलिस ने दो और हत्यारोपी पति पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं दोनों हत्यारोपियों को शरण देने वाले युवक को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अभी भी पुलिस की गिरफ्त से मुख्य आरोपी कपिल फरार चल रहा है। जो पुलिस की पकड़ से दूर दिखाई दे रहा है। बीते 3 नवंबर की शाम ददरी गांव में पूर्व प्रधान पृथ्वीराज यादव और उसके पुत्र जीतेंद्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस गोलीवारी में उसका सबसे छोटा पुत्र धीरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका इलाज अभी भी झांसी में चल रहा है। मृतक पूर्व प्रधान के घायल पुत्र ने 9 नामजद व एक अज्ञात के विरूद्ध थाने में हत्या सहित संगीन धाराओं में मामला दर्ज कराया था। मंगलवार को कोतवाली पुलिस ने इस दोहरे हत्याकांड के हत्यारोपी संजय कुमार पुत्र रामसेवक और उसकी संजय की पत्नी सारती को महोबा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# दो सैकड़ा लोगों ने सपा की सदस्यता ग्रहण कर अखिलेश यादव को सीएम बनाने की ली शपथ

● जिलाध्यक्ष दानिश खान ने यूथ बिग्रेड की नई कारणी घाषित की


नवर्निवाचित पदाधिकारी को सम्मानित करते सपाई

**राठ( हमीरपुर )।** सपा द्वारा सदस्यता ग्रहण एवं कार्यकर्ता सम्मान समारोह में दो सैकड़ा से अधिक लोगों ने सपा की सदस्यता ली। मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के जिलाध्यक्ष दानिश खान ने नई कार्यकरणी की घोषित की। सभी कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव को सीएम बनाने की शपथ ली है। कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष विजय शुक्ला विवांर, विकास राजपूत मुस्करा, रईस मंसूरी मुस्करा, जिला सचिव तेज प्रकाश कुशवाहा मुस्करा, गौरव यादव मुगलपुरा, नरेंद्र परिहार मल्हेटा, विधानसभा अध्यक्ष दीपक राजपूत करौंदी, विधानसभा महासचिव दिलीप नारायण बसवारी, विधानसभा उपाध्यक्ष पूरन यादव मुस्करा और ब्लाक महासचिव शैलेंद्र राजपूत को बनाया। यूथ बिग्रेड के जिलाध्यक्ष दानिश खान ने नवर्निवाचित पदाधिकारियों को सपा की नीतियों को जन जन पहुंचाने की अपील की। इस मौके पर पूर्व मंत्री रामाधार सिंह, पूर्व जि.पं.अ. प्रतिनिधि पुष्पेंद्र यादव, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सत्यपाल यादव, युवा नेता मृत्युंजय प्रताप उर्फ शनि, पूर्व प्रदेश सचिव रामसजीवन यादव, शिवशरण यादव, संजय विश्वकर्मा, कामता राजपूत, नगर अध्यक्ष रशीद राईन, डा.शमीम खान, सुनील कुमार सविता आदि सपाई रहे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सपा आगामी विधान सभा चुनाव में प्रदेश की जनता को सरप्राइज देगी। अब सपा के राष्ट्री अध्यक्ष अखिलेश यादव को सीएम बनने से कोई रोक नही सकता है सूबे की जनता का भाजपा सरकार से मोह भंग हो गया है।

## कोंच में कोरोना पॉजिटिव की मौत से हड़कंप

**कोंच( जालौन )।** कोरोना पॉजिटिव पाये गये एक व्यक्ति की होम आइसोलेशन के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने के चलते मौत हो जाने की घटना सामने आयी है। मुहल्ला प्रताप नगर निवासी 52 बर्षीय अतुल अग्रवाल बीते सोमवार को करीब 1 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अपनी कोरोना की जाँच कराने के लिये गया हुआ था जहां जांच के उपरान्त वह कोरोना पॉजिटिव पाया गया था। उसकी हालत अधिक गम्भीर ना होने पर उसे होम आइसोलेट कर दिया गया था जिसके बाद रात करीब 9 बजे उसकी तबीयत बिगड़ गयी और फिर उपचार हेतु फोन कर बुलायी गयी सरकारी एम्बुलेंस में बैठते ही उसकी मौत हो गयी। एम्बुलेंस से ही शव को वापस घर तक ले जाने की बात कहने लगे लेकिन काफी देर तक एम्बुलेंस चालक शव लेकर जाने के लिये तैयार नहीं हुआ जिससे मौके पर बहस होती रही और एम्बुलेंस अन्य मरीजों के लिये गंतव्य स्थान पर नहीं जा सकी।

# ग्रापए ने पत्रकार अर्णव गोस्वामी को रिहा किए जाने की मांग की

**हमीरपुर।** कोरोना वायरस काल के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मंगलवार को ग्रापए इकाई जनपद हमीरपुर द्वारा महामहिम राष्ट्रपति महोदय को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से अतिरिक्त उप जिलाधिकारी को सौंपकर न्यायोचित कार्यवाही की मांग की है।

महाराष्ट्र के वरिष्ठ पत्रकार आर भारत चैनल के मुख्य संपादक अर्णव गोस्वामी की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए तत्काल रिहाई की मांग की गयी है. ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष सौरभ कुमार के निर्देश पर जनपद इकाई हमीरपुर के जिलाधिकारी गणेश सिंह विद्यार्थी के नेतृत्व एवं चित्रकूट धाम मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी मनोज त्रिपाठी के संयोजकत्व में सहयोगी पत्रकार बंधुओं के सहयोग से एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर करारा प्रहार है. महाराष्ट्र सरकार से न्यायोचित कार्यवाही किये जाने व अर्णव गोस्वामी को तत्काल रिहा किये जाने की मांग की गयी है. उत्तर प्रदेश में भी पत्रकारों के ऊपर दमनात्मक कार्यवाही तथा उत्पीड़न किये जाने की घटनाएं घटित हो रही हैं. जिसके संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार को समुचित कदम उठाने हेतु निर्देशित करने की मांग महामहिम राष्ट्रपति करते हुए पत्रकारों के सम्मान की रक्षा व उनकी सुरक्षा किये जाने हेतु समुचित व सशक्त कदम उठाये जाने की मांग की गयी है. ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष गणेश सिंह विद्यार्थी मंडल पदाधिकारी मनोज त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार प्रशांत शुक्ला, ओमप्रकाश दोहरे, सोनू चौधरी, मातादीन प्रजापति, ललित शर्मा, पवन कुमार, पवन सिंह, अनिल सोनी आदि पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

## खाद्य सुरक्षा विभाग जानकर बना अनजान

# दीपावली में कानपुर लखनऊ से आए कुंटलो नकली खोया की मिठाई की होगी बिक्री

संवाददाता। हमीरपुर

**दीपावली** का पर्व नजदीक आते ही जिले में कानपुर व लखनऊ जनपदों से नकली खोया आना शुरु हो गया है। दीपावली में रंग विरंगी मिठाइयों की विक्री कर दुकानदार ग्राहकों के सेहत के साथ खिलवाड़ करने की तैयारी करना शुरुकर दिया है। जिले मे प्रत्येक त्योहार में नकली खोया की आमद होना सुनिश्चित हो गया है। दीपावली के सिर्फ तीन दिन शेष है मगर रोडवेज बसों व प्रायवेट वाहनों से कुंटलों नकली खोया आ गया है मगर खाद्य सुरक्षा विभाग सिर्फ दो चार दुकानों में सैम्पल भरकर खानापूरी कर रहा है।

बताया जाता है कि सिन्थेटिक्स खोया पूरी तरह केमिकल से बनाया जाता है। यह सेहत के लिये बहुत हानिकारक होता है यही नही मिठाइयो की बड़ी बड़ी दुकानों में खाद्य सुरक्षा विभाग यदि इमानदारी से छापा मारकर नकली खोया पकड़े तो लोगो के सेहत के साथ सुरक्षा हो सकती है मगर विभाग ने ऐसा कभी नही किया है। दुकानदारो का कहना है कि नकली खोया की विक्री कोई नयी बात नही प्रत्येक त्योहार में सिंथेटिक्स खोया व पनीर की विक्री होना एक आम बात बन गयी है। यही कारण है कि त्योहार के कुछ दिन बाद ज्यादातर लोग बीमार होकर जिला अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती होते है। खाद्य सुरक्षा विभाग दीपावली व दशहरा पर्व के पहले कोई सैम्पल नही भरता है उनका तर्क होता है कि शासन से उन्हे जो कार्यक्रम मिलते है उसीके अनुसार उनकी टीम काम करती है। यदि टीम त्योहार के समय मिठाईयों का सैम्पल भर ले तो दुकानदारों की समस्त चालाकी व छलावा सामने आ जायेगी।

जिले मे नकली दूध खोया पनीर की बिक्री होना एक आम बात बन गयी है जब कि खाद्य सुरक्षा की भारी टीम शासन ने नियुक्त कर रखी है। दुकानदारों का कहना है कि टीम बडे बडे व्यापारियों के यहा जाकर सैम्पल नही भरती है छोटे दुकानदारों के यहा जाकर सैम्पल के नाम पर डरा धमकाकर वसूली कर चली आती है। नकली कड़ुआ तेल तो कई सालों से विक्री हो रहा इस बात की जानकारी शासन के उच्चाधिकारियों को है मगर आज तक इस मामले में कोई कार्यवाही नही हुई है।

## फर्जी तौर पर जमीन हड़पने के आरोप में प्रधान सचिव सहित 14 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**सुमेरपुर( हमीरपुर )।** फर्जी दस्तावेज के आधार पर इगोहटा गांव की एक महिला की जमीन हड़पने के आरोप में अदालत के आदेश पर सुमेरपुर पुलिस ने इगोहटा के ग्राम प्रधान व तत्कालीन सचिव सहित 14 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। इस कार्यवाही से प्रधान खेमे में हड़कंप मच गया है। पुलिस के मुताबिक इंगोहटा गांव निवासी रामा देवी पत्नी गजोधर ने अदालत को बताया कि उसकी शादी गजोधर के साथ हुई थी। कोषागार हमीरपुर में वह संविदा पर कार्य कर रहा था। सन 2004 में उसके पति का अपहरण कर लिया गया था। जिसकी रिपोर्ट उसकी सास पिरगिया ने थाना सुमेरपुर में दर्ज करायी थी। सन 2017 में ग्राम प्रधान शीतल कुटार ग्राम पंचायत सचिव नाथूराम सहित गांव व बाहर के 14 लोगों की मिलीभगत से उसके नाम की जगह भगवती पत्नी राकेश को गजोधर की पत्नी दिखाकर कूटरचित दस्तावेज तैयार करके उसकी 7 हेक्टेयर से अधिक जमीन जो ग्राम लोहारी व इगोहटा मौजे में है उस पर कब्जा कर लिया इसके बाद उसने शिकायत दर्ज की एडीओ पंचायत को जांच सौंपी गई परंतु कुछ भी नहीं हो सका इसके बाद उसने पुलिस विभाग में अपनी अर्जी लगाई लेकिन किसी ने कुछ नहीं किया तब उसने अदालत का दरवाजा खटखटाया और फर्जी दस्तावेज तैयार करके जमीन हड़पने की शिकायत दर्ज कराई तो अदालत ने इन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि अदालत के आदेश पर ग्राम प्रधान व सचिव सहित अंशुमान सिंह, योगेंद्र दीक्षित, रमेश मिश्रा, राजन दीक्षित, मुन्ना कोरी, अजय तिवारी सभी निवासी इगोहटा अजीत निवासी शायर, दुष्यंत निवासी मौदहा, अनिल निवासी पाटनपुर कुल 14 लोगों के खिलाफ419, 420, 467, 468 व 471 धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# बिहार में एनडीए गठबंधन की ऐतिहासिक जीत पर भाजपाइयों में खुशी की लहर

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** गत एक माह से बिहार में विधान सभा चुनाव के लिए चल रहे घमासान में एनडीए गठबंधन को मिल रही बढत व जीत पर भाजपाइयों ने हर्ष जताते हुए एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाया। नगर के रेलवे रोड स्थित आवास कार्यालय पर वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता, सहकारी समिति अध्यक्ष मयंक गुप्ता ने कहा कि एनडीए द्वारा कराए गए जनहित के कार्यों के चलते बिहार की जनता ने पुनः विश्वास जताया है। यही कारण है कि ऐतिहासिक जीत के साथ एनडीए को लगातार बढत मिल रही है। यह बिहार की जागरूक जनता की जीत है। इस दौरान नवल गुप्ता, दीपक सिंह, गंगा सिंह कुशवाहा, रानू गुप्ता ने मिष्ठान खिलाकर जश्न मनाया।

नगर के फतेहगढ़ रोड स्थित आवास कार्यालय पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी ने बिहार में एनडीए गठबंधन को मिली अप्रत्याशित जीत व बढत पर खुशी जताते हुए कहा कि एनडीए गठबंधन द्वारा बिहार में शराब बंदी व जनहित के कार्यों के चलते बड़ी जीत मिली है। इससे कार्यकर्ताओं के अंदर नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

नगर के रेलवे रोड स्थित कार्यालय पर भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य संजीव गुप्ता उर्फ संजू ने कार्यकर्ताओं के साथ बिहार में एनडीए गठबंधन को मिली बढत व जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की स्पष्ठ नीति व दूरदर्शिता के कारण बिहार की जनता ने पुनः एनडीए पर भरोसा जताया है।

फतेहगढ़ रोड स्थित भाजपा कार्यालय पर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर ने बिहार में एनडीए गठबंधन की अप्रत्याशित जीत पर समर्थकों के साथ हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि चौमुखी विकास के लिए संकल्पित एनडीए गठबंधन की सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होकर वहां की जनता ने जनादेश दिया है।

नगर के जीटी रोड स्थित प्रतिष्ठान कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा पिछड़ा वर्ग के क्षेत्रीय मंत्री विनय वर्मा व भाजयुमो नगर अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने बिहार में एनडीए गठबंधन की जीत पर खुशी का इजहार करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाई। बताया कि भाजपा व उसके सहयोगी दलों के द्वारा बिहार में किए गए जनहित के कार्य व उपलब्धियों से प्रभावित होकर जागरूक जनता ने मतदान कर एनडीए गठबंधन को बहुमत की ओर अग्रसर किया है।

नगर के सब्जीमण्डी स्थित प्रतिष्ठान कार्यालय पर अखिल भारतीय व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष शिवमराज वर्मा नें समर्थकों के हर्ष व्यक्त कर मिष्ठान खिलाया। इस दौरान उन्होनें कहा कि यह जनादेश बिहार का नहीं बल्कि पूरे देशवासियों का है। मोदी व योगी के नेतृत्व में पार्टी लगातार आगे बढ रही है। नगर के जीटीरोड स्थित प्रतिष्ठान कार्यालय पर भाजपा मण्डल कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता नें कहा कि बिहार में एनडीए की ऐतिहासिक जीत को गठबंधन की जन कल्याणकारी सोजनाओं व उपलब्धियों का परिणाम है।

## खेत में पानी लगाने को लेकर किसानों के दो पक्षों में चले लाठी, डंडे

**जालौन ( उरई )।** खेत में पहले पानी लगाने को लेकर किसानों के बीच विवाद हुआ। जिसमें एक पक्ष के किसान दूसरे पक्ष के किसान पर लाठी, डंडों से मारपीट व तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी। आरोपी किसानों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सोनई परवई निवासी रजनीश साहू ने पुलिस को बताया कि मंगलवार की सुबह वह अपने खेत पर पानी लगाने गया था। दोपहर लगभग 12 बजे गांव के ही पुनीत, पुष्पेंद्र व कुंवर सिंह वहां आ गए और उसे खेत में पानी लगाते देख उसके साथ गाली, गलौज करते हुए कहने लगे कि बिना उनके खेत में पानी लगे उसने कैसे पानी लगाना शुरू कर दिया। पहले वह अपने खेत में पानी लगाएंगे इसके बाद ही उसे पानी लगाने देंगे। जब उसने इंकार किया तो उक्त तीनों ने उसके साथ लाठी, डंडों से मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि दबंग किसानों ने तमंचे को दिखाकर उसे जान से मारने की धमकी भी दी है।

# निरीक्षण में डीएम ने परखी हकीकत

संवाददाता। सुलतानपुर


ग्राम पंचायत पखरौली का जायजा लेते डीएम रवीश गुप्ता पायनियर

**जिलाधिकारी** रवीश गुप्ता ने ग्राम पंचायत पखरौली एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय पखरौली व धान क्रय केन्द्र लोहरामऊ विकास खण्ड भदैयॉ का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने अपने निरीक्षण में ग्राम पंचायत पखरौली में मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष, 2020-21 में सम्पर्क मार्गों का अवलोकन किया। सम्पर्क मार्ग दोमुहा सुलतानपुर सड़क से दीपू सिंह के घर तक सम्पर्क मार्ग पर मिट्टी के कार्य का तथा सिकन्दर पाण्डेय की बागव घर से सराय अचल ग्राम पंचायत बार्डर तक मिट्टी के कार्य का व सामुदायिक शौंचालय निर्माण तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय पखरौली में कायाकल्प योजनान्तर्गत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी द्वारा उपरोक्त कार्यों के निरीक्षण के उपरान्त डीएम ने पाया कि मनरेगा कार्यों पर सीआईबी बोर्ड लगाने व कार्य का ब्यौरा अंकित न पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए खण्ड विकास अधिकारी भदैयॉ को निर्देशित करते हुए कहा कि तत्काल सीआईबी बोर्ड व कार्य का ब्यौरा अंकित करायें। उन्होंने पूर्व माध्यमिक विद्यालय पखरौली में कायाकल्प योजना के अन्तर्गत हो रहे कार्यों को गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण कराये जाने का भी निर्देश दिया। तत्पश्चात जिलाधिकारी श्री गुप्ता ने धान क्रय केन्द्र लोहरामऊ का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय केन्द्र प्रभारी उपस्थित पाये गये और केन्द्र पर निरीक्षण के समय किसान बृजेश कुमार सिंह, निवासी लोहरामऊ के धान की तौल हो रही थी और अभी तक कुल 07 किसानों से 337.60 कुन्तल धान क्रय किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने केन्द्र प्रभारी से बोरों का विवरण मांगा, तो केन्द्र प्रभारी द्वारा विवरण प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी और कहा गया कि बोरे का समस्त विवरण तैयार कराकर एक बोरा पंजिका बनाकर अलग से विवरण अद्यतन रखा जाय। उन्होंने केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया कि धान खरीद में तेजी लायें और किसानों को क्रय केन्द्र पर किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स, खण्ड विकास अधिकारी भदैयॉ राम मिलन वर्मा, धान क्रय केन्द्र प्रभारी जितेन्द्र सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## बिहार तो झांकी है बंगाल अभी बाकी है : सुनील सिंह

**रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट रायबरेलीमें उत्तर प्रदेश उप चुनाव व विहार प्रदेश में भाजपा को मिली भारी सफ्लता पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिटाई खिलाते हुए खुशी मनायी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री रामदेव पाल जी ने कहा देश की जनता एक बार फ्रि मोदी एवं योगी के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त कर भाजपा को जीत दिलायी, जिला महामंत्री शरद सिंह ने कहा कि सेवा भाव से जनता का दिल जीता, जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने कहा योगी जी प्रदेश के जन-जन के दिलों में राज कर रहें है, नामित सभासद विश्वप्रकाश पाठक जी ने कहा कि जाति वाद एवं परिवार वाद की राजनीति का अन्त। सहकारी ग्राम विकास बैंक के अध्यक्ष देवेन्द्र बहादुर सिंह, बैसवारा ने कार्यकर्ताओं को मिटाई खिलाकर जीत की खुशी का इजहार किया, वहीं पर भाजपा नेता सुनील सिंह ने कहा विहार तो झांकी है बंगाल अभी बाकी है।

# युवक की दरिन्दगी का शिकार हुई मासूम, रेफर

- आरोपी युवक पुलिस हिरासत में
- पॉक्सो, एससी-एसटी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज

संवाददाता। कादीपुर, सुल्तानपुर

**कादीपुर** कोतवाली के अमरेथू डड़िया गांव में एक बहसी युवक ने अपनी हैवानियत का शिकार तीन वर्षीय मासूम को बना डाला। बेटी के साथ हैवानियत देख मां के होश उड़ गए। चीख-पुकार पर पहुंचे ग्रामीणों ने दरिन्दगी करने वाले युवक को पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया। मासूम की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफ्र किया गया है। आरोपी युवक के खिलाफ पॉक्सो, एससी एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में कार्यवाही की गई है।

सोमवार की रात कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के अमरेथू डड़िया गांव में दिन दहला देने वाली घटना घटी। गांव की तीन वर्ष की मासूम बच्ची के साथ एक युवक ने अकेला पाकर रेप किया। घटना की सूचना मिलते आनन-फानन में गांव वालों ने कोतवाली कादीपुर को फोन किया। मौके पर पुलिस उप अधीक्षक व प्रभारी निरीक्षक पहुंचकर मासूम बिटिया को मां के साथ स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादीपुर में ले गए। जहां पर डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत स्थिति नाजुक देखते हुए रेफ्र कर दिया है। तीन वर्षीय बिटिया शिक्षा (काल्पनिक नाम) पुत्री स्व.राजकुमार हरिजन को बीती रात मां ने बिस्तर पर सुला कर रात्रि लगभग ग्यारह बजे पड़ोस में आयोजित विवाह कार्यक्रम में गयी थी। रात्रि करीब तीन बजे कि बगल गांव बेरामारुफ्पुर निवासी तेइस वर्षीय राजू पुत्र राममूरत निषाद घर में घुसकर जबरदस्ती मासूम बच्ची के साथ घटना को अंजाम दे दिया। मौके पर पहुंची मां ने कारित घटना देख सन्न रह गई। रात में जब मां ने चीखना चिल्लाना शुरू किया तो आरोपी को लोगों ने पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। गांव व पुलिस की मदद से बच्ची को आनन फानन में सीएचसी कादीपुर पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उसे जिला चिकित्सालय रेफ्र कर दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया है। फ्लिहाल मौके पर पुलिस उपाधीक्षक सुरेंद्र कुमार व कोतवाली कादीपुर के प्रभारी निरीक्षक के के मिश्रा पूरी टीम के साथ स्थित पर नजर बनाए हुए हैं। प्रभारी निरीक्षक के के मिश्रा ने बताया कि पीड़िता के चाचा गणेशदत्त की तहरीर पर पास्को वह एससी एसटी एक्ट सहित अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को हिरासत में लेकर कार्यवाही की जा रही है।

# कोरोना संक्रमण के बीच दीपावली पर बढ़ी दुकानों की रौनक

- सजावट के सामान के साथ-साथ लुभा रहे रंग-बिरंगे खिलौने

**सुलतानपुर।** कोरोना संक्रमण से बाजारों में छायी मंदी के बाद बाजार अब त्योहारों में वह चमकने को तैयार है। दीपावली नजदीक आने के साथ ही दुकानों पर रौनक दिखने लगी है। दुकानदार भी ग्राहकों को लुभाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। धनतेरस पर्व पर सर्राफ बाजार में सोने-चांदी के सामान अधिक मात्रा में तैयार किए गए है। घर की सजावट के सामान से लेकर रंग-बिरंगे खिलौनों की दुकाने सजी है। चौक, पारकींसगंज, मुरारीदास की गली, में जहां घरों के सजावट के लिए रंग-बिरंगे झालरों की दुकानें सज गई है। वहीं ठठेरीबाजार में धनतेरस को लेकर दुकानदार भी अपनी दुकान सजाने लगे हैं। बाजार में खरीदारी को लोग भी निकल पड़े हैं। घरों में पूजन के लिए गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियां लोगों को लुभा रही हैं। बिजली की दुकानों पर आकर्षक लाइट व झालरों से दुकानों को पाट दिया है। इस बार देशी सामान बाजार में अधिक दिख रहे है।

### सर्राफा दुकानदारों की भी चांदी

**सर्राफ**गोपाल सोनी ने बताया कि सोने की चूड़ियां, चांदी के जेवर महिलाओं का मन लुभा रहें हैं। धनतेरस पर चांदी की खरीदारी शुभ मानी जाती है इसके लिए बाजार में अबकी बार चांदी की प्रतीकात्मक 2000 से लेकर 200, 100 व 50 के नोट तैयार किए गए है। इसकी कीमत नोट के आधार पर 3500 से लेकर 150 रुपये तक रखी गई है। वहीं चांदी के सिक्के 650 से 2500 तक बिक रहे हैं। इसी प्रकार चांदी का कटोरा दो हजार, गिलास ढाई हजार, तस्तरी दो हजार, चम्मच छह सौ व गणेश लक्ष्मी की मूर्ति चौदह सौ रुपये शुरुआती कीमत रखी गई है।

# गरीबों के हक के लिए मैं अपने पिता की ही तरह लड़ती रहूंगी : सदर विधायक आदिति सिंह

- दुकानदारों ने सिटी मजिस्ट्रेट पर धमकाने का लगाया आरोप

संवाददाता। रायबरेली



**सदर** विधायक अदिति सिंह पूर्व विधायक स्वर्गीय अखिलेश सिंह की ही तरह गरीबों की आपदा पर सिविल लाइन के सारस होटल में पत्रकारों से मुखातिब हुई और कहां सिविल लाइन के गरीबों की रोजी रोटी जुड़ी हुई है इसलिए इन दुकानदारों पर अत्याचार और उत्पीड़न कर रहे जिला प्रशासन को कहां की प्रशासन अधिकारी यह समझ ले कि गरीब मेरे लिए मेरा परिवार है इन दुकानदारों के साथ मैं सदैव खड़ी रहूंगी इनके दुकानों पर सरकारी बुलडोजर नहीं चलने दूंगी उन्होंने कहा कि कई दिनों से लगातार प्रशासन गरीब परिवारों को नोटिस देकर दुकान खाली कराने की धमकी दे रहा है सदर विधायक आदिती ने कहा कि शासन जिस मनसा से ट्रस्ट को जमीन दी थी ट्रस्ट ने वह मनसा का कहीं भी कोई ख्याल नहीं रखा ट्रस्ट को महिला विद्यालय खोलने के लिए ट्रस्ट को जमीन दी गई थी लेकिन स्कूल तो छोड़िए वहां कोई भी सामाजिक कार्य नहीं किया गया ना ही उन्होंने कभी कुछ ऐसा आयोजन या किसी प्रकार का कब्जा आज तक कमला नेहरू ट्रस्ट का किसी को नहीं दिखा पहले ट्रस्ट ने शीला उमा शंकर दीक्षित जसपाल कपूर जैसे लोग सदस्य थे और जब विक्रम सलमान खुर्शीद और गांधी परिवार से जुड़े लोगों ने इसका संचालन किया लेकिन इन लोगों ने आज तक कोई रचनात्मक कार्य नहीं किया सदर विधायक ने कहा कि मैंने सारे दस्तावेजों को पढ़ा है जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार ने भी मान रखा है कि इस फ्रीहोल्ड को कैंसिल कराना है तो फ्रि प्रशासन यहां बसे दुकानदारों को नोटिस देकर उन्हें प्रताड़ित क्यों कर रहा है उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री संवेदनशील है गरीबों की मदद करते हैं उन्होंने मुझसे आश्वासन दिया है कि यहां के दुकानदारों के साथ न्याय होगा अन्याय नहीं किया जाएगा उन्होंने कहा है कि मैं यहां के प्रशासनिक अधिकारियों की जांच करवारूंगी और उन पर कार्रवाई करवारूंगी क्योंकि मैं गरीबों के साथ हूं गरीब ही मेरी ताकत है इस अवसर पर सिविल लाइंस के दुकानदार मौजूद रहे।

# युवाओं को आत्मनिर्भर बनाती एक जनपद-एक उत्पाद योजना



**श्रावस्ती।** राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवकों की बेरोजगारी की समस्या दूर करने और प्रदेश के हुनरमंद व कर्मठ युवाओं को अपने पैरो पर खड़ा करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री ने एक जनपद एक उत्पाद योजना की शुरूआत की है। इस योजना का मुख्य उदद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को अपना उद्योग शुरू कर स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री जी की इस महत्वाकांक्षी योजना का प्रदेश के हजारों बेरोजगार युवा लाभ उठाते हुए आत्मनिर्भर हो रहे हैं। युवाओं द्वारा लगाये जा रहे उद्यमों से अन्य लोगों को भी रोजगार मिल रहा है। साथ ही उनकी आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ हो रही है एक जनपद एक उत्पाद टूल किट प्रशिक्षण योजनान्तर्गत ट्राइवल क्राफ्टेड में जिला उद्योग एंव उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र श्रावस्ती द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गयाए जिससे कि कई युवाओं को रोजगार मिला है।

# जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते अपनी बदहाली पर आंसू बहाता सचिवालय

संवाददाता। श्रावस्ती



**जमुनहा**-विकासखंड जमुनहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत खावा कला में लाखों रुपए की लागत से कुछ वर्ष पूर्व बना सचिवालय अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। इस सचिवालय मे गांव के लोगों द्वारा भूसा भरकर रखा गया है। साथ ही इंडिया मार्का नल खराब होने के कारण ग्रामीणों ने आगे पुआल से ढक दिया है सचिवालय में लगे खिड़की व दरवाजे अज्ञात व्यक्ति तोड़कर उठा ले गए हैं। इसके जिम्मेदार ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम प्रधान है जिनकी लापरवाही के चलते लाखों रुपए का सचिवालय बिना प्रयोग में आये ही खण्डहर में तब्दील हो चुका है जबकि सरकार ने लाखों खर्च कर इसका निर्माण करवाया था जिसका उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर अभिलेखों का रखरखाव व सचिव के रहने के आवास तथा ग्राम सभा की खुली बैठक ग्राम सभा अध्यक्ष कार्यालय ग्राम विकास अधिकारी कार्यालय में बैठने की ब्यवस्था व प्रति दिन ग्राम प्रधान व सचिव सचिवालय में बैठकर जनता की समस्याएं सुनेंगे और वहीं पर खुली बैठक करने के लिए सभागार भी बनवाया गया था लेकिन जिम्मेदार अधिकारीयो की लापरवाही के कारण अपनी दुर्दशा के चलते यह सचिवालय आंसू बहाने को मजबूर है। गाँव की ही बरसाती खा फ्तेह बहादुर वर्मा रमेशकुमार वर्मा अन्य लोगों ने सचिवालय को मरम्मत कराए जाने की प्रशासन से मांग की है।

# पुलिस ने अवैध शस्त्र बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ दो अभियुक्त गिरफ्तर

संवाददाता। रायबरेली

**पुलिस** अधीक्षक रायबरेली के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली के कुशल नेतृत्व व क्षेत्राधिकारी महाराजगंज के सर्वेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई के अंतर्गत बछरावां थाना पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना के आधार पर थाना बछरावां में मुकदमा पंजीकृत कर वांछित इनामी जोकि 10,000-10000 के इनामी अभियुक्त है जिसमें सुधीर कुमार पासी पुत्र प्रेम शंकर पासी निवासी ऊफ्रा पुर थाना बछरावां रायबरेली अशोक कुमार लोधी पुत्र सुखई निवासी नंदा खेड़ा थाना बछरावां रायबरेली थाना क्षेत्र के खैरानी के पास स्थित जबराहार जंगल से अवैध शस्त्र बनाते हुए भारी मात्रा में अवैध शस्त्र व कारतूस तथा बनाने के सामान सहित नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया था अभियुक्त दीपक लोहार पुत्र स्वर्गीय सहदेव निवासी रसूलपुर थाना बछरावां रायबरेली मौके से भागने में सफ्ल रहा और वही बताते चलें कि तमंचा 5 अगद तमंचा 315 बोर 8 तमंचा 12 बोर सात अगद कारतूस 12 व एक जिंदा कारतूस 315 बोर एक अदद रोधनी एक आदत सिलेंडर छोटा से आदत अर्ध निर्मित नाल 12 बोर अवैध शस्त्र बनाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आदि बरामद की गई गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष राकेश सिंह उप निरीक्षक अनिल यादव उप निरीक्षक श्री बाबू आरक्षी ज्ञानेंद्र तिवारी उदित राणा साजन कुमार जय सिंह मनोज नरेंद्र सिंह महिला आरक्षी रश्मि सिंह चालक मुकेश कुमार यादव मौजूद रहे बछरावां थानाध्यक्ष ने बताया कि इन अपराधियों के खिलाफ पहले से बछरावां थाने में कई मुकदमा दर्ज हैं और इन अपराधियों को अभियोग दर्ज कर जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है।

# निर्माणाधीन हवाई पट्टी का किया निरीक्षण काम को जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

संवाददाता। श्रावस्ती



**इकौना-कटरा** श्रावस्ती में निर्माणाधीन हवाई पट्टी का विशेष सचिव माननीय मुख्यमंत्री नागरिक उड्डयन सुरेन्द्र कुमार सिंह आकस्मिक निरीक्षण कर चल रहे कार्यो का जायजा लिया और मानक के अनुरूप अधूरे कार्यो को जल्द पूरा कराने के लिए कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम के अधिशासी अभियंता एस पी गुप्ता को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान विशेष सचिव को राजकीय निर्माण निगम के अधिशासी अभियंता ने अवगत कराया कि हवाई पट्टी का 4000 मीटर बाउंड्री वॉल रनवे एप्रन टैक्सी वे रोड फायर स्टेशन टर्मिनल बिल्डिंग का रेनोवेशन का कार्य पूर्ण हो गया है और रनवे के समानांतर ग्रेडिंग का कार्य चल रहा है हवाई पट्टी पर पाँच वॉच टावर बनने थे जिनमें चार वाच टावर का कार्य पूरा हो चुका है। विशेष सचिव ने हवाई पट्टी क्षेत्र का पैदल भ्रमण कर कराए जा रहे कार्यों का जायजा लिया तथा अधूरे कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि यदि गुणवत्ता में कहीं भी कमी पायी गयी तो निश्चित ही कार्यवाही की जाएगी इसलिए संबंधित विभागीय अभियंता अपने दायित्वों का सही ढंग से निर्वाहन कर निरंतर हवाई पट्टी के अधूरे कार्य को तत्काल पूरा कराएं जिससे हवाई पट्टी का संचालन जल्द शुरू हो सके। जिलाधिकारी ने राजकीय निर्माण निगम के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिया कि वह अधूरे कार्यों को पूरे गुणवत्ता पूर्वक अतिशीघ्र पूरा कराएं तथा कार्यों के प्रगति की निरन्तर रिपोर्ट देते रहें। इस दौरान विशेष सचिव मुख्यमंत्री जी के साथ जिला अधिकारी टी के शिबूएपुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य उप जिलाधिकारी राजेश कुमार मिश्रा पुलिस क्षेत्राधिकारी महेंद्र शर्मा अधिशासी अभियंता राजकीय निर्माण निगम एसपी गुप्ता अवर अभियंता राजेंद्र कुमार थाना प्रभारी अनिल कुमार दीक्षित मौजूद मौजूद रहे ।

# दीपावली के पूर्व आंगनबाड़ी केन्द्रों को मिल जाएगा ड्राई राशनः सीडीओ



ड्राई राशन का वितरण करते सीडीओ शशांक त्रिपाठी

**गोंडा।** स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्रों को ड्राई राशन वितरण का कार्य जारी है। मंगलवार को सीडीओ शशांक त्रिपाठी ने विकास खण्ड हलधरमऊ के ग्राम कासिमपुर में ड्राई राशन का वितरण किया तथा लोगों को व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी भी दी। सीडीओ श्री त्रिपाठी ने बताया कि दीपावली के पहले प्रत्येक दशा में जनपद के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों को ड्राई राशन उपलब्ध करा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि राशन वितरण में केन्द्रों को गेहूं,चावल,दाल स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है जो आंगनबाड़ी केन्द्रों को वितरित कर रहे हैं। विकास खण्ड हलधरमऊ के ग्राम कासिमपुर में आयोजित कार्यक्रम में सीडीओ श्री त्रिपाठी ने बहुत ही विस्तार से नवीन राशन वितरण व्यवस्था के बारे में लोगों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनपद में ग्रामीण परियोजनाओं हेतु कुल 823919.562 किलोग्राम गेहूं तथा 221391.754 किलोग्राम चावल आवंटित किया गया है जिसका वितरण स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से किया जा रहा है। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, डीसी मनरेगा हरिश्चन्द्र प्रजापति, बीडीओ हलधरमऊ, सीडीपीओ नन्दिनी घोष, ग्राम प्रधान व अन्य अधिकारी तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं।

# आरटीओ दफ्तर में ऑनलाइन होंगे सारे कामः डीएम

- डीलर द्वारा डिजिटल सिग्नेचर से ऑनलाइन भेजी जाएंगी फाइलें

संवाददाता। गोंडा


बैठक करते डीएम डा0 नितिन बंसल पायनियर

**शासन** द्वारा अब डीलर प्वाइन्ट रजिस्ट्रेशन के माध्यम से वाहनों के रजिस्ट्रेशन में वाहन की भौतिक पत्रावली को आरटीओ कार्यालय में भेजने की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया है और डीलरों द्वारा डिजिटिल सिग्नेचर के माध्यम से फाइलें ऑनलाइन परिवहन विभाग के पोर्टल पर भेजी जाएगीं जिसे परिवहन विभाग के अधिकारी द्वारा एक सप्ताह में ऑनलाइन निस्तारित किया जाएगा। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में इस बावत प्रमुख डीलरों के साथ जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई जिसमें नई व्यवस्था के बारे में डीलरों को विस्तार से जानकारी दी गई तथा निर्देश दिए गए कि वे वाहन स्वामियों की सुविधा के दृष्टिगत परिवहन विभाग द्वारा शुरू की नई व्यवस्था को अपनाएं, जिससे वाहन स्वामी कागजी कार्यवाही में परेशान न हों तथा उन्हें डीलर प्वाइन्ट पर ही सुविधाएं मिल सकें। जिलाधिकारी ने बैठक में डीलरों को बताया कि परिवहन विभाग द्वारा कुछ दिन पूर्व ही डीलर प्वाइंट रजिस्ट्रेशन के समय यह व्यवस्था सुनिश्चित की गयी थी कि वाहन की डाटा फीडिंग एवं टैक्स फीस पेमेन्ट वाहन क्रय करने की तिथि को किया जाएगा तथा पूरी पत्रावली अगले कार्य दिवस में पंजीयन अधिकारी को प्रेषित की जाएगी। अब डीलर प्वाइंट रजिस्ट्रेशन के समय डीलर द्वारा अपलोड किये जाने वाले डाक्यूमेन्ट पर डिजिटल साइन की व्यवस्था सुनिश्चित कर दी गयी है तथा यह व्यवस्था अब प्रदेश के समस्त जनपदों में लागू कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि डिजिटली साइन डाक्यूमेन्ट्स को पेपर डाक्यूमेन्ट के समान ही मान्यता प्रदान की गयी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पंजीयन हेतु उपसंभागीय परिवहन कार्यालयों में वाहनों की भौतिक पत्रावलियों के प्रेषण की अनिवार्यता को समाप्त करते हुए पत्रावलियों को डीलर के पास ही सुरक्षित रखने की अनुमति प्रदान की गयी है। जिलाधिकारी ने सभी डीलरों से अपील की कि वे वाहन स्वामियों की सुविधा के दृष्टिगत शुरू की गई नई व्यवस्था को पूरी तरह से लागू करें, जिससे समय की बचत के साथ-साथ उनके कार्य आसानी से हो सकें। एआरटीओ प्रशासन संजीव कुमार सिंह ने बताया कि डीलर प्वाइंट पर डाटा फीडिंग एवं टैक्स फीस पेमेन्ट आदि के बाद अगले कार्यदिवस पर वाहन की पत्रावली के भेजने की भौतिक अनिवार्यता को तत्काल प्रभाव से समाप्त करते हुए पंजीयन अधिकारी डीलर प्वाइंट द्वारा अपलोड किये गये डिजिटल साइन युक्त डाक्यूमेन्ट्स के आधार पर पंजीयन की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगें। वाहन की भौतिक पत्रावली डीलर्स के पास ही सुरक्षित रखी जाएगी। यह भी बताया कि शासन द्वारा 17 प्रकार के नए व्यावसायिक वाहनों का डीलर प्वाइन्ट पर ही रजिस्ट्रेशन किए जाने की व्यवस्था लागू कर दी गई है। अब लोगों के वाहनों का रजिस्ट्रेशन डीलर प्वाइन्ट पर ही हो जाएगा तथा लोगों को रजिस्ट्रेशन के आरटीओ दफ्तर नहीं आना पड़ेगा। एआरटीओ ने बताया कि शासन द्वारा जारी किए गए निर्देशानुसार अब मोटर साइकिल, स्कूटर, ई-रिक्शा, लग्जरी कैब, थ्री व्हीलर, माल वाहक गाड़ियां, मैक्सी कैब, मोटर कैब, बस, एम्बुलेन्स, अग्नि शमन वाहन, फायर टेन्डर्स, आर्टीकुलेटेड वेहकिल्स, शव वाहन, ओमनी बस, डम्पर तथा निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले वाहनों आदि का पंजीकरण डीलर प्वाइन्ट पर ही शुरू कर दिया गया है। बैठक में सीडीओ शशांक त्रिपाठी, एआरटीओ संजीव कुमार सिंह, आरटीओ कार्यालय के अतुल मौर्या सहित जनपद के प्रमुख डीलर्स उपस्थित रहे।

## मार्ग दुर्घटना में आठ गंभीर घायल

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के अन्तर्गत अलग अलग जगहों पर 8लोगो को गंभीर घायल होने पर प्राथमिक उपचार के बाद सीएचसी से सभी घायलो को जिला अस्पताल रेफ्र कर दिया गया है। बताते चलें कि कोतवाली के गांव जमुनापुर निकट मैजिक को ट्क ने टक्कर मार दिया। जिसमे मैजिक सवार राजू 35वर्ष पुत्र हरी सिंह, रमेश 52वर्ष पुत्र रामजियालाल निवासीगण बड़इयापुर, जिलाध्कोतवाली हाथरस गंभीर घायल हो गए जिनको प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफ्र कर दिया गया है।दूसरी मार्गदुर्घटना गांव तिवारीपुर के निकट की है। जहां पर पिकप की टक्कर से बाइक सवार विजय 27वर्ष पुत्र हरीशंकर निवासी पूरे भीम मजरे अरखा गंभीर घायल हो गए।जिनको भी गंभीरावस्था मे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफ्र कर दिया गया है।गांव सबीसपुर निकट कार की टक्कर से रिया 17वर्ष पुत्री राजकुमार, जितेन्द्र 24वर्ष पुत्र रामजियावन निवासीगण अब्दुलवाहिदगंज थाना नवाबगंज, प्रतापगढ घायल हो गए जिनको गंभीर चोटे आने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफ्र कर दिया गया।

# प्रत्येक न्याय पंचायत में दो स्थाई गौशाला बनाने के निर्देश

## लक्ष्य अनुरूप आयुष्मान गोल्डन कार्ड ना बनने पर एडी हेल्थ का वेतन रोका गया

संवाददाता। बस्ती



**जिले** के प्रत्येक न्याय पंचायत में दो-दो स्थाई गोशाला बनाया जाएगा। गोषाला बनाने के लिए मण्डलायुक्त अनिल कुमार सागर ने पशुपालन विभाग को निर्देश दिया है। उन्होने कहा कि भूमि चिन्हित कराकर निर्माण शुरू कराया जाए। मण्डल के तीनों जिलों बस्ती, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर में वर्ष 2020-21 में एक- एक वृहद गोषाला के लिए भी भूमि चिन्हित की जाए। मण्डलीय विकास कार्यो की समीक्षा बैठक में पूर्व के गोशालाओं में पशुओं की सुरक्षा के लिए सीमेन्ट पिलर पर तार लगवाने के लिए मनरेगा धनराशि का उपयोग करने का निर्देश दिया। छह माह बाद हो रही पहली मण्डलीय बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वित्तीय वर्ष के शेष माह में तेजी लाकर लक्ष्य पूरा करें। अधिकारी फील्ड में निकले और परियोजनाओं का भौतिक सत्यापन करें। निर्माण कार्यो को समय से पूरा करने पर बल दिया। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, शिक्षा, पंचायतीराज, विकास, समाज कल्याण, ग्राम्य विकास, दूरसंचार, लोकनिर्माण आदि विभागों को विद्युत बकाए का भुगतान करने का निर्देष दिया। कहा कि सरकारी भवनो के विद्युत बकाया भुगतान के लिए विभागों को डिमांड भेजा जाय। पराली जलाने के दोषी किसानों से जुर्माना वसूल करने में उत्पीड़नात्मक ाकार्रवाई न करने, अवशेष 56 हजार किसानों का किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने, हल्दिया रोग, प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त धान की फसल का बीमा क्लेम दिलाए जाने का निर्देश दिया। अपर आयुक्त बृजकिशोर, डीएम आशुतोष निरंजन, दिव्या मित्तल, दीपक मीणा, सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका, पुलकित गर्ग, अतुल मिश्र, आलोक रंजन सिंह, अनिल तिवारी, विशेश्वर प्रसाद, अवनीश साहू आदि मौजूद थे।

## कांग्रेस की लोकप्रियता से प्रभावित होकर ली सदस्यता

**संतकबीरनगर।** जिला कांग्रेस कार्यालय पर जिलाध्यक्ष प्रवीण चंद पांडेय के नेतृत्व में मंगलवार को कांग्रेस पार्टी एवं प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी के नीतियों प्रभावित होकर सपा भाजपा बसपा छोड़कर दर्जनों कार्यकर्ताओ ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा पार्टी में शामिल होने वाले कार्यकर्तओं ने कहा 2022 विधान सभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाने के लिए हम सभी लोग पूरी ताकत से काम करेंगे। जिलाध्यक्ष प्रवीण चंद पांडेय लोगो सदस्यता दिलाते हुए कहा कि पार्टी में शामिल होने वाले सभी कार्यकर्ताओ के मान सम्मान के लिए कांग्रेस पार्टी हमेशा खड़ी रहेगी। शामिल होने वाले में महेंद्र यादव सपा से रामप्रकाश सिंह समाज सेवी भाजपा से श्रवण सिंह उर्फ गोलू सिंह सपा से नितिन सिंह, गौरव प्रताप सिंह, शुभम सिंह, लालबहादुर सिंह, मधुसूदन यादव, प्रमोद सिंह, मुन्ना राय, कृष्ण सिंह, रानू गुप्ता, भानु गुप्ता, अन्नू उपाध्याय सहित दर्जनों लोगों ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा।

# कोर्ट परिसर में निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दारोगा को धमकाया

संवाददाता। संतकबीरनगर



**मेंहदावल** के बखिरा में आयोजित संयुक्त रैली में एक जाति विशेष के संबंध में टिप्पणी के मामले में दर्ज मुकदमे में जमानत मिलने के बाद कोर्ट परिसर से बाहर निकल रहे निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. संजय निषाद के समर्थकों को परिसर से बाहर करने को लेकर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात एक दरोगा कहासुनी हो गई।

इस पर डा. निषाद ने उक्त दारोगा की जमकर क्लास ली और कहा कि यदि भविष्य में ऐसी हरकत की तो जुबान निकलवा लेंगे। डा. संजय निषाद ने कहा कि दिन भर न्यायालय के कटघरे में खड़े होने के बाद जमानत मिली है। उन्होंने कहा कि उनके सामने उनके कार्यकर्ताओं के साथ दुर्व्यवहार किया गया इसे वह बर्दाश्त नहीं कर सकते है। उन्होंने दारोगा से कहा कि तुम्हें हमारा इतिहास-भूगोल पता नहीं है। सात दारोगा-सिपाही के हाथ-पैर टूट गए थे। जाकर पता कर लो। आइंदा ऐसी हरकत की तो जबान निकलवा लेंगे। न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात दारोगा सुभाष चन्द्र का आरोप है कि डॉ. निषाद द्वारा अपशब्द कहा गया। इस संबंध में दारोगा सुभाष चंद्र ने कहा कि मेरी गलती सिर्फ इतनी थी कि मैने उनके कार्यकर्ताओं को न्यायालय परिसर में भीड़ एकत्रित नहीं करने को कहा क्योंकि यहां की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी उनकी है। यदि कोई बात हो जाती है तो उसका जिम्मेदार कौन होता? इस मामले में डा. संजय निषाद ने सफाई दी है कि उनसे कोई कहासुनी नहीं हुई है। हमने कहा कि कार्यकर्ताओं में थोड़ा उत्साह था जो उनके स्वागत में आए थे। अभी कुछ देर में हम लोग चले जाएंगे। उन्होने कहा कि कानून अपना काम करेगा और मैं उसका जवाब दूंगा।

## बालिका ने फांसी लगाकर दी जान

बीजपुर ( सोनभद्र )

**स्थानीय** थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित ग्राम सभा पिण्डारी के टोला बराई डॉड़ में एक बालिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पहुंची बीजपुर पुलिस ने शव को कब्जे में पोष्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवा दिया। उप निरीक्षक चन्द्र शेखर सिंह ने बताया कि 19 वर्षीया मुन्नी कुमारी पुत्री जग नरायन गोंड निवासी ग्राम सभा पिण्डारी टोला बराईडॉड़ में मंगलवार की अलसुबह अपने घर के पीछे अमरुद के पेड़ में दुपटंटे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब परिजनों की निगाह उस पर पड़ी तो वाकया देख सन्न रहे गए। परिजनों के रोने व चिल्लाने की आवाज सुनकर आस पास के लोग मौके पर जुट गए। इसकी इसकी सूचना परिजनों ने ग्राम प्रधान पिण्डारी धीरेंद्र जायसवाल को दी।

## लक्ष्य अनुरूप जांच नहीं कराने पर डीएम ने जताया असंतोष

**बस्ती।** सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कोविड-19 की एंटीजन, आरटीपीसीआर की जांच लक्ष्य अनुसार न किए जाने पर डीएम आषुतोष निरंजन ने असंतोष व्यक्त किया है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कोविड- 19 की समीक्षा बैठक में पाया कि स्वास्थ्य केन्द्र बनकटी, मरवटिया, परसरामपुर, रामनगर एंव साऊंघाट में पिछले सप्ताह किए गए सैम्पल से भी कम सैम्पल किया गया। समीक्षा में पाया कि कोविड-19 की जांच के लिए बिना सैम्पल लिए फर्म अपलोड किया जा रहा है। इसके लिए प्रत्येक सीएचसी के लिए एक-एक नोडल अधिकारी नामित करने का निर्देश दिया है। यह अधिकारी पिछले एक सप्ताह की तालिका विकास भवन कमाण्ड सेण्टर से प्राप्त कर स्थलीय सत्यापन भी करेंगे। सभी एमओआईसी को निर्देश दिया कि वे कोविड-19 के लिए लाभप्रद आइवरमेक्टीन टेबलेट प्रतिदिन वितरित करें।

# कर वसूली में फिसड्डी रहने पर ईओ कछवा को नोटिस

## खफा डीएम ने कहा कि मासिक लक्ष्य पूरा करें या अपने पास से जमा करें ईओ

संवाददाता। मीरजापुर

**जिलाधिकारी** सुशील कुमार पटेल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। जिसमें कर-करेत्तर, मुख्य देय, एवं अन्य राजस्व वसूली के प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक में नगर पालिका परिषद मीरजापुर, चुनार कछंवा एवं नगर पंचायत कछवां के कम वसूली पर जिलाधिकारी कडी नाराजगी प्रकट करते हुये सबसे खराब कछवां नगर पालिका के सबसे खराब प्रगति ईओ नगर कछवां के विरूद्ध शो कार्य नोटिस देने का निर्देश अपर जिलाधिकारी यूपी सिंह को दिया। जिलाधिकारी ने सभी ईओ को कड़ा निर्देश दिया कि इस माह मासिक लक्ष्य का पूर्ति करें अन्यथा अपने पास जमा कराएं। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस, आईजीआरएस, मुख्यमंत्री पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायत, जिलाधिकारी सन्दर्भ, सहित अन्य जन समस्याओं के निस्तारण के प्रगति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने कहा जन शिकायातों का निस्तारण समय से किया जाये डिफाल्टर वाले विभाग के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। आबकारी, वाणिज्यकर, स्टाम्प पंजीयन, विद्यत, की वसूली पर सन्तोष व्यक्त करते हुये परिवहन एवं स्टाम्प पंजीयन में और प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर वादों का निस्तारण तथा तहसीलवार वसूली की भी समीक्षा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों एवं ईओ को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र में प्रमुख बाजारों व चौराहों पर रैन बसेरा का निर्माण कराकर उसका फेटोग्राफ राहत आयुक्त के वेबसाइड पर तत्काल भेजना सुनिश्चित करें।

## चेयरमैन ने किया रैन बसेरा का उद्घाटन

**सोनभद्र।** स्थानीय नगर पंचायत चोपन ने सर्द मौसम की शुरुआत होते ही रैन बसेरा तैयार कर लिया है। बैरियर पर रामलीला मैदान के निकट स्थित इस रैन बसेरे में कोविड-19 की गाइड लाइन का भी पालन हुआ है। यहां दो गज दूरी के अनुरूप बिस्तर लगाए गए हैं। सैनिटाइजर एवं मास्क भी यहां निशुल्क उपलब्ध कराया जायेगा। मंगलवार को नगर पंचायत अध्यक्ष फरीदा बेगम ने इसका शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि स्थानीय नगर में किसी भी काम से आने वाले या फिर यहां के गरीब लोगों को सर्दी से बचाव के लिए रैन बसेरे का शुभारंभ किया गया है। यहां निशुल्क रूप से कोई भी यात्री या फिर गरीब व्यक्ति ठहर सकता है। इसकी देखरेख के लिए निकाय द्वारा कर्मचारियों की तैनाती की गई है। मास्क एवं सैनिटाइजर भी उपलब्ध कराया गया है। इस रैन बसेरे में जो भी यात्री आएगा उसको निशुल्क मास्क उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा सैनिटाइजर एवं साबुन से हाथ धोने का भी प्रबंध किया गया है।

# बरदहिया बाजार में लगता है भीषण जाम, व्यवस्था पर उठा सवाल

## ग्रामीणो में रोष व्याप्त

संवाददाता। संतकबीरनगर



**स्थानीय** प्रशासन व पुलिस की निष्क्रियता के कारण बरदहिया बाजार के मुख्य मार्ग पर भीषण जाम और भीड़ से लोगों का गुजरना असंभव हो गया है, वहीं बाजार में हो रही भारी भीड़ से कोरोना के सामुदायिक संक्रमण की आशंका भी बढ़ गई है। बाजार का विस्तार डीघा बाईपास से लेकर गुड़मण्डी व सब्जी मण्डी रोड (गोरखपुर रोड) तक हो गया है वहीं नेशनल हाईवे तक गाड़ियों के बेतरतीब खड़ा होने से प्रभावित हो गया है। इस पर किसी भी जिम्मेदार की निगाह नहीं जा रही है। पांच दशक पूर्व बरदहिया बाजार (खलीलाबाद) शुरू हुआ था और शुरूआत में यहां पशुओं की बाजार सप्ताह में एक दिन लगती थी। बाद में सप्ताह में एक दिन पशु बाजार के साथ ही सप्ताह में एक दिन हैण्डलूम कपड़ों की बाजार शुरू कर दी गई। धीरे-धीरे यह बाजार विस्तार करता गया और रेडीमेड, होजरी, वूलेन आदि कपड़ों तथा अन्य सामानों की पूर्वांचल की सबसे बड़ी तथा प्रदेश की बड़ी व्यापारिक मण्डी में शुमार होने लगा। कालांतर में पशु बाजार समाप्त हो गया तो यह बाजार हैण्डलूम, रेडीमेड होजरी, ऊलेन आदि कपड़ों के बड़े बाजार के रूप में अपनी पहचान बना लिया। तब तक गनीमत थी जब बाजार अंदर मैदान में लगती थी। आवागमन के लिए मुख्य मार्ग पर विशेष परेशानी नहीं थी लेकिन बाद में इस बाजार को सप्ताह में तीन दिन अघोषित रूप से शुरू कर दिया गया तथा शनिवार अपराहन से लेकर सोमवार की शाम तक बाजार लगने लगी।

अब हालत यह है कि बरदहिया बाजार अघोषित रूप से पूरे हफ्ते का हो गया है लेकिन शनिवार, रविवार व सोमवार को तो अपार भीड़ होती है। धीरे-धीरे बाजार ने इतना विस्तार किया कि हाईवे और पुराना गोरखपुर रोड जो कि खलीलाबाद शहर से निकलने का मुख्य मार्ग है।

## होम क्वारंटाइन मरीजों की हो नियमित देखभाल: डीएम

**सोनभद्र।** कोविड-19 एल-1 व एल-2 में भर्ती संक्रमित मरीजों की बेहतर देख भाल की जाए। इसी के साथ होम क्वारंटाइन में मरीजों से वीडियो कालिंग से वार्ता करते हुए डॉक्टरों की टीम भेजकर उनका भी स्वास्थ्य परीक्षण नियमित रूप से कराने के साथ ही पर्याप्त दवाएं भी उन्हें मुहैया करायी जाय। सही ढंग से काम न करने वाली आशाओं को प्रतिकूल प्रविष्टि 24 घंटे के अन्दर जारी करते हुए अवगत कराएं। उक्त निर्देश जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने दिए।

उन्होंने होम आईसोलेशन में रह रहे लोगों के नियमित देखभाल करने के निर्देश देते हुए कहा कि संभावित संक्रमित मरीजों की पहचान में तेजी लायी जाए। ब्लड कलेक्शन की संख्या बढ़ायी जाय। एक्टिव मरीजों को बेहतर सुविधा मुहैया करायी जाय। उन्होने संक्रमित मरीजों का कवरेज टाइम यानी अस्पताल में भर्ती कराने की टाइमिंग बेहतर बनाने को कहा है।

# बहादुरपुर में चिकित्सा दल के नहीं पहुंचने से निराश लौटे दिव्यांग

संवाददाता। बस्ती

**जिला** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग व जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र की ओर से बहादुरपुर ब्लाक मुख्यालय पर मंगलवार को दिव्यांग जनो के लिए मेडिकल असेस्मेंट, सहायक उपकरण शिविर लगाया गया। सहायक उपकरण के लिए सात, दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए 13 ने पंजीकरण कराया। लेकिन सीएमओ द्वारा गठित चिकित्सा दल के शिविर में न पहुचने से दिव्यांगजनो को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। सीएमओ डा. एके गुप्ता ने चिकित्सा दल के षिविर में न पहुंचने के बावत कहा कि दिखवाते हैं कि आखिर ब्लाक पर टीम क्यों नहीं पहुंची। जिला एवं ओपेक चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा दिव्यांगजनों का परीक्षण कर आठ का दिव्यांगता प्रमाणपत्र बनाया गया। कान की विकलांगता वाले तीन को मेडिकल परीक्षण के लिए गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर किया गया। हियरिंग एड के लिए दो ,व्हीलचेयर के लिए दो, ट्राई साइकिल, बैशाखी के लिए चार को चिन्हित किया गया। शिविर में दिव्यांग पेंशन, शादी प्रोत्साहन पुरस्कार योजना, सहायक उपकरण योजना, कुष्ठावस्थावस्था पेंशन, करेक्टिव सर्जरी व स्वावलम्बन कार्ड की जानकारी दी गई। डीडीआरसी के साइक्लोजिस्ट राधेश्याम चौधरी, फिजियोथेरेपिस्ट सुनील कुमार, शिवमूर्ति यादव, जयप्रकाश ने सहयोग किया।

# फर्जीवाड़ाः पोखरभिटवा में लाखों रुपये का घोटाला सामने आया

## जिला समाज कल्याण अधिकारी और डीआरडीए की जांच में हुआ खुलासा

## सीडीओ ने डीपीआरओ को दिया वसूली और दोषियों के विरुद्व कार्रवाई का आदेश

संवाददाता। बस्ती

**सल्टौआ** ब्लॉक के ग्राम पंचायत पोखरभिटवा में बड़े पैमाने पर सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला सामना आया है। यह खुलासा जिला समाज कल्याण अधिकारी और डीआरडीए के एई ने किया। इस बार लगभग आठ लाख रुपये के अनियमित भुगतान का सामने आया। यह मामला पिछले पिछले तीन माह से चल रहा है। इसकी जांच आधादर्जन अधिकारी कर चुके है। हर की जांच में शिकायत सही पाई गई, मगर कार्रवाई नहीं हो रही थी। श्रमदान घोषित होने के बाद भी दो बार धन निकाल लिया गया। पूर्व सेकेटरी रमाकांत वर्मा पर आरोप है कि उन्होंने जांच अधिकारी को अभिलेख ही उपलब्ध नहीं कराया।

इस ग्राम के षिकायत की जांच इससे पहले दो बार हो चुकी है। यह तीसरी जांच है, जिसमें लगभग छह लाख रुपये का घपला सामने आया। पहलने वाली जांच में 2.22 लाख का मामला निकला था।

शिकायतकर्त्ता युवा शक्ति लखनऊ के अजीत प्रताप सिंह का कहना है कि पता नहीं क्यों दोषियों के विरुद्व कार्रवाई नहीं हो रही है। बताया कि इस बार की जांच में भी कमियां पाई गई। अब देखना है कि सीडीओ के लिखने के बाद भी कार्रवाई होती है, या फिर लटका दिया जाता है। कहा कि अगर इस बार कार्रवाई नहीं हुई तो मामले को कोर्ट में ले जाया जाएगा।

जांच में सिद्वनाथ के घर से प्राथमिक विद्यालय विशुनपुरवा, ग्राम विशुनपुरवा उत्तर पोखरे से राम गोपाल के खेत के बगल सड़क का नाम बदलकर उत्तर पोखरे से बनकसिया सरहद तक दिखाकर बिना काम कराए मनरेगा से ले लिया गया। जबकि यह काम जेसीबी से कराया जाना पाया गया था, और प्रधान सेक्रेटरी से लिखकर दिया था, कि इसे श्रमदान घोषित किया जाता है, और इसका भुगतान नहीं होगा, मगर नाम बदल कर लिया।

इसी तरह खेल मैदान मिटटी पटाई के नाम पर वर्ष 2017-18 में दिखाकर फर्जी तरीके से भुगतान हो गया। यह रिपोर्ट खुद बीडीओ की है।

## कस्तूरबा बालिका के जर्जर भवनों के निर्माण को विधायक ने किया आग्रह

**बस्ती।** विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर रूधौली विधानसभा क्षेत्र में स्थित रामनगर, नरखोरिया, रूधौली और सल्टौआ में स्थित कस्तूरबा बालिका विद्यालयों के जर्जर भवनों के निर्माण एवं मरम्मत कराए जाने का आग्रह किया है। पत्र में कहा है कि कस्तूरबा बालिका विद्यालयों के भवन बहुत जर्जर हो चुके हैं और किसी भी समय कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इन विद्यालयों में गरीब परिवारों की बेटियों को शिक्षा दी जाती है। सरकार जहां बेटी बचाओ अभियान चला रही है वहीं कस्तूरबा बालिका की बेटियां जर्जर भवनों में शिक्षा हासिल करने को मजबूर हैं। मांग किया है कि रामनगर, नरखोरिया, रूधौली और सल्टौआ में स्थित कस्तूरबा विद्यालयों के जर्जर भवनों का कायाकल्प योजना के तहत प्राथमिकता के स्तर पर निर्माण और मरम्मत का कार्य सुनिश्चित कराया जाए।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान कार्य जारी है: एडीएम

संवाददाता। संतकबीरनगर



**अपर** जिलाधिकारी संजय कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आगामी 17 नवम्बर से 15 दिसम्बर तक चलाये जाने वाले मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने एवं अभियान की रूपरेखा के संदर्भ में समीक्षा बैठक की।

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समय-समय पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों व मतदाता सूची को अद्यतन रखने यानी, 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवक व युवतियों का नाम मतदाता सूची में शामिल करने, मृत व्यक्तियों का नाम सूची से हटाने, स्थान या निवास परिवर्तन की दशा में मतदाता का नाम स्थानान्तरित करने अथवा अन्य किसी भी प्रकार की नाम आदि में त्रुटि को शुद्ध करने के उद्देश्य से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान चलाय जाता है, जिसमें राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित उनके द्वारा नामित बीएलए(बूथ लेवल एजेण्ट), बीएलओ की स्थानीय स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसी क्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार पाण्डेय ने जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से उनके बीएलए की अद्यतन सूची उपलब्ध कराने की अपील करते हुए कहा कि संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के दौरान उनकी संवेदनशीलता एवं सहयोग नितान्त आवश्यक है।

# वैज्ञानिक खेती करके आत्मनिर्भरता बढ़ाएं किसान:डीएम

## किसान मेला व प्रदर्शनी का आयोजन

संवाददाता। सोनभद्र




**जिले** के किसान प्रंशसा के पात्र हैं, जिले में धान की कटाई मड़ाई के दौरान अब तब कहीं से पराली ना जलाने का श्रेय किसान भाईयों को जाता है। किसान भाई अपनी पराली न जलाएं, जिले में स्थापित सरकारी निराश्रित गौवंशों के गौशालाओं में दो ट्रैक्टर पराली पहुंचाने वाले किसान को गोवंशों का गोबर का खाद यानी कम्पोस्ट एक ट्रैक्टर उपलब्ध कराया जाएगा। किसान परम्परागत खेती के बजाय कम लागत के आधार पर अधिक उत्पादकता की वैज्ञानिक खेती करके आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ें। उक्त बातें जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने जिला स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी, रबी कृषि वैज्ञानिक संवाद, फसल पराली प्रबन्धन गोष्ठी में कही। जिलाधिकारी ने कहा कि किसान बन्धु ही अन्नदाता हैं, जो कड़ी मेहनत करके नागरिकों के लिए अनाज उपजाते हैं, किसान बन्धु परम्परागत खेती के साथ ही रोजाना आमदनी की खेती व बागवानी आदि पर विशेष ध्यान देकर वैज्ञानिक खेती करते हुए कम लागत में अधिक अन्न उपजाकर आत्मनिर्भर बनें, किसान भाई ज्यादा से ज्यादा उन्नतशील बीजों व जैविक खाद का उपयोग करें तथा एनजीटी के निर्देशों का अनुपालन करते हुए धान की पराली को न जलायें, ताकि पर्यावरण का संतुलन भी बना रहें। इस मौके जिलाधिकारी एस. राजलिंगम व मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अमित पाल शर्मा ने कृषि व उद्यान मेला का शुभारंभ किया। किसान मेला प्रदर्शनी में जिले के विभागों द्वारा लगी स्टालों का बारी बारी से अवलोकन किया। अवलोकन के साथ ही स्टालों में लगी कृषि से जुड़े जरूरतमंद सामानों के उपयोगिता के बारे में जाना और अपने अपने बहुमूल्य सुझाव भी प्रस्तुत किये। जिलाधिकारी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि किसान बन्धुओं को सभी सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराया जाय। किसान बन्धु एनजीटी के निर्देशानुसार फसलों के अपशिष्टों पराली को न जलाएं।

उन्होंने किसानों से अपील किया कि वे भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप कम पानी वाली वैज्ञानिक खेती करते हुए आत्म निर्भर बनें। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, ई-मण्डी, अनुदानित खाद, बीज व रसायनों का लाभ समयबद्ध तरीके से किसानों को मुहैया करायी जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी मशीनरी का दायित्व है कि वे कम लागत के आधार पर अधिक उत्पादकता वाली वैज्ञानिक खेती समय से किसानों को करने के लिए जागरूक करें और समयबद्ध तरीके से उन्नतशील बीज, उर्वरक आदि मुहैया करायें ,ताकि किसान वैज्ञानिक खेती के जरिये कम खर्चे पर अधिक पैदावार करके आत्मनिर्भर बनें। जब तक किसान बन्धुओं का समुचित विकास नहीं होगा, तब तक देश चतुर्दिक विकास नहीं कर सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने अब सभी प्रकार की किसानों को दिये जाने वाले अनुदान की राशि सीधे उनके खाते में भेजी जा रही है। उन्होंने रबी उत्पादकता गोष्ठी के सम्बोधन के दौरान कहा कि सरकार द्वारा किसानों के भलाई के लिए चलायी जा रही योजनाओं को स्पष्ट रूप से धरातल पर दिखना चाहिए तभी सरकार की मंशा के अनुरूप किसानों के चेहरे पर असली मुस्कान देखने को मिलेगी। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ अमित पाल शर्मा, जिला कृषि रक्षा अधिकारी जनार्दन कटियार, सहायक निदेशक रेशम रणवीर सिंह, कृषि वैज्ञानिक डॉ. मदनसेन सिंह, डॉ. पीके सिंह, डॉ. शैलेन्द्र सिंह, मुकेश कुमार, पंकज कुमार, प्रगतिशील कृषक बाबू लाल मौर्य सहित जिले के सभी विकास खण्डों के प्रगतिशील किसानगण व गणमान्य नागरिकगण मौजूद रहे।

# कोविड-19 के दौर में सावधानियों के साथ निमोनिया से भी करें बचाव

## निमोनया से बचाव के लिए नवजात शिशु व बच्चों को टीका लगवाना जरूरी

संवाददाता। मीरजापुर

**कोविड**-19 का दौर चल रहा है इस समय काफी मौसमी बीमारियों का भी सामना करना पड़ता है। सर्दी का मौसम आते ही निमोनिया का खतरा अत्यधिक बढ़ जाता है। निमोनिया को लोग साधारत: आम समस्या मानते हैंए लेकिन यह समस्या इतनी भी साधारण नहीं है। अगर इसका समय रहते ही सही तरीके से उपचार नहीं होता है तो यह गंम्भीर स्वास्थ्य समस्या पैदा कर सकती है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर नीलेश श्रीवास्तव ने बताया कि निमोनिया होने पर सबसे पहले फेफड़े अत्यधिक संक्रमित हो जाते हैं और इससे सांस लेने में भी तकलीफबढ़ जाती है। इस संक्रमण में फेफड़ों के वायु के थैलों में मवाद भर जाता है और सूजन आ जाता है, जिससे खांसी, बुखार, ठंड लगने व सांस लेने में तकलीफ होने लगती है।

निमोनिया जैसी बीमारी से संक्रमित होने पर व्यक्ति में कई प्रकार के लक्षण दिखने लगते हैं कुछ साधारण उपाय के साथ निमोनिया जैसी बीमारी से बचा जा सकता है।

**बच्चों में निमोनिया के प्रमुख लक्षण**: सांस तेज चलना, घरघराहट आदि भी निमोनिया बीमारी के लक्षण हो सकते हैं। निमोनिया के आम लक्षणों में खांसी, सीने में दर्द, बुखार व सांस लेने में कठिनाई प्रमुख रूप से होते हैं। पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में निमोनिया होने पर उन्हें सांस लेने तथा दूध पीने में भी परेशानी भी होती है और भी सुस्त हो जाते हैं बच्चों की प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत बनी रहे इसलिए जन्म के तुरन्त बाद बच्चे को मां का पहला गाढ़ा दूध अवश्य देना चाहिए।

**निमोनिया के अन्य मुख्य लक्षण**: सांस लेने या खांसने पर सीने में दर्द। खांसी जो कफ पैदा कर सकती है। बुखार पसीना और कपकपी के साथ ठण्ड लगना। मतली उल्टी या दस्त। सांस लेने में परेशानी। सामान्य शरीर के तापमान से कम। 65 वर्ष या उससे अधिक उम्र के व्यक्तियों में मानसिक भ्रम की स्थिति। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर गुलाब वर्मा ने बताया कि निमोनिया से बचने के लिए निमोनिया और फ्लू के टीके जिले के मण्डलीय चिकित्सालय समेत नौ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 45 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व 216 उपकेन्द्रों पर उपलब्ध हैं।

# सपा प्रत्याशी ने जीत से पिता को दी श्रद्धांजलि



**संवाददाता। जौनपुर**

## निर्दल होने के बावजूद भी निकटतम प्रतिद्वंदी रहे पूर्व सांसद धनंजय सिंह

## भाजपा के मनोज सिंह तीसरे व बसपा के जेपी दुबे चौथे स्थान पर रहे

**जनपद** के मल्हनी विधानसभा के उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी लकी यादव ने जीत दर्ज कर अपने पिता को श्रद्धांजलि अर्पित किया। यह सीट श्री यादव के विधायक रहे पिता पारसनाथ यादव के निधन के चलते खाली था। पूर्व में रारी रहे इस क्षेत्र का नाम परिवर्तित करके मल्हनी विधानसभा कर दिया गया है जहां वर्ष 2017 के विस चुनाव में सपा प्रत्याशी पारसनाथ यादव ने जीत दर्ज की थी। गत दिवस उनके निधनोपरांत यह सीट खाली हो गयी थी जिस पर हुये उपचुनाव में सपा प्रत्याशी लकी यादव जो स्वण् यादव के ज्येष्ठ पुत्र हैंए ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी निर्दल प्रत्याशी व पूर्व सांसद धनंजय सिंह को पराजित करके जहां पहली बार विधानसभा में प्रवेश कियाए वहीं उन्होंने इस जीत से अपने पिता पारसनाथ यादव को श्रद्धांजलि अर्पित किया। साथ ही भाजपा प्रत्याशी मनोज सिंह तीसरे व बसपा प्रत्याशी जेपी दुबे चौथे स्थान पर रहे। इसके अलावा कांग्रेस प्रत्याशी राकेश मिश्र सहित तमाम क्षेत्रीय दलों व निर्दल प्रत्याशियों की जमानत तक जब्त हो गयी। फ्लिहाल निर्दल प्रत्याशी होने के बावजूद भी पूर्व सांसद धनंजय तीसरे स्थान पर रहे जो बड़ी रही। बीते 3 नवम्बर को हुये चुनाव के मतों की गणना मां शीतला चौकियां धाम के पास स्थित नवीन मण्डी परिसर में हुई। प्रेक्षकों सहित जिलाधिकारी दिनेश सिंह व पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर की देख.रेख में मतगणना मंगलवार की सुबह 8 बजे शुरू हुई जो सायं 4 बजे तक चली। इस दौरान जीते सपा प्रत्याशी लकी यादव को प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर तमाम प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी के अलावा सुरक्षा की दृष्टि से भारी संख्या में पीएसी व पुलिस के जवान मौजूद रहे।



### यह जीत मेरी नही, मल्हनी वासियों की हैः लकी यादव

**जौनपुर।** मल्हनी विधानसभा क्षेत्र के नये विधायक लकी यादव ने जीत दर्ज करने के बाद प्रमाण पत्र लेते हुये पत्रकारों से कहा कि यह जीत मेरी नहींए बल्कि पूरे मल्हनीवासियों की है। सभी ने पिता पारसनाथ यादव द्वारा क्षेत्र में कराये गये कार्यों एवं मेरे व्यवहार को देखते हुये आशीर्वाद दिया है। लोगों के विश्वास पर खरा उतरना एवं क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना ही मेरी पहली प्राथमिकता है। इसके बाद सभी लोगों का अभिवादन स्वीकारते हुये श्री यादव नगर के जेसीज चौराहे के पास स्थित अपने आवास पर चले गये।

### उपचुनाव में सपा की जीत से बना जश्न का माहौल

**चौकियां धाम, जौनपुर।** नवीन मण्डी स्थित मतगणना स्थल के बाहर जब जीत की खबर सपा कार्यकर्ताओं को मिली तो सभी उत्साहित हो गये। सभी ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सहित अन्य नेताओं के जिंदाबाद के नारे लगाया। पुलिस प्रशासन भीड़ को बैरिकेटिंग से 200 मीटर दूर हटाती हुई नजर आ रही थी। जीत की घोषणा पर जहां भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस प्रशासन जुटी रहीए वहीं सपा कार्यकर्ताओं ने जीत के जश्न की एक.दूसरे को मिलकर बधाई देते नजर आए। इस अवसर पर हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। कुल 28 चरण में हुये मतगणना में मिले मतों का विवरण इस प्रकार है. लकी यादव सपा को 73 हजार 334 मत प्राप्त हुये जबकि उनके प्रतिद्वंदी पूर्व सांसद धनंजय सिंह को 68 हजार 780 मत मिले। वहीं भाजपा प्रत्याशी मनोज सिंह को 28 हजार 803 मत और बसपा प्रत्याशी जेपी दुबे को 25 हजार 164 मत मिले।

# देवरिया में भाजपा के सत्यप्रकाश जीते

## सपा के ब्रह्माशंकर त्रिपाठी को 20 हजार वोटों से हराया

**संवाददाता। देवरिया**

**उत्तर** प्रदेश की देवरिया सीट पर उपचुनाव में भाजपा के डॉ.सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी चुनाव जीत गए हैं। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी समाजवादी पार्टी के ब्रह्माशंकर त्रिपाठी को 20 हजार वोटों से हराया। इस सीट पर बसपा तीसरे स्थान पर रही जबकि भाजपा से बगावत कर चुनाव लड़े दिवंगत विधायक जन्मेजय सिंह के बेटे अजय प्रताप सिंह पिण्टू को चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा। कांग्रेस की स्थिति सबसे खराब रही और वह पाचवें स्थान पर खिसक गई। देवरिया विधानसभा की मतगणना सुबह 8 बजे से शुरू हुई जो शाम 6 बजे तक चली जहां परिणाम की घोषणा की गई जहां भाजपा प्रत्याशी डॉ सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी उर्फ गुड्डू बाबू को कुल 68732 मत प्राप्त हुए। समाजवादी पार्टी के पूर्व कैबिनेट मंत्री ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी को कुल 48643 मत प्राप्त हुए, बहुजन समाज पार्टी के अभय नाथ त्रिपाठी को कुल 22069 वोट प्राप्त हुए। कांग्रेस प्रत्याशी मुकुंद भास्कर मणि त्रिपाठी को 3692 मत मिले । वहीं स्वर्गीय विधायक जन्मेजय सिंह के पुत्र अजय प्रताप सिंह और पिंटू सिंह को 19299 वोट मिले ।





भाजपा प्रत्याशी को प्रमाण पत्र सौंपते आरओ सौरभ कुमार सिंह
सुरक्षा व्यवस्था पर खड़ी पुलिस

### वाहन की चपेट में आने से वृद्ध की हुई मौत

**धर्मापुर, जौनपुर।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार को तड़के मार्निंग वॉक कर रहे एक वृद्ध किसी वाहन की चपेट में आ गये जिसके चलते उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गजना गांव निवासी कमरू राम यादव 65 वर्ष रोज की भांति मंगलवार को सुबह लगभग 5 बजे टहलने निकले थे। वॉक करने के दौरान वह किसी वाहन के चपेट में आ गए जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई।

### लड़कियों पर छींटाकशी कर रहे मनचले को पुलिस ने भेजा जेल

**धर्मापुर, जौनपुर।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक को पुलिस ने उसी गांव निवासी एक युवती पर छींटाकशी करने के आरोप में पीड़िता द्वारा तहरीर मिलने पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार युवती ने गौराबादशाहपुर थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के निवासी रोहित प्रजापति उसको जब भी देखता है तो छींटाकशी करता है। साथ ही अश्लील शब्दों का प्रयोग करता है। इसको गम्भीरता से लेते हुये थानाध्यक्ष राम प्रवेश कुशवाहा ने तहरीर के आधार पर धारा 294 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर युवक को कुकुहां मोड़ के पास से गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया।

### अवैध शराब के साथ गिरफ्तार

**महराजगंज, जौनपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लोहिन्दा मार्ग स्थित अमारी मोड़ पुलिया पर एक व्यक्ति को अवैध देशी शराब के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। महाराजगंज पुलिस वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान महराजगंज थाना क्षेत्र के उदय भानपुर निवासी आशीष सिंह गैलन लेकर जा रहा था। पुलिस को देखकर भागने लगा। ऐसे में पुलिस ने उसे दौड़ाकर काबू में कर लिया। इस दौरान तलाशी के दौरान उसके पास गैलन में 5 लीटर अवैध शराब बरामद हुई। ऐसे में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया जिसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान न्यायालय भेज दिया गया।

### अपना दल एस ने की चुनाव तैयारी की समीक्षा

**सकलडीहा,चन्दौली।** अपना दल ;एसद्ध जिला इकाई की अहम बैठक मंगलवार को कस्बा स्थित कैम्प कार्यालय पर हुई। बैठक में जिले में पंचायत चुनाव पूरी ताकत से लड़ने का निर्णय लिया गया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष उदित नारायण पटेल व अनुसूचित जाति जनजाति प्रदेश सचिव अलकेश राज कुँवर ने कहा कि पार्टी द्वारा चुनाव लड़ाने के लिए पहली दिसम्बर से आवेदन पत्र का वितरण किया जाएगा। पूर्ण रूप से भरे फार्म को जमा करने की अंतिम तिथि आगामी 10 जनवरी तय की गई है।

### लावारिस बैगों में बरामद हुआ गांजा

**मुग़लसराय,चन्दौली।** डीडीयू जीआरपी व आरपीएफद्वारा संयुक्त टीम बनाकर ट्रेन व प्लेटफार्म की चेकिंग कराई जा रही थी इसी दौरान रेलवे पुलिस को प्लेटफार्म नंबर 8 के पास लगभग आधा दर्जन लावारिस बैग पड़े दिखाई दिए जिसके बाबत पुलिस ने काफी जानकारी करने की कोशिश की बरामद बैग किसके है मगर पता नहीं चल पाया वहीं पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए सभी बैगो को अपने हिरासत में लेते हुए थाने ले आई और जब बैग को खोलकर देखा तो सभी बैग में नाजायज गांजा बरामद हुआ वहीं पुलिस द्वारा बताया गया कि बरामद गांजा 20 किलो 500 ग्राम है।

# अर्नब की रिहाई को लेकर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



**संवाददाता। जौनपुर**

**ग्रामीण** पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष गुलाब चन्द पाण्डेय ने मंगलवार को एसोसिएशन के कार्यकर्ताओं के साथ एक इलेक्ट्रानिक चैनल के के प्रधान सम्पादक अर्नब गोस्वामी के तत्काल रिहाई के सम्बन्ध में महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को कलेक्ट्रेट में सौंपा। इस मौके पर श्री पाण्डेय ने महाराष्ट्र पुलिस प्रशासन द्वारा बीते बुधवार को उनके आवास पर उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए उन्हें गिरफ्तार किए जाने की घटना को दमनात्मक कार्यवाही बताया। उन्होंने कहा कि इस गिरफ्तारी को लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर करारा प्रहार का नाम दिया है जो अति निन्दनीय है। एसोसिएशन इस घटना की निंदा करते हुये श्री गोस्वामी की तत्काल रिहाई की मांग महामहिम राष्ट्रपति से कर रहा है। साथ ही अनुरोध भी करता है कि पत्रकारों के सम्मान की रक्षा व उनकी सुरक्षा हेतु समुचित व सशक्त कदम उठाया जायए ताकि दुबारा इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो। इस दौरान उमाकान्त गिरि, गुलाब चन्द मधुकर, बृजनन्दन स्वरूप, इजहार हुसैन, राजकेशर एडवोकेट, रामजी सोनीए अतुल पाण्डेय सहित तमाम पत्रकारगण मौजूद रहे।

# सत्य, ईमानदारी व परिश्रम पुरुषार्थ से कमाया धन देता है सुख-समृद्धि

**चौकियां धाम, जौनपुर।** पूर्वांचल की आस्था का केंद्र मां शीतला चौकिया धाम में चल रहे श्रीराम कथा विश्राम दिवस के 5वें दिन कथा वाचक डाण् अखिलेश पाठक ने बताया कि सत्यए ईमानदारी व परिश्रम पुरुषार्थ से कमाया धन है जो परिवार में सुखए शांतिए धनए वैभव व यश प्रदान करता है। वहीं दूसरी तरफ छलए कपट व पाप से कमाया धन परिवार में अशांतिए दु:खए दलिद्रता व पतन का कारण बनता है। श्रीराम कथा सत्यए अहिंसा व धर्म के मार्ग पर मानव को ले जाता है। इसी क्रम में वाराणसी से पधारे कथा वाचक डाण् मदन मोहन मिश्रा ने कहा कि मानव को अपने जीवन में पूजापाठ व धर्मकर्म करते रहना चाहिए। सांसों का कोई भरोसा नहीं है। यह मानव तन पाने के लिए देवता भी लालाइत रहते हैं। जब जीव का भाग्य उदय होता है तब कर्मों की प्रधानता से जीव का जन्म मावन तन में अवतरित होता है। यज्ञए हवनए पूजनए सत्संगए कीर्तन करने मात्र से ही मानव जीवन का कल्याण होता है। प्राणी अपने सत्य व धर्म कर्मों के कारण ही सद्गति प्राप्त करता है। धर्मकर्म करने से ही परमात्मा जीव को उत्तम लोक प्रदान करते हैं। इस अवसर पर मदन गुप्ता, त्रिलोकीनाथ श्रीमाली, शिव आसरे गिरी, सुरेंद्र गिरी, राहुल यादव, राम आसरे साहू, धीस श्रीमाली, दीपक राय, पूजा गुप्ता, शिवानी गुप्ता सहित तमाम कथाप्रेमी उपस्थित रहे।



# फुटपाथ पर रहने वाले गरीबों को दीवाली की मिठाई वितरित की गई

**मऊ।** इनरव्हील की सदस्याओं ने कोविड 19 के बीच रोशनी बिखेरने के लिए दीवाली की खुशियां बांटने का प्रोग्राम बनाया। पावर हाउस मंदिर के सामने फुटपाथ पर रहने वाले कुछ परिवारों को अपने कार्यक्रम के लिए चुना गया। 30 परिवारों को दीयेए तेलए बत्तीए माचिस के साथ ही मिठाई का भी वितरण किया गया। फुटपाथ पर रहने वाले असहायों की दीवली भी खुशियों से भरी हो इसके लिये मंगलवार को इनरव्हील की सदस्यों ने नेक पहल की । सदस्यों ने ऐसे लोगों को चिंहित कर उन्हें जरूरत के तहत दीयेए तेलए बत्ती व माचिस तक दिया। साथ ही खुशियों के बांटने के लिये मिष्ठान का भी वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष डॉ रुचिका मिश्राए सचिव पूनम गुप्ताए एडिटर नीलम सर्राफए आशा खत्रीए डॉ कुसुम वर्मा ए मीना अग्रवालए नूपुर अग्रवाल ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर दीवाली की खुशियां बांटी।

## मऊ जंक्शन पर बम निरोधक दस्ता व रेलवे पुलिस ने की सघन चेकिंग

**मऊ ।** दीपावली व छठ पर्व को लेकर एक तरफ जहां रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ बढ़ती जा रही हैए वहीं दूसरी तरफ रेलवे पुलिस सुरक्षा को लेकर काफी एलर्ट हो गयी है। इस क्रम में मंगलवार को जीआरपी थानाध्यक्ष गणनाथ प्रसाद एवं आरपीएफ प्रभारी के संयुक्त नेतृत्व में रेलवे पुलिस व बम निरोधक दस्ते की टीम ने मऊ जंक्शन का निरीक्षण करते हुए सघन तलाशी अभियान चलाया त्योहारों का सीजन आते ही एक तरफ जहां मऊ जंक्शन पर यात्रियों की संख्या बढ़ती जा रही हैए वहीं दूसरी तरफ सुरक्षा को लेकर रेलवे पुलिस काफी सतर्क हो गया है। मंगलवार को बम निरोधक दस्ते के साथ स्टेशन प्रांगण एवं ट्रेनों में सघन तलाशी अभियान चला। इस दौरान संदिग्ध प्रतीत हुए दर्जनों यात्रियों के सामान को चेक किया गया एवं लावारिस मिले सामान को भी बम निरोधक दस्ते ने चेक किया। आरपीएफ एवं जीआरपी के जवानों ने प्लेटफार्म संख्या एक से चेकिग अभियान शुरू किया। यात्री प्रतीक्षालय में बैठे कई यात्रियों से पूछताछ की गई एवं उनके सामान को जांचा.परखा गया। वहींए सर्कुलेटिग एरिया में भी चेकिग कर रेलवे में आने वाले आटो चालकों को सुरक्षा के प्रति आगाह किया गया। इसके बाद प्लेटफार्म संख्या तीन एवं चार पर आने वाली ट्रेनों में चेकिग अभियान चलाया गया। लिच्छवी एक्सप्रेस की कई बोगियों में बिना मास्क लगाए बैठे यात्रियों को कोरोना कोविड.19 की गाइडलाइन के अनुपालन के प्रति सचेत किया गया। रेलवे पुलिस व बम निरोधक दस्ते द्वारा चलाए गए सघन चेकिंग अभियान से पूरे दिन अफरा.तफरी मचा रहा।

### बिहार में भाजपा की जीत से कार्यकर्ता खुश

**डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर।** मंगलवार को भाजपा कार्यालय डुमरियागंज मैं कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई देश में मोदी लहर है कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यकारिणी किसान मोर्चा के सदस्य संजय सिंह ने किया और कहां की देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी के कुशल नेतृत्व में बिहार शहीद देश के अन्य प्रांतों की जनता ने अपना पूर्ण रुप से विश्वास जताया भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं बिहार प्रदेश चुनाव के दौरान प्रवासी अजय पांडे ने कहा कि पूरे देश में मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की लहर चल रही है आने वाले दिनों में पश्चिमी बंगाल में भाजपा का सरकार बनना निश्चित है। इस अवसर पर रमेश पांडे मंडल अध्यक्ष प्रभारी कमलेश संतोष अग्रहरि, अवधेश चौधरी, एसपी श्रीवास्तव ,पवन यादव , जिला मंत्री पिछड़ा अनूप यादव, राजेश कुमार रुद्रनाथ, रामदीन, रमेश विश्वकर्मा सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तालाब में मछली मारने के दौरान बिजली की चपेट में आकर एक की दर्दनाक मौत

**बढ़नी। सिद्धार्थनगर।** ढेबरुआ थाना क्षेत्र के बढ़नी कस्बा के वार्ड नं1 अम्बेडकरनगर स्थित एक तालाब में मछली मारने के दौरान बिजली का तार टूटकर गिरने से एक युवक की झुलसकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची ढेबरुआ पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत के बढ़नी कस्बे के वार्ड नं 1 अम्बेडकरनगर में अशोक जायसवाल का तालाब है। जिसमें उनके द्वारा मछली पालन किया गया है। मंगलवार करीब साढ़े ग्यारह बजे 6 लोग तालाब से मछली निकाल रहे थे। अशोक जायसवाल के द्वारा तालाब के आसपास रोशनी के लिए बिजली का केबिल दौड़ाया गया है, जो टूटकर गिरा हुआ था। इसमें सप्लाई चालू थी। मछली मारने के दौरान पोखरे में करेंट उतरा हुआ था। क्षेत्र के मधवानगर निवासी सरफराज 40 वर्ष पुत्र अताउल्लाह उसकी चपेट में आ गए और डूबने लगे। उनके साथी कुछ समझ पाते उससे पहले ही पानी में डूबकर उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंचे एसओ ढेबरूआ तहसीलदार सिंह व बढ़नी चौकी प्रभारी हरिनारायण दीक्षित ने मौके पर पहुंचकर फोन करके विद्युत आपूर्ति कटवाई और लाश को तालाब से बाहर निकलवाया। इस संबंध में एसओ तहसीलदार सिंह ने बताया कि मृतक के शव का नियमानुसार पंचायतनामा करके पोस्टमार्टम हेतु भेजकर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

### तीन बच्चों के सिर से उठ गया पिता का साया

मृतक सरफराज बढ़नी कस्बे के बस स्टाप तिराहे पर मीट मछली काटकर बेचने का कार्य करता था। मृतक सरफराज अपनी बूढ़ी मांए पत्नी व तीन बच्चो का पालन पोषण इसी के माध्यम से करता था। मंगलवार दोपहर वह तालाब से मछली निकालने गया हुआ था। उसे क्या पता था कि वहां उसकी मौत खींचकर ले जा रही है। उसकी मौत से परिवार पर संकट के बादल छा गए।

# जेसीआई क्लासिक परिवार ने दिव्यांग बच्चों को दी ब्रेल लिपि की पुस्तकें

**संवाददाता। जौनपुर**

**जेसीआई** जौनपुर क्लासिक के तत्वावधान में रूहट्टा स्थित राजेश स्नेह ट्रस्ट द्वारा संचालित दिव्यांग बच्चों के विद्यालय पर ब्रेल लिपि की पुस्तकों को उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष अजय गुप्ता ने कार्यक्रम निर्देशक विक्की गुप्ता को धन्यवाद प्रेषित किया। साथ ही कहा कि दिव्यांग बच्चों हेतु जिस सेवा भावना का परिचय विक्की जी ने दियाए वह सराहनीय है। ट्रस्ट के मैनेजर राजेश कुमार ने बताया कि दुनिया में माता.पिता की सेवा के बाद सबसे बड़ी सेवा मानव सेवा है। इन दिव्यांग बच्चों के लिए ट्रस्ट के माध्यम से जो कुछ भी सम्भव हो सकेगाए वह कार्य करने को सदैव प्रतिबद्ध हूं। अन्त में सचिव सुजीत ने सभी आगन्तुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।



### निरीक्षकों की छापेमारी जारी, लिये गये 8 नमूने

***जौनपुर।*** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ के आदेश के अनुपालन के क्रम में दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य पदार्थों विशेष रूप से खाद्य पदार्थ खोयाए खाद्य तेलए वनस्पतिए घीए विभिन्न प्रकार की मिठाइयांए रंगीन मीठे खिलौने सहित अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तथा तन्निर्मित नियमावलियों के अन्तर्गत प्रवर्तन कार्यवाही किये जाने हेतु खाद्य सचल दल का गठन करते हुए मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में 7 से 12 नवम्बर तक जनपद में विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही की।

## शिक्षक संकुलों की मिशन प्रेरणा से सम्बंधित एसआरजी ने की बैठक

**डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर।** मंगलवार को स्थानीय बीआरसी डुमरियागंज के प्रांगण में शिक्षक संकुलों की अति महत्वपूर्ण बैठक एसआरजी अंशुमान सिंह बीईओ श्री श्याम प्रताप सिंह ए आर पी अरविंद कुमार की उपस्थिति में बुलाई गई। बैठक में मिशन प्रेरणा से संबंधित संचालित होने वाले कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में एसआरजी श्री अंशुमान सिंह ने नवंबर माह के पी आई पर विस्तार से चर्चा की । मिशन प्रेरणा के फेज दो कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी । प्रेरणा लक्ष्य प्रेरणा सूची प्रेरणा तालिका की विस्तार से लोगों में समझ विकसित की तथा एक अभियान के तहत इसके प्रति जागरूकता लाने के लिए उत्साहित किया । सपोर्टिव सुपर विजन के समय 5 अभिभावकों तथा दो एसएमसी सदस्यों के साथ सभी अध्यापकों की उपस्थिति की बात की गई। बैठक में यह भी बताया गया कि सभी प्रकार के अवकाश मात्र ऑनलाइन लेने होंगे। ए आर पी अरविंद कुमार ने शिक्षक डायरी के ऊपर विस्तार से प्रकाश डाला तथा अध्यापकों को यह भी बताया कि जब विद्यालय खुलेगा तो आप लोग शिक्षण कार्य शिक्षण योजना बनाकर ही करें। सेट टू के रिपोर्ट कार्ड का वितरण ग्राम प्रतिनिधि के साथ संभ्रांत अभिभावकों की उपस्थिति में करें।

### क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न

**चकिया,चन्दौली ।** शहाबगंज थाना प्रांगण में क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई।जिसमें दीपावलीए डाला छठ ए भईया दूजए व जुमे की नमाज को शांति व भाईचारे से मनाने की अपील की गई। सीओ प्रीति तिवारी ने कहा कोई समस्या आए तो समय रहते प्रशासन को अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म समुदाय का पर्व हो उसे आपस में मिलजुल कर मनाने में ही तरक्की है। जिस तरह दुर्गा पूजाए दशहरा व ईद का पर्व मनाया गया ठीक उसी तरह दीपों के महापर्व दीपावली को मना कर गंगा जमुनी तहजीब की मिशाल बनाएं। उन्होंने कहा कि पर्व पर सड़क किनारे किसी भी तरह की दुकानें नहीं लगाई जायेंगी।

## ईंट भट्ठों पर पुलिस ने चलाया जांच अभियान

**सकलडीहा,चन्दौली।** पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल के निर्देश पर मंगलवार को कोतवाली पुलिस क्षेत्र के कई ईंट भट्टा पर अवैध शराब और जूआ की सूचना पर छापेमारी किया। इस दौरान ईट भट्टा संचालकों को किसी प्रकार की अवैध शराब पाये जाने पर कार्रवाई की चेतावनी दिया। वही मजदूरों को समय से मजदूरी दिलाने का सख्त हिदायत दिया। चेताया कि किसी भी ईट भट्टा पर जुआ होने की सूचना मिलने पर कार्रवाई की जायेगी। एसपी के निर्देश पर शराब की अवैध तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में कोतवाल वंदना सिंह ने क्षेत्र के नईबाजार सहित क्षेत्र के कई ईट भट्टों पर पुलिस बल के साथ छापेमारी करके अवैध शराब की सधन जांच पड़ताल किया। इस दौरान कच्ची शराब और जुआ होने के बारे में जानकारी लिया। चेताया कि किसी भी ईट भट्टा पर कच्ची शराब या जुआ होने की सूचना मिलने पर सख्त कार्रवाई किया जायेगा।

# चतुर्भुजपुर का कालेश्वर सरोवर गंदगी के अम्बार से पटा पड़ा



**संवाददाता। सकलडीहा,चन्दौली**

**दिपावली** देव दिपावली और डाला छठ का त्योहार आगामी दिनो है। इसके बाद भी काशी विश्वनाथ मंदिर से सम्बद्ध चतुर्भुजपुर का कालेश्वर सरोवर सहित आसपास गांव की सरोवर गंदगी के अम्बार से पटा पड़ा हुआ है। शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारी सहित ग्राम प्रधान मौन साधे हुए है। जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश पनपने लगा है। ग्रामीणों ने समस्या से निजात दिलाने की मांग उठाया है।

एक सप्ताह बाद आगामी 12 नवम्बर को धनतेरस और 14 नवम्बर को दिपावली है। इसके एक सप्ताह बाद दो दिवसीय डाला छठ का पर्व है। जहां पर चतुर्भुजपुर के कालेश्वर सरोवर सहित आसपास गांव की महिलाये डाला छठ का पर्व धूमधाम से मनाती है। इसके बाद भी चतुर्भुजपुर की कालेश्वर सरोवर गंदगी के अम्बार से पटा है।

### चार महीने से मानदेय न मिलने से संविदाकर्मियों ने किया प्रदर्शन

**मुंगराबाद,शाहपुर, जौनपुर।** स्थानीय विकास खण्ड मुख्यालय पर स्थित विद्युत उपकेन्द्र पर तैनात संविदाकर्मियों को 4 माह से मानदेय न मिलने से आगामी त्योहार को देखते हुए दीपावली के त्योहार के पूर्व मानदेय भुगतान करने की माँग को लेकर विद्युत उपकेन्द्र पर मंगलवार को दिन में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी संविदाकर्मियों ने कहा कि हम दिनरात मेहनत करके अपनी ड्यूटी करते हैं लेकिन विभाग के अधिकारी हम लोगों पर ध्यान नहीं देते। लगातार 4 महीने से मानदेय न मिलने से हमारा परिवार भुखमरी के कगार पर पहुँच गया है। आगामी दिनों में दीपावली का त्योहार हैए फिर भी हम सभी के मानदेय का भुगतान नहीं हो सका है।

### पुलिस का भय दिखाकर लोगों से अवैध वसूली करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**मुग़लसराय,चन्दौली।** मुगलसराय कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पड़ाव क्षेत्र के पास से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया । बताते चलें कि मुगलसराय पुलिस को इन दिनों सूचना प्राप्त हो रही थी कि दोतीन दिन पहले जो ऑडियो क्लिप वायरल हुआ है जिसमें पुलिस के नाम पर पैसे की मांग की गई है मोबाइल से पुलिस का भय दिखाकर अवैध रूप से रुपयों की मांग करने वाला व्यक्ति इस समय पड़ाव क्षेत्र पर खड़ा है जिसकी सूचना पर पुलिस ने मुखबिर के बताए हुए स्थान पर पहुंच कर उक्त युवक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि पुलिस के नाम पर धमकाते हुए धौस जमा कर अवैध तरीके से विभिन्न व्यक्तियों से रुपए की मांग करता हूं। पकड़ा गया अभियुक्त विजय कुमार पटेल पड़ाव क्षेत्र का निवासी बताया जाता है जिस पर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

# लापरवाही बर्दाश्त नहीं, अवैध कब्जे तत्काल हटाए जाएंः डीएम

## शिकायत लंबित पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगीः अरुण



**संवाददाता।** अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जन सामान्य की समस्याएं सुनी एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। शासन के निर्देश पर मंगलवार को सभागार में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना एवं मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में आए लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोविड-19 संक्रमण से बचाव हेतु सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें, मास्क लगाएं तथा साफ-सफाई व सैनिटाइजेशन पर नियमित रूप से ध्यान देंए कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सोशल डिस्टेंसिंग का का पालन कराते हुए जन समस्याएं सुनी तथा निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष लगभग 23 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें नाली विवादए भूमि पर अवैध कब्जे, वसीयत, भूमि की पैमाइश, शौचालय, राशन आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों को लंबित न रखा जाए। शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएए इसके साथ ही उन्होंने कहा जिस भी विभाग से संबंधित शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## किसान बेरोजगार सशक्तिकरण संघ की मासिक बैठक सम्पन्न

**संवाददाता।** बाराबंकी

**किसान** बेरोजगार सशक्तिकरण संघ की मासिक बैठक मंगलवार को गन्ना संस्थान में आहूत की गयी जिसमें किसान कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया बैठक में किसानों की अनेक समस्याओं पर चर्चा की गयी तो वही संगठन मजबूती पर भी बल दिया गया। जिला अध्यक्ष अरविंद यादव ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि अधिकारियों की अनदेखी के चलते किसानों की समस्यांए दिनो दिन बढ़ती जा रही है लेकिन अधिकारी मौन है। किसानो की समस्याओं का संज्ञान नही लिया गया तो संगठन चुप नही बैठेगा आर-पार की लडा़ई लड़ी जायेगी। उन्होंने कहा कि किसानों का धान खरीदा नही जा रहा है किसान परेशान है, स्मार्ट मीटर से लोगों के बिजली बिल अत्यधिक आ रहे है लेकिन विभाग के अधिकारी कनेक्शन काटने पर तुले है। अंत में इन्ही समस्याओं का ज्ञापन सौंप कर बैठक का समापन किया गया।

# जिले में शोपीस बने पीएम के ड्रीम प्रोजेक्ट

## हाल ए जन औषधि केन्द्र

## कही पर दवाओं का टोटा है, तो कही केन्द्र से नदारद रहते है संचालक




**संवाददाता।** बाराबंकी

**बेरोजगारों** को रोजगार मुहैया कराने एवं गरीब असहाय की पहुंच से बाहर हो चुकी जेनेरिक दवाओं को उन तक पहुंचाने के लिए खोले गए जन औषधि केंद्र शोपीस बनकर रह गए हैं। इन केंद्रों पर दवाओं का अभाव बना रहता है किंतु इसका कोई पुरसाहाल नहीं है, जिससे मरीज सफर करने को विवश हैं । ऐसा तब है जब यह योजना प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्टों में से एक है फिर भी योजना का बुरा हाल है सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि अधिकारी कर्मचारी योजना के प्रति कितना संजीदा हैं । बताते चलें कि योजना की शुरुआत एकजुलाई 2015 में हुई थी आम आदमी पर दवा का खर्च कम करने एवं बेरोजगारों को सस्ते में रोजगार मुहैया कराए जाने की मंशा से केंद्र सरकार ने यह महत्वाकांक्षी योजना लागू की थी । देश भर में एक साथ शुरू हुई योजना के क्रम में जिले में भी जन औषधि केंद्र खोले गए थे जिसके देखरेख की जिम्मेदारी स्वास्थ्य महकमे को दी गई थी । शुरुआती दौर में तो यह योजना लोगों को खूब भाई और सराहा भी लेकिन धीरे.धीरे जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते धराशाई होती चली गई आज आलम यह है कि इन दुकानों पर ना तो जेनेरिक दवाएं हैं और ना देखने वाला ही कोई नजर आ रहा है हर रोज सैकड़ों मरीज दुकान से बैरंग वापस हो रहे हैं । जिला महिला अस्पताल में खुला जन औषधि केंद्र इसका जीता जागता प्रमाण है किसी भी समय देखा जा सकता हैजहां बीते कई दिनों से लोगों को दवाएं नहीं मिल रही है हद तो तब हो जाती है जब इस समस्या को कोई सुनने वाला नही है इस बात की पोल तब खुलकर सामने आ गयी है जब आज जानकारी होने पर मुख्य चिकित्सा से सम्पर्क किया गया तब उन्होने कुछ बताने के बजाय इस पूरे प्रकरण से ही अपने हाथ कडे कर लिए। और जब यही सवाल जिला एंव महिला अस्पताल के सीएमएस से किया गया तब उत्तर मिला कि कन्ट्रोलिंग पावर सीमओ के हाथ मे है ऐसे मे सहज ही अंदाजा लगया जा सकता है कि अधिकारी प्रधानमंत्री की इस महत्वकांक्षी योजना के प्रति कितना संजीदा है जब महिला अस्पताल में जन औषधि केन्द्र का ये हाल है तो जिलें के अन्य औषधि केन्द्रों का हाल क्या होगा बताने की जरुरत नही है।

# समय से निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण कराया जाएगाः डीएम

**संवाददाता।** अमेठी

**जिला** मजिस्ट्रेट अरुण कुमार ने बताया कि अमेठी की समस्त विधानसभाओं की निर्वाचक नामावलियों का समय सारणी के अनुसार पुनरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण पूर्व एवं विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत 17 नवम्बर को एकीकृत निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन, 17 नवम्बर से 15 दिसम्बर दावे तथा आपत्तियों दाखिल करना, 28 नवम्बर, पांच दिसम्बर, 22 नवम्बर व 13 दिसम्बर को पुनरीक्षण हेतु विशेष अभियान, पांच जनवरी को दावे व आपत्तियों का निस्तारण, 14 जनवरी 2021 को स्वास्थ्य मापदण्डों की जांच और अन्तिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति व अद्यतन डेटाबेस और पूरक सूचियों की छपाई तथा 15 जनवरी 2021को निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन किया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्यक्रम का स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित करेंगे तथा सार्वजनिक जानकारी हेतु संबंधित कार्यालयों की सूचना पट पर प्रदर्शित किया जाएगा। निर्वाचक नामावली के परीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में संबंधित कार्यालय खुले रहेंगे तथा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्यवाही पूर्ण की जाएगी निर्धारित समय के अनुसार निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण कराया जाएगा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव मिला

**बाराबंकी।** ग्राम दुघरा में एक युवक का शव मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिला। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवक के फांसी लगाने के कारणों का पता नहीं लग सका है। पूरा मामला फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दुघरा मजरे टांडा निजाम अली का है जानकारी के अनुसार यहां के निवासी विकास कुमार यादव (22 वर्ष) पुत्र राजेश यादव का शव रविवार को घर के कमरे में फांसी के फंदे से लटकता हुआ देखा गया। पुलिस के मुताबिक मृतक का पूरा परिवार बाहर गया हुआ था विकास घर पर अकेला था। जब देर शाम को घर वाले वापस आये तो देखा कि विकास का शव फांसी के फंदे से लटक रहा है। यह देख पूरे परिवार में कोहराम मच गया। इसरौली चौकी इंचार्ज कामेश राज ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी का किया गया आयोजन

**संवाददाता।** अमेठी



**पुलिस** अधीक्षक अमेठी दिनेश सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में जनपद के समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष के साथ सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के प्रारम्भ में मिशन शक्ति के तहत जागरूकता अभियान के अन्तर्गत पुलिस हमारी मित्र कैसे भाषण प्रतियोगिता में जोन स्तर पर जनपद से प्रतिभाग करने वाली छात्रा आस्था पुत्री अशोक कुमार को प्रशस्तिपत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया। तदोपरान्त पुलिस अधीक्षक द्वारा अधिकारी, कर्मचारी की समस्या सुनी गयी तथा समस्या के निस्तारण व आवश्यक कार्यवाही हेतु संबन्धित को निर्देश दिए गए। सैनिक सम्मेलन के उपरान्त समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष को आगामी त्यौहार धनतेरस, दीपावली, भैयादूज आदि के संबन्ध में व विवेचना निस्तारण, भूमि विवाद निस्तारण, आपसी रंजिश पर रोकथाम, अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पाबन्दी की कार्रवाई, गुण्डा एक्ट, जिलाबदर एवं हिस्ट्रीशीटर आदि पर सतर्क दृष्टि रखने हेतु निर्देश दिए गए । इसके साथ कोविड-19 के दृष्टिगत आमजनमानस को कोरोना वायरस की गाइडलाइन के अनुसार पालन कराने हेतु तथा स्वयं संक्रमण से सुरक्षित एवं सतर्क रहते हुए अपनी.अपनी ड्यूटियों का निर्वहन करने हेतु निर्देश दिए गए । गोष्ठी में क्षेत्राधिकारी गौरीगंज संतोष सिंहए क्षेत्राधिकारी अमेठी अर्पित कपूर, क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना मनोज कुमार यादव आदि मौजूद थे।

# कोटवाधाम दर्शन करने जा रहे बाइक सवार को पिकअप ने मारी ठोकर, एक की मौत

## साथी गंभीर रूप से घायल



**संवाददाता।** सैदनपुर (बाराबंकी)

**कोटवाधाम** दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं की बाइक में पीछे से पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पीछे बैठे व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चालक घायल हो गया। कोतवाली बदोसराय के ग्राम शेर अलीपुरवा के समीप सुबह करीब 10 बजे थाना चिनहट लखनऊ के ग्राम शिपुरी के रहने वाले चंद्रपाल एवं रामखेलावन बाइक से कोटवाधाम दर्शन करने जा रहे थे। इसी बीच बदोसराय सफदरगंज मार्ग पर शेरअलीपुरवा के पास सब्जी लदी पिकअप ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पीछे बैठे रामखेलावन (62 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहे चंद्रपाल घायल हो गए हैं। बाइक चालक चंद्रपाल ने हेलमेट पहन रखा था। जिससे उनकी जान बच गई। पीआरवी पुलिस ने घायल को सीएचसी सिरौलीगौसपुर पहुंचाया है। टक्कर मारने वाली पिक अप बदोसराय की बताई जाती है। मौके से चालक गाड़ी समेत भाग निकला है।

# पुष्टाहार वितरण में पारदर्शिता नहीं मिलने पर जिम्मेदारों पर होगी कार्रवाईः सीपीओ

**संवाददाता।** लालगंज (**प्रतापगढ़**)



**स्थानीय** ब्लाक सभागार मे शासन के नये निर्देशो के तहत गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा किशोरियो को स्वयं सहायता समूह के जरिए पुष्टाहार वितरण को लेकर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। विषय प्रवर्तन करते हुए बाल विकास परियोजना अधिकारी अनुपम मिश्रा ने कार्यकत्रियो को बताया कि स्वयं सहायता समूह की सहयोगी महिलाओं के द्वारा कार्यकत्रियो की उपस्थिति मे इस बार घर घर पुष्टाहार का वितरण किया जाएगा। उन्होने कार्यकत्रियो से कहा कि वह अपने केन्द्रो से संबंधित क्षेत्रो मे स्वयं सहायता समूह के द्वारा कोटेदारो से हासिल किये गये खाद्यान्न को पारदर्शिता के साथ डोर टू डोर वितरण कराने का अभियान चलाये। सीडीपीओ अनुपम ने कार्यकत्रियो को साफ तौर पर आगाह भी किया कि यदि पुष्टाहार वितरण मे किसी भी प्रकार की शिथिलता मिली तो संबंधित कार्यकत्रियो को ही उत्तरदायी मानते हुए कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए खण्ड विकास अधिकारी मुनौवर खॉन ने कार्यकत्रियों तथा स्वयं सहायता समूह से जुड़े मिशन के लोगों से सुपोषण को देखते हुए पुष्टाहार वितरण को सामाजिक मिशन के तहत संचालित किये जाने पर जोर दिया। उन्होने खाद्यान्न जरूरतमंदो तक पहुंचाए जाने मे शासन की मंशा के अनुरूप शत प्रतिशत सफलता के लिए गुणवत्ता व पारदर्शिता के प्रति संकल्पबद्ध होने का भी आहवान किया। सेमिनार का संचालन सहायक खण्ड विकास अधिकारी सूर्यप्रकाश ने किया। इस मौके पर मुख्यसेविका आशा शुक्ला, एडीओ पंचायत राजेश तिवारी, कांती मिश्रा, निभा विश्वास, पूर्ति निरीक्षक राज यादव, श्रम प्रवर्तन अधिकारी अमिता शुक्ला ने भी पुष्टाहार वितरण के प्रबंधन की नई प्रणाली पर प्रकाश डाला।

## अब स्वयं सहायता समूह की महिलाएं पहुंचाएंगी पुष्टाहार के पैकेट

**अमेठी।** 11 नवम्बर कुपोषित बच्चों, किशोरी और गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी केन्द्रों से को उच्च गुणवत्ता का पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाएगा। जनपदमें यह पुष्टाहार राशन की दुकानों से आंगनबाड़ी केंद्रों पर पहुंच जाएगाए जहां से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पात्र लोगों को घर.घर यह पुष्टाहार का वितरण करेंगी। अब दूध पाउडर व घी भी दिया जाएगा।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीवि ?का मिशन से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं पुष्टांहार के ये पैकेट पैक करके आंगनबाड़ी केन्द्रों तक पहुंचाने का काम करेंगी। इससे ये समूह से जुड़ी महिलाएं रोजगार मिलने से आत्मानिर्भर बनेंगी। ये समूह की महिलाएं पुष्टिहार की गुणवत्ता भी जांचेंगी। जिला पूर्ति अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि केंद्रों पर जनपद भर में संचालित 764 राशन की दुकानों से यह पुष्टाहार पहुंचाया जाएगा जबकि पूरे प्रदेश में सभी 75 जिलों में 1.89 लाख आंगनबाड़ी केन्द्र हैं।

# आबकारी टीम ने 279 लीटर शराब व भारी मात्रा में लहन बरामद की

**संवाददाता।** लालगंज (**प्रतापगढ़**)



**डीएम** के निर्देश पर आबकारी विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार को कई गांवों में औचक दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध शराब तथा महुआ का लहन बरामद किया। आबकारी निरीक्षक पीएन सिंह की अगुवाई मे जिला आबकारी अधिकारी आरके सिंह के निर्देशन मे टीम ने सांगीपुर थाना के तारापुर, रंगौली, हरखपुर, तिनमोहनिया, पूरे गुलाब, रतियरपुर मे दबिश देकर 10 कुंतल महुआ का लहन व 279 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। आबकारी टीम ने रंगौली गांव के भुवर, पप्पू, गुलशन, विपिन, रामबरन, कमलेश, अखिलेश, ओमप्रकाश, छंगू तथा रतियरपुर के श्रीपाल को दबिश के दौरान हिरासत मे लेने मे सफलता ली। आरोपियो के खिलाफआबकारी निरीक्षक पीएन की तहरीर पर पुलिस ने आबकारी अधिनियम का केस दर्ज किया है। संयुक्त कार्रवाई मे लालगंज कोतवाल संजय यादव तथा सांगीपुर के प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार, सदर आबकारी निरीक्षक रामअधार पाल, रानीगंज के आबकारी निरीक्षक बद्रीनाथ भी शामिल रहे। आबकारी विभाग के अफसरो ने बताया कि दीपावली के त्यौहार को देखते हुए अवैध शराब कारोबारी पर नियमित अभियान चलाकर शिकंजा कसा जाएगा। आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त छापेमारी से इलाके मे मंगलवार की देर शाम तक हडकंप का माहौल दिखा।

## साधन सहकारी समिति पर डीएपी नदारद किसान परेशान

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। सांगीपुर क्षेत्र के हुसैनपुर गांव के साधन सहकारी समिति मे डीएपी खाद उपलब्ध न होने से किसानों को कठिनाइयों का सामना करते देखा जा रहा है। क्षेत्रीय किसानो का कहना है कि कई बार फरियाद करने के बावजूद भी समिति पर डीएपी खाद उपलब्ध नही हो पा रही है। किसानों ने एसडीएम तथा विभागीय अधिकारियो से समिति पर डीएपी खाद उपलब्ध कराए जाने की गुहार की है। एसडीएम राम नारायण का कहना है कि खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाये जाएंगे।

**तकनीकी खराबी से कई गांवों में छाया अंधेरा**

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। क्षेत्र के पहाड़पुर स्थित विद्युत उपकेंद्र मे तकनीकी खराबी आने से सोमवार की रात से मंगलवार तक सैकडों गांवों में घुप अंधेरा छाया रहा। तकनीकी खराबी दूर न होने से पहाडपुर क्षेत्र के उपभोक्ताओं को कठिनाईयो का सामना करना पड़ा।

# खराब आर्थिक स्थिति वाले व्यापारियों को सुविधाएं दे सरकारः व्यापार मंडल



**ललितपुर( सं. )।** जिला उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुरेश बड़ेरा एवं महामंत्री प्रदीप सतरवांस तथा शैलेंद्र सिंघई के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने 14 सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित अपर जिलाधिकारी लवकुश त्रिपाठी को सौंपा, जिसमें उन्होंने कहा कि कोविड.19 महामारी को आप द्वारा संपूर्ण प्रदेश में किए गए कार्यों को देश एवं प्रदेश में सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। लॉकडाउन के समय तीन माह प्रदेश के सारे व्यापारियों ने आपकी गाइडलाइन के अनुसार दुकानें बंद रखी इससे व्यापारियों की आर्थिक स्थिति बहुत खराब हो चुकी है इसलिए सभी विभागों में लाइसेंस नवीनीकरण की प्रथा समाप्त कर आजीवन लाइसेंस बनाने की व्यवस्था की जाए लाइसेंस नवीनीकरण मैं विलंब होने पर ब्याज की दर को 18 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत किया जाए। सरकारी स्मार्ट मीटर की स्पीड ज्यादा है जो अनुचित है जिससे उपभोक्ताओं पर बिजली का बोझ भारी पड़ता है।

## पीड़िता ने मुख्यमंत्री से पुलिस पर जबरन सुलह कराने का लगाया आरोप

त्रिवेदीगंज (**बाराबंकी**)। पुत्र को थाने बुलाकर जबरन पुलिस द्वारा सुलह करा लेने की शिकायत महिला ने मुख्यमंत्री व पुलिस अधीक्षक से की है। थाना लोनीकटरा के नरोत्तामऊ मजरे मारूफ्पुर की राम दुलारी पत्नी रामबक्स का कहना है किविपक्षी बेचा लाल आदि सहन में लगे पेंड़ बगैर भूमि पैमाइश के कटा रहे थे । जिसकी शिकायत पुलिस से कि थी।

मंगलवार सुबह निस्तारण कराने के लिए दरोगा इन्द्रपाल सिंह ने पुत्र शिवकुमार को थाने बुलाया, जहां लेखपाल से पैमाइश कराने की बात बताने से भड़के दारोगा ने विपक्षियों बेचा लाल आदि से मिलकर थाने में मार पीट व डरा धमकाकर विपक्षियों के पक्ष में सुलहनामा लिखा लिया। पेंड़ काटने से मना करने पर गम्भीर धाराओं में जेल भेजने की धमकी देते हुए थाने से भगा दिया। जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# एक साल बीत जाने के बाद भी नहीं बन सका जन्म प्रमाणपत्र

**संवाददाता।** बाराबंकी

**नगरपालिका** परिषद, नवाबगंज जन्म प्रमाणपत्र बनवाने के लिये दर्जनों चक्कर लगाने पर भी फिर भी प्रमाणपत्र जारी होना टेढ़ी खीर साबित हो रहा है ऐसा ही एक मामला तब संज्ञान में आया है जब पीड़ित ने जनसूचना का सहारा लिया तब यह मामला खुलकर सामने आ गया है। मोहल्ला बेगमगंज निवासी गुलाम वारिस पुत्र बुद्धू ने बताया कि उनके पास जन्म के सम्बंध में कोई दस्तावेज नही है उसको अपने जन्म की सूचना नगर पालिका के अभिलेखों में दर्ज करवा कर जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकताहोने पर वह नगर पालिका के स्वास्थ्य अनुभाग गया वहां से बताया गया कि निवास सबंधी अपना आधार व एक नोटरी शपथ पत्रए व प्रार्थनापत्र के साथ जन्म प्रमाण बनने हेतु आवेदन करो तब जन्म प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाएगा।

तबसे अब तक एक वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी जन्म प्रमाण पत्र अभी तक जारी नहीं किया जा रहा है वह नगर पालिका के चक्कर लगाते लगाते काफी परेशान हो गया है कोई भी उसकी सुनवायी नही हो रही है। अकेला यह मामला नही है बल्कि शहर के अन्य कई ऐसे नागरिक है जिनको भी नगर पालिका द्वारा जन्म प्रमाण नही जारी किया जा रहा है । इस सम्बन्ध में जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत मेरे द्वारा सूचना भी मांगी गयीं है मगर सही सूचना भी नही दी जा रही है इस अपूर्ण सूचना के मेरे द्वारा अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) बाराबंकी के समक्ष प्रथम अपील की गयी है जो उनके स्तर पर विचाराधीन है। मेरे द्वारा दुबारा दिये गये जन्म सम्बन्धी आवेदन पत्र पर मुझे लिखित रूप से कोई भी पत्र स्वास्थ्य अनुभाग द्वारा नही दिया गया है।

## कच्चा मकान ढहने से वृद्धा व किशोरी जख्मी

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। उदयपुर थाना के नरवल गांव मे अचानक कच्चे मकान के ढह जाने से महिला तथा किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलने पर कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी के निर्देश पर सांगीपुर प्रमुख पीड़िता के घर पहुंचे और पांच हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। वहीं प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने अफसरो से बात कर विधवा पीड़िता के लिए आवासीय योजना के साथ घायल किशोरी के लिए शादी अनुदान को भी मंजूर किये जाने का भरोसा दिलाया।

गांव के नीमर चौरसिया की पत्नी जयपाला (70 वर्ष) कच्चे मकान मे रहती थी। मंगलवार को दोपहर अचानक मकान का एक हिस्सा भरभराकर ढह गया। इसमे जयपाला तथा उसकी सत्रह वर्षीया पुत्री लक्ष्मी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जयपाला का एक पैर भी दुर्घटना मे टूट गया।

# धरने का आठवां दिनः टूट रहा है पीड़ितों के सब्र का बांध

## विश्वास ट्रेडिंग कम्पनी का मामला



**संवाददाता।** बाराबंकी

**कम** समय में अधिक मुनाफा कमाने का लालच देकर करोड़ो की धोखाधड़ी करने वाली विश्वास ट्रेडिंग कम्पनी का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। पैसा वापसी की माँग को लेकर बीते आठ दिनों से किसान यूनियन के बैनर तले धरने पर बैठे पीड़ितो के सब्र का बांध टूटता जा रहा है जल्द ही इस पर कोई निर्णय नही हुआ तो आक्रोशित लोग सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगें यह बात आज किसान यूनियन के नेता अवध राम सिंह ने जारी एक विज्ञप्ति में कही है। उन्होनें बताया कि विश्वास ट्रेडिंग कम्पनी द्वारा उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, मध्य प्रदेश आदि प्रदेशों के लोगो के जमा धन पर चार से पांच प्रतिशत मासिक फायदा देने का प्रलोभन देकर करोड़ो की ठगी कर ली थी इसके बाद से पीड़ित जमा धन वापसी की मांग कर रहे है लेकिन उन्हें पैसा वापस नही मिल रहा है जिससे सभी आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहे है। हद तो तब हो गयी है जब कईयों पर मुकदमे भी दर्ज है लेकिन पैसा वापसी की कार्यवाई नही की जा रही है, उन्होने कहा कि पीड़ितो के जमाधन वापसी तक धरना आन्दोलन अनवरत जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि आज धरने का आठवा दिन है फिर भी उनकी यह समस्या हल नही हो पा रही है जिससे पीड़ितों मे आक्रोश बढ़ता जा रहा है ।